RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# बाल श्रम समस्या एवं समाधान : भारतीय परिपेक्ष्य में

**डॉ. विभा शर्मा** *

* सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान) एस.आर.के. राज. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजसमन्द (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** बालक समाजरूपी बगिया के खिलते हुए पुष्प एवं राष्ट्र की बहुमूल्य सम्पति है जिस समय में जीवन का निर्माण हो रहा होता है उस समय में बाल श्रमिक के रूप में नियोजन उन बालकों के लिए ही नहीं अपितु सम्पूर्ण समाज एवं राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षतिकारी होता है।

बाल श्रम के बारे में जब भी हम कुछ सुनते है तो हमारे मन मस्तिष्क में साईकिल का पंचर बनाने वाला चाय की थडी पर गिलास धोने वाले कूडा बीनने वाले की तस्वीर कौधती है। कल–कारखानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अखबार और फेरी लगाने वाले एवं खनन उद्योग में काम कर रहे बच्चों को जिन्हें माता–पिता द्वारा रूपयों के लिए गिरवी रखा हो या इन क्षेत्रों में वे मजदूरी या बिना मजदूरी के काम कर रहे है को बाल श्रम की श्रेणी में माना गया है। भारतीय समाज जो एक कृषि प्रधान समाज है जहां संताने माता पिता के साथ कृषि एवं घर–गृहस्थी के काम में हाथ बंटाते आए है उसको भी कई गैर सरकारी वैश्विक संगठनों द्वारा बाल श्रम की श्रेणी में रख दिया जाता है। बाल श्रम की समस्या समाधान एवं चुनौतियों को जानने के लिए श्रम एवं बाल श्रम के इसी महीन अन्तर को जानना एवं समझना आवश्यक है।

वैश्विक राज्यों के संगठन संयुक्त राष्ट्र द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के श्रम करने वालों को बाल श्रम की श्रेणी में माना गया है, वहीं अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा बाल श्रम की वय 15 वर्ष तय की गई है। भारतीय संविधान में किसी उद्योग, कल कारखाने या किसी कम्पनी में मानसिक या शारीरिक श्रम करने वाले 5–14 वर्ष की उम्र के बच्चे को बाल श्रमिक माना गया है। बाल श्रम की समस्या केवल भारत तक ही सीमित न ही है वरन इसका स्वरूप वैश्विक है जिसके समाधान के लिए अलग–अलग देशों ने कई कदम उठाए है। इसी क्रम में भारत में भी बाल श्रम को समाप्त करने के उद्देश्य से बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) कानून 1986 कारखाना अधिनियम 1948, खदान अधिनियम 1952, राष्ट्रीय बाल श्रम नीति 1987, राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना, पेंसिल पोर्टल, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2006 जैसे महत्वपूर्ण कानून बनाकर बाल श्रम उन्मूलन की कोशिशें की गई है जिनसे बाल श्रम की समस्याओं के समाधान को गति एवं प्रगति मिली है परन्तु भारत जैसे विशाल जनांकिकी एवं भौगोलिक विविधताओं वाले देश में अभी इस दिशा में कई समस्याएं है, जिनके समाधान एवं इस ओर आने वाली चुनौतियों से पार पाने के लिए काम करना समय की महत्ती आवश्यकता है।

**बाल श्रम के सम्बन्ध में सांख्यिकी –** जनगणना 2011 के अनुसार भारत में 10.1 मिलीयन बाल श्रमिक है जबकि गैर सरकारी संगठनों के आंकडे इसे 5 करोड बताते है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्टों के अनुसार कोविड महामारी के प्रभाव से बाल श्रमिको की संख्या 160 मिलीयन हो गई है।

**भारत के राज्यों में बाल श्रम की स्थिति**




*स्त्रोत जनगणना 2011*

उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि राज्यों की दृष्टि से बाल श्रम में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है उसके बाद बिहार एवं राजस्थान में बाल श्रमिक है, झारखण्ड, गुजरात एवं महाराष्ट्र भी बडी संख्या में बाल श्रमिक वाले राज्य है।

लोकसभा में नवम्बर 2019 में बाल श्रम के सम्बन्ध में पुछे गए एक अतारांकित प्रश्न पर केन्द्रीय मुख्य श्रम आयुक्त कार्यालय द्वारा दी गई सूचना में 2018–19 में 4586 निरीक्षण किए गए जिसमें 1325 निरीक्षणों में श्रम कानून उल्लंघन के मामले पाए गए जिनमें से 27 मामलों में अभियोजन की कार्यवाही प्रारम्भ की गई एवं शून्य मामलों में आर्थिक दण्ड एवं जेल की सजा दी गई। इन समंकों से स्पष्ट है कि किस तरह अभियोजन पक्ष की कमजोरी एवं कानून में मौजूद कमियों से आरोपियों को अन्ततः सजा नहीं मिल पायी।

अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्टों के अनुसार कोविड महामारी के प्रभाव से बाल श्रमिको की संख्या 160 मिलीयन हो गई है। किन्तु यहां पर पुनः वहीं स्थिति देखने को मिलती है कि क्या पारिवारिक व्यवसायों में हाथ बंटाना क्या बाल श्रम की श्रेणी में सम्मिलित है एवं गैर सरकारी संगठनों, आई एल ओ व यूनिसेफ के प्रतिवेदनों में बाल श्रम के क्या मानक रखे गए हैं।

**भारत में बाल श्रम निषेध कानून –** स्वतन्त्रता के पूर्व से ही भारत में बालश्रम के सम्बन्ध में वैश्विक संगठनों के प्रयासों से कानून बनाए गए थे

जो भारतीय कारखाना अधिनियमों में सम्मिलित थे, स्वतन्त्रता के पश्चात भारत में संविधान में प्रावधान कर बालश्रम को निषेध किया गया। जिससे हम अपने आस-पास काम कर रहे कम उम्र के बालकों को बालश्रम के दलदल से बाहर निकालकर उनका खोया हुआ बचपन उन्हें लौटाकर एक बेहतरीन नागरिक बना सके।

1. संविधान का अनुच्छेद 23 किसी भी प्रकार के बलात् श्रम को निषिद्ध करता है।
2. अनुच्छेद 24 कहता है कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बालक को खतरनाक काम करने के लिए नियुक्त नहीं किया जा सकता है।
3. संविधान के नीति निदेशक सिद्धान्त का अनुच्छेद 39 बालकों के स्वास्थ्य और उनके शारीरिक विकास के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित करता है।

अनुच्छेद 23 एवं 24 को ध्यान में रखते हुए 1986 में भारत सरकार द्वारा बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) कानून 1986 पारित किया गया जो 14 वर्ष से कम वय के बालकों को जीवन जोखिम में डालने वाले व्यवसायों में काम करने पर रोक लगाता है।

संविधान के नीति निदेशक सिद्धान्तों के क्रम में 1987 में राष्ट्रीय बाल श्रम नीति तैयार की गई जिसका उद्देश्य बाल श्रम पर प्रतिबन्ध एवं विनियमन के द्वारा बाल श्रम को समाप्त करना, बालकों एवं उनके परिवार के लिए कल्याण एवं विकास कार्यक्रम प्रदान करना और कार्यशील बालकों के लिए शिक्षा एवं पुनर्वास को सुनिश्चित करना है।

वर्ष 1988 में राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना शुरू की गई जिसमें देश के कतिपय बालश्रम आधिक्य वाले जिलों में इस परियोजना के माध्यम से खतरनाक व्यवसायों में कार्यरत बालकों को पुनर्वासित कराया गया।

इसी को आगे बढाते हुए 86वें संविधान संशोधन द्वारा वर्ष 2002 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम पारित किया गया। जिसमें अनुच्छेद 21 ए सम्मिलित कर 6 से 14 वर्ष की आयु तक के बालकों के लिए निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया गया। जिसे 2009 में निजी शैक्षणिक संस्थानों में भी विस्तार दिया गया।

2017 में शुरू किए गए पेंसिल पोर्टल के द्वारा बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) कानून 1986 को प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया जिसमें राज्य के सहयोग के साथ ही समाज एवं आम नागरिक का भी सहयोग प्राप्त करना था।

वैश्विक स्तर पर भी संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकार के लिए जारी आधारभूत सिद्धान्तों में बलात श्रम के उन्मूलन पर कन्वेंशन, न्यूनतम आयु पर कन्वेंशन और बाल श्रम के सबसे विकृत रूप पर कन्वेंशन को माना है जिसे भारत द्वारा भी स्वकार किया गया है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा वर्ष 2002 में बाल श्रम उन्मूलन के लिए 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस घोषित किया गया। 2015 में विश्व के नेताओं द्वारा सतत विकास के लक्ष्य में 2025 तक सभी तरह के बाल श्रम उन्मूलन का लक्ष्य तय किया गया।

**बाल श्रम से उत्पन्न समस्याएं –** बाल श्रम एक सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय समस्या है जिसके कारण बालक जहां प्रारम्भिक शिक्षा से वंचित हो जाता है वहीं अल्प आयु में जोखिम भरे कल कारखानों प्रतिष्ठानों में काम करने से शारीरिक एवं मानसिक विकास पर बुरा प्रभाव पडता है। दासता, बच्चों का विक्रय दुर्व्यापार वेश्यावृति एवं पोर्नोग्राफी, बाल यौन शोषण ने गत दशकों में काफी विस्तार कर लिया है जो बालश्रम का जघन्यतम रूप है। बालवय में कार्य करने से बालक मनोवैज्ञानिक रूप से कमजोर हो जाता है एवं यह तय है कि भविष्य के आदर्श नागरिक की भूमिका वह सही से नहीं निभा सकता है। वहीं मानसिक एवं शारीरिक विकास में कमी से वह राष्ट्र के आर्थिक विकास में भी समुन्नत रूप से सहभागी नहीं रह पाता है जो अन्तत: इस प्रतिस्पर्धी युग में पहले स्वयं को उसके बाद समाज एवं राष्ट्र को पीछे धकेलने वाला सिद्ध होता है। बाल श्रम राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक गम्भीर चुनौती पैदा कर रहा है। अनौपचारिक घरेलु व्यवसाय एवं कृषि कार्यों से जहां राष्ट्रीय छवि धुमिल हो रही है वहीं कल कारखानों एवं खनन उद्योगों में बालश्रम से बालकों पर गम्भीर तात्कालिक एवं दीर्घगामी प्रभाव पड रहे है। बलात बाल श्रम के साथ ही चाईल्ड पोर्नोग्राफी, वेश्यावृति आदि से बालकों की तस्करी एवं अंगों की तस्करी ने भी बालश्रम के जघन्यतम स्वरूप को उजागर किया है। तात्कालिक रूप से बालश्रम जोखिम भरा नहीं लग सकता है किन्तु बालकों की शिक्षा स्वास्थ्य एवं मनोवैज्ञानिक प्रभाव दीर्घकालिक रूप से निश्चित हीं विनाशकारी होंगे। जिसका परिणाम दुष्चक्रकारी होगा जो गरीबी से शुरू होकर अशिक्षा कौशल विकास का अभाव कम वेतन वाले जीविकापार्जन के साधन, अस्वास्थ्य अल्पायु एवं गरीबी पर समाप्त होगा।

**भारत के परिपेक्ष्य में बाल श्रम के कारक –** बालश्रम को बढावा देने वाले कारणों में मुख्यतया आय का असमान वितरण, गरीबी, भूखमरी और बेरोजगारी है। बाल श्रमिकों के जीवन के दुष्चक्र में अल्प शिक्षा, कम आय, बडे परिवार, भूखमरी, काम के लम्बे घंटे, रोजगार की असुरक्षा माता पिता की अज्ञानता ऐसे कई कारक है जो बालश्रम के लिए स्थितियां उत्पन्न करते है और उन्हें बढावा देते है।

**भारतमें बाल श्रम का विस्तार एवं प्रारूप –** बाल श्रम की व्यापकता हर काल एवं युग में देखी गई है फिर चाहे वह राजशाही हो अथवा ब्रिटीश कालीन शासन या फिर स्वतन्त्र भारत बस अन्तर था तो मात्र समाज की मौजूदा आर्थिक सामाजिक संरचना के आधार पर प्रकृति और आयाम में। भारत में बाल श्रम का लगभग 80 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों से आता है एवं बचा खुचा बाल श्रम शहरी कच्ची बस्तियों से आता है। आर्थिक विषमता के इस युग में गरीब जो अत्यधिक दीन-हीन अवस्था में है आज भी इसी मानसिकता पर कायम है कि जितने ज्यादा हाथ होंगे उतने ही ज्यादा अर्थ की पूर्ति का माध्यम होंगे। नतीजतन परिवार में वृद्धि से कुपोषण, अशिक्षा, स्वास्थ्य में कमी एवं जीवन प्रत्याशा में कमी यही दुष्चक्र चलता रहता है और गरीब, गरीब ही बना रहता है। जिससे आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग बाल श्रम को चाहे अनचाहे स्वीकार करने का मजबूर है। आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के परिवारों द्वारा जैसे गडरिया चरवाहे के परिवार के बालको द्वारा पारिवारिक कार्य के रूप में गडरिया चरवाहे का कार्य करना हो अथवा कुम्हार, लौहार के बालकों द्वारा मिट्टी खोदने से लेकर थापने, कुटने का कार्य हो इसमें बचपन कहीं रीतता हुआ महसूस होता है। यद्यपि ये पारिवारिक एवं पुश्तैनी कार्य है जिनको करने से उसमें कौशल ही पैदा होता है किन्तु सम्पूर्ण बालपन शिक्षा के इतर यदि इन्हीं कार्यो में बीतता है तो कहीं न कहीं बाल श्रम को बढाता हुआ दिखता है जिसे गैर सरकारी संगठन एवं राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं बढा चढा कर राष्ट्रीय छवि को खराब करते है। कई बाल श्रमिक खनन, बैटरी मरम्मत, वेल्डिंग आरा मशीनों जैसे खतरनाक उद्योगों एवं परिस्थितियों में काम करते है जिनमें काम के दौरान कई बार वे अपनी जान से भी हाथ धो बैठते है एवं कई बार स्थायी रूप से अपंग भी हो जाते है।इस तरह के बाल श्रम

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

से भावी जीवन पर नकारात्मक प्रभाव उत्पन्न होता है एवं अशिक्षा उन्हें भविष्य के लिए भी बेहतर आजीविका के लिए अवसर प्रदान नहीं करता है। बाल श्रमिकों का श्रम के आधार पर वर्गीकरण के सम्बन्ध में जनगणना 2011 के आंकडों के अनुसार 26 प्रतिशत बाल श्रमिक कृषि कार्य से सम्बन्धित है वहीं 32.9 प्रतिशत कृषि मजदूरी से जुडे है। 5.2 प्रतिशत घरेलु उद्योग से सम्बन्धित है एवं 35.8 प्रतिशत इन सबके अतिरिक्त अन्य कार्यों में बाल श्रमिक के रूप में कार्यरत है।

**बाल श्रमिकों का श्रम के आधार पर वर्गीकरण**




*स्त्रोत जनगणना 2011*

आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के परिवारों के बालक विहीत आयु से कम आयु में जोखिम भरे कल कारखानों एवं खनन उद्योगों में कार्य करने को मजबूर है तो यह कहीं न कही उस परिवार समाज एवं राज्य की बाल श्रम के प्रति असंवदेनशीलता एवं बाल श्रम उन्मूलन नीतियों की असफलता को प्रकट करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के प्रमुख विकल्प कृषि में पारिवारिक कृषि कार्यों में शिक्षा के साथ बालक परिवार का सहयोग करता है एवं कुछ सीखता है तब तक उचित एवं मान्य प्रतीत होता है किन्तु जीविकोपार्जन के लिए यदि बालवय में व्यावसायिक खेती मसलन कपास बीनने, मुंगफली खोदने, तोडने या चाय बागान, बीडी उद्योग आदि कई व्यावसायिक कृषि में रत पाया जाता है जो बालश्रम का विकृत स्वरूप है।

इसी तरह से नगरीय क्षेत्रों में कच्ची बस्तियों के परिवारों द्वारा बालकों को जीविकोपार्जन के लिए घरेलु नौकरों, कूडा बीनने, होटलों में सफाई आदि कार्यों के लिए लगाया जाता है जो निश्चित ही बालश्रम का रूप है इसके साथ ही छोटे शहरों में माचिस, पीतल, पटाखा उद्योग, कालीन बनाने आदि कार्यों में भी बालकों को आर्थिक विषमताओं से पार पाने के लिए जाने अनजाने धकेल दिया जाता है। वर्तमान की आधुनिक संचार क्रांति/सोशल मीडिया के बेतहाशा उपयोग ने बालकों को अनजाने ही भौतिकता की ओर खींचकर अर्थोपार्जन के लिए मजबूर किया है और अर्थोपार्जन का जरिया अनायास ही बालश्रम को पैदा कर रहा है।

राजस्थान के मेवाड एवं वागड अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों (उदयपुर डूंगरपुर बांसवाडा प्रतापगढ सिरोही जिले) से मौसमी प्रवास एक महत्तवपूर्ण बालश्रम का उदाहरण है जहां के परिवारों के बालक-बालिकाएं कृषि जन्य मजदूरी के लिए गुजरात मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में प्रवास करते पाए गए है। साक्ष्यों में 14 वर्ष से कम आयु के बालकों का प्रवास प्रतिशत बढ रहा है जो बालश्रम की ओर इंगित करता है। बाल श्रम की व्यापकता एवं वृद्धि का महत्वपूर्ण कारक है गरीबी, पारिवारिक कर्ज, माता-पिता की अशिक्षा, परिवारों का बडा होना, बालश्रम का सस्ता होना एवं नियोक्ता की आवश्यकता के अनुरूप होना।

2001 की जनगणना के अनुसार देश में कुल बालकों 25.2 करोड में से 1.26 करोड बाल श्रमिक थे। 2004-05 में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन एनएसएसओ द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार बाल श्रमिकों की संख्या 90.75 लाख थी जो 2011 की जनगणना में घटकर 43.53 लाख रह गई है। जिससे पता चलता है कि सरकार के प्रयासों का वांछित फल मिला है।

**बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में सुझाव** - बाल श्रम की समस्या देश के सामने एक चुनौती बनी हुई है, सरकार इस समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठा रही है समस्या की भयावहता और सीमा को देखते हुए यह मूल रूप से गरीबी और अशिक्षा से जुडी एक सामाजिक आर्थिक समस्या है और इसके समाधान के लिए समाज के सभी वर्गो से ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में कार्य किये जाने हेतु सुझाव के निम्न कतिपय बिन्दू:

1. गरीबी, बेरोजगारी, मौसमी बेरोजगारी, जीविकोपार्जन के अल्प वेतन, अशिक्षा, स्वास्थ्य में कमी, सभी बाल श्रम के कारक है एवं दुष्चक्र की भांति एक दूसरे से चलायमान है। सर्वप्रथम परिवारों को आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना होगा जिससे वे बच्चों को बालश्रम में धकेलने से बच सके।
2. अब्राहम मेस्लो के आवश्यकता पद सोपान को ध्यान में रखते हुए मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं (रोटी कपडा मकान) की पूर्ति की जावे।
3. सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की दिशा में दृढतापूर्वक कार्य करते हुए एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही डीबीटी व्यवस्था को मजबूत किया जावे।
4. वयस्कों के लिए रोजगार के अवसर बढाए जावे एवं न्यूनतम वेतन जैसे मापदण्ड लागू करने होंगे।
5. मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उपरान्त स्वास्थ्य एवं शिक्षा को भी अगले पदसोपान में चिन्हीत कर सुविधाएं प्रदत करनी होगी।
6. अनिवार्य शिक्षा को प्रभावी करते हुए शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए गुणवत्ता एवं रोजगारपरक शिक्षा दी जावे।
7. शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जावे।
8. पेंसिल पोर्टल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सार्वजनिक जनभागीदारी का दायरा विस्तृत किया जावे।
9. भारत में लगभग 80 प्रतिशत बालश्रम ग्रामीण क्षेत्रो से आता है ऐसे में ग्राम पंचायतें बालश्रम को रोकने में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकती है।
10. बालश्रम कानूनों के उल्लंघन पर सजा त्वरित एवं व्यवहारिक हो मसलन पकडे गए बालश्रमिकों को उन्हीं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा गोद लेकर आगे की शिक्षा दीक्षा पूरी करायी जाने की जिम्मेदारी दी जावे।
11. वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में सोशल मीडिया प्रचार प्रसार एवं मानसिकता परिवर्तन का महत्वपूर्ण माध्यम बनता जा रहा है, अत: इसके माध्यम से न केवल जनजागरूकता प्रसारित की जा सकती है बल्कि बाल श्रम पाए जाने पर त्वरित कार्यवाही भी की जा सकती है।
12. राज्य द्वारा सामाजिक नागरिक संगठनों, प्रिंट-मीडिया एवं दबाव

समूहों के माध्यम से भी बाल श्रम पर नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जागरूकता लायी जाकर प्रभावी भूमिका निभायी जा सकती है।

13. कोविड के बाद के समय में परिवारों के मुखिया अथवा कमाने वाले की असामयिंक मत्यु से परिवारों को आर्थिक संकट एवं जीवनयापन की मूलभूत आवश्यकताओं से जुझते एवं बाल श्रम को बढते हुए पाया गया है अत: राज्यों को महामारी एवं आपदाओं की स्थिति में त्वरित कार्यवाही करते हुए सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को मजबूत करना चाहिए।
14. गैर सरकारी संगठनों जैसे कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउण्डेशन, चाईल्ड फण्ड तलाश एसोसिएशन बचपन बचाओं आन्दोलन जैसे कई संगठन बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में कार्यरत है एवं इनके द्वारा सराहनीय कार्य किए गए है किन्तु भारत जैसे विशाल भूभाग वाले देश में सुदूर ग्रामीण एवं वनांचल में ऐसे कतिपय गैर सरकारी संगठन नाकाफी है इन्हें सी.एस.आर. के माध्यम से गांव एवं क्षेत्र गोद लेकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करनी होगी।

**निष्कर्ष –** यह तो निश्चित है कि बाल श्रम एक सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय समस्या है जिसका निवारण समय पर आवश्यक है अन्यथा हमें पीढियों में इसके नुकसान दिखाई देते रहेगें। बाल श्रम के सम्बन्ध में जारी कई प्रतिवेदनों, कार्यशालाओं में और पाया कि कानूनी प्रावधानों से बाल श्रम में राहत तो मिली है किन्तु उसे वह सफलताएं नहीं मिल सकी जो अपेक्षित थी। भारत सरकार द्वारा संचालित पेंसिल पोर्टल एवं ऐसे ही कई नवाचारों की आवश्यकता है जिससे जनमानस बाल श्रम उन्मूलन से जुडकर इसे वास्तविक धरातल पर साकार कर सके।

बाल श्रम न केवल राष्ट्रीय छवि को धुमिल करता है बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में विकसित एवं सम्पन्न राष्ट्र बनने के लिए बाधक भी बनता है अत: हमे येन केन प्रकरेण विकास के मार्ग में आ रही बाधाओं में से एक बाधक तत्व से नई सदी में पार पाना होगा यही सतत विकास का लक्ष्य भी है आखिर ये बालक ही है जो कल के युवा एवं देश के खिवैया है अत: इनकी जडों को कमजोर कदापि नहीं रखा जा सकता है। सुरक्षित एवं स्वस्थ बचपन से ही सशक्त भारत का निर्माण सम्भव है। बाल श्रम के जड से उन्मूलन के लिए परिवार, नागरिक समाजिक संगठन, गैर सरकारी संगठन, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सरकारों को मिल जुल कर प्रतिबद्धता के साथ प्रयास करने होगें।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Jain, Mahaveer and Sangeeta Saraswat (ed. 2004), Child Labour from Different Perspectives, Delhi: Manak publications.
2. Ipsita Priyadarsini Pattanaik Dr. Sinil Kumar Padhi I.J.R.S.S. Vol. 9 Issue 9, September 2019, ISSN: 2249-2496 Magnitude and Nature of Child Labour in Odisha
3. Census of India 2011
4. www.un.org
5. www.ilo.org
6. https://labour.gov.in/

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भगवतधाम् शिवरीनारारायण

**डॉ. रामरतन साहू [*] वर्षा सूर्यवंशी [**]**

[*] सह-प्राध्यापक (इतिहास) सामाजिक विज्ञान विभाग, डॉ. सी.व्ही. रमन विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
[**] शोधार्थी (इतिहास) डॉ. सी.व्ही. रमन विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** छत्तीसगढ़ के इतिहास में शिवरीनारायण एक ऐसा परिचय है जो विलुप्त होती जा रही हमारी सांस्कृतिक पारम्परिक, धार्मिक, सामाजिक, आध्यात्मिक चेतना को पुनर्जीवित करता है। प्रमाण हैं कि यह प्रागैतिहासिक सभ्यता के अवशेष अंचल और आसपास के महानदी तट के क्षेत्रों से प्राप्त हुए हैं। यहां प्रागैतिहासिक शैलचित्रों की उपस्थिति इसका ठोस प्रमाण है। महानदी के तटवर्ती ग्राम्यांचलों के भित्ति चित्रांकन की लोक परम्परा भी इतिहास के रहस्यों को उजागर करते हैं। यहॉ बिरतिया कहे जाने वाले निषाद-केंवट, धीवर, मछुवारे और शबर जाति के भाट भी बहुतायत में रहते हैं जो यहॉ की लोक-कलाकृतियों के ज्ञाता है। वे स्वंय को शबरी का वंशज मानते हैं।

**शब्द कुंजी –** प्रागैतिहासिक, संस्कारधानी, चित्रोत्पल, शिवरीनारायणग्राम।

**प्रस्तावना –** शिवरीनारायण को छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है। ये सांस्कृतिक तीर्थ चित्रोत्पला गंगा के तट पर क्रमश: महानदी, शिवनाथ एवं जोंक नदीं के त्रिवेणी संगम पर स्थित है। परिचयात्मक स्वरूप में शिवरीनारायण का सुन्दर वर्णन करते हुए पंडित मालिकराम भोगहा श्री शिवरीनारायण माहात्म्य बताते हुए कहते है कि –

आठों गण सुर मुनि सदा आश्रय करत सधीर।
जानि नारायण क्षेत्र शुभ चित्रोत्पल नदि तीर।।
देश कलिंगहि आइके धर्म रूप थिर पाई।
दरसन परसन वास अरू सुमिरन ते दुख जाई।।

अर्थात आठों गण, देवता एवं मुनिगण धीरता पूर्वक नारायण क्षेत्र के चित्रोत्पला नदी के तट पर लगातार वास करते हैं। यहां जो स्थिरता पूर्वक निवास तथा दर्शन आदि करते हैं उन के दु:ख विनष्ट होते हैं।

पंडित हीराराम त्रिपाठी जी काव्य को पुन: भक्ति की पवित्र मन्दाकिनी में स्नान कराते हुए भक्ति रस धारा की ऐतिहासिकता में सराबोर करते हुए कहते हैं कि –

चित्रउतपला के निकट श्रीनारायण धाम।
बसत सन्त सज्जन सदा शिवरीनारायणग्राम ।।

सवैया :–

होत सदा हरिनाम उच्चारण रामायण नित गान करैं।
अति निर्मल गंगतरंग लखै उर आनंद के अनुराग भरैं।
शबरी वरदायक नाथ विलोकत, जन्म अपार के पाप हरैं।
जहां जीव चारू बखान बरैं सहजे भवसिंधु अपार तरैं।।

इन पंक्तियों में मिश्र जी ने इतिहास को जीवन के तीन कालों से संबद्ध किया है, यह भी तो निरन्तर प्रवाहित होकर गतिशील है, परिवर्तनशील है। यह प्रवाह टुकड़े-टुकडे नहीं होता और अनन्त और असीम से एकत्व का बोध कराते हुए दृढ़ संकल्पता के साथ प्रवाहित होता हुआ आगे बढ़ता है। चिन्तन मिश्रित अविराम गति से अर्थात विश्रांति न कि विराम के साथ प्रवाहमय है। इसमें मोड़ प्रति मोड़, उतार-चढ़ाव, घेराव-टकराव आते -जाते रहते हैं जो आवश्यक अंग हैं इस पथ के जो सीधा नही इसलिए बीते मोड़, उतार-चढ़ाव से आगे का मार्ग तय होता हैं, निश्चित होता हैं, जिसका शक्ति व सामर्थ्य अर्जित करने में ये तत्व सहायक होते हैं।

शिवरीनारायण ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक तीर्थ है।[1] प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण इस विष्णुकांक्षी तीर्थ का संबंध शबरी और नारायण से होने के कारण इसे शबरी नारायण भी कहा जाता है। शिवरीनारायण शैव, वैष्णव धर्मो का प्रमुख केन्द्र रहा है। यह स्थान भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान होने के कारण यहां रथयात्रा का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्री जगन्नाथ की विग्रह मूर्तियों को यहीं से जगन्नाथपुरी ले जाया गया था। यहां प्राचीन समय से प्रचलित रथयात्रा उत्सव में अन्य राज्यों के साधु-संत और श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। माघी पूर्णिमा को यहां छत्तीसगढ़ का सबसे भव्य पंद्रह दिवसीय मेला भरता है। महाशिवरात्रि के दिन को मेले का समापन होता है।[2] माघी पूर्णिमा के दिन यहां साधु- संत-महंत शाही स्नान करते हैं। भारतवर्ष प्राण संवाहिका नदियों का देश रहा है, जो कि सांस्कृतिक, सामाजिक व आर्थिक विकास में प्राचीनकाल से समर्पण रहा है। सिंधु तथा गंगा नदी की घाटियों में ही विश्व की सर्वाधिक प्राचीन सभ्यताओं-सिन्धु घाटी तथा आर्य सभ्यता का आर्विभाव हुआ। इसी परिप्रेक्ष्य में महानदी और छत्तीसगढ़ का अभिन्न सम्बन्ध है। आज भी देश और राज्य की सर्वाधिक जनसंख्या एवम् कृषि का संकेन्द्रण नदी घाटी क्षेत्रों में पाया जाता है। प्राचीन काल में व्यापारिक एवम् यातायात की सुविधा के कारण देश के अधिकांश नगर नदियों के तटों पर ही विकसित हुए थे[3] तथा आज भी देश के लगभग सभी धार्मिक स्थल किसी न किसी नदी से सम्बद्ध रहे हैं।

छत्तीसगढ़ का गुप्तधाम शिवरीनारायण रामावतार चरित्र और याज्ञवल्क्य संहिता में वर्णित है। यह नगर सतयुग में बैकुंठपुर, त्रेतायुग में रामपुर, द्वापरयुग में विष्णुपुरी और नारायणपुर के नाम से अवस्थित था। इतिहास में वर्णित है कि कोरिया जिले के भरतपुर पहुंचकर मवई नदी को पार कर श्रीराम जी ने दण्डकारण्य क्षेत्र में प्रवेश किया था। वे मांड नदी मार्ग

से चंद्रपुर और महानदी मार्ग से शिवरीनारायण पहुंचे थे। यहाँ मतंग ऋषि के आश्रम पर उन्होनें समय व्यतीत किया था। स्कंद पुराण में भी इस क्षेत्र का उल्लेख मिलता है। यह महानदी, जोंक और शिवरीनारायण नदियों के संगम स्थल और मैकल पर्वत श्रृंखला की तलहटी पर बसा अप्रितम, अद्‌भुत, सात्विक सौंदर्य से परिपूर्ण क्षेत्र है। जिसे 'नारायण क्षेत्र' और 'पुरूषोत्तम क्षेत्र' भी कहा जाता है।

चित्रोत्पला गंगा के तट पर सुशोभित है पवित्र, पुण्यप्रद, मोक्षदायी श्री नारायण धाम जिसे स्कंद पुराण में 'श्री पुरूषोत्तम क्षेत्र' कहा गया है।[4] वर्तमान में भी यहां चतुर्भुजी श्रीहरि विष्णु के विभिन्न अवतार स्वरूप, उहारणार्थ शबरीनारायण, केशवनारायण, लक्ष्मीनारायण आदि के दर्शनीय, दिव्य और भव्य श्रीविग्रहों के दर्शन प्राप्त होते हैं।

इस अद्‌भुत आस्था संगम पर स्थित हैं भगवान श्री शबरीनारायण, उनके चरण प्रक्षालन करता अक्षय कुण्ड रोहिणी, श्री चंद्रचूड़ महादेव, श्रीराम जानकी देवालय, दिव्य ऊर्जा संपन्न मठ, मठ परिसर और वहाँ स्थित पारंपरिक महंतो की समाधियाँ, भगवान श्रीजगन्नाथ-बलभद्र और सुभद्रा, श्रीराम-लक्ष्मण-जानकी मंदिर, शबरी के मधुर फल खाते श्रीराम और अनुज भ्राता श्री लक्ष्मण जी का मंदिर, श्रीकृष्ण वट वृक्ष, गादी चौरा, विभिन्न महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक घाट, माखन साव घाट स्थित देवालय महेश्वरनाथ और शीतला देवी मंदिर, धन-धान्य, सुख-समृद्धि प्रदाता मां अन्नपूर्णा एवम् विभिन्न अनेक अन्यान्य देवालय तथा दैवीय श्रीविग्रह, जोगीडीपा अर्थात् योगियों के डेरे के श्री बजरंगबली हनुमान जी का मंदिर, शिवरीनारायण से दो किलोमीटर के दायरे पर स्थित खरौद का ऐतिहासिक, प्रमाणिक श्री लक्ष्मणेश्वर महादेव का चमत्कारी मंदिर, इंदलदेव मंदिर, सौराइन दाई (शबरी) मंदिर, गिरि गोस्वामियों का शैव मठ इत्यादि, यहां से 11 किलोमीटर की सीमा पर स्थित केरा का सिद्ध शक्तिपीठ माता चण्डी दाई का मंदिर, 11 कि.मी. दूर स्थित मेंहदी में सिद्ध हनुमान मंदिर, 12 कि0मी0 की दूरी पर स्थित गुरू घासीदास के गृहग्राम गिरौदपुरी का आध्यात्मिक मन्दिर, यहॉ से 17 कि0मी0 के दायरे पर नवागढ़ का शैव पीठ श्री लिंगेश्वर महादेव का शिवालय, प्राकृतिक सुरम्यता पूर्ण नैसर्गिक परिवेश और वातावरण युक्त दर्शनीय आकर्षण का स्थल जोंक नदी और पहाड़ी का क्षेत्र। यहॉ से नारायणपुर और तुरतुरिया का बौद्ध विहार, जैन स्थली, मल्हार आदि भी जाया जा सकता है।[5] तुरतुरिया के बौद्ध विहार में प्रतिवर्ष पौष पूर्णिमा (छेरछेरा पर्व) के दिन एक दिवसीय मेला भरता है जो आकर्षक और भव्य होता है।

**समस्या का वर्णन** – शोधकर्ता द्वारा शिवरीनारायण अंचल पर लेखन कार्य के दौरान अनेक समस्या उत्पन्न हुये। जिसका जीवटता के साथ सामना करके समस्या का समाधान करते हुये अपने कार्य को पूर्ण किया। शिवरीनारायण अंचल के वैभवपूर्ण इतिहास, संस्कृति, मूर्तिकला, संग्रहालय, सरोवर, ताम्रपत्र लिपी, सिक्के, भग्नावशेष, मंदिरो, उत्खनन हुये कार्य पर अध्ययन, आदि पर लेखन कार्य पूर्ण कर अंचल की ऐतिहासिकता को प्रकाश में लाकर धरोहर के रूप में संग्रहित करना चुनौतीपूर्ण कार्य है।

**शोध-पत्र का उद्देश्य:**

1. अंचल के जन जीवन का विस्तार से जानकारी प्राप्त करना।
2. भौगोलिक परिस्थितियों का अध्ययन कर भविष्य के लिये जानकारी एकत्र करना।
3. दक्षिण कोसल के इस क्षेत्र के राजनैतिक तथा सांस्कृतिक इतिहास का अध्ययन करना।
4. अंचल में अवस्थित मंदिरों, प्रतिमाओं, अभिलेखों का वैज्ञानिकता की दृष्टि से अध्ययन करना।
5. अंचल में छिपे विशिष्ट कलाओं को उजागर करना।
6. विभिन्न शासकों द्वारा किए गए, जनकल्याणकारी कार्यो इत्यादि को उनके द्वारा अंकित कराए गए कलाओं के माध्यम से समाज को अवगत कराना।
7. क्षेत्रीय कलाओं को विश्वपटल पर लाकर छत्तीसगढ़ की प्राचीन सभ्यताओं की विशेषता से लोगों को परिचित कराना।

**डेटा संग्रह में प्रयुक्त उपकरण** – प्राथमिक स्रोत के अंतर्गत साक्षात्कार, अवलोकन, सर्वेक्षण विधि, पुस्तकें, समाचार पत्र-पत्रिकाएँ जर्नल इत्यादि से तथ्यों का संकलन किया गया है।

**द्वितीयक तथ्यों का संकलन** – आवश्यकतानुसार समाग्री का संकलन एवं अध्ययन।

**तथ्यों का विश्लेषण** – आवश्यकतानुसार समाग्री का संकलन एवं अध्ययन।

**निष्कर्ष**– छत्तीसगढ़ की पावन धरा, माँ शबरी की तपोभूमि शिवरीनारायण धर्म और आस्था का केन्द्र है, जहॉ भगवान नारायण स्वरुप श्रीराम जी का विग्रह के दर्शन करने दूर दूर से भक्तजन आते है। यहॉ मोक्षदायिनी चित्रोत्पला का पावन तट भक्तों को मुक्ति दिलाता है। इस प्रकार मॉ शबरी का यह नगर तथा मतंग मुनि का आश्रम ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. भोगहा, मालिकराम, शिवरीनारायण माहात्म्य, अरपा प्रकाशन, बिलासपुर, पृष्ठ 15, 1988
2. त्रिपाठी, हीराराम शबरीनारायण महात्म्य, बैभव प्रकाशन रायपुर, पृष्ठ 27, 1997
3. पटेल हरि राम, छत्तीसगढ़ विशिष्ट अध्ययन, एच आर पब्लिकेशन पृष्ठ 195, 2018
4. मिश्र रमेन्द्र नाथ, छत्तीसगढ़ का इतिहास दीक्षित ब्रदर्स रायपुर, पृष्ठ 79, 1990,
5. बेहार रामकुमार, छत्तीसगढ़ का इतिहास, छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी रायपुर, पृष्ठ 55, 2018

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# किन्नरों की दयनीय दशा

**डॉ. डोमन प्रसाद चन्द्रवंशी***

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शास.जे.एम.पी. महाविद्यालय, तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) भारत

**शोध सारांश –** किन्नर समाज मानव समाज की उत्पत्ति का अपवाद है। पुरूषों एवं स्त्रियों के बीच की स्थिति में निर्मित यह प्राणी मात्र है। इनका अपना अलग संसार है जो इनके द्वारा समाज की उपेक्षा एवं अपनों के तिरस्कार स्वरूप निर्मित एक अलग दुनिया है। ये अपने को अपनों से अलग नहीं करते अपितु अपने ही इन्हे तिरस्कृत कर घर से ही निकाल देते है। फलत ये किन्नर समाज द्वारा निर्मित प्रथम परम्परा में जाना ही समीचीन समझते है। अपनों का व्यवहार एवं समाज की भूमिका ने इनकी दशा और दिशा का दुर्गत किया है।

महेन्द्र भीष्म उपन्यास 'किन्नर कथा' में लिखते है कि 'लिंगोच्छेदन कर बनाए गए हिजड़ों की 'छिबरा' और नकली हिजड़ा बने मर्दो को 'अबुआ' कहते है ...... हिजड़ों की चार शाखाएँ होती है–बुचरा नीलिमा, मनुसा और हंसा। बुचरा जन्मजांत हिजड़ा होते हैं, नीलिमा स्वयं बने, मनसा स्वेच्छा से शामिल तथा हंसा शारीरिक कमी के कारण बने हिजडे है।'

**किन्नरों की दशा एवं दिशा –** परिवार एवं समाज की उपेक्षा के कारण इनकी दशा दयनीय एवं सोचनीय है ये मांगलिक अवसर पर नृत्य–गान करके एवं सार्वजनिक स्थलों पर भिक्षावृत्ति से जीविकोपार्जन चला रहे है। इन्हें देखकर आमजन एक कटु मुस्कुराहट देकर इनकी पीड़ा में आग में घी डालने का काम करते है। सामाजिक भेद भाव के कारण ही ये हमसे पृथक रहने को मजबूर हो जाते है। इनकी दयनीय दशा पर विचार करते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय ने 15 अप्रैल 2014 को एक ऐतिहासिक फैसला दिया इन्हे समाज में तृतीय लिंग का दर्जा दिया गया है। समाज में इनका स्थान तय किया गया। शिक्षा का अधिकार अनिनियम 2009 के अंतर्गत ये भी नि:शुल्क शिक्षा के अधिकारी बन गये संसद ने सन् 2016 में किन्नरों के अधिकारों के संरक्षण हेतु 'ट्रांसजेंडर पर्सन बिल' को मंजूरी दी है।

किन्नर समुदाय तिलतिल करते हुए कैसे जीवन संघर्ष करते है उसका सप्रमाण उदा. नीरजा माधव कृत 'यमदीप' है। साहित्य में किन्नर विमर्श पर आधारित यमदीप के अलावा तीसरी ताली, किन्नर कथा, गुलाम मंडी, पोस्टर बाक्स नं. 203 नाला सोपारा प्रमुख उपन्यास है।

चित्रा मुदगल पोस्ट बॉक्स नं. 203 नाला सोपारा में किन्नरों की दयनीयता का वर्णन करते हुए लिखती है, 'जननांग विकलांगता बहुत बड़ा दोष है लेकिन इनता बड़ा भी नहीं कि तुम मान लो कि तुम धड़ की मात्र वही निचला हिस्सा भर हो। .... तुम्हारे हाथ–पैर नहीं है, .......... सब वैसा ही है जैसे औरों के हैं। यौन सुख लेने–देने से वंचित हो तुम, वात्सल्य सुख से नहीं।' तृतीय लिंग वर्ग सदियों से एक पीड़ा लिए समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते आ रहे है। यदा–कदा उनकी उपयोगिता पुल्लिंग और स्त्रीलिंग धारकों से उत्कृष्ट है किन्तु सम्मान शून्य है। कन्या भ्रूण हत्या का तो कानूनी दण्ड प्रावधान है किन्तु जननांग दोष से उत्पन्न बच्चों का परित्याग करने को कही भी कोई समाजिक या कानूनी दण्ड देय नहीं है। चित्रा मुद्गल पोस्ट बॉक्स 203 में नाला सोपारा में लिखती है, 'कन्या भ्रूण हत्या के दोषी माता–पिता अपराधी हैं। उससे कम दंडनीय अपराध नहीं जननांग दोषी बच्चों को त्यागा।'

हिजड़ा होना अपने आप ही भारी पीड़ा दायक अभिशाप है, इससे अधिक अपने परिवार द्वारा बार–बार अपमानित किया जाना ज्यादा ही कष्टकर है। महेन्द्र भीष्म 'किन्नर कथा' में इसी स्थिति का वर्णन करते हुए लिखते हैं, 'प्रत्येक किन्नर अभिशप्त है, अपने परिवार के बिछुडने के दंश से। समाज का पहला धात यहीं से शुरू होता है। अपने ही परिवार से अपने ही लोगों द्वारा उसे अपनों से दूर किया जाता है। परिवार से विस्थापन का दंश सर्व प्रथम उन्हें ही भुगतना पड़ता है।'

'गुलाम मंडी' में लेखिका निर्मला भुराड़िया किन्नरों के प्रति समाज के तिरस्कार से जुडे क़ई सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश की है, किन्नर खुद अपनी व्यथा कहते है, 'हम ना, तुम्हारे जो शादी–ब्याह हो तो नाचेंगी–गाएँगी, शगुन पाएँगी मगर यूँ जो रास्ते में आ पडे ऩा हम, तो हिजड़ा कहकर धिक्कारोगी।'

शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार तो है किन्तु जेंडर की स्पष्टता न होने के कारण तृतीय लिंग को स्कूल में दाखिला लेने से कठिनाई होती है, तीसरी ताली उपन्यास की मंजू स्पष्ट कहती है 'हिजडे क़े बच्चे को कौन दाखिला देगा स्कूल में?' इस प्रकार लेखिका ने शैक्षणिक व्यवस्था पर किन्नरों की दायनीयता का प्रश्न उठाया है।

**उपसंहार –** किन्नर समुदाय जो संवेदना के पात्र है उन्हे यह समाज आज भी हाशिये में रखते हुए उपहास और तिरस्कार दे रहा है। यह वर्ग अपने लिए आवाज उठा तो रहा है किन्तु इनकी आवाज की यह कोशिश नक्कार खाने में तूती आवाज सिद्ध हो रही है किन्तु साहित्य जगत ने इनकी आवाज को समाज तक पहुँचाने का जो बीड़ा उठाया है वह सचमुच डूबते के लिए तिनके का सहारा बन गया है। साहित्य के माध्यम से समाज इस वर्ग को जानने लगा है इनके दुख, इनकी पीड़ा को समझने का यत्न हो रहा है।

अकेलेपन और जेंडर के अलावा बीच समाज में जीवन जीने की ललक तृतीय लिंग के संघर्ष को उजागर करता है। ये जीविकोपार्जन हेतु नृत्य, नाटक, भिक्षावृत्ति वेश्यावृत्ति जैसे राह पर चल पड़ते है इनके पीछे भी इनकी मजबूरी और समाज का अनदेखा पहलू है। हम इनसे सामाजिक दूरी बनाऐ तो ये क्या करेगें? आखिर इन्हे भी तो जीना है? जिसके लिए राह भटक जाते है, इन्हे सही मार्ग पर लाना हम सबका नैतिक जिम्मेदारी है। यदि किन्नर समाज गलत राह पर जा रहा है तो सही मार्ग पर लाने का दायित्व समूचे सभ्य समाज का है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. किन्नर कथा महेन्द्रभीष्म, अमन प्रकाशन 2011
2. यमदीप :- नीरजा माधव, सामयिक पेपर बैक : संस्करण 2021
3. तीसरी ताली : लेखक प्रदीप सौरभ : प्रकाशक वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2011 पृष्ठ -31
4. पोस्ट बॉक्स नं. 203 नालासोपारा, चित्रा मुद्गल सामाजिक प्रकाशन नई दिल्ली 2016
5. गुलाम मंडी, निर्मला भुराडिया प्रकाशक सामयिक प्रकाशन दरियागंज, नई दिल्ली
6. इंटरनेट।

*************

# महात्मा गांधी का नैतिक दर्शन

**राजेश कुमार पालीवाल***

* सहायक आचार्य (इतिहास) (विद्यासम्बल योजना) श्री द्वारिकाधीश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजसमन्द (राज.) भारत

**शोध सारांश –** गांधी कोई नाम नहीं विचारधारा है। इस विचार धारा को आगे बढ़ाने का कार्य पोरबन्दर गुजरात में जन्में मोहनदास ने किया उन्होंने न केवल भारत बल्कि सम्पूर्ण विश्व में अपनी विचार धारा को प्रस्तुत किया। उनकी विचारधारा में नैतिकता अपृश्यता तथा रंगभेद नीति प्रमुख थी। परन्तु उनका नैतिक दर्शन अत्यन्त व्यापक है। उन्होंने सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, धार्मिक सभी क्षेत्रों में अपने मौलिक विचार प्रस्तुत किये इनके विचार मानसिक या बौद्धिक स्तर तक ही सीमित नही  अपितु उन्होंने अपने विचारों को जीने का प्रयास किया उनका नैतिक दर्शन गांधीवादी कहलाता है।

**शब्द कुंजी –** सत्य, अंहिसा, सत्याग्रह, सर्वोदय न्यासधारिता, साधन पवित्रता।

**प्रस्तावना –** महात्मा गांधी ने अपने जीवन की शुरूआत बढ़े कड़वे अनुभव से की थी। जब वह अपनी शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् प्रथम बार व्यवसाय तथा नौकरी करने अफ्रीका गये तब उनके साथ 'मेरित्सबर्ग' में उनको ट्रेन से धक्का देकर उतार दिया गया था।

मेरित्स बर्ग बाण्ड ने गांधी जी जीवन यात्रा को एक नई दिशा प्रदान की। वहां से उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग के बारे में विचार करने लग गये। और मानव कल्याण की विचारधारा का उदय हुआ। मानव कल्याण ही उनका नैतिक दर्शन था।

**शोध विधि –** प्रस्तुत शोध पत्र ऐतिहासिक एवं वर्णनात्मक दृष्टि पर आधारित है। शोध सामग्री की प्रमुख पुस्तकों से संकलित किया गया है। यह शोध पत्र द्वितीय आंकड़ों पर आधारित है।

**शोध के उद्देश्य:** प्रस्तुत शोध पत्र के निम्न उद्देश्य है :

1. गांधीजी के दार्शनिक विचारों को आगे बढ़ाना।
2. उनके विचारों (दर्शन के) जन मानस के जीवन में उतारना।
3. प्रत्येक व्यक्ति को उनके विचारों के अनुरूप आचरण करना।

**महात्मा गांधी का नैतिक दर्शन**

**1. अहिंसा** – इनकी नैतिक अवधारणा में अहिंसा का विशेष महत्व है। इस विचार पर या अहिंसा सम्बन्धित विचारों पर जैन, बौद्ध, ईसाई आदि धर्मों का प्रभाव दिखाई देता है। इनके इस विचार टॉलस्टॉय के नैतिक दर्शन का गांधी के दर्शन पर प्रभाव दिखाई देता है। उन्होंने अंहिसा का दो अर्थों में प्रयोंग किया। (1) सकारात्मक (2) नकारात्मक। उन्होंने कायरता को हिंसा से भी बुरा कहा। कायरता व अहिंसा एक साथ ही नहीं चल सकती है। उनके अनुसार कि व्यक्ति को मन कर्म और किसी प्रकार से दु:खही नहीं करना ही अहिंसा है। किसी व्यक्ति के प्रति निर्दयता क्रुरता आदि नहीं करना ही अहिंसा है। उनके अनुसार अहिंसा वीरों का आभुषण है।

गांधी दर्शन के अनुसार प्राणी के प्रति सद्व्यवहार और उसके प्रति प्रेम ही अहिंसा है। प्रत्येक जीव चाहे व छोटा हो या बढ़ा हो उसके प्रति दया रखना अंहिसा की भावना है।

परन्तु उनके विचार में अन्याय को सहन करना अंहिसा नहीं दूर्बलता अन्याय के खिलाफ हिंसा को उन्होंने स्वीकार नहीं किया परन्तु इसका उन्होंने विरोध भी नहीं किया।

**2. सत्य** – यह गांधी जी के दर्शन का परम मूल्य है। उनका सम्पूर्ण दर्शन सत्य की धारणा पर आधारित है। मुदृता तथा अविनम्रता को वाणी द्वारा व्यक्त करना सत्य का आधार है। जो तथ्य जिस रूप में देखा सुना अथवा समझा जाये उन्हें बिना किसी स्वार्थ के लिए परिवर्तन कर मन वचन तथा कर्म उक्त तीनों ही स्तरों पर ठीक उसी रूप में व्यक्त करना सत्य है। सत्य का केवल सैद्धान्तिक रूप में स्वीकार नहीं होता अपितु व्यवहारिक रूप में दिखाई देना चाहिए। उनके अनुसार 'ईश्वर सत्य है' यह परिमार्जित तथा परिष्कृत रूप है। सत्य का क्षेत्र ईश्वर से अधिक व्यापक है। सत्य वह मूल्य है जो सदाचार से सम्बन्धित हैं। यह सदाचार का प्रतीक है। इनके विचारोनुसार 'सत्य ही ईश्वर है तथा ईश्वर ही सत्य है जो सर्वत्र विद्यमान है।' सत्य का पालन राजनैतिक धार्मिक सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर समान रूप से होना चाहिए।

**3. सत्याग्रह** – इसकी अवधारणा 'सरमन ऑफ द माउण्ट' से प्राप्त हुई हैं। सत्याग्रह दो शब्दों से मिलकर बना है। सत्य तथा आग्रह अर्थात् जो सत्य है उस पर जीवन पर्यन्त दृढ़ रहना तथा उसके लिए आग्रह करना। सत्याग्रह गांधी जी के अनुसार – 'अंहिसा में अभेद निष्ठा रखने वाले व्यक्ति का सत्य के प्रति आग्रह सत्याग्रह सत्य की रक्षा करना हैं। किन्तु विरोधी को कष्ट पहुंचाकर नहीं, अपितु स्वयं कष्ट सहनकर। इनके अनुसार यह आध्यात्मिक शक्ति है। इससे अत्याचारी का मन परिवर्तन किया जा सकता है।'

**सत्याग्रही के लक्षण** – (1) धैर्यवान (2) विनम्र (3) निर्भिक (4) मन वचन तथा कर्म में एकरूपता (5) मृदुभाषी एवं अल्पभावी (6) ईमानदार (7) आत्मसंयमी तथा अनुशासित (8) ईश्वर के प्रति आस्थावान सत्याग्रह की प्रकार ।

**(1) असहयोग** – सत्याग्रही द्वारा असत्य अवैद्य अनैतिक या अहितकर कानुनों तथा नियमों का सहयोग न करना।

**(2) हड़ताल** – कुछ समय के लिए व्यक्ति द्वारा अपने स्वधर्म का पालन न

करना अन्यायपूर्ण तथा अनैतिक कानुनों के विरूद्ध प्रतिकारात्मक प्रतिरोध प्रदर्शित करना।

**(3) हिजरत –** सत्याग्रही को अत्याचार के स्थान को छोड़कर दूसरे स्थान पर चले जाना चाहिए।

**(4) सविनय अवज्ञा –** अनैतिक या अन्यायपूर्ण नियमों का उल्लंघन करना।

**उपवास –** सत्याग्री स्वयं आत्मशुद्धि के साथ–साथ विरोधी की आत्मशुद्धि करने का प्रयास करता है।

**सर्वोदय –** सर्वोदय की भावना हमें सर्वप्रथम भारतीय वैदिक साहित्य के उपनिषदों में दिखाई देती है।

**'सर्वभवन्तु सुखिन्'**

सर्व+उदय अर्थात सभी की उन्नति तथा कल्याण सभी का सर्वपक्षीय तथा सर्वांगीण विकास ही सर्वोदय है। गांधीजी के नैतिक दर्शन में आदर्श समाज का उद्देश्य सर्वोदय हैं। अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम हित या कल्याण ही सर्वोदय है।

गांधी जी ने सर्वोदय की अवधारणा ब्रिटिश दार्शनिक रास्किन की प्रसिद्ध पुस्तक 'यन्दजव जीम स्वबज' से प्रभावित होकर लिखी हैं इनके अनुसार सत्ताा का विकेनद्रीकरण ही सर्वोदय है। वर्गविहीन राज्य विहीन समाज की स्थापना करना।

**न्यास धारिता** – यह दर्शन गांधीजी के आर्थिक दर्शन से सम्बन्धित है। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना कि जिसमें धनी–निर्धन, ऊँ–नीच का भेद नहीं हो। सभी व्यक्ति पूर्ण रूपेण विकसित हो।

'वह आर्थिक विचार धारा जिसके अनुसार पुंजीपति समाज की धरोहर रूपी पुंजी का संरक्षण करे तथा उसका प्रयोग समाज के हितार्थ करें। यह पुंजवादी तथा समाजवादी के मध्य की अवस्था है। गांधीजी के न्यासधारिता के अनुसार कोई भी व्यक्ति पुंजी या सम्पति लेकर पैदा नहीं हुआ। उसने सम्पूर्ण सम्पति प्रकृति से अर्जित की है। इसलिए सम्पति का वास्त्विक स्वामी समाज या ईश्वर है। अत: संरक्षक की भांति उस पुंजी की रक्षा करे तथा उसमें निरन्तर संवर्द्धन करेंगे साथ ही उसे अपने हित में प्रयुक्त ना करके लोक कल्याण तथा समाज के कल्याण के लिए काम में लेंगे। इस प्रकार इस आर्थिक व्यवस्था में पुंजी की उत्पादकता भी बनी रहेगी तथा शोषण न होने के कारण आर्थिक समानता भी क्रमश: दूर हो जायेगी।

**रामराज्य –** गांधीजी के अनुसार ऐसा राज्य जहाँ पर नैतिकता पर आधारित जनता का शासन हो तथा प्रत्येक व्यक्ति सर्वोदय को आधार बना कर अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करता हो यह समाज पूर्णत: अहिंसा शान्ति तथा प्रेम पर आधारित हो। इसकी कल्पना गांधी जी द्वारा 'हिन्दी स्वराज' पुस्तक में की गई। प्रत्येक व्यक्ति अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करता है तो इसकी कल्पना की जा सकती है। इसमें सत्ता का विकेन्द्रीकरण मूल आधार है। गांधी जी के अनुसार राम राज्य साधन है। जिससे व्यक्ति अपने नैतिक और आध्यात्मिक विकास कर सके।

**सर्वधर्म** – जब व्यक्ति अपने धर्म के साथ–साथ दूसरों के धर्मो का भी सम्मान करता है। तब विभिनन धर्मो के मध्य सामंजस्य तथा सौहार्द्र स्थापित होता है। यह विचारधारा सत्य अहिंसा प्रेम मानवता आधारित सर्वधर्म समभाव कहलाती है।

**बुनियादी शिक्षा –** गाँधीजी के अनुसार इस शिक्षा पद्धति और पाठ्यक्रम को इस रूप में निर्धारित और संचालित किया जावे जो विद्यार्थियां के हृदय बुद्धि तथा शरीर को शुद्ध करें।

**निष्कर्ष –** गांधीजी के नैतिक दर्शन में सम्पूर्ण समाज का विकास हो तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति निम्नतर से लेकर उच्चतर का विकास होना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति में कोई भेदभाव की भावना नहीं होनी चाहिए। जिससे समाज एवं सम्पूर्ण देश का निर्माण हो सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अहिंसा के प्रथम चरण (1910) – महात्मा गांधी, ई–पुस्तकालय।
2. सत्य के मेरे प्रयोग – महात्मा गांधी, ई–पुस्तकालय।
3. गांधीजी एवं सत्याग्रह – विकीपिडीया।
4. सर्वोदय – महात्मा गांधी, ई–पुस्तकालय।
5. गांधीजी के दर्शन – विकीपीडिया।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# An Overview of Secularism and Religious Freedom in India

**Dinesh Chaudhary* Dr. Rekha Mali****

*Research Scholar (Social Science) Pacific Academy of Higher Education and Research University, Udaipur (Raj.) INDIA

** Associate Professor (Social Science) Pacific Academy of Higher Education and Research University, Udaipur (Raj.) INDIA

**Abstract :** Secularism, understood in the western sense, is the rigorous separation of church and state. The situation in India is very different from that in the West in that religion plays a major part in people's personal life. There is no distinction made between any faith and others in India. In India, discrimination based on religion is illegal and religious freedom is a basic right. In addition to the religious freedom guaranteed by the Indian constitution, this study attempts to examine several conceptions of secularism in India. Moreover, it provides an overview of the significance of both secularism and religious freedom in India. Our country's founding fathers ensured religious freedom as a basic right in the Indian constitution. The Indian constitution is well-equipped with a secular character, prohibiting discrimination based on religion, even though it did not contain any secular words when it was adopted. Furthermore, Nehru and Gandhi's concepts of Dharm Nirpekshta and Sarva Dharma Sambhava, respectively, have been a route towards realizing and comprehending the ideas of secularism in India. Various scholars have offered differing perspectives on the type of secularism that would be appropriate in the Indian setting. As a result, this essay emphasizes and provides a summary of religious freedom and secularism in the Indian setting.
**Keywords:** India, ethnic conflicts, religious conflicts, communal harmony, identity politics, economic disparities, conflict resolution, national unity, diversity, interfaith dialogue.

**Introduction -** India has always been a multicultural melting pot due to its diverse range of cultures, languages, and faiths. But this variety has also caused friction, which has resulted in a number of clashes between different ethnic and religious groups(Kofi, 2021). With an emphasis on the origins, effects on society, and historical evolution of these wars, this article seeks to offer a thorough examination of them. India, a country well-known for its diverse range of cultures, languages, and faiths, provides evidence of how well variety can coexist. However, underneath this beautiful tapestry is a past tainted by religious and ethnic tensions that have occasionally threatened to tear apart the country's fundamental fabric.The present research essay undertakes a thorough investigation of these disputes, revealing the complex dynamics that underlie their genesis, continuation, and influence on Indian society(Kazmi, 2023). The partition of British India in 1947 and the brushstrokes of colonial authority are visible on the canvas of India's past; these events carved out sharp religious divisions. The aftermath of this division, which was marked by millions of people migrating and the establishment of Pakistan and India(Rajan & Kumar, 2020), prepared the ground for more conflicts stemming from religious identity. Studying the past reveals how these early earthquakes continue to influence tensions now, emphasizing how important it is to comprehend the historical roots of India's ethnic and religious conflicts.Sociopolitical intricacies are at the core of many conflicts, amplifying already-existing differences and creating new ones. The emergence of identity politics, driven by rivalry for resources and electoral dynamics, has created an environment that is conducive to manipulating public opinion. Ethnic and religious affinities are being used as political weapons in a climate created by the discourse of difference and the falsification of historical accounts(Maoz & Henderson, 2020). Given this, it is critical to analyze the socio-political processes that intensify conflict and obstruct efforts to promote national unity. The shadow of economic inequality, a powerful instigator of discontent, covers the edges of these confrontations.Ethnic and religious identities are intricately intertwined with economic inequities and unequal access to healthcare, education, and opportunities. This junction feeds the flames of strife by adding to the feeling of unfairness and exclusion. Upon scrutinizing these economic fault lines in detail, it becomes evident how crucial fair development is to promoting social peace(Bulajic, 2023).We traverse the tumultuous seas of India's historical

conflicts by closely examining notable case studies, such the demolition of the Babri Masjid and the Gujarat riots. These case studies provide a prism through which to examine each conflict's actors, outcomes, and underlying reasons. By examining the connections between these occurrences, we can uncover important information about the processes that lead to conflict escalation. But these confrontations have effects that go beyond the short-term instability they cause. They erode the fundamental pillars that support the structure of a prosperous society, casting a lengthy shadow over the monument of national unity.Community violence leaves profound wounds that erode trust and collaboration amongst various populations(Yoder, 2020). We are compelled to look for comprehensive solutions that heal the divisions and open the door for an inclusive and unified India as we consider how these disputes will affect the course of the country. The media, education, and civil society play a crucial role in providing optimism in the face of these obstacles(Natil, 2022). The goal of concord is greatly aided by initiatives that support interfaith communication, dispel prejudices, and increase understanding. A model for constructing bridges over problematic waterways may be found in grassroots initiatives that unite disparate communities and allow them to work together and coexist.We set out on a voyage of reflection and investigation as we negotiate the maze of ethnic and religious strife in India. Through a comprehensive analysis of historical legacies, socio-political dynamics, and economic underpinnings, this essay aims to elucidate the intricacies that characterize India's trajectory towards a future that is both peaceful and inclusive(Natil, 2022).

India is described as a secular, democratic, socialist nation that upholds equality and human dignity in the preamble of the Indian Constitution(Palathinadiyil, 2020). Even thoughmost people in India are Hindu, the country was not religiously affiliated. Additionally, theocratic republics such as Islamic Pakistan on the east and west, Hindu Nepal in the north, and Buddhist Sri Lanka in the south surrounded the country. Regarding the preservation of religious plurality, the Indian Constitution's founders were extremely clear. India has no official state religion, despite the fact that the word "secular" was not used once in the original constitution(Srivastava, 2022). India provides equal freedom to all religions and respects them all. The founders of the Constitution envisioned a multi-cultural society with religious pluralism that went beyond simple tolerance to include the peaceful coexistence of all religions as well as the freedom of religion as a basic right(Singh & Saxena, 2021).

India is a fascinating mosaic of variety, an old continent where many different cultures, languages, and beliefs coexist(Babb, 2020). However, underneath this colorful tapestry, there is a continuous undercurrent of religious and ethnic tensions that has occasionally endangered the nation's unity. This academic paper takes readers on a fascinating journey into the core of these disputes, revealing the many threads that together create this complicated web of strife within the Indian setting. India's history is laced with periods of extreme change and turmoil, leaving behind lingering shadows that influence the nature of modern conflicts. Colonialism's aftereffects and the seismic partition events of 1947 continue to resonate, leaving an enduring mark of communal conflicts on the national psyche(Vinod, 2023).

One of the first foreign religions to reach India was Judaism. Despite being a minority in India, Jews did not face any anti-Semitic incidents from the majority population.5. Thomas the Apostle brought Christianity, the third most popular religion in India, to the country when he traveled to Kerala in 52 AD. There is a widespread assumption that Christianity originated in India around the sixth century AD, yet the exact origins of Christianity in India are still unknown.

The nation's pre-existing religious plurality and diversity suffered greatly under British control. They used communal politics and a "divide and rule" strategy, which finally resulted in the establishment of a separate country for Muslims(Khan et al., 2022). Despite the creation of Pakistan, many Muslims chose to stay in India and acknowledged it as their motherland. The writers of the Constitution chose a secular state over a theocratic Hindu state to respect the religious plurality of the nation. The liberal-democratic state established by the constitution is challenged by the society's ingrained medieval institutions and customs, which undermine the upholding of human rights.

The freedom of religion is guaranteed by the Indian constitution and largely characterizes Indian secularism (Modood& Sealy, 2021). The Indian constitution addresses religious freedom in two ways: directly and indirectly. Articles 15 and 16 implicitly guarantee religious freedom.The state is declared to be neutral toward any one religion or any belief by virtue of the two Articles, which address the rights to equality and nondiscrimination. Articles 25, 26, 27, and 28 specifically address everyone's right to practice their own or group religion. An individual is entitled to the freedom of religion because of concern for his or her "liberty" and "well-being." The person comes before and above religion, as well as the values of tolerance and equality. It is possible that this is the reason why Article 25 and other constraints on this freedom are the most heavily weighted.

Thinkers with sober minds drafted the Constitution. They established the groundwork for a liberal democratic state in the future. The constitution's several articles explicitly address the essence of religious freedom, encompassing both its societal and personal dimensions. The constitution guarantees religious freedom in a constructive and favorable manner. Although it has certain fair limitations to make it practical and realistic, it is not absolute.

Uniform adsorption analysis incorporating a 6.25% Zr doping (1 Zr atom replacing 1 out of 16 Ce atoms) was presented in figures 3-5 & 3-6. While CO's adsorption energy remains more negative than H2's in Zr-doped Ceria, the trend mirrors undoped Ceria. Notably, Zr-doped Ceria consistently exhibits less negative adsorption energies than undoped Ceria, even becoming endothermic at times. The graphs suggest Zr-doped Ceria is less stable but more reactive than its undoped counterpart. Also, the motion of $H_2$ to the position of CO during the reaction will be easier in the case of Zr-doped Ceria. Similarly, ****H's positive adsorption energy value indicates very less interaction between $H_2$ and Zr. H2's positive adsorption energy with Zr implies minimal interaction. Evaluating the stability across ceria surfaces (100, 110, 111) reveals the 111 surface as most stable, followed by 110, then 100. As Zr doping rises from 6.25% to 25%, stability reduces uniformly across configurations.




Figure 3-7 Overall Adsorption energy comparison of Ceria in case of uniform loading molecules and hybrid adsorption ($H_2$& CO)

The Figure 3-7 above compares CO uniform adsorption and CO hybrid adsorption as a function of the number of nearest neighbors. Uniform adsorption energy with the same number of neighbors is also presented for comparison purposes. The neighboring occupied geometry sharing the same x value means that they have the same number of occupied neighboring molecules and the same degree of symmetry. Hybrid adsorption is distinguished from uniform adsorption by the different neighboring occupied molecules with the studied adsorption molecule. For example, the CO hybrid adsorption considers the neighboring sites occupied by $H_2$, while the $H_2$ hybrid adsorption estimates the neighboring sites employed by CO.




Figure 3-8 Adsorption energy comparison of Zr-doped Ceria (6.25%), in case of uniform loading molecules and hybrid adsorption ($H_2$& CO)

We can observe that Adsorption Energies in the case of non-uniform are less negative. And HHHHC in the case of Zr-doped ceria is more negative, i.e., less stable. It can be concluded overall that the Effect of symmetry on adsorption is negligible whenever adsorption of CO is involved, and CO with $H_2$ as its closest neighbor is more prone to undergo oxidation reaction. Similarly, CO surrounded by 4 $H_2$ will undergo a reaction more easily than $H_2$ surrounded by 4 CO molecules. And finally, More $H_2$ adsorption will always favor our CO->$CO_2$ oxidation reaction.

**DOS based calculation on Undoped, Zr, Nd, Sm, La Doped Ceria and Ceria with Oxygen Vacancy**

The density of states (DOS) indicates the number of permitted electron states per volume for a specific energy, stemming from fundamental quantum mechanics. The DOS vs. Energy Graph reveals the hybridization of bonding and anti-bonding orbitals, the HOMO-LUMO gap, and any changes due to hybridization or the substance's behavior. The DOS graph for syngas on ceria illustrates the interaction dynamics and subsequent changes in ceria's electronic properties. By contrasting ceria's DOS graph with that of syngas-adsorbed ceria, alterations in ceria's electronic attributes become evident. These graphs, marked with a vertical line at 0.256 eV representing the Fermi Level, differentiate between valence and conduction bands. [5]



Figure 3-9 Density of State graph of undoped Ceria. Black(Total), Red (Oxygen atoms in Ceria) & Green (Cerium atoms in Ceria).




Figure 3-10 Density of State graph of Zr-Doped Ceria (6.25%). Black(Total), Red (Oxygen atoms in Ceria), Blue (Zr atoms in Ceria) & Green (Cerium atoms in Ceria).




Figure 3-11 Density of State graph of Zr, Nd simultaneously-Doped Ceria (6.25% both). Black(Total), Red (Oxygen atoms in Ceria), Blue (Zr atoms in Ceria), Pink (Nd atoms in Ceria)& Green (Cerium atoms in Ceria).




Figure 3-12 Density of State graph of Nd-Doped Ceria (6.25%). Black(Total), Red (Oxygen atoms in Ceria), Blue (Nd atoms in Ceria) & Green (Cerium atoms in Ceria).




Figure 3-13 Density of State graph of Sm-Doped Ceria (6.25%). Black(Total), Red (Oxygen atoms in Ceria), Blue (Sm atoms in Ceria) & Green (Cerium atoms in Ceria).




Figure 3-14 Density of State graph of La-Doped Ceria (6.25%). Black(Total), Red (Oxygen atoms in Ceria), Blue (La atoms in Ceria) & Green (Cerium atoms in Ceria).




Figure 3-15 Density of State graph of Ceria (Ce6O12 Lattice) with 1 oxygen vacancy. Black(Total), Red (Oxygen atoms in Ceria) & Green (Cerium atoms in Ceria).

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)




Figure 3-16 Density of State graph of Ceria (Ce6O12 Lattice) with 2 oxygen vacancy. Black(Total), Red (Oxygen atoms in Ceria) & Green (Cerium atoms in Ceria).

| S. | Structure | HOMO | LUMO | HOMO-LUMO GAP |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Undoped Ceria | -0.9 | 6 | 6.9 (6.2 reported) |
| 2 | Ceria- Zr Doped | -1 | 5.5 | 6.5 |
| 3 | Ceria- Zr, Nd Doped | -1 | 6.2 | 7.2 |
| 4 | Ceria- Nd Doped | 0.3 | 3.8 | 4.1 |
| 5 | Ceria- Sm Doped | -0.1 | 3.9 | 4 |
| 6 | Ceria- La Doped | -0.5 | 4 | 4.5 |
| 7 | Ceria- 1 Oxygen vacancy ($Ce_6O_{11}$) | -1 | 2.9 | 3.9 |
| 8 | Ceria- 2 Oxygen Vacancy ($Ce_6O_{10}$) | -0.8 | 1.5 | 2.3 |

The electronic configurations for various materials are given as: Ceria: [Xe](5d1)(6s2), Oxygen: [He](2s2)(2p4), Zirconium: [Kr] 4d$^2$ 5s$^2$, and Neodymium: [Xe] 4ft 6s$^2$. The valence band, starting around –4eV, is primarily made of O atoms with an spdf hybrid. Below “10 eV, the hybridized d, s, and p orbitals of both Ce and O atoms dominate, with Ce(6s) and Ce(4f) orbitals present. O’s p orbital, beyond the Fermi level at 6 eV, interacts mainly with cerium’s pdf hybrid. Dopants can either increase or decrease the band energy gap. Comparing Undoped Ceria, Zr-Doped Ceria, and Zr-Nd-doped Ceria, it’s evident that Zr’s addition destabilizes Ceria’s phase structure. Zr-doped Ceria introduces a new electron band near –25 eV, signifying Zr’s Zr(5s2) orbital, and shifts O’s peak from -15 to -2 eV. Nd’s addition to Zr-doped Ceria flattens the conduction band in the high energy region. The study uses the HOMO-LUMO gap to describe the energy difference between peaks below and above the Fermi Level.

Now look at the table below which tells us about homo-lumo gap from the DOS Graphs. Now we know that the Homo-Lumo gap relates to the energy difference between occupied and unoccupied molecular orbitals in a molecule, while the band gap refers to the energy difference between the valence band and conduction band in a solid material. Here in this study HOMO-LUMO gap is being used as a quantitative description of energy difference between the sharpest peak just below & just above the Fermi Level.

The table indicates that Zr and Sm doping decrease ceria’s band gap, while La & Nd doping exhibit minimal impact on the HOMO-LUMO gap. Oxygen vacancies boost electron movement due to a reduced energy gap, displaying metallic attributes. Lower energy levels can aid in electron transfer and enhance methane’s adsorption, but a smaller band gap might limit the material’s redox activity. The HOMO-LUMO gap, indicative of kinetic stability, for undoped Ceria is approximately 6.9 eV. Doping with a single element makes Ceria more reactive. However, double doping with Zr and Nd returns properties similar to the undoped Ceria.

### 3.3.4 Band Energy Graph Analysis of Undoped, Zr, Nd, Sm, La Doped Ceria

It is reported that Cerium oxide, $CeO_2$, is an n-type semiconductor with a band gap of 2.9 eV. [6]

The Quantum Espresso band energy graph illustrates a material’s electronic structure by showcasing allowed electron energy levels. In this graph, the horizontal and vertical axes represent electron momentum and energy, respectively. The gap between occupied and unoccupied energy levels, known as the band gap, provides insights into the material’s conductivity: a large gap indicates insulators, while a small one suggests conductors or semiconductors. In the provided Ceria graph, blue lines represent energy bands, with the 0 eV level denoting the Fermi Level. Vertical lines highlight high symmetry points in Ceria’s FCC lattice, critical for understanding its band structure.




Figure 3-17 Band energy graph of Ceria (110).



Figure 3-18 Band energy graph of Zr-doped Ceria (110) surface (6.25%).



Figure 3-19 Band energy graph of Nd-doped Ceria (110) surface (6.25%).



Figure 3-20 Band energy graph of Sm-doped Ceria (110) surface (6.25%).



Figure 3-21 Band energy graph of La-doped Ceria (110) surface (6.25%).

| S. | Structure | Band Gap |
|---|---|---|
| 1 | Undoped Ceria | 3.2 eV (2.9 reported) |
| 2 | Ceria- Zr Doped | 2.5 eV |
| 3 | Ceria- Nd Doped | 3.0 eV |
| 4 | Ceria- Sm Doped | 2.7 eV |
| 5 | Ceria- La Doped | 3.2 eV |

The forbidden gap represents the energy difference between the highest valence band and the lowest conduction band. When ceria is doped with different elements, its band gap varies:

1. **Zr-doped Ceria**: Zirconium doping narrows ceria's band gap from its usual 2.8 to 3.2 eV to a range of 2.5 to 2.8 eV, depending on the Zr concentration.

2. **Nd-doped Ceria**: Neodymium doping typically reduces the band gap or leaves it unchanged. Nd introduces additional energy levels in the band gap, altering the material's electronic structure.

3. **Sm-doped Ceria**: Samarium doping's effect on the band gap isn't consistent and depends on factors like doping concentration. In general, its band gap is similar to Nd-doped ceria, showing a slight decrease or no change based on DFT studies.

4. **La-doped Ceria**: Lanthanum doping often results in a slightly larger band gap, increasing by about 0.1 to 0.3 eV compared to undoped ceria due to the introduction of additional energy levels by La dopants.

**Summary and further work:** DFT calculations were utilized to study the interaction of syngas (carbon monoxide and hydrogen) with the Ceria (100) surface. This exploration is vital for understanding catalytic processes, like CO2 capture and hydrogen production on Ceria-based materials. The research examined adsorption energies, molecular geometries, and electronic properties. Both carbon monoxide and hydrogen exhibited a preference for adsorption on Ceria's oxygen sites. Oxygen vacancies and surface defects significantly impacted these adsorption energies. Electronic structure investigations, including DOS and band energy analysis, detailed the changes in electronic properties and charge distribution upon syngas adsorption. These analyses provided deeper knowledge about the electron density redistribution and band energy level alterations.[7]

**References:-**

1. Alberto Abad, Juan Adánez, Francisco García-Labiano, Luis F. de Diego, Pilar Gayán, Javier Celaya, Mapping of the range of operational conditions for Cu-, Fe-, and Ni-based oxygen carriers in chemical-looping combustion, Chemical Engineering Science, Volume 62, Issues 1–2, 2007, Pages 533-549, ISSN 0009-2509, https://doi.org/10.1016/j.ces.2006.09.019.
2. Yue Yuan, Xiuqin Dong, and Luis Ricardez-Sandoval, The Journal of Physical Chemistry C 2020 124 (52), 28359-28370, DOI: 10.1021/acs.jpcc.0c07144
3. Ramezani, Rouzbeh & Di Felice, Luca & Gallucci,

Fausto. (2023). A review of chemical looping reforming technologies for hydrogen production: recent advances and future challenges. Journal of Physics: Energy. 5. 10.1088/2515-7655/acc4e8

4. Yue Yuan, Xiuqin Dong, Luis Ricardez-Sandoval, A multi-scale model for syngas combustion on NiO oxygen carrier for chemical looping combustion: The role of nearest neighbors, Fuel Processing Technology, Volume 229, 2022, 107172, ISSN 0378-3820, https://doi.org/10.1016/j.fuproc.2022.107172. (https://www.sciencedirect.com/science/article/pii/S0378382022000121)
5. Marwan Laqdiem, Alfonso J. Carrillo, Georgios Dimitrakopoulos, Maria Balaguer, Julio Garcia-Fayos, Ahmed F. Ghoniem, José M. Serra, Impact of lattice properties on the $CO_2$ splitting kinetics of lanthanide-doped cerium oxides for chemical looping syngas production, Solid State Ionics, Volume 394, 2023, 116192, ISSN 0167-2738, https://doi.org/10.1016/j.ssi.2023.116192.
6. Jie Wang, Aijuan Han, Stephan Jaenicke, Gaik-Khuan Chuah, Chapter 6 - Advances in Sorbents and Photocatalytic Materials for Water Remediation, Editor(s): Steven L. Suib, New and Future Developments in Catalysis, Elsevier,2013, Pages 127-153, ISBN 9780444538703, https://doi.org/10.1016/B978-0-444-53870-3.00006-X.
7. Ramezani, Rouzbeh & Di Felice, Luca & Gallucci, Fausto. (2023). A review of chemical looping reforming technologies for hydrogen production: recent advances and future challenges. Journal of Physics: Energy. 5. 10.1088/2515-7655/acc4e8.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# नागार्जुन के काव्य में नारी जीवन

**बबिता कुमारी** *

* शोधार्थी, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद (झारखंड) भारत

**प्रस्तावना** – नागार्जुन का साहित्यिक योगदान हिंदी साहित्य में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वे एक ऐसे कवि थे जिन्होंने समाज के विभिन्न पहलुओं को अपने काव्य में चित्रित किया, जिसमें नारी जीवन भी शामिल है। नागार्जुन का नारी के प्रति दृष्टिकोण उनके समाजवादी विचारधारा से प्रभावित था, जिसमें उन्होंने नारी को केवल एक पारंपरिक रूप में नहीं बल्कि एक स्वतंत्र और समानाधिकारिता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया।

नागार्जुन के काव्य में नारी का चित्रण उनके समाजवादी दृष्टिकोण और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने नारी को समाज के विभिन्न रूपों में देखा और उसे केवल एक पारंपरिक भूमिका तक सीमित नहीं रखा। उनके काव्य में नारी को एक स्वतंत्र, संघर्षशील, और सशक्त इकाई के रूप में प्रस्तुत किया गया है। नागार्जुन का नारी के प्रति यह दृष्टिकोण समाज में नारी की स्थिति को सुधारने और उसे उसके वास्तविक अधिकारों और सम्मान से विभूषित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनके काव्य से हमें नारी के प्रति एक नए और प्रगतिशील दृष्टिकोण को समझने में मदद मिलती है, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कि उनके समय में था।

नागार्जुन के काव्य में नारी का यह चित्रण समाज के उन पक्षों को उजागर करता है, जिन्हें सुधार की आवश्यकता है, और नारी को उसके वास्तविक स्थान पर स्थापित करने के लिए प्रेरित करता है। उनके काव्य में नारी के विभिन्न रूप हमें नारी जीवन की जटिलताओं और उसके संघर्षों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। यह नारी के प्रति उनके दृष्टिकोण की व्यापकता और गहराई को दर्शाता है, जो उनके साहित्यिक योगदान को और भी महत्वपूर्ण बनाता है।

नागार्जुन के काव्य में नारी के विभिन्न रूपों का चित्रण मिलता है। उनके काव्य में नारी को माँ, पत्नी, प्रेमिका, विद्रोहिणी, और संघर्षशील के रूप में चित्रित किया गया है। ये सभी रूप नागार्जुन की नारी के प्रति गहरी संवेदनशीलता को दर्शाते हैं।

नागार्जुन के काव्य में माँ का रूप विशेष स्थान रखता है। माँ को उन्होंने ममता और त्याग की प्रतिमूर्ति के रूप में चित्रित किया है। उनके काव्य में माँ केवल एक घरेलू स्त्री नहीं है, बल्कि एक ऐसी सशक्त नारी है जो अपने परिवार के लिए अनगिनत कष्ट सहती है। उनके इस दृष्टिकोण में समाज के प्रति उनका ममता से भरा हुआ हृदय स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

पत्नी के रूप में नारी का चित्रण नागार्जुन ने एक समर्पित और संवेदनशील साथी के रूप में किया है। उनके काव्य में पत्नी का चित्रण ऐसा है जो अपने पति और परिवार के प्रति निष्ठा और प्रेम से परिपूर्ण है। नागार्जुन ने पत्नी को केवल एक पतिव्रता के रूप में नहीं, बल्कि एक सहयोगी और सजीवता से भरी हुई महिला के रूप में प्रस्तुत किया है, जो समाज में अपने अधिकारों के लिए सजग है। 'सिंदूर तिलकित भाल' शीर्षक कविता में अपनी पत्नी की याद करते हुए कहते हैं–

घोर निर्जन में परिस्थिति ने दिया है डाल
याद आता है तुम्हारा सिंदूर तिलकित भाल

प्रेमिका के रूप में नारी का चित्रण नागार्जुन के काव्य में एक अनोखे रूप में किया गया है। प्रेमिका का रूप उनके काव्य में केवल शारीरिक आकर्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक गहन मानसिक और भावनात्मक संबंध को दर्शाता है। नागार्जुन की प्रेमिका स्वतंत्र है, जो अपने प्रेम को बिना किसी सामाजिक बंधन के जीती है।

नागार्जुन के काव्य में विद्रोहिणी नारी का भी चित्रण मिलता है। यह वह नारी है जो समाज के अन्याय और असमानता के खिलाफ विद्रोह करती है। नागार्जुन ने नारी को एक ऐसी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया है जो समाज में व्याप्त कुरीतियों और अंधविश्वासों के खिलाफ अपनी आवाज उठाती है। उनकी कविताओं में विद्रोहिणी नारी समाज के पुराने ढांचे को तोड़ने और एक नए समाज की स्थापना के लिए संघर्ष करती दिखाई देती है ।

नागार्जुन के काव्य में नारी को एक संघर्षशील योद्धा के रूप में भी देखा जा सकता है। वह नारी जो अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करती है, जो अपने अस्तित्व के लिए लड़ती है। नागार्जुन के काव्य में ऐसी नारी का चित्रण मिलता है जो अपने जीवन के हर क्षेत्र में संघर्ष करती है, चाहे वह सामाजिक हो, आर्थिक हो या पारिवारिक।

नागार्जुन के काव्य में नारी का चित्रण केवल एक साहित्यिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह उनकी सामाजिक दृष्टि को भी प्रतिबिंबित करता है। नागार्जुन ने नारी को समाज में उसके वास्तविक स्थान पर रखने की वकालत की है। उनका मानना था कि नारी केवल एक घर की सजावट नहीं है, बल्कि समाज के निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने नारी की स्वतंत्रता और समानता के पक्ष में अपनी कविताओं के माध्यम से समाज को जागरूक किया।

नागार्जुन के काव्य में नारी का चित्रण एक विस्तृत और गहन दृष्टिकोण से किया गया है। उनके काव्य में नारी को एक व्यक्तित्व के रूप में चित्रित किया गया है, जो अपनी स्वतंत्रता, अधिकारों, और समाज में अपने स्थान के लिए सजग है। नागार्जुन ने नारी को एक सशक्त इकाई के रूप में प्रस्तुत

किया है।

एक ऐसा समाज जहाँ आज भी बेटियों को खरीदने और बेचने का व्यापार चलता है। पशुओं की तरह उनकी बोली लगाई जाती है। जो बेचते हैं वे गरीबी का बहाना करते हैं और जो खरीदते हैं वे उम्र से भारी और अमीरी का रौब लिए रहते हैं। इन दोनों के बीच यदि किसी का जीवन नर्क होता है– तो वह लड़कियों का। सब जानते हुए भी दोनों पक्ष धर्म की दुहाई देकर स्वयं को दोषमुक्त कर लेता है। बाबा नागार्जुन की मैथिली में लिखित कविता – 'बूढ़ बर' इसका एक उदाहरण है। इस कविता में अपने से तीन गुने उम्रवाले दुल्हे के हाथ बेच दी गई लड़की की व्यथा–कथा है–

कुमरठेली मैं, बाप उतावले थे,
बेचने को आकुल, बावले थे
नौ सौ में पटा अंतिम लगन में जाकर
और पिता ने ही काट दी मेरी गर्दन।

यह कविता जितनी मार्मिक है उतनी ही कलात्मक भी है। यह पूरी कविता संवाद शैली में लिखी गई जिसमें वर को देखकर लड़की की माँ, पिता से प्रश्न करती है। वह पूछती है कि अपनी फूल–सी बेटी के लिए घुन खाई लकड़ी (बूढ़ बर) लेकर आए हो , मड़ुए (एक प्रकार का अन्न) के भाव में बेटी को बेच दिया, इससे तो अच्छा होता कि जन्म लेते ही नमक चटाकर मार देते? पिता पैसे की पोटली दिखाने के साथ–साथ धन और खेत का हवाला देता है और खुशी– खुशी परिछावन करने को कहता है–

तड़पती हुई मसलती रही हाथ
पिता के आगे माँ ने झुका दिया माथ,
हृदय लेकिन हाहाकार करता है
अंदर से कलेजा सुलगता है जलता है

वह लड़की सोचती है कि रिश्ते में कोई भी हो पर यदि वह जाति से पुरुष है तो स्त्रियों पर अन्याय, अत्याचार करना उसका धर्म है और अधिकार भी –

जा रे राक्षस, जारे पुरुष–जात!
तेरी ही मारी मर रही हैं हम,
कराह रही हैं, कुहर रही हैं हम
खरीदते हो हमें देकरके टाका,
रुलाते हो हमे होकर बाप और काका
गुजरता है पानी की तरह दिन मेरा
जीवन हो गया है कैसा कठिन मेरा
सुने कौन आज, किसे क्या कहूँ,
फटो हे धरती, समा मैं जाऊँ!

यह कविता पुराने ढांचे को तोड़कर एक नए और परिष्कृत समाज की स्थापना के लिए प्रयत्नशील है।आज भी एक ऐसा समाज जहाँ बेटियों को खरीदने और बेचने का व्यापार चलता है। पशुओं की तरह उनकी बोली लगाई जाती है. जो बेचते हैं वे गरीबी का बहाना करते हैं और जो खरीदते हैं वे उम्र से भारी और अमीरी का रौब लिए रहते हैं। इन दोनों के बीच यदि किसी का जीवन नर्क होता है– तो वह लड़कियों का सब जानते हुए भी दोनों पक्ष धर्म की दुहाई देकर स्वयं को दोषमुक्त कर लेता है। बाबा नागार्जुन की मैथिली में लिखित कविता–'बूढ़ बर' इसका एक उदाहरण है, इस कविता में अपने से तीन गुने उम्रवाले दुल्हे के हाथ बेच दी गई लड़की की व्यथा–कथा है–

कुमरठेली मैं, बाप उतावले थे,
बेचने को आकुल, बावले थे
नौ सौ में पटा अंतिम लगन में जाकर
और पिता ने ही काट दी मेरी गर्दन

कविता जितनी मार्मिक है उतनी ही कलात्मक भी है। यह पूरी कविता संवाद शैली में लिखी गई जिसमें वर को देखकर लड़की की माँ, पिता से प्रश्न करती है। वह पूछती है कि अपनी फूल–सी बेटी के लिए घुन खाई लकड़ी (बूढ़ बर) लेकर आए हो। मड़ुए (एक प्रकार का अन्न) के भाव में बेटी को बेच दिया, इससे तो अच्छा होता कि जन्म लेते ही नमक चटाकर मार देते? पिता पैसे की पोटली दिखाने के साथ–साथ धन और खेत का हवाला देता है और खुशी– खुशी परिछावन करने को कहता है –

तड़पती हुई मसलती रही हाथ
पिता के आगे माँ ने झुका दिया माथ,
हृदय लेकिन हाहाकार करता है
अंदर से कलेजा सुलगता है जलता है।

वह लड़की सोचती है कि रिश्ते में कोई भी हो पर यदि वह जाति से पुरुष है तो स्त्रियों पर अन्याय, अत्याचार करना उसका धर्म है और अधिकार भी–

जा रे राक्षस, जारे पुरुष–जात!
तेरी ही मारी मर रही हैं हम,
कराह रही हैं, कुहर रही हैं हम
खरीदते हो हमें देकरके टाका,
रुलाते हो हमे होकर बाप और काका
गुजरता है पानी की तरह दिन मेरा
जीवन हो गया है कैसा कठिन मेरा
सुने कौन आज, किसे क्या कहूँ,
फटो हे धरती, समा मैं जाऊँ!

मैथिली में ही एक दूसरी कविता है जिसका शीर्षक है– 'विलापय' इसके शीर्षक से ही भाव का पता चलता है. यह एक बाल विधवा का विलाप है जो कवि को इस प्रकार सुनाई देता है–

नन्ही सी कली पीती थी दूध,
सुनती थी राजा रानी की कथा,

उसी तीन वर्ष की कली का विवाह कर दिया जाता है और कुछ ही साल बाद वह विधवा हो जाती है। धर्म के नाम पर उसके साथ भी वह सब किया जाता है जिसका उसे ज्ञान भी नहीं है। समाज और परिवार से उसका विश्वास उठ जाता है। यह कविता इतनी मार्मिक है कि इसे पढ़ पाना मुश्किल हो जाता है। वह छोटी–सी लड़की कैसे मृत्यु की कामना करती है–

आग छूती हूँ पर जलती नहीं
जहर खाती पर मरती नहीं
फटता है कलेजा पर निकलता नहीं प्राण
कौन–सा पाप किया था हे भगवान।

इतनी छोटी उम्र में ही अपने महत्वहीन जीवन के सच को समझने लगती है। न केवल समझती है, बल्कि स्वीकार भी करती है–

मरूँगी तो भी रोएगा नहीं कोई,
जीऊँ तो भी आएगा नहीं कोई।

अंत में वह स्वयं से ही प्रश्न करती है कि यह भी कोई जिन्दगी है? इससे तो कुत्तो बिल्लियों का जीवन अच्छा है जिन पर माँ–बाप या समाज का

कोई दबाव नहीं है। क्या इस संसार की सारी विधवाएँ दीन, हीन पशु की तरह जीवन बिताती हैं? वह श्राप देती है–

विधवाएँ मेरी जैसी हजार के हजार
बहाए जा रही हैं आँसुओं की धार
उसी में डूब जाय यह देश
डूब जाय सब लोग बाग
नाश हो या बज्र भले गिरे
ऐसी जाति पर भले ही धंसना धंसे
हो जाय भूकम्प या धरती फट जाय
माँ मिथिला रहकर क्या करोगी!

तालाब की मछलियाँ में परिवर्तन की आवाज सुनाई देती है. यह एक लंबी कविता है. इसमें बार–बार 'परिधि गई है टूट', 'कोशी की धार ने आकर तोड़ दिया है भिंड़ा', 'हम भी मछली तुम भी मछली', 'दोनों ही उपभोग की वस्तु हैं', जैसी शब्दावलियों का आना स्त्री विमर्श के दूसरे दौर का संकेत देता है। उस बेचौनी, उस आक्रोश की ओर संकेत करता है जो सदियों से दबी पड़ी हैं–

उथल पुथल है जन जीवन में
सभी ओर उत्क्रांति हो रही है,
टूट रहे हैं अंत:पुर के ढाँचे
आज या कि कल
तुम भी तो निकलोगी बाहर
हवेलियों से, डेवढ़ियों से
फिर जनपद के खंड नरक मिट जाएँगे
शब्दकोश को छोड़ कहीं भी
नहीं 'असूर्यस्पर्श्या' का अस्तित्व रहेगा
औरतदारी रह न जाएगी।

जनसत्ता को दिए एक साक्षात्कार में बाबा ने कहा था कि 'यदि विधाता हो तो सात या नौ वर्ष के लिए माँग लें कि हमको स्त्री बनाओ' मुझे लगता है कि सबसे बड़ी हरिजन (दलित) जो हैं वो स्त्रियाँ हैं। इनका दलितपना कब समाप्त होगा, ये हम सबको नजर नहीं आ रहा है। विदेशी रेडियो से हम सुनते हैं कि औरत को तेरह तरह के भार झेलने होते हैं। गर्भ भार उनकी तुलना में बहुत कम है।

बाबा की एक और लेकिन विशेष कविता का जिक्र करना चाहती हूँ. वह कविता है– 'जया', जया चार साल की एक गूँगी–बहरी लड़की को केन्द्र में रखकर लिखी गई कविता है। कवि उस गूँगी–बहरी लड़की की भाषा और उसके भावों को समझता है। वह जानता है कि उसके पास भी उसकी अपनी एक भाषा है–

छोटे–छोटे मोती जैसे दांतों की किरणें बिखेरकर
नीलकमल की कलियों जैसी आँखों में भर
अनुनय सादर
पहले पीछे शासक सी तर्जनी उठाकर
इंगित करती, नहीं मैं जाने दूँगी
चार साल की चपल चतुर वह बहरी गूँगी।

निष्कर्ष रूप से कह सकते हैं कि नागार्जुन की कविता न केवल नारी के जीवन की वास्तविकताओं का चित्रण करती है, बल्कि उसे आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित भी करती है। उनकी कविता नारी के प्रति समाज की सोच को बदलने की आवश्यकता पर बल देते हुए नारी के जीवन के संघर्षों और उसकी आंतरिक शक्ति को बेहद सजीव तरीके से कटाक्ष करते हैं, जिससे उनकी कविता समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणादायक बन जाती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. पाण्डेय, मैनेजर, आलोचना की सामाजिकता, दरियागंज, नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन 2008 , पृ. 24
2. पाण्डेय मैनेजर, नागार्जुन चयनित कविताएँ, नई दिल्ली : नेशनल बुक ट्रस्ट, 2019, पृ.56
3. मिश्र, शोभा कान्त,नागार्जुन रचनावली, पटना : राजकमल प्रकाशन, 2003, पृ. 57
4. त्रिपाठी प्रो. राधावल्लभ, बहस में स्त्री, नई दिल्ली : साहित्य संभावना प्रकाशन 2014, पृ. 40
5. पाण्डेय मैनेजर,उपन्यास और लोकतंत्र, नई दिल्ली : वाणी प्रकाशन, 2023, पृ.56
6. शोभाकांत, नागार्जुन रचनावली, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन, 2003, पृ. 59

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Empowering Sustainability: The Impact of AI on Green IT Innovations

Dr. Khatoon Aftab Kathawala*

*Assistant Professor (Computer Science & Information Technology) Bhupal Nobles' University, Udaipur (Raj.) INDIA

**Abstract :** As global awareness of environmental sustainability intensifies, the need for green practices in Information Technology (IT) has become critical. This paper explores the integration of Artificial Intelligence (AI) in enhancing green IT initiatives. It delves into various applications of AI that contribute to sustainability, discusses challenges hindering its widespread adoption, and suggests future research avenues. The findings underscore AI's potential to revolutionize green IT, promoting efficiency and reducing the ecological footprint of technology.

**Introduction -** The rapid growth of the digital economy has led to increased energy consumption and electronic waste, posing significant environmental challenges. As the digital landscape expands, the environmental impact of IT becomes increasingly apparent. Green IT aims to mitigate these issues through sustainable practices in IT management, operations, and product lifecycle. AI, characterized by its capacity for data analysis, automation, and predictive modeling, presents transformative opportunities and innovative solutions for fostering and enhancing green IT initiatives. This paper reviews current applications of AI promoting sustainability within IT, highlights challenges, and outlines future directions for research.

**AI Applications in Green IT**

**Energy Management**

**Optimization of Data Centers:** Data centers are among the largest consumers of energy in the IT sector, accounting for a significant portion of the global electricity usage. AI algorithms can analyze a myriad of factors, including server loads, environmental conditions, and energy pricing, to optimize energy consumption. Techniques such as reinforcement learning allow data centers to adjust cooling systems in real time, responding dynamically to changes in temperature and load. For example, Google's DeepMind has successfully reduced energy usage for cooling data centers by leveraging AI to predict cooling needs, achieving significant energy savings.

**Predictive Maintenance:** AI enhances operational efficiency by enabling predictive maintenance. Machine learning models analyze historical performance data to predict equipment failures before they occur thereby allowing preemptive repairs that reduce energy waste associated with inefficient operations. By scheduling maintenance based on predictive analytics, organizations can avoid unexpected downtime and extend the lifespan of their hardware, ultimately reducing energy waste and operational costs.

**Resource Optimization**

**Dynamic Resource Allocation:** In cloud computing environments, AI-driven resource management can dynamically allocate computing resources based on real-time workload demands. For instance, AI algorithms can distribute workloads across multiple servers to prevent overloading any single server, thereby optimizing energy consumption and improving overall performance. Companies like Amazon Web Services (AWS) utilize machine learning models to enhance resource allocation efficiency, resulting in lower operational costs and reduced environmental impact.

**Life Cycle Assessment:** AI tools can facilitate comprehensive life cycle assessments (LCA) of IT products. By analyzing data from different stages of a product's life—from raw material extraction to disposal—AI helps organizations identify the most environmentally harmful stages. This information enables companies to make informed decisions regarding product design, manufacturing processes, and end-of-life strategies, promoting more sustainable practices.

**Smart Supply Chains:** AI has the potential to revolutionize supply chain management by enhancing efficiency and sustainability. Advanced algorithms analyze historical data, current inventory levels, and market trends to optimize logistics and reduce emissions.

**Inventory Management:** AI can improve inventory management by predicting demand and optimizing stock

levels. This not only minimizes excess inventory—which contributes to waste—but also reduces the carbon footprint associated with storage and transportation. For example, AI-driven systems can analyze sales patterns and seasonal trends to forecast demand accurately, allowing companies to adjust production schedules accordingly.

**Transportation Optimization:** AI can optimize transportation routes and schedules using algorithms that consider real-time traffic data, fuel prices, and delivery windows. Companies like UPS utilize AI to analyze route efficiency, which has led to significant reductions in fuel consumption and greenhouse gas emissions.

**E-Waste Management**

**Automated Sorting and Recycling:** E-waste is one of the fastest-growing waste streams globally, posing serious environmental hazards. AI technologies, particularly computer vision and machine learning, are transforming e-waste recycling. Automated sorting systems can accurately identify and categorize different electronic components, significantly enhancing recycling efficiency. For instance, AI can be used to differentiate between various materials—such as metals, plastics, and circuit boards—ensuring proper recycling and reducing landfill contributions.

**Circular Economy Models:** AI can also support circular economy initiatives by analyzing the life cycles of products and recommending refurbishment, recycling, or repurposing options. By assessing the potential for reusing components, organizations can reduce waste and promote sustainable consumption patterns.

**Sustainable Software Development:** The software development lifecycle can also benefit from AI applications aimed at sustainability. AI-driven tools can assess code efficiency, identify redundancies, and optimize resource use.

**Code Optimization:** By utilizing AI for code analysis, developers can identify inefficient algorithms and propose optimizations that reduce energy consumption during execution. Techniques such as automated refactoring can improve code quality and sustainability. For example, tools like Microsoft's Project Bonsai leverage AI to optimize machine learning models for energy efficiency.

**Continuous Integration and Deployment:** AI can facilitate continuous integration and deployment (CI/CD) processes by automating testing and deployment workflows. This not only speeds up development cycles but also helps in deploying more efficient code faster, contributing to reduced energy usage.

**Challenges and Barriers**

**Energy Consumption of AI Systems:** While AI offers solutions for energy management, the training of AI models, particularly deep learning algorithms, requires significant computational resources, leading to high energy consumption. The environmental impact of running large-scale AI models must be considered, necessitating research into energy-efficient algorithms and hardware.

**Data Privacy and Security Concerns:** The reliance on vast amounts of data for training AI models raises concerns regarding data privacy and security. Organizations must navigate regulatory frameworks to ensure compliance while protecting sensitive information. The risk of data breaches can hinder the adoption of AI in sustainable practices.

**Initial Investment and Integration Costs:** Implementing AI solutions often requires substantial initial investments in infrastructure and expertise. Smaller organizations may face challenges in adopting these technologies due to limited resources. Financial incentives and government support can play a crucial role in facilitating AI adoption within the green IT landscape.

**Future Directions**

**Research on Energy-efficient AI Algorithms:** Future research should prioritize the development of energy-efficient AI algorithms that reduce computational demands without compromising performance. Techniques such as model compression, pruning, and the use of more energy-efficient hardware can contribute to sustainable AI applications.

**Interdisciplinary Collaboration:** Fostering interdisciplinary collaboration among academia, industry, and government will be essential to advance AI in green IT. Collaborative initiatives can drive innovation, share best practices, and accelerate the development of effective sustainable solutions.

**Policy Frameworks:** Establishing clear policies that promote the adoption of AI in green IT is crucial. Governments should create funding programs, tax incentives, and research grants to encourage organizations to implement AI-driven sustainability initiatives.

**Education and Awareness:** Increasing awareness and understanding of AI's role in sustainability among IT professionals and decision-makers is vital. Educational programs and workshops can equip stakeholders with the knowledge needed to leverage AI effectively in green IT initiatives.

**Conclusion:** Artificial Intelligence stands as a powerful ally in the pursuit of sustainable practices within the IT sector. By optimizing energy management, enhancing resource allocation, and promoting e-waste recycling, AI can significantly reduce the ecological footprint of technology. Although challenges persist, strategic research, collaboration, and supportive policies can unlock AI's full potential for fostering green IT. Embracing these advancements is essential for organizations seeking to achieve sustainability in an increasingly digital world.

**References:-**

1. Khan, S., et al. (2020). "Artificial Intelligence for Sustainable Energy Management: A Review." Renewable and Sustainable Energy Reviews.
2. Zhang, Y., & Cheng, Y. (2021). "AI-Powered Resource Management for Sustainable IT Operations." Journal

of Cleaner Production.
3. Gupta, V., et al. (2019). "E-Waste Recycling: Role of AI in Sustainable Development." Waste Management.
4. Bharadwaj, S., & Bhattacharyya, D. (2022). "The Role of AI in Promoting Green Supply Chains." International Journal of Logistics Research and Applications.
5. Amato, F., et al. (2021). "A Review of AI Applications in Circular Economy." Sustainability.
6. Strubell, E., Ganesh, A., & McCallum, A. (2019). "Energy and Policy Considerations for Deep Learning in NLP." Proceedings of the 57th Annual Meeting of the Association for Computational Linguistics.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भीलवाड़ा नगर की जनसंख्या के सन्दर्भ में नगरीकरण का भौगोलिक विश्लेषण-2011 की जनगणना के आधार पर

**शबनम तंवर*  डॉ. काश्मीर कुमार भट्ट****

* शोधकर्त्ता, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत
** शोध पर्यवेक्षक, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत

**शोध सारांश -** 'नगर एवं नगरीकरण' ये दोनों भिन्न शब्द है एवं दोनों का अर्थ भी भिन्न-भिन्न होता है। परन्तु यदि बात की जाए दोनों शब्दों के सम्बन्ध की तो दोनों में घनिष्ठ सम्बंध है एवं दोनों शब्द प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अन्तर्सबन्धित है। परन्तु नगर मात्र नगरीकरण से प्रत्यक्ष रूप से अन्तर्सबन्धित नहीं है बल्कि उस नगर की जनसंख्या भी नगर से उतनी ही घनिष्ठता रखती है कि क्योंकि नगरीकरण का एक स्वतन्त्र पक्ष या स्तंभ- 'जनसंख्या' भी है।

जहाँ भी किसी नगर के नगरीकरण का विश्लेषण किया जाता है तो वहाँ सर्वप्रथम जिस तत्तव को आधार बनाया जाता है वह है जनसंख्या।

प्रस्तुत शोध पत्र में भीलवाड़ा नगर की वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर, भीलवाड़ा नगर का वार्ड अनुसार भौगोलिक - जननांकिय आँकड़ों का विश्लेषण किया गया है। जिसमें प्रत्येक वार्ड की कुल जनसंख्या/अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति सहित अनेक पक्षों का तुलनात्मक अध्नकिया गया है। इसके लिए शोध में द्वितीयक आँकड़ों का प्रयोग किया गया है, जो कि जनगणना विभाग, राजस्थान द्वारा उपलब्ध करवाये गए है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं कार्यशील जनसंख्या का नगरीकरण के साथ सम्बंध ज्ञात करने हेतु कोटि अंतर गुणांक सहसम्बंध का प्रयोग किया गया है। वार्डों की भौगोलिक स्थिति दर्शाने हेतु नगर की 'नगर परिषद' हेतु जारी मानचित्र का प्रयोग किया गया है साथ ही आँकड़ों के व्यवस्थित प्रबंधन हेतु तालिकाओं का प्रयोग किया गया है।

**शब्द कुंजी :** नगरीकरण, भौगोलिक विश्लेषण, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कार्यशील जनसंख्या, ग्रामीण नगरीय, सहसम्बंध।

**प्रस्तावना -** वर्तमान युग विकास का युग कहा जाये तो अतिश्योक्ति नहीं होगी क्योंकि आज मानव ने प्रत्येक क्षेत्र में अकल्पनीय विकास अर्जित कर लिया है एवं यह विकास मानव से जुड़े प्रत्येक पक्ष में देखा जा सकता है। इस दौड़ में मानव अधिवास भी शामिल है। आज ग्रामीण क्षेत्र भी विकास की ओर अग्रसर है एवं अनेक तात्कालिक गाँव आज शहरों में बदल चुके है। एवं नगर, महानगर बनने की होड़ में है। परन्तु वह कारक जो गाँव को शहर, में परिवर्तित करता है, उनमें जनसंख्या को प्रमुख कारक कहा जा सकता है। यदि भीलवाड़ा नगर के संदर्भ में देखा जाये तो भीलवाड़ा नगर, भीलवाड़ा जिले में स्थित है एवं भीलवाड़ा नगर का अध्ययन इसके भौगोलिक क्षेत्र (जो कि वार्डों में विभक्त है) की जनसंख्या के आधार पर किया गया है। शोध पत्र में आधार वर्ष 2011 को लिया गया है। वर्तमान में भीलवाड़ा नगर (नगर परिषद क्षैत्र) में लगभग 70 वार्ड है।

परन्तु यदि वर्ष 2011 में देखा जाये तो सम्पूर्ण भीलवाड़ा नगर (नगर परिषद क्षैत्र) 50 वार्डों में विभक्त है।

भीलवाड़ा नगर की कुल जनसंख्या की बात कि जाये तो वर्ष 2001 में यह जनसंख्या 2,80,128 थी जोकि वर्ष 2011 में 3,59,483 हो गई।

यह जनसंख्या वृद्धि भीलवाड़ा नगर के नगरीकरण स्तर में वृद्धि का सबसे बड़ा संकेत कहा जा सकता हैं। वर्ष 2001 से 2011 के मध्य होने वाली वृद्धि दर 28.3 प्रतिशत थी।

जनसंख्या के अतिरिक्त अनेक कारक नगरीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते है, जैसे-

1. नगर का क्षैत्रफल।
2. रोजगार के अवसरों की उपलब्धता।
3. उद्योग एवं व्यापार की स्थिति एवं भविष्य में विस्तार हेतु संभावना।
4. साक्षरता व शैक्षिक स्थिति।
5. उपलब्ध सुविधाएँ (पेयजल, विद्युतीकरण, जल निकास, अधिवास क्षैत्र उपलब्धता, स्वच्छता व सफाई व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, परिवहन सुविधा, शिक्षा सुविधा, एक सर्वसुलभ बड़े बाजार की उपलब्धता, खाद्यान्न, फल सब्जी आदि दैनिक आवश्यकता की वस्तुओं की उपलब्धता। सड़क-घनत्व आदि।)
6. मनोरंजन क्षैत्र।
7. छोटे ग्रामीण तथा शहरी क्षैत्रों से बड़े नगरों की ओर जनसंख्या प्रवास।

भीलवाड़ा नगर सहित सम्पूर्ण भीलवाड़ा जिले में सर्वाधिक तीव्र नगरीकरण दर वर्ष 1971 के दशक में दर्ज की गई थी। भीलवाड़ा जिले में भीलवाड़ा नगर ही सर्वाधिक बड़ा नगर है एवं इसके पश्चात् शाहपुरा का स्थान आता है।

भीलवाड़ा की सम्पूर्ण जनसंख्या में तो स्पष्टत: वृद्धि देखी जा सकती है परन्तु यह वृद्धि अनुसूचित जाति, अनुसचित जनजाति के संदर्भ में कितनी रही? साथ ही किस वार्ड में कितनी जनसंख्या वृद्धि हुई एवं प्रत्येक वार्ड में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं कार्यशील जनसंख्या प्रतिशत

कितना है? इन सभी पक्षों का अध्ययन इस शोध पत्र में विस्तार पूर्वक किया गया है।

जिससे की सम्पूर्ण नगर परिषद क्षेत्र के साथ-साथ प्रत्येक वार्ड की जनांकिय स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सके।

प्रत्येक नगर में जनसंख्या एवं उस क्षेत्र में उपलब्ध सुविधाएँ एक दूसरे की पूरक होती है। अर्थात् यदि किसी क्षेत्र विशेष में नागरिकों हेतु पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हो तो वहाँ तीव्र गति से जनसंख्या वृद्धि होने लगती है, जिसका एक प्रमुख कारण गाँव व छोटे शहरों की जनसंख्या का बड़े नगरों की ओर आकर्षित होकर पलायन करना होता है।

वहीं जहाँ जनघनत्व व जनसंख्या अधिक होती है वहाँ सुविधाओं की उत्तरोत्तर उपलब्धता बढ़ती जाती है। यह स्थिति भीलवाड़ा नगर के संदर्भ में भी गलत नहीं कहीं जा सकती।

अत: यह तथ्य महत्त्वपूर्ण है कि किसी भी क्षेत्र विशेष में नागरिक सुविधाओं एवं सेवा क्षेत्रों का विकास व वृद्धिकर नागरिकों के जीवन स्तर एवं नगर के नगरीकरण के स्तर में वृद्धि की जा सकती है।

**अध्ययन क्षेत्र -** भीलवाड़ा नगर, भीलवाड़ा जिले के दक्षिण में स्थित है। यदि भीलवाड़ा तहसील की बात की जाये तो भीलवाड़ा तहसील के पूर्व में कोटड़ी तहसील, उत्तर में बनेड़ा तहसील, उ.पू. में माण्डल तहसील, पश्चिम में सहाड़ा तहसील स्थित है जबकि इसके दक्षिण में चित्तौड़गढ़ जिले की सीमा प्रारंभ हो जाती है।

एवं भारत देश के संदर्भ में यदि नगर की स्थिति देखी जाये तो यह नगर देश के उ.प. क्षेत्र में अवस्थित है। जबकि राजस्थान के द.पूर्वी भाग में अवस्थित है।

यदि भीलवाड़ा नगर का अक्षांशीय व देशान्तरीय विस्तार देखा जाये तो 25°21' उ. अक्षांश व 74°40' पूर्वी देशान्तर पर स्थित है।




नगर का क्षेत्रफल 118.48 किमी2 एवं नगर की समुद्र तल से ऊँचाई 451 मीटर है। यह 'नगर परिषद' प्रशासित नगर है जो कि वर्ष 2011 में 50 एवं वर्तमान में लगभग 70 वार्डों में विभक्त है।

यह नगर राजस्थान राज्य (3,42,239 किमी2 का मात्र 0.034 प्रतिशत है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, नगर की -

| | | |
|---|---|---|
| कुल जनसंख्या | - | 3,59,483 जिसमें से |
| पुरुष जनसंख्या | - | 1,87,081 एवं |
| महिला जनसंख्या | - | 1,72,402 है तथा यदि घनत्व देखा जाये तो |
| जनसंख्या घनत्व | - | 3,034 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। |
| लिंगानुपात | - | 922 एवं जबकि नगर की |
| साक्षरता दर | - | 82.30 प्रतिशत एवं |
| कार्यशील जनसांख्या | - | 35.20 प्रतिशत है। |

उपर्युक्त आँकड़े जिला जनगणना पुस्तिका 2011 से प्राप्त किये गये हैं। नगर की जलवायु स्वास्थ्यवर्धक है। यहाँ प्राय: शुष्क जलवायु पाई जाती है एवं तापमान में पर्याप्त विविधता देखने को मिलती है।

'भारत मौसम विभाग विज्ञान' चित्तौड़गढ़ के अनुसार सम्पूर्ण भीलाड़ा जिले में वर्ष 2011 में 45.8°सेल्सियस अधिकतम एवं 2.3° (न्यूनतम) तापमान दर्ज किया गया। जबकि वर्ष 2011 में वर्षा 734.2 (मि.मी.) दर्ज की गई थीं भीलवाड़ा नगर में अधिकतम तापमान 44.2°सेग्रे./न्यूनतम 3.72° से.ग्रे. एवं वर्षा 494.94 मि.मी. रही थी।

**शोध के उद्देश्य :**

1. भीलवाड़ा नगर में जनांकीय आधार पर नगरीकरण की वस्तुस्थिति ज्ञात करना।
2. भीलवाड़ा नगर में वार्ड अनुसार जनसंख्या सम्बंधित आँकड़ों का विश्लेषण करना।
3. भीलवाड़ा नगर में वार्ड अनुसार अनुसचित जाति व अनुसूचित जनजाति के आँकड़ों का समीक्षात्मक अध्ययन करना।
4. भीलवाड़ा नगर में नगरीकरण (जनसंख्या के संदर्भ में) एवं अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति /0-6 वर्ष की जनसंख्या आदि जनांकिय विशेषताओं के मध्य कोटि अंतर गुणांक सहसम्बंध ज्ञात करना।

**आँकड़ों के स्त्रोत तथा शोध विधि तन्त्र -** यह शोध-पत्र समीक्षात्मक एवं विश्लेषणात्मक अनुसंधान एवं द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित है। जो कि विभिन्न द्वितीयक स्त्रोतों से प्राप्त किये गए है। यहाँ जनसंख्या की विभिन्न श्रेणियों (जैसे-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/कार्यशील जनसंख्या आदि) का नगरीकरण के साथ सह सम्बंध धनात्मक है अथवा ऋणात्मक यह ज्ञात करने का प्रयास किया गया है।

सहसम्बंध ज्ञात करने हेतु **स्पीयर मेन का कोटि अंतर गुणांक सहसम्बंध** का उपयोग किया गया है एवं अन्य तथ्यों जैसे- सामाजिक , आर्थिक, भौगोलिक आदि के स्पष्टीकरण हेतु 'राष्ट्रीय जनगणना-2011' द्वारा उपलब्ध आँकड़ों का उपयोग शोध हेतु किया गया है।

**सह सम्बंध विश्लेषण -** दो समंकों अथवा चरों के मध्य पाये जाने वाले सम्बंध को सहसम्बंध कहा जाता है। सहसम्बंध की विभिन्न परिभाषाएँ निम्न प्रकार है-

(1) **प्रो. किंग के अनुसार -**'दो चरों (या श्रेणियों) के बीच कार्य कारण सम्बंध को ही सहसम्बंध कहते है।'

(2) **प्रो. कॉनर के अनुसार -**'जब दो या अधिक राशियाँ सहानुभूति में परिवर्तित होती है, जिससे एक में परिवर्तन के कारण दूसरे में भी परिवर्तन होता है तो वे सहसम्बन्धित कहलाती है।'

एवं सहसम्बंध के प्रकार निम्न है-

(1) धनात्मक (+) एवं ऋणात्मक (-) सहसम्बंध
(2) रेखीय और अरेखीय या वक्ररेखीय सहसम्बंध
(3) सरल, बहुगुणी एवं आंशिक सहसम्बंध

यहाँ जब दो चरों के मध्य सहसम्बंध ज्ञात किया जाता है तो परिणाम तीन प्रकार में से प्राप्त होते है-

(1) **पूर्ण सहसम्बंध-** इसका मान + 1 या - 1 होता है।

(2) **सहसम्बंध की अनुपस्थिति -**यदि सहसम्बंध गुणांक की मात्रा शून्य हो तो सहसम्बंध की अनुपस्थिति पाई जाती है।

(3) **सहसम्बंध का सीमित परिणाम-** जब दो चरों के बीच न तो पूर्ण सहसम्बंध होता है एवं न ही सहसम्बंध का अभाव होता है, तो वहाँ सहसम्बंध का सीमित परिणाम प्राप्त होता है, यह सम्बंध गुणांक शून्य और एक के मध्य प्राप्त होता है। यह धनात्मक व ऋणात्मक हो सकता है।

सीमित सहसम्बंध भी तीन प्रकार का होता है-

1. उच्च स्तर का सह सम्बंध
2. मध्य स्तर का सह सम्बंध
3. निम्न स्तर का सह सम्बंध

| सहसम्बंध परिणाम | धनात्मक सहसम्बंध गुणांक का मान | ऋणात्मक सहसम्बंध गुणांक का नाम |
|---|---|---|
| पूर्ण | +1 | -1 |
| उच्च स्तरीय | +.75 तथा +1 के बीच | -1 तथा -.75 के बीच |
| मध्य स्तरीय | +.5 तथा +.75 के बीच | -.75 तथा -.5 के बीच |
| निम्न स्तरीय | +0 तथा +.5 के बीच | -.5 तथा 0 के बीच |
| शून्य सहसम्बंध | 0 | 0 |

**सारणी संख्या (2) का विश्लेषण**

भीलवाड़ा नगर के सन्दर्भ में सारणी 2 का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि कुल 50 वार्डों में 74,184 घर स्थित है जिनकी वार्ड अनुसार संख्या हम सारणी में देख सकते है। यहाँ जो तथ्य निकल कर सामने आये है वे इस प्रकार है-

(1) सर्वाधिक घरों की संख्या वार्ड नं. 48 में है, जिनकी कुल संख्या 2846 है। एवं घरों की सर्वाधिक कम संख्या वार्ड नं. 22 में है जो कि 782 है। अत: भीलवाड़ा नगर में घरों की संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक बड़ा वार्ड नं. 48 एवं सर्वाधिक छोटा वार्ड नं. 22 है।

(2) कुल जनसंख्या की दृष्टि से देखा जाये तो भीलवाड़ा नगर की कुल जनसंख्या (50 वार्डों को मिलाकर) 3,59,483 है एवं जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक बड़ा वार्ड, वार्ड नं. 48 है, जहाँ की जनसंख्या 13,613 है एवं जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक छोटा वार्ड, वार्ड नं. 22 है। जहाँ कुल जनसंख्या मात्र 3,985 है। अत: यहाँ स्पष्टत: दृष्टिगत होता है कि वार्ड नं. 48 में घरों की संख्या एवं जनसंख्या दोनों सर्वाधिक जबकि वार्ड नं. 22 में घरों की संख्या एवं जनसंख्या दोनों न्यूनतम है।

(3) पुरुष जनसंख्या की दृष्टि से उक्त तालिका का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि सर्वाधिक पुरुष जनसंख्या वार्ड नं. 48 में है जो कि 7,163 है, जबकि न्यूनतम पुरुष जनसंख्या वार्ड नं. 22 में है जो कि 2,035 है एवं कुल पुरुष जनसंख्या (कुल 50 वार्डों में) - 1,87,081 है।

(4) उक्त तालिका का महिला जनसंख्या की दृष्टि से विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि समस्त 50 वार्डों में कुल महिला जनसंख्या1,72,402 है एवं सर्वाधिक महिला जनसंख्या वार्ड नं. 48 में 6,450 है एवं न्यूनतम महिला जनसंख्या वार्ड नं. 12 में है जो कि 1912 है।

(5) यहाँ वार्ड नं. 48 में कुल घरों की संख्या, कुल जनसंख्या, कुल पुरुष जनसंख्या, कुल महिला जनसंख्या चारों चर सर्वाधिक मात्रा में है एवं धनात्मक सहसम्बंध दिखाते है। जबकि वार्ड नं. 22 में कुल घरों की संख्या, कुल जनसंख्या एवं कुल पुरुष जनसंख्या न्यूनतम है परन्तु महिला जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा वार्ड, वार्ड नं. 12 है।

**सारणी सं. 3 का विश्लेषण**

प्रस्तुत शोध पत्र में सारणी सं. 3 का वार्ड अनुसार 0-6 आयु वर्ग के संदर्भ में विश्लेषण करने पर निम्न तथ्य दृष्टिगत होते है-

(1) भीलवाड़ा नगर में कुल घरों की संख्या 74,184 है, जिनमें 0-6 आयु वर्ग की कुल 46,812 जनसंख्या (13.02%) निवास करती है, जिनमें 0-6 आयुवर्ग की पुरुष जनसंख्या 24,650 एवं महिला जनसंख्या 22,162 निवास करती है।

(2) सर्वाधिक घर 2846, वार्ड नं 48 में एवं न्यूनतम घरों की संख्या वार्ड नं 22 में 782 है।

(3) 0-6 आयुवर्ग की कुल जनसंख्या सर्वाधिक वार्ड नं 48 में है जो कि 2015 है एवं 0-6 आयुवर्ग की न्यूनतम कुल जनसंख्या 382 है, जो कि वार्ड नं 21 में स्थित है।

(4) यदि 0-6 आयु वर्ग की पुरुष जनसंख्या की बात की जाये तो विश्लेषणोपरांत जो तथ्य दृष्टिगत होता है उसके अनुसार 0-6 आयुवर्ग की सर्वाधिक पुरुष जनसंख्या 1092 वार्ड नं 48 में एवं न्यूनतम पुरुष जनसंख्या वार्ड नं 21 में 201 है।

(5) विश्लेषणानुसार 0-6 आयुवर्ग की सर्वाधिक महिला जनसंख्या वार्ड नं 48 में 923 है जबकि न्यूनतम महिला जनसंख्या 169, वार्ड नं 22 में निवास करती है।

(6) अत: यहाँ स्पष्टत: जो तथ्य निकलकर सामने आता है वह है- वार्ड नं 48- कुल घरों की संख्या, 0-6 आयुवर्ग की कुल जनसंख्या, 0-6 आयुवर्ग की कुल पुरुष जनसंख्या एवं 0-6 आयुवर्ग की कुल महिला जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक बड़ा वार्ड है।

**सारणी 4 का विश्लेषण**

उक्त सारणी के विश्लेषणोपरांत निम्न तथ्य स्पष्टत: दृष्टिगत होते है, जो प्रस्तुत शोध पत्र हेतु अत्यन्त उपयोगी है-

(1) भीलवाड़ा नगर में कुल घरों की संख्या 74,184 एवं कुल जनसंख्या 3,59,483 है एवं कुल जनसंख्या में 47,692 अनुसूचित जाति की जनसंख्या है जो कि कुल जनसंख्या का 13.26 प्रतिशत है।

(2) समस्त 50 वार्डों में समन्वित रूप से अनुसूचित जाति पुरुष जनसंख्या 24,510 एवं अनुसूचित जाति महिला जनसंख्या 23,182 है।

(3) समस्त वार्डों में से सर्वाधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वार्ड नं. 15 में पाई गई जो कि 5171 है एवं न्यूनतम अनुसूचित जाति जनसंख्या वार्ड नं. 19 में पाई गई जो कि मात्र 30 है।

अत: अनुसूचित जाति की दृष्टि से सर्वाधिक बड़ा वार्ड, वार्ड नं 15 एवं सर्वाधिक छोटा वार्ड, वार्ड नं 19 है।

(4) अनुसूचित जाति पुरुष जनसंख्या की दृष्टि से भी वार्ड नं 15 सबसे बड़ा वार्ड है जहां 2,541 अनुसूचित जाति (पुरुष) जनसंख्या पाई जाती है। जबकि सर्वाधिक न्यूनतम अनुसूचित जाति अनुसूचित जाति जनसंख्या की बात करें तो वह 20, जो कि वार्ड नं 29 में निवासित हैं।

(5) अनुसूचित जाति (महिला) जनसंख्या की दृष्टि से वार्ड नं. 15 सर्वोच्च स्थान रखता है एवं इस वार्ड नं. 2630 अनुसूचित जाति महिला जनसंख्या है जबकि 9 अनुसूचित जाति (महिला) जनसंख्या के साथ वार्ड नं. 19 सभी वार्डों में न्यूनतम स्तर पर है।

(6) यहाँ पर यह गौर करने वाला तथ्य है कि कुल अनुसूचित जाति जनसंख्या, कुल अनुसूचित जाति पुरुष जनसंख्या एवं कुल अनुसूचित जाती महिला जनसंख्या तीनों पक्षों की दृष्टि से वार्ड नं. 15 भीलवाड़ा नगर में प्रथम स्थान रखता है।

**सारणी संख्या 5 का विश्लेषण –** अनुसूचित जनजाति जनसंख्या से सम्बन्धित सरणी संख्या 5 का विश्लेषण करने पर निम्नलिखित परिणाम प्राप्त होते है–

(1) भीलवाड़ा नगर में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या की दृष्टि से कुल जनसंख्या 4,488 है, जो कि नगर की कुल जनसंख्या (3,59,483) की 1.24 प्रतिशत है। कुल अनुसूचित जनजाति पुरुष जनसंख्या 2393 एवं महिला जनसंख्या 2095 है।

(2) कुल अनुसूचित जनजाति जनसंख्या की दृष्टि से वार्ड नं 47 सर्वाधिक बड़ा है जहाँ 493 अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति निवास करते है, जबकि ऐसे तीन वार्ड है जहाँ अनुसूचित जनजाति की कुल जनसंख्या शून्य है, जो कि क्रमश: वार्ड नं. 12, वार्ड नं. 29 एवं वार्ड नं. 34 है। जहाँ अनुसूचित जनजाति जनसंख्या न्यून है।

(3) अनुसूचित जनजाति की पुरुष जनसंख्या की दृष्टि से वार्ड नं. 47 में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति पुरुष जनसंख्या निवास करती है। जो कि 274 है एवं न्यूनतम पुरुष अनुसूचित जनजाति जनसंख्या पुन: क्रमश: तीन वार्डों, वार्ड नं 12, वार्ड नं. 29 एवं वार्ड नं. 34 में है जो कि शून्य है।

उपरोक्त अध्ययन से स्पष्ट होता है कि 30 (20.00) प्रतिशत किशोर बालक व 20 (16.00) प्रतिशत बालिकाओं को यह ज्ञात है कि फास्ट-फूड का स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। 105 (70.00) प्रतिशत किशोर बालक 105 (70.00) प्रतिशत किशोर बालिकाओं को यह ज्ञात है कि फास्ट-फूड का स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। 15 (10.00) किशोर बालक एवं 25 (13.33) प्रतिशत किशोर बालिकाओं को यह ज्ञात है कि फास्ट-फूड का स्वास्थ्य पर प्रभाव की जानकारी ही नहीं थी।

**निष्कर्ष-** वर्तमान समय में आधुनिक जीवन शैली का प्रभाव किशोर और किशोरियों पर समान रूप से पड़ा है इसीलिये आधुनिक खाद्य पदार्थ फास्ट-फूड के प्रति रूचि दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है एक ओर जहाँ किशोर अपने मित्र समूह अपनी व्यस्ततम जीवनश्शैली व आधुनिकता के चलते फैशनेवल फास्ट-फूड का सेवन करती है क्योंकि वह घर का एक प्रकार का भोजन करते-करते बोर हो जाते है इसलिये वह फास्ट-फूड को अधिक पसंद करते है। किशोर बालक व बालिकाओं को यह ज्ञात नहीं होता कि वह फास्ट-फूड के माध्यम से व अधिक मात्रा में वसा व उच्च ऊर्जा को ग्रहण कर रहें हैं। जो उनमें मोटापा, हृदय रोग व तनाव जैसी भयानक बीमारियों का शिकार हो सकते हैं।

**सुझाव-** किशोरावस्था में किशोर बालक व बालिकाओं की शारीरिक क्रियाशीलता बढ़ जाती है। जिससे उनकी पौषणिक आवश्यकता बढ़ जाती है यदि इस समय किशोर बालक व बालिकाओं द्वारा सही मात्रा में संतुलित आहार व आवश्यक पोषक तत्वों जैसे प्रोटीन, कार्बोज, विटामिन, खनिज लवण आदि का सेवन किया जाना चाहिये। किशोर वर्ग द्वारा भोजन पूर्ण आराम से व बैठकर लिया जाना चाहिये न कि जल्दबाजी में किशोर वर्ग द्वारा आहार में उच्च ऊर्जा और प्रोटीन, वसा, खनिज लवण जैसे कैल्शियम, आयरन, विटामिन, थायमिन, राइबोफ्लेविन, एस्कार्विक अम्ल आदि शामिल किया जाना चाहिये।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. डॉ. त्रिपाठीअपूर्वा, 'किशोर एवं किशोरियों में फास्ट-फूड के प्रति बढ़ते आकषर्ण का अध्ययन', पेज नं. 55.-56.
2. डॉ. कोठारी नंदनी व सिंह प्रगति, फास्ट-फूड का किशोरों के पोषण स्तर पर प्रभाव समाजिक सहयोग, मार्च 2004।
3. श्रीवास्तव अर्चना स्वास्थ्य, भोजन एवं स्वास्थ्य विज्ञान अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा 2010।
4. पीपुल्स समाचार मंगवाल, 11 जनवरी 2011।
5. तेज लाईफ स्टाइल कहीं धीमा न कर दें आपका जीवन, 9 मार्च 2010 पत्रिका।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# आदिवासी सामाजिक कला एवं परंपराएं

**डॉ. एम. एल. अवाया***

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्नातकोतर महाविद्यालय, सेंधवा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** आदिवासी शब्द दो शब्दों से 'आदि' और 'वासी' से मिलकर बना है 'आदि' का शाब्दिक अर्थ प्रारंभ या शुरू होता है एवं 'वासी' का अर्थ 'निवास करने वाला' होता है अर्थात जो प्रारंभ या शुरू से निवास करता हो, अर्थात आदिवासी का शाब्दिक अर्थ 'मूलनिवासी' होता है। आदिवासी, Aboriginal (एबोरिजिनल) शब्द का हिंदी अनुवाद हैं जिसका प्रयोग:- किसी भौगोलिक क्षेत्र के उन निवासियों के लिए किया जाता है जिसका उस भौगोलिक क्षेत्र से पुराना संबंध हो। अर्थात यह कहा जाता है कि आदिवासी ही किसी देश के मूल निवासी होते हैं भारत में आदिवासी समुदाय का संवैधानिक नाम (Constitution name of Tribal Community) अनुसूचित जनजाति (Scheduled Tribel) है जिसे संक्षिप्त में अ.ज.जा. या (ST) कहा जाता है।

भारत की जनसंख्या का 8-6% लगभग 10 करोड़ जितना एक बड़ा हिस्सा आदिवासियों का है। पुरातन लेखों में आदिवासियों कों 'आत्विका' कहा गया। महात्मा गांधी ने आदिवासियों को 'गिरिजन' अर्थात पहाड़ पर रहने वाले लोग कहकर पुकारा है। भारतीय संविधान में आदिवासियों के लिए 'अनुसूचित जनजाति' पद का उपयोग किया गया हैं। भारत में आदिवासियों को प्राय: जनजातीय लोग के रूप में जाना जाता है आदिवासी मुख्य रूप से भारतीय राज्यों में उड़ीसा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान आदि में बहुसंख्यक व गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यक जबकि पूर्वोत्तर राज्यों में यह बहुसंख्यक है जैसे- मिजोरम। भारत सरकार ने इन्हें भारत के संविधान की पांचवी अनुसूची में 'अनुसूचित जाति' एवं 'जनजाति' में रखा जाता है। चंदा समिति ने सन 1960 में अनुसूचित जातियों के अंतर्गत किसी भी जाति को शामिल करने के लिए 5 मानक निर्धारित किया। भौगोलिक:- एकांकिपन, विशिष्ट संस्कृति, पिछड़ापन, संकुचित स्वभाव एवं आदिम जाति के लक्षण आदिस भारत में 461 जनजातियां है जिसमें से 424 जनजातियां भारत के 7 क्षेत्र में बटी हुई हैं। भारत के प्रमुख आदिवासी आंध्र, गौंड, मुंडा, खड़िया, बोडो, कोल, भील, सहारिया, संस्थाल, मीणा, उराव, लोहारा, वित्होर, पारधी, असुर, टाकणकार आदि है।

किसी भी संस्कृति के उद्गम के विषय में जानने और समझने में वांछित परंपरा की उस विधा से आधारभूत सहायता मिलती है आदिवासी कला का इतिहास उतना ही पुराना है जितना भारतीय ग्रामीण सभ्यता का दुर्भाग्यवश आदिवासी कलाओ का कोई क्रमिक इतिहास आज उपलब्ध नहीं है सिंधु घाटी की सभ्यता से मिले कला अवशेषों को यदि भारतीय आदिवासी कला के प्राचीनतम नमूने माना जाए जाए तो उसके बाद इनका प्रमाणिक उल्लेख 20वीं सदी के मध्य से मिलना आरंभ होता है कुछ अंग्रेजी विद्वानों ने भारतीय देशज कलाओं का सविस्तार उल्लेख किया है इस संबंध W.G. आर्चर, डॉ. वैरियर एल्विन, स्टैला क्रेमरिश एवं श्रीमती कमलादेवी चट्टोपाध्याय के नाम प्रमुख है, जिनके सघन अध्ययनों से भारतीय आदिवासी कला आज विश्व कलाजगत में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना सकी है। यह तो निश्चित है कि भारत में मिले प्रागैतिहासिक गुफाचित्र या शैलचित्र वर्तमान आदिवासियों के पूर्वजों द्वारा किया गया कलाकर्म है। जंगलों के घटने एवं बढ़ते शहरीकरण ने आदिवासियों को ग्रामीण हिंदू संस्कृति के नजदीक ला दिया और परिणाम स्वरुप आदिवासियों के निराकार देवी - देवता और अनगढ़ पत्थरों लकड़ी, पत्थरों एवं मिट्टी की बनी प्रतिमाएं उनके देव स्थानों में विराजमान हो गई आदिवासी अपने सामान्य उपयोग की वस्तुएं तो स्वयं बना लेते थे परंतु उनमें इतनी तकनीकी दक्षता नहीं थी कि वे भट्टी जलाकर मिट्टी एवं धातु की प्रतिमाएं, आभूषण एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं बना सके अत: उन्होंने ग्रामी व्यावसायिक जातियों के शिल्पीयों को अपना लिया। यह शिल्पी व्यावसायिक जातियों जैसे:- लोहार, कुम्हार, धातु-शिल्पी, सुनार आदि जनजाति बहुल क्षेत्रों में आदिवासी समाज का अभिन्न अंग बन गयी।

जनजातियों की सांस्कृतिक परंपरा और समाज संस्कृति पर विचार की एक दिशा यहां से भी विचारणीय मानी जा सकती है। मानव विज्ञानियों और समाजशास्त्र के अधेताओ ने विभिन्न जनजातीय समुदायों का सर्वेक्षण मूलक व्यापक अध्ययन प्रस्तुत किया है और उसके आधार पर विभिन्न जनजातियों के विषय में सूचनाओं के विशद कोश हमें सुलभ हैं।

**मध्यप्रदेश की प्रमुख आदिवासी परंपराएं-** जनजाति किसी भी ऐसे ऐसे स्थानीय समुदायों के समूह को कहा जाता है जो एक सामान्य भू भाग पर निवास करता हो एक सामान्य भाषा बोलते हो और एक सामान्य संस्कृति का व्यवहार करता है। आदिवासी अपने स्वभाव से ही कलाप्रिय होते हैं। नृत्य-गान तो जैसे उनके खून में ही शामिल होता है। वे अपने शरीर, घर और उपयोगी वस्तुओं को बहुत ही कलात्मक ढंग से सजाते सवारते हैं। मध्यप्रदेश के बैतूल, होशंगाबाद एवं खंडवा, बड़वानी, खरगोन, झाबुआ, अलीराजपुर, जिले के निवासी कोरकू, बरेला, भिलाला, पेटालिया आदिवासी अनाज रखने की कोठिया बनाने में दक्ष होते हैं जिसमें गेहूं, ज्वार, मक्का और अन्य अनाज का संग्रह करते हैं।

1. मध्यप्रदेश के मंडला, डिंडोरी जिले के अगारिया, गौंड आदिवासी अपने घर की बाहरी दीवारों को मिट्टी से बनाए गए उभारदार भित्ति अलंकारों से

सजाते हैं।

2. झाबुआ एवं धार जिले में रहने वाले भील एवं भिलाला आदिवासियों द्वारा दीवारों पर अंकित किए जाने वाले पिठौरा चित्र मुख्यत: पुरुषों द्वारा चित्रित किए जाने वाले पिठौरा देव अनुष्ठानों में सम्बद्ध होते हैं।झाबुआ एवं धार जिलों में रहने वाले भील एवं भिलाला आदिवासियों द्वारा दीवारों पर अंकित किए जाने वाले टाटलू चितार, भित्ति चित्र मुख्यत: स्त्रियों द्वारा बनाए जाने वाले इन चित्रों का व्यावसायिक तौर पर दोहन होना अभी आरंभ नहीं हुआ हैं। पीठौरा यह एक मनौती पर्व है किसी घर पर किसी भी प्रकार की विपत्ति आने पर मनाया जाता है पीठोरा त्यौहार मे भील लोग भगवान से प्रार्थना करते हैं कि हमारे घर में किसी भी प्रकार का संकट न आए तथा घर धन धान्य से परिपूर्ण और समृद्ध रहे। इस त्यौहार में सभी प्रकार के जानवरो के चित्र बनाएं जाते हैं जब चित्र को बनाते हैं उस समय पुजारा घूमता है और रातभर यह क्रम चलता रहता है और चित्र दीवार पर बनाएं जाते हैं साथ ही सुबह सुबह जो जवाई (दामाद) बकरा लाते हैं उसकी बलि दी जाती है।

3. गोदना :- गोंड, भारिया ,कोरकू व बैगा जनजाति में अंग चित्र पर उकेरने की विशेष कला है इस कला में नुकीले उपकरण द्वारा चुभा-चुभा-कर शरीर पर गोदा जाता है इसमें प्राकृतिक रंगों का प्रयोग मालवण (वृक्ष) की छाल का रस अर्जुन, बेहड़ा आदि वृक्षों की छाल के रंगों को घोलकर तैयार किया जाता हैं।

4. श्योरपुर एवं मुरैना जिलों में रहने वाले सहरिया आदिवासी अपने घर सजाने हेतु सुंदर भित्ति अलंकरण बनाते हैं जिन पर वे विभिन्न रंग भी बनाते हैं।

5. मध्यप्रदेश गोंड, बैगा, सहरिया एवं भील आदिवासियों में शरीर पर गुदना चित्र बनाने की प्रथा है स्त्री एवं पुरुष दोनों ही गुदना चित्र बनवाते हैं।

6. मंडला एवं जबलपुर में गौंड आदिवासियों द्वारा बनाए जाने वाले अनुष्ठानिक मृणाशिल्प जिनमें घोड़े एवं बैल की आकृतियां तथा धार, झाबुआ में कुम्हारों द्वारा भील, भिलाला आदिवासियों के लिए अनुष्ठानिक मृणाशिल्प जिनमें भैंस, बकरी, गाय, ऊंट, बिल्ली, ठाठो आकृतियां तथा दैनिक उपयोग के लिए बनाए जाने वाले बर्तन आदि सम्मिलित है।

7. नवाई पर्व :- नवाई पर्व आदिवासी समाज अपने सामाजिक जीवन में बृहद सामाजिक परंपराओं ,मान्यताओं, रीति रिवाज और त्योहारों को समेटे हुए हैं इस दृष्टि में आदिवासी समाज एक समृद्ध समाज हैं इस इस समृद्ध समाज में एक त्यौहार नवाई पर्व मनाया जाता है जैसा कि नाम से स्पष्ट है वर्षा ऋतु में नई फसल आने के खुशी में विशिष्ट पूजा अर्चना द्वारा संपन्न की जाती हैं तत्पश्चात ही नई फसलों का उपयोग किया जाता है।

**निष्कर्ष:-** अब यह स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि आदिवासी परंपरा धार्मिक या सामाजिक अभिव्यक्तियों के पार अपने सौंदर्यबोध एवं शैलीगत विशेषताओं के कारण समाज में बहुत बड़े भाग में अपनी पैठ बना चुकी है और समाज में कुछ विशिष्ट व्यक्तियों के अतिरिक्त अन्य कुछ लोगों ने भी जिसने बहुत बड़ा युवा वर्ग भी सम्मिलित है इन्होंने परंपरा को विस्तृत रूप से जानना शुरू किया और अपने शैली के भीतर रहकर प्रयोग करना भी प्रारंभ कर दिया हैं स्वयं सिद्ध है कि कलाकार भी अपने परिवेश के बदलते घटनाक्रम और बाजारवाद के चलते अपने आप को अछूता नहीं रख सका और यही वजह है कि कलाकार कभी ना कभी इसे भी अभिव्यक्त करने से नहीं चुकता।

**सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. हीरालाल, मध्यप्रदेश का इतिहास।
2. नीमच डिस्ट्रिक्ट गजेटियर।
3. डॉ. गुलनाज तवर : बारेला जनजातीय (जीवन और संस्कृति)।
4. आनंद कुमार पांडे : मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी।
5. डॉ. शिव कुमार तिवारी, श्रीकमल शर्मा, म.प्र. की जनजातियां समाज एवं व्यवस्था।
6. महेश कुमार वर्णवाल : मध्यप्रदेश एक अध्ययन।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# अनुसूचित जातियों की राजनीतिक प्रक्रियाओं एवं निर्णय निर्माण में भागीदारी: मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ में

**डॉ. रमन प्रकाश* लाल कुमार साकेत****

* एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल) भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.) भारत
** शोधार्थी (भूगोल) भारतीय महाविद्यालय, फर्रुखाबाद, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** किसी भी क्षेत्र में विकास के दो आयाम होते हैं। वस्तुनिष्ठ तथा व्यक्तिनिष्ठ। वस्तुनिष्ठ आयाम जीवन की गुणवत्ता को इंगित करता है तथा व्यक्तिनिष्ठ आयाम जीवन के मूल्यों, सोचने के तरीके, आत्मविश्वास स्तर और दक्षता शामिल होते हैं। इन दो आयामों के आधार पर विभिन्न समुदायों के लोगों के विभिन्न पहलुओं में देखे जा सकते हैं। प्रस्तुत अध्ययन मध्यप्रदेश राज्य के अनुसूचित जाति की राजनीति के विभिन्न स्तरों पर उनकी भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करता है। विशेषकर स्थानीय चुनावो के संदर्भ में। अनुसूचित जाति समूह लंबे समय तक सामाजिक व राजनीतिक अधिकारों से वंचित रहे हैं। अपने अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। इस अध्ययन में पाया गया है कि ये वर्ग राजनीतिक भागीदारी में प्रगति बनाई है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां वे जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा है। इस अध्ययन में चुनौतियां भी उजागर हुई है, जिनका उन्हें सामना करना पड़ रहा है, जैसे भागीदारी की कमी, भेदभाव और संसाधनों तक सीमित पहुंच। लेकिन इन चुनौतियों को समाप्त करने के लिए राजनीति भागीदारी, साथ –साथ समाजिक न्याय, समानता के लिए नीतियों और योजनाओं को सही तरीके से लागू करने की आवश्यकता है। जिससे इस समुदाय की राजनीतिक प्रक्रियाओं एवं निर्णय–निर्माण में भागीदारी बढ़ सके।

**शब्द कुंजी –**राजनीतिक भागीदारी, अनुसूचित जाति, निर्णय–निर्माण, चुनाव वस्तुनिष्ठ, व्यक्तिनिष्ठ सामाजिक न्याय।

**प्रस्तावना –** भारतीय समाज एक विषम समाज है, जिसमें लोग विभिन्न जातियों और समुदायों में निवास करते हुए जीवन यापन करते हैं प्राचीन काल में भारतीय समाज वर्ण व्यवस्था पर आधारित था, जहां वर्ण व्यवस्था में ब्राह्मण सबसे ऊपर थे, वहीं अगले क्रम में क्षत्रिय, वैश्य तथा शुद्र थे। हालांकि शुरुआती काल में यह व्यवस्था कर्म पर आधारित थी, धीरे–धीरे यह जाति व्यवस्था में तब्दील हो गई। इस व्यवस्था में उनके कर्म के अनुसार उन्हें अलग–अलग अधिकार व कर्तव्य दिए गए थे। उस काल में वर्ण व्यवस्था में सबसे निचले पायदान पर रहे शूद्रों को सबसे कम अधिकार प्राप्त थे। कई अधिकारों, जैसे–राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक आदि के निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त नहीं था। उनके उपयुक्त अधिकारों पर प्रतिबंध लगा दिए गए थे। इस समुदाय का सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक पतन होता गया। ये समाज अन्य समाजों की तुलना में अधिक पिछड़ गया।

'अनुसूचित जाति' शब्द एक राजनीतिक–संवैधानिक शब्द है। इस शब्द का प्रयोग सबसे पहले साइमन कमीशन ने 1927 में किया था। इसके बाद, यह शब्द भारत सरकार अधिनियम 1935 में प्रयोग में आया। स्वतंत्रता उपरांत, अनुसूचित जाति शब्द को संविधान में इस उद्देश्य से शामिल किया गया कि उन्हें कुछ संवैधानिक अधिकार और सुरक्षा प्रदान की जा सके। अनुसूचित जातियों को भारतीय जाति व्यवस्था में केवल एक जाति नहीं है, बल्कि यह शब्द समाज के पीड़ित और उपेक्षित वर्ग को इंगित करता है। इस वर्ग के लोगों को लंबे समय से उच्च जाति के हिंदुओं द्वारा सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और यहां तक की राजनीतिक रूप से भी शोषण किया गया है। इनकी दयनीय स्थिति और सामाजिक स्थिति को सुधारने के लिए भारत सरकार ने स्वयं 1931 की जनगणना में इनकी पहचान और सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू की। हालांकि, भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति शब्द को कहीं भी विधिवत परिभाषित नहीं किया गया है। इस शब्द का आंशिक उल्लेख भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 किया गया है कि भारत का राष्ट्रपति किसी भी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में, साथ ही, जहां वह राज्य है, वहां के राज्यपाल के परामर्श के बाद, सार्वजनिक अधिसूचना द्वारा ऐसी जातियां या जनजातीय या उनके हिस्से या समूहों को निर्दिष्ट कर सकते हैं। आगे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366 (24) में उल्लेख किया गया है कि संसद कानून द्वारा किसी अधिसूचना में निर्दिष्ट अनुसूचित जातियों की सूची से किसी जाति,नस्ल या जनजाति को सम्मिलित या विवर्जित कर सकती है। इस प्रकार अनुसूचित जातियों को उन लोगों के समूह के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो भारत सरकार (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950 में शामिल है।

इस शोध पत्र में सामान्य तौर पर यह जांचने का प्रयास किया गया है कि अनुसूचित जातियां वास्तव में स्थानीय समुदाय की राजनीतिक प्रक्रिया और निर्णय निर्माण में कितना भागीदारी दर्शा रही हैं ? क्या यह राजनीतिक भागीदारी उनमें आत्मविश्वास पैदा कर रही है और उनकी दक्षता को बढ़ा रही है? इन सभी मुद्दों का अनुसूचित जाति के विशेष संदर्भ में मध्यप्रदेश में स्थानीय स्तर पर अन्वेषण किया गया है।

**शोध के उद्देश्य:**

1. अनुसूचित जातियों की राजनीतिक क्षेत्र में वर्तमान भागीदारी की स्थिति का पता लगाना।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

2. अनुसूचित जातियों में राजनीतिक भागीदारी और जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु सुझाव देना।

**आंकड़ों का स्रोत व कार्य प्रणाली –** प्रस्तुत शोध में द्वितीयक आंकड़ों का प्रयोग किया गया है, जिसे सरकार के प्रकाशनों, आदेशों आदि को इंटरनेट के माध्यम से अन्वेषण करके प्राप्त किया गया है। मध्यप्रदेश में हुए 2022 में स्थानीय जिला पंचायत चुनाव में आरक्षित सीटों के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। आंकड़ों को माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में वर्गीकृत व सारणीबद्ध किया गया है। मैपिंग के लिए आर्क जीआइएस तथा क्यू जीआइएस सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया गया है।

**अध्ययन क्षेत्र –** मध्यप्रदेश देश में एक विशिष्ट भौगोलिक स्थिति रखता है। अपनी विशिष्ट भौगोलिक स्थिति के कारण यह प्रदेश हृदय प्रदेश कहा जाता है। इस प्रदेश के 55 जिले हैं। इसका अक्षांशीय विस्तार 21°6' से 26°30' उत्तरी अक्षांश तथा देशांतरीय विस्तार 74°9' से 82°48' पूर्वी देशांतर के मध्य है। मध्य से 23°30' कर्क रेखा गुजरती है, जो मध्यप्रदेश को दो बराबर भागों में विभाजित करती है। भारतीय मानक समय रेखा 82°30' डिग्री भी मध्यप्रदेश की सिंगरौली जिले से गुजरती है।

**मध्यप्रदेश का स्थानिक मानचित्र**




**चित्र संख्या :1**

**मध्य प्रदेश जनसंख्या श्रेणीवार (प्रतिशत में)**

| श्रेणी/वर्ग | जनसंख्या (प्रतिशत में) |
|---|---|
| ओबीसी | 42 |
| एससी | 15.6 |
| एसटी | 21.9 |
| सामान्य | 20 |

इस प्रदेश की उत्तर से दक्षिण लंबाई 605 किलोमीटर तथा पश्चिम से पूर्व लंबाई 870 किलोमीटर है। प्रदेश का कुल क्षेत्रफल 3,08,252 है। यह एक भू-आवेशित राज्य है, जो क्रमश: पांच राज्यों, उत्तर में उत्तर प्रदेश, उत्तार पश्चिम में राजस्थान, पश्चिम में गुजरात, दक्षिण में महाराष्ट्र तथा पूर्व में छत्तीसगढ़ से घिरा हुआ है, जिसकी कुल आबादी 7,26,26,809 है। प्रदेश प्रशासनिक रूप से 55 जिलों और 428 तहसीलों में विभाजित किया गया है। कुल आबाद ग्रामों की संख्या 54,903 तथा 22,8,12 ग्राम पंचायतें तथा 51 जिला पंचायत हैं। यह एक पठारी राज्य है, जिसकी जलवायु मानसूनी प्रकार की है।

**राजनीति में अनुसूचित जातियों की भागीदारी –** 1930 के दशक के शुरुआती काल तक अनुसूचित जातियों का सरकार पर या यूं कहें कि इन जातियों का राजनीति में कोई प्रभाव नहीं था। डॉ.बी.आर. अंबेडकर के नेतृत्व में अनुसूचित जातियों की राजनीतिक शक्ति और सामाजिक न्याय के लिए संगठित आंदोलन के बाद, ब्रिटिश सरकार ने इन जातियों की समस्याओं पर कुछ विचार किया। डॉ.बी.आर. अंबेडकर ने स्थानीय स्वशासन में अनुसूचित जातियों के लिए पृथक निर्वाचन मंडल की मांग की। ब्रिटिश सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के लिए सांप्रदायिक अवार्ड और पृथक निर्वाचन मंडल की पेशकश का कांग्रेस और महात्मा गांधी ने पुरजोर विरोध किया। इसके विरोध में गांधी जी आमरण अनशन पर बैठ गए। कांग्रेस और गांधी जी का मानना था कि यदि उन्हें पृथक निर्वाचन मंडल दिया गया तो अनुसूचित जातियां उनके नियंत्रण से बाहर हो जाएंगी। बाद में, पृथक निर्वाचन मंडल को वापस ले लिया गया। इसके विकल्प के रूप में संसद और राज्य विधानसभाओं दोनों में अनुसूचित जातियों के लिए सीटों का आरक्षण किया गया। इन राज्यों ने अनुसूचित जातियों को इस प्रावधान के तहत चुने जाने में सक्षम बनाया और इस प्रकार उनके समुदाय की समस्याओं को विधानसभा मंडल में आवाज दी। स्वतंत्रता उपरांत, भारत ने प्रजातांत्रिक सरकार के रूप को अपनाया। भारतीय संविधान ने भारतीय जनता में संप्रभुता निहित की।

**सांसद तथा राज्य विधानसभा में प्रतिनिधित्व –** भारतीय संविधान में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को उनके जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण सीटों की व्यवस्था की गई है। स्वतंत्रता के पश्चात, केंद्र तथा राज्य सरकारों ने अलग-अलग कानूनों के माध्यम से पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु प्रतिबद्धता प्रकट की। अब विभिन्न राजनीतिक गतिविधियों में इन वर्गों की भागीदारी दृष्टिगोचर होती है। वर्तमान में, भारतीय राजनीति में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग की राजनीति के बिना कोई दल विजय हासिल नहीं कर सकता। दलित वर्ग भारतीय राजनीति में अपने आप को प्रतिस्थापित करने का भरपूर प्रयास कर रहा है और वह इसमें बहुत हद तक सफलता भी प्राप्त की है।




**चित्र संख्या :2**

उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों में अनुसूचित जातियां राजनीति में एक अलग मुकाम हासिल कर रही हैं। उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में उनकी भागीदारी अच्छी कहीं जा सकती है। वर्तमान में दलित राजनीति अपने अलग तेवर में दिख रही है। जिन राज्यों या जिन क्षेत्रों में

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

इनकी आबादी 20% से अधिक है, वहां कम से कम कुछ महत्वपूर्ण स्थिति प्राप्त करने में सक्षम रहे हैं। वे विभिन्न स्तर पर, चाहे वह पंचायत स्तर हो या जिला स्तर या फिर विधानसभा, अपनी स्थिति दर्ज करा रहे हैं। राजनीति में भागीदार बनकर मुद्दों को प्रस्तावित किए, निर्णय-निर्माण में भाग लिया, अपनी समस्याओं को प्रखरता से उठाया और कुछ हद तक मुद्दों को अपने पक्ष में करने में सक्षम रहे। उन्होंने भूमि, ऋण, स्वरोजगार और सब्सिडी जैसी सुविधाओं का उपयोग किया है। यह पूरी जटिल संरचना उनकी बदलती भागीदारी, दक्षता और आत्मविश्वास में योगदान कर रही है, क्योंकि उन्होंने अन्य उच्च जातियों द्वारा उनके खिलाफ किए गए अन्याय का भी मुकाबला किया है।




**चित्र संख्या :3**

संसद में मध्यप्रदेश के लिए कुल 40 सीटों का प्रावधान किया गया है, जिसमें लोकसभा की 29 तथा राज्यसभा की 11 सीटें प्रस्तावित की गई हैं। प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटों में से 4 सीटें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति के लिए निम्न लोकसभा सीटें आरक्षित हैं- उज्जैन, देवास, भिंड, टीकमगढ़। मध्यप्रदेश विधानसभा में कुल 230 सीटों में से 82 सीटों पर अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार हेतु आरक्षित हैं, जिसमें अनुसूचित जातियों के लिए 35 सीटों का आरक्षण है। इसका विवरण इस प्रकार हैं-

**तालिका संख्या :1**

**(अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

**जिला पंचायत स्तर पर अनुसूचित जातियों का प्रतिनिधित्व -** किसी भी समाज का स्थानीय स्वशासन में भागीदारी उसके राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक विकास को प्रतिबिंबित करती है। प्रदेश के पंचायत चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अति महत्वपूर्ण होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष जिले की नीति निर्माण में भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अत: जहां जिस वर्ग के उम्मीदवार अध्यक्ष पद पर हैं, वहां उस वर्ग की प्रभुत्व का अनुमान लगाया जा सकता है। मध्यप्रदेश में कुल 52 जिला पंचायत हैं, जिनमें कुल 52 जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रावधान है। जिला पंचायत अध्यक्षों में 22 सीटों पर अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए सीटें आरक्षित की गई हैं। इसमें से 8 सीटों पर अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं, जबकि 26 सीटें सामान्य वर्ग के लिए रखी गई है।




**चित्र संख्या :4**

**तालिका संख्या :2** **(अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

**निष्कर्ष -** प्रस्तुत अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सीटें आरक्षित करने से अनुसूचित जातियों का राजनीतिक और निर्णय निर्माण में भागीदारी मात्रात्मक तथा गुणात्मक रूप से बढ़ी है। उनकी दक्षता और आत्मविश्वास में भी बढ़ोतरी देखी गई है। इस जागरूकता और आत्मविश्वास में संख्यात्मक शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती प्रतीत होती है। शिक्षा व अन्य व्यावसायिक क्षेत्र में भी उनकी प्रतिशतता बढ़ी हुई देखी जा सकती है। यह बढ़ी हुई प्रतिशतता सामाजिक समानता की प्राप्ति की दिशा में अग्रसरता को दिखाती है। भले ही, अनुसूचित जातियां व अन्य दुर्बल वर्गों का आरक्षण के प्रभाव से राजनीति में भागीदारी बढ़ी हो, लेकिन अभी यह लगभग आरक्षण तक ही सीमित है। यदि वास्तविकता में हम चाहते हैं कि उनकी भागीदारी वास्तव में बढ़े, तो हमें अभी बहुत अधिक दूरी तय करनी है। उनके सामाजिक, आर्थिक, राजनीति तथा शैक्षिक उत्थान के लिए बहुआयामी प्रयास करने होंगे, ताकि उनका बहुमुखी कल्याण हो सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सिंह, जे..दलित्स इन हरियाणा पॉलिटिक्स, इकोनामी एंड पॉलीटिकल वीकली, 1997
2. सिंह,डी.आर. लीडरशिप अमोंग शेड्यूल कास्ट चुघ पब्लिकेशन, प्रयागराज,1985
3. पर्वथम्मा, सी. तथा नरेन. न्यू हरिजन्स फॉर शेड्यूल्ड कास्ट, आशीष पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली, 1984
4. आहूजा, राम. इंडियन सोशल सिस्टम, रावत पब्लिकेशन, 1999
5. जनगणना, भारत सरकार, 2011
6. कुमार, प्रमिला. मध्यप्रदेश: एक भौगोलिक अध्ययन, मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2015
7. चौहान, बी.आर. पेपर प्रेजेंटेड इन नेशनल सेमिनार बाई डॉक्टर अंबेडकर एजुकेशन सोसाइटी, उदयपुर, अक्टूबर, 30, 31, 1993
8. खान, मुमताज अली. शेड्यूल कास्ट्स एंड देयर स्टेट्स इन इंडिया, उत्पल पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली, 1980
9. राय, रामाश्रय. दलित डेवलपमेंट एंड डेमोक्रेसी, रावत पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
10. जायसवाल, सुविरा,वर्ण जाति व्यवस्था, ग्रंथ शिल्पी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड।
11. कुमार, रविंद्र. इंपैक्ट ऑफ़ रूरल डेवलपमेंट एंड शेड्यूल्ड कास्ट, अनमोल पब्लिकेशन, न्यू दिल्ली, 2002

**तालिका संख्या –1: मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति से संबंधित वोट जनसंखिकीय विवरण**

| विधानसभा (एससी के लिए आरक्षित) | एससी (वोट%) | विधानसभा (एससी के लिए आरक्षित) | एससी (वोट%) | विधानसभा (एससी के लिए आरक्षित) | एससी (वोट%) |
|---|---|---|---|---|---|
| देवसर | 15.56 | घाटिया | 30.12 | अशोक नगर | 23.25 |
| परासिया | 15.5 | जतारा | 27.8 | करेरा | 21.99 |
| अमला | 17.6 | सरर्वे | 24.11 | खंडवा | 14.97 |
| महेश्वर | 19.02 | नरयावली | 25.52 | अबांह | 24.89 |
| गोटेगांव | 22.47 | हट्टा | 21.59 | बेरसिया | 22.13 |
| बीना | 23.25 | सांची | 19.16 | आलोट | 22.93 |
| गुनौर | 24.47 | भांडेर | 27.75 | आगर | 23.52 |
| पिपरिया | 15.74 | चंदला | 27.95 | मल्हारगंज | 20.73 |
| तराना | 30.33 | गोहद | 26.78 | गुना | 18.09 |
| रायगांव | 22.95 | सोनकच्छ | 25.12 | जबलपुर (पं) | 18.92 |
| आस्था | 29.61 | मनगवा | 18.24 | सारंगपुर | 19.78 |

**तालिका संख्या –2 :मध्यप्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्षों की आरक्षण सूची श्रेणीवार**

| जिले के नाम | आरक्षण की स्थिति | जिले के नाम | आरक्षण की स्थिति | जिले के नाम | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| अलीराजपूर | एसटी | कटनी | एससी | डिंडोरी | एसटी |
| अगरमलवा | अनारक्षित | खरगोन | अनारक्षित | दतिया | अनारक्षित |
| अनुपपूर | अनारक्षित | मंदसौर | ओबीसी | धार | अनारक्षित |
| अशोक नगर | अनारक्षित | मंडला | एसटी | देवास | एससी |
| बुरहानपुर | एसटी | नीमच | अनारक्षित | दमोह | ओबीसी |
| भिंड | अनारक्षित | सागर | अनारक्षित | ग्वालियर | एससी |
| बड़वानी | एसटी | सिवनी | एससी | नरसिंहपुर | एसटी |
| बालाघाट | अनारक्षित | सतना | एसटी | निवाड़ी | अनारक्षित |
| बैतुल | अनारक्षित | शहडोल | अनारक्षित | पन्ना | अनारक्षित |
| भोपाल | ओबीसी | श्योपुर | अनारक्षित | रीवा | एसटी |
| छतरपुर | अनारक्षित | सिंगरौली | एसटी | रतलाम | एससी |
| गुना | ओबीसी | सीधी | अनारक्षित | रायसेन | अनारक्षित |
| हरदा | एसटी | शाजापुर | ओबीसी | राजगढ़ | अनारक्षित |
| नर्मदापुरम | एसटी | सीहोर | अनारक्षित | उज्जैन | अनारक्षित |
| इंदौर | एसटी | शिवपुरी | अनारक्षित | उमरिया | एसटी |
| जबलपुर | एसटी | टीकमगढ | अनारक्षित | विदिशा | अनारक्षित |
| खण्डवा | एसटी | छिंदवाडा | एससी | झाबुआ | अनारक्षित |
| मुरैना | एसटी | | | | |

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054, July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भारत में अंतरंगी व्यापार कैसे खत्म करें?

**रिचा अग्रवाल***

* शोधार्थी, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** अंतरंगी व्यापार आज के समय में नहीं बल्कि कई सालों से काफी प्रचलित है। यह कुप्रथा साल दर साल बढ़ती जा रही है। भारत में अंतरंगी व्यापार को सेबी यानी 'सिक्योरिटीज एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया एक्ट, 1992' द्वारा नियंत्रित किया जाता है। सेबी के अनुसार इसने वर्ष 2022 में अंतरंगी व्यापार (Insider Trading) के आरोप में 70 कंपनियों की छानबीन की। यह आँकड़े पिछले साल की तुलना में काफी ज्यादा हैं। क्या आप इस पर यकीन कर सकते हैं? सेबी ने यह भी खुलासा किया है कि पिछले तीन सालों की रिपोर्ट में 'इनसाइडर ट्रेडिंग' शब्द का इस्तेमाल लगातार किया गया है। यह काफी चौंकाने वाला है।

अंतरंगी व्यापार कई अर्थों और परिभाषाओं के अधीन रही है। यह आम तौर पर गैर-प्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी का उपयोग अवैध लाभ कमाने या निश्चित नुकसान से बचने के लिए किया जाता है। अंतरंगी व्यापार किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा प्रतिभूति की खरीद या बिक्री है, जिसके पास प्रतिभूति के बारे में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी तक पहुँच है। अंतरंगी व्यापार, कानूनी या अवैध हो सकती है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि इनसाइडर कब और कैसे व्यापार करता है।

अंतरंगी व्यापार 'पूंजी बाजार' में विश्वास के आधार पर सबसे जघन्य अपराधों में से एक है। उल्लंघन और दंड का दायरा और गंभीरता अलग-अलग देशों में बहुत अलग-अलग है। किसी कंपनी के स्टॉक में विश्वास या भरोसे के कर्तव्य का उल्लंघन करके लाभ कमाने या निश्चित नुकसान से बचने के लिए किसी इनसाइडर द्वारा प्रतिभूतियों का व्यापार करना प्रतिबंधित है, गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर दूसरों को छोड़कर। यदि पूंजी बाजारों में अंतरंगी व्यापार को बिना जांचे-परखे अनुमति दी जाती है, तो इनसाइडर जानकारी वाले व्यक्ति को ऐसी गैर-सार्वजनिक जानकारी के साथ निष्पादित ट्रेडों में लगातार बढ़त मिलेगी और जिनके पास जानकारी नहीं है, वे बाजार में लगातार हारने वाले होंगे।

**शब्द कुंजी –** अंतरंगी व्यापार, शेयर,कंपनी, सेबी।

**प्रस्तावना –** इनसाइडर Insider कौन है?

सेबी 'इनसाइडर' को ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है, जिसके पास किसी विशेष कंपनी के शेयरों या प्रतिभूतियों के बारे में मूल्य-संवेदनशील जानकारी तक पहुँच होती है। इनसाइडर वह कोई भी व्यक्ति हो सकता है जो इनसाइडर ट्रेड से पहले छह महीनों के दौरान किसी न किसी तरह से कंपनी से जुड़ा रहा हो।

वह व्यक्ति कंपनी का कर्मचारी, निदेशक, रिश्तेदार, बैंकर या कानूनी सलाहकार या स्टॉक एक्सचेंज का अधिकारी, ट्रस्टी, कर्मचारी या कंपनी के साथ काम करने वाली एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी/AMC) का अधिकारी भी हो सकता है। इनसाइडर, जिनके पास किसी विशेष संवेदनशील या स्टॉक के जारीकर्ता के बारे में गोपनीय और अनन्य जानकारी तक पहुँच होती है, वे मूल्य में उतार-चढ़ाव से पहले अघोषित प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने से लाभ उठाते हैं।

अंतरंगी व्यापार मूल रूप से किसी सूचीबद्ध कंपनी के शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों (जैसे बांड या स्टॉक विकल्प) की खरीद, बिक्री या व्यापार को संदर्भित करता है, जिसमें अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) का उपयोग किया जाता है, जो स्टॉक मूल्य को प्रभावित कर सकता है, जिसका अभी तक खुलासा नहीं किया गया है।

UPSI क्या है? (unpublished price & sensitive information) UPSI किसी फर्म के स्टॉक की कीमतों, तिमाही नतीजों, अधिग्रहण सौदों, विलय या किसी भी तरह की संवेदनशील गतिविधियों से संबंधित अनन्य जानकारी के एक हिस्से को संदर्भित करता है जिसे बड़े पैमाने पर जनता के साथ साझा नहीं किया गया है। जब अंदरूनी लोग UPSI तक पहुँचने में सक्षम होते हैं, तो वे व्यक्तिगत लाभ के लिए अवैध रूप से व्यापार सौदे करते हैं। उदाहरण के लिए, एक कंपनी का निदेशक अपने दोस्त को अभी तक घोषित नहीं किए गए सौदे के बारे में सूचित करता है और बाद में वह उस जानकारी को अपने सहयोगियों को प्रसारित करता है जो फिर उस कंपनी के शेयर खरीदते हैं। फिर, प्रबंधक, उसके दोस्त और उसके सहयोगियों पर इढ्ढख (अंतरंगी व्यापार का निषेध) विनियमों के उल्लंघन के लिए सेबी द्वारा मामला दर्ज किया जा सकता है।

हाल के वर्षों में भारत में विलय या अधिग्रहण की अवधि के दौरान सार्वजनिक कंपनियों के शेयरों में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया है और अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के आधार पर अवैध व्यापार किया गया है, जिसने भारतीय प्रतिभूति बाजार के लिए बहुत चिंता का विषय बना दिया है। यदि शेयरधारकों के लाभ के लिए कंपनियों को चलाने वाले न्यासी कंपनी और उसके शेयरधारकों की कीमत पर अनुचित लाभ प्राप्त करते हैं, तो यह एक हिंसक अपराध बन जाता है।

जैसा कि इस शब्द से पता चलता है, अंतरंगी व्यापार की शाब्दिक

परिभाषा किसी कंपनी के बॉन्ड, स्टॉक और प्रतिभूतियों का अन्य स्थानों और देशों में अवैध व्यापार है और ऐसी जानकारी जो गुप्त है और आम जनता से छिपाई गई है। इसे SEBI निषेध अंतरंगी व्यापार विनियमन अधिनियम, 1992 की धारा 2 (ब) में परिभाषित किया गया है। कंपनी कानून अधिनियम में कोई भी धारा अवैध व्यापार को परिभाषित नहीं करती है। अंतरंगी व्यापार के माधयम से, जिन निवेशकों के पास गुप्त जानकारी तक पहुंच है, वे लाखों पैसे कमा सकते हैं और यह अंतत: कंपनी की प्रतिष्ठा और अन्य नियमित निवेशकों को प्रभावित कर सकता है जिनके पास गुप्त जानकारी तक पहुँच नहीं है। अंतरंगी व्यापार का मतलब है अवैध व्यापार जो किसी कंपनी के कॉर्पोरेट आवरण की आड़ में हो रहा है। कोई व्यक्ति जो अवैध रूप से किसी बंद या गुप्त जानकारी का व्यापार करता है, वह अंतरंगी व्यापार का दोषी है। इसका एक व्यापक परिप्रेक्ष्य है और इसकी परिभाषा हर देश में अलग-अलग होती है।

वैश्विक बाजार में प्रतिभूतियों के व्यापार की अवधारणा के आने के साथ ही अंतरंगी व्यापार की समस्या उभरी। भारत में, डएइख पूंजी बाजार के कामकाज को नियंत्रित करता है। इसकी स्थापना 1992 में सेबी अधिनियम, 1992 के तहत की गई थी। निवेशकों की सुरक्षा के लिए कानून बनाना और एक प्राधिकरण स्थापित करना आवश्यक था जो प्रतिभूति बाजार को प्रभावी ढंग से विनियमित कर सके।

1952 में, भाभा समिति ने निदेशकों के लिए कंपनी द्वारा प्रबंधित एक अलग रजिस्टर में शेयरों की बिक्री खरीद की जानकारी का खुलासा करना अनिवार्य बनाने की सिफारिश की थी। परिणामस्वरूप, कंपनी अधिनियम, 1956 में धारा 307 (कंपनियों द्वारा कंपनी में निदेशकों की शेयरधारिता को रिकॉर्ड करने के लिए एक रजिस्टर के रखरखाव का प्रावधान) और धारा 308 (निदेशकों और निदेशक माने जाने वाले व्यक्तियों का कंपनी में अपनी शेयरधारिता का खुलासा करने का कर्तव्य निर्धारित) पेश किए गए। कंपनी संशोधन अधिनियम, 1960 द्वारा, कंपनी के प्रबंधाकों को धारा 308 के दायरे में जोड़ा गया।

1978 में सच्चर समिति ने व्यापारियों के लेन-देन के विवरण को स्वीकार करने के लिए कड़े कानून बनाने की सिफारिश की थी ताकि यह पहचाना जा सके कि मूल्य- संवेदनशील सूचना का उपयोग करके कोई अनुचित लाभ नहीं हुआ है। 1986 में जी.एस. पटेल की अधयक्षता वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट में 'अंतरंगी व्यापार' शब्द का वर्णन किया और प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम (SCRA), 1956 में संशोधन करने की सिफारिश की ताकि एक्सचेंजों को सूचना के अंतरंगी व्यापार को प्रतिबंधित करने के लिए सख्त नीतियों को लागू करने की अनुमति मिल सके। 1989 में आबिद हुसैन समिति ने अंतरंगी व्यापार के कृत्य को दीवानी और आपराधिक अपराधों के अंतर्गत शामिल करने की सिफारिश की और अंतरंगी व्यापार के अनुचित व्यवहार को रोकने के लिए सेबी द्वारा सख्त विनियमन का भी सुझाव दिया गया। प्रतिभूति बाजार में अनुचित व्यापार प्रथाओं को विनियमित करने के लिए सेबी (अंतरंगी व्यापार) विनियम, 1992 अधिानियमित किया गया था।

वर्ष 2002 में विनियमों में संशोधन किया गया। अंतरंगी व्यापार का मतलब है निगमों के पीछे अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी का व्यापार करना ताकि गलत तरीके से लाभ कमाया जा सके या नुकसान से बचा जा सके। भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (अंतरंगी व्यापार का निषेध) विनियम, 1992 इसे कंपनी के अधिकारियों द्वारा शेयरधारकों के प्रति प्रत्ययी कर्तव्य के उल्लंघन के रूप में परिभाषित करता है।

अंतरंगी व्यापार के प्रतिबंध पर विनियम बाजार में प्रतिभूतियों के उचित हस्तांतरण और व्यापार को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाए गए थे। हालाँकि, यह कहना अभी भी मुश्किल है कि देशों ने अंतरंगी व्यापार की समस्या पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया है।

अंतरंगी व्यापार तब होती है जब किसी व्यक्ति के पास किसी कंपनी के बारे में मूल्य-संवेदनशील जानकारी होती है और इसलिए वह बिक्री अनुबंध में बेहतर शर्तें प्राप्त करता है और उस कंपनी में प्रतिभूतियाँ खरीदता या बेचता है, जो तब नहीं होती जब प्रतिपक्ष को संबंधित जानकारी के बारे में पता होता। इस तरह, इनसाइडर या तो नुकसान से बच सकता है या लाभ कमा सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि जानकारी सार्वजनिक होने के बाद शेयर की कीमत बढ़ेगी या घटेगी। इसी तरह, अंतरंगी व्यापार कंपनियों द्वारा जारी की गई प्रतिभूतियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी बॉन्ड के बाजार में भी समान रूप से हो सकती है। अंतरंगी व्यापार शब्द को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 195 द्वारा परिभाषित किया गया है।

कॉर्पोरेट इनसाइडर ने, केवल रोजगार स्वीकार करके, शेयरधारकों के प्रति एक कानूनी दायित्व ले लिया है कि वह निगम से संबंधित मामलों में शेयरधारकों के हितों को अपने से पहले रखेगा। जब इनसाइडर कंपनी के स्वामित्व वाली जानकारी के आधार पर प्रतिभूतियाँ खरीदता या बेचता है, तो वह शेयरधारकों के प्रति अपने दायित्व का उल्लंघन कर रहा होता है।

**साहित्य की समीक्षा:**

1. Nejat Seyhun ने अपनी पुस्तक `Investment Intelligence from Insider Trading' में अंतरंगी व्यापार की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की है। यह पुस्तक अंतरंगी व्यापार की एक प्रभावशाली शोधपूर्ण जांच है और बताती है कि एक व्यक्तिगत निवेशक इसका सबसे अच्छा उपयोग कैसे कर सकता है। पुस्तक अंतरंगी व्यापार के खतरे और निर्दोष निवेशकों पर इसके प्रभाव के बारे में चर्चा करती है। लेखक ने अपनी पुस्तक में अंतरंगी व्यापार की उपयोगिता को प्रदर्शित करने के लिए कई दशकों के डेटा का उपयोग किया है।

2. Jonathan Moreland ने अपनी पुस्तक Profit from Legal Insider Trading इन्वेस्ट टुडे ऑन टुमॉरो न्यूज में इनसाइडर ट्रेड्स के विवरण को ट्रैक करने के दर्शन, ऐसे ट्रेडों के लिए रिपोर्टिंग आवश्यकताओं पर चर्चा की है और प्रदर्शित किया है कि विभिन्न रिपोटों और ट्रेडिंग डेटा का विश्लेषण कैसे करें और उनसे सुझाव कैसे प्राप्त करें। लेखक ने अपनी पुस्तक में परिभाषित किया है कि जब निदेशक और अधिकारी अपनी खुद की कंपनियों के शेयर खरीदते और बेचते हैं, तो उन्हें अंतरंगी व्यापार का ज्ञान माना जाता है।

3. Guy Cohen ने अपनी पुस्तक `The Insider Edge:&how to follow the insiders for windfall profits में जानकार ट्रेडर्स के बारे में बताया है। पुस्तक में जानकार ट्रेडर्स की भूमिका के बारे में बताया गया है। वे क्या कर रहे हैं और कोई भी इन तकनीकों का लाभ कैसे उठा सकता है। क्या बाजार में उतार-चढ़ाव हो रहा है या ट्रेंडिंग? हमेशा स्पष्ट अवसर का इंतजार करना फायदेमंद होता है। कोई भी अच्छा ट्रेडर जानता है कि उसे आगे बढ़ने के लिए बढ़त की जरूरत है, और यह पुस्तक दर्शाती है कि कैसे विशिष्ट चार्ट

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

पैटर्न का संयोजन सही निवेश करने में मदद करता है।

4. Pankaj Singh और Dharam Veer singh Chauhan ने 'भारत में अंतरंगी व्यापार' शीर्षक से अपने लेख में पूरी दुनिया में खासकर भारत में अंतरंगी व्यापार की अवधारणा के विकास को परिभाषित किया है। लेखकों ने अंतरंगी व्यापार पर कानूनों के विकास में विभिन्न चरणों की गणना की है। लेखकों ने कहा है कि यह केवल तीन दशक पहले की बात है जब कई विकसित देशों में अंतरंगी व्यापार को एक अन्याय के रूप में पहचाना गया था; वास्तव में, शेयरधारकों और सामान्य रूप से बाजारों के खिलाफ एक अपराध। लेखक आगे अंतरंगी व्यापार के प्रकारों को कई अर्थों और परिभाषाओं के अधीन बताता है और इसमें कानूनी और निशिद्ध दोनों तरह की गतिविधियाँ शामिल हैं। अंतरंगी व्यापार हर दिन कानूनी रूप से होती है, जब कॉर्पोरेट इनसाइडर–निदेशक, अधिकारी, या कर्मचारी– कंपनी की नीति और इस ट्रेडिंग को नियंत्रित करने वाले नियमों के दायरे में अपनी कंपनियों में स्टॉक खरीदते या बेचते हैं। यह वह ट्रेडिंग है जो तब होती है जब महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में गोपनीय जानकारी रखने वाले विशेषाधिकार प्राप्त लोग उस जानकारी का विशेष लाभ उठाकर शेयर पर लाभ कमाते हैं या नुकसान से बचते है।

5. Rishikesh Desai और Yosham Desai ने अपने लेख 'सेबी (अंतरंगी व्यापार निषेध) विनियम, का एक व्यापक अवलोकन' में अंदरूनी व्यापार की अवधारणा को परिभाषित किया है। कानून के मौलिक और सबसे सामान्य सिद्धांतों में से एक यह है कि जब कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के साथ अपने गोपनीय या प्रत्ययी संबंध के आधार पर किसी भी प्रकार का विशेष ज्ञान या मूल्य संवेदनशील जानकारी प्राप्त करता है, तो वह ऐसे ज्ञान या जानकारी का उपयोग अपने स्वयं के लाभ या अपने स्वयं के व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं कर सकता है और उसे इस तरह से प्राप्त किसी भी लाभ का हिसाब देना होगा। अंदरूनी व्यापार की अवधारणा इसी सिद्धांत पर आधारित है।

6. Ipsita Das ने अपने लेख 'अंतरंगी व्यापार: कॉर्पोरेट व्यवस्था में एक विश्लेषण' में परिभाषित किया है कि मानव स्वभाव अंदरूनी व्यापार के लिए जिम्मेदार है। उसके लालच ने उसे बेईमानी, ईमानदारी, नैतिकता आदि के सभी सिद्धांतों की पूरी तरह से अवहेलना करने पर मजबूर कर दिया है। सभी प्रजातियों में से मनुष्य ने अनादि काल से खुद को सबसे लालची प्राणी साबित किया है। सेबी का मुख्य कार्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के प्रकटीकरण को बढ़ावा देना, प्रतिभूति कानूनों को लागू करना तथा विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों के साथ बातचीत करने वाले निवेशकों की सुरक्षा करना है।

7. Sanjay Gupta ने अपने लेख 'अंतरंगी व्यापार, एक अवलोकन' में कंपनी के अंदरूनी लोगों की स्थिति को स्पष्ट किया है और बताया है कि यह देखना मुश्किल नहीं है कि जब कंपनी के अंदरूनी लोग द्वितीयक बाजार में व्यापार करते हैं, तो वे सूचना के प्रवाह को गति देते हैं और कीमतों में पूर्वानुमान लगाते हैं। कंपनी के अंदरूनी लोग अपनी कंपनी के शेयरों और बॉन्ड के भविष्य के जोखिम और रिटर्न के बारे में पूर्वानुमान लगाने की अनूठी स्थिति में होते हैं, इसलिए वे अक्सर बाजार की कीमत को बहुत कम या बहुत अधिक समझ सकते हैं।

8. Karan Gupta ने लेख 'कैपिटल मार्केट्स में अंतरंगी व्यापार: एक सिंहावलोकन' में कैपिटल मार्केट में अंतरंगी व्यापार के निषेध के महत्व पर प्रकाश डाला है। इसमें उन लोगों के बारे में बताया गया है जो इनसाइडर हैं और अपने गैरकानूनी लाभ के लिए ऐसी अप्रकाशित जानकारी का उपयोग करते हैं। इस तरह के व्यापार में गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग शामिल है और यह अनैतिक है तथा विश्वास और भरोसे की स्थिति के साथ विश्वासघात है। भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय पूंजी बाजारों में बड़े पैमाने पर धोखाधाड़ी की खोज के साथ, नियामकों और विधायिकाओं ने कॉर्पोरेट प्रशासन मानकों को बनाने की ओर तेजी से रुख किया है और इन कॉर्पोरेट प्रशासन दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए दंड लगाया है। जिन व्यक्तियों के पास ऐसी जानकारी तक पहुँच है, वे कंपनी के साथ निकटता से जुड़े हो सकते हैं, या तो प्रमोटर या निदेशक के रूप में शीर्ष प्रबंधन अधिकारी और कर्मचारी, वकील, लेखा परीक्षक, वित्तीय सलाहकार आदि के रूप में अपनी पेशेवर क्षमताओं में कंपनी से जुड़े व्यक्ति कंपनी के साथ काम करने वाले बैंकों और वित्तीय संस्थानों में काम करने वाले व्यक्ति, कंपनी के साथ व्यावसायिक संबंध रखने वाली फर्मों का प्रबंधन करने वाले व्यक्ति और ऐसे व्यक्ति जो उपरोक्त श्रेणियों में नहीं आते हैं, लेकिन उनके पास मूल्य संवेदनशील जानकारी है।

यदि पूंजी बाजारों में अंतरंगी व्यापार को अनियंत्रित रूप से अनुमति दी जाती है, तो अंदरूनी जानकारी वाले व्यक्तियों को ऐसी जानकारी के साथ निष्पादित किए गए ट्रेडों में लगातार बढ़त मिलेगी और जिनके पास जानकारी नहीं है, वे बाजार में लगातार हारे हुए होंगे।

**उद्देश्य** – इस अध्ययन का उद्देश्य अंतरंगी व्यापार के मुद्दों और अंतरंगी व्यापार क्षेत्र में हाल के कार्यों का व्यापक अवलोकन प्रदान करना है। शोध क्षेत्र के उद्देश्य इस प्रकार हैं –

1. भारत में अंतरंगी व्यापार के विकास का अध्ययन और विश्लेषण करना।
2. भारत में अंतरंगी व्यापार पर प्रतिबंध का अध्ययन करना।
3. भारतीय प्रतिभूति बाजारों में विनियमन, जोखिम पुनर्वितरण और कल्याण की दिशा में मौजूदा ढांचे का अध्ययन और विश्लेषण करना।
4. भारत में अंतरंगी व्यापार पर मौजूदा प्रतिभूति कानूनों का अध्ययन और विश्लेषण करना।

**शोध पद्धति** – मौजूदा कानूनी ढांचे में अंतरंगी व्यापार के खिलाफ दी गई सुरक्षा वर्तमान वित्तीय बाजार में अपर्याप्त मानी जाती है।

**शोध विश्लेषण** – वर्ष 1986 में पटेल समिति द्वारा अंतरंगी व्यापार की परिभाषा इस प्रकार निर्धारित की गई थी कंपनी के प्रबंधन में शामिल या उसके करीबी व्यक्ति द्वारा कंपनी के कामकाज के बारे में अघोषित मूल्य संवेदनशील जानकारी के आधार पर कंपनी के शेयरों में ट्रेडिंग करना, जो उनके पास होती है लेकिन जो दूसरों के पास उपलब्ध नहीं होती। वर्ष 1940 में भारत में अंतरंगी व्यापार विनियमन लागू करने की पहली सिफारिश प्राप्त हुई थी। उसके बाद वर्ष 1948 में थॉमस समिति द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसमें कहा गया कि सभी निदेशकों, एजेंटों, अधिकारियों, लेखा परीक्षकों को उचित खुलासे करने चाहिए। वर्ष 1956 में कंपनी अधिनियम के अधिनियमन के साथ ही अंतरंगी व्यापार को रोकने के प्रावधान पेश किए गए।

उक्त अधिनियम की धारा 307 और 308 के अनुसार निदेशकों और सभी प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों को रजिस्टर में अपनी शेयरधारिता का रिकॉर्ड रखना और अपनी शेयरधारिता का पूरा खुलासा करना आवश्यक था। हालाँकि, ये प्रावधान अंतरंगी व्यापार के अपराधों को रोकने के लिए पर्याप्त कड़े नहीं थे। इस समय तक बाजार में अंतरंगी व्यापार के प्रभाव पहले से ही

देखे जा चुके थे। शेयरधारक न केवल बाजार के कामकाज में विश्वास खो रहे थे, बल्कि खुद को निवेश करने से भी परहेज कर रहे थे। और आश्चर्य की बात नहीं है कि विदेशी निवेश भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए। इन सबके परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान उठाना पड़ा, जिसके कारण सरकार को इस तरह की प्रथाओं की जांच करने और उन्हें रोकने के लिए विभिन्न समितियों को पेश करना पड़ा।

इसके बाद, वर्ष 1986 में पटेल आयोग ने प्रतिभूति अनुबंध विनियमन में कई बदलाव करने की आवश्यकता बताई। इसके अलावा वर्ष 1989 में अब्दल हुसैन समिति की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि अंतरंगी व्यापार के अपराध को सिविल और आपराधिक कानूनों के तहत उत्तरदायी बनाया जाना चाहिए। इसने बाजारों के कामकाज को विनियमित करने और उस पर नज़र रखने के लिए सेबी नामक एक निकाय के गठन का भी सुझाव दिया।

**भारत में अंतरंगी व्यापार से संबंधित नियम–**भारत में उचित कॉर्पोरेट प्रशासन सुनिश्चित करने वाली नियामक संस्था भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड/ Securities and Exchange Board of India है। यह संस्था सूचीबद्ध प्रतिभूतियों की खरीद या बिक्री से संबंधित किसी भी असामान्य लेनदेन पर नज़र रखती है। 1992 के टिस्को मामले ने वर्ष 1992 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के गठन का मार्ग प्रशस्त किया। टिस्को मामले में कंपनी के मुनाफे में तेजी से गिरावट आई और छमाही नतीजों की घोषणा से पहले शेयरों की छोटी मात्रा में बिक्री हुई। न्यायालय ने माना कि कोई अंदरूनी व्यापार नहीं था क्योंकि इसके लिए कोई सबूत नहीं है। चूंकि नियमों और प्रक्रियाओं की कमी थी इसलिए दोषियों को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता था। इसके परिणामस्वरूप अंततः भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (अंदरूनी व्यापार) विनियम, 1992 / Securities Exchange Board of India (Insider trading) Regulations 1992' का गठन हुआ। 1992 के विनियमन के बाद, वर्ष 2015 में भारत में अंतरंगी व्यापार कानूनों में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया। इसलिए सेबी (अंतरंगी व्यापार का निषेध) विनियमन, 2015/ SEBI (Prohibition of Insider Trading) regulation, 2015, को पहले के विनियमन में खामियों को दूर करने के लिए अधिनियमित किया गया था क्योंकि गैरकानूनी लेनदेन विनियमन के दायरे में नहीं आते थे। वर्ष 2019 में एक और महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जिसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लेनदेन को कवर करने का प्रयास किया गया है।

कंपनी अधिनियम 2013 में अंतरंगी व्यापार को प्रतिबंधित करने का प्रावधान था। अधिनियम की धारा 195 में प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों द्वारा संवेदनशील जानकारी के संचार पर रोक लगाई गई थी। बाद में, इस धारा को हटा दिया गया क्योंकि कंपनी अधिनियम की धारा 458 सेबी को आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की शक्ति प्रदान करती है और इसलिए यह भ्रम था कि आरोपी को कंपनी अधिनियम या सेबी विनियमों के तहत रखा जाना चाहिए और इसलिए 2017 में एक अधिसूचना द्वारा धारा 195 को हटा दिया गया। इसलिए, भारत में अंतरंगी व्यापार के संबंध में वर्तमान विनियमन सेबी (अंतरंगी व्यापार का निषेध) विनियम, 2015 और सेबी अधिनियम की धारा 12I (अंतरंगी व्यापार का निषेध) और 15i (अंतरंगी व्यापार के लिए दंड) हैं।

हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड (एचआईएल) बनाम सेबी 'का मामला उन शुरुआती मामलों में से एक था, जिसमें सेबी ने इनसाइडर ट्रेडिंग/ अंतरंगी व्यापार के खिलाफ कार्रवाई की थी। इस विशेष मामले में एचआईएल ने यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया से करीब 8 लाख शेयर खरीदे थे और कुछ समाह बाद एचआईएल और दूसरी सहायक कंपनी के बीच विलय की घोषणा की गई थी।

सेबी ने जांच की और पाया कि यह इनसाइडर सूचना का मामला था। अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील की गई और उन्होंने सेबी के आदेश की पुष्टि की, जिसमें एचआईएल द्वारा दी गई दलीलों को खारिज कर दिया गया था, जिसमें इस बारे में जानकारी या ज्ञान होने से इनकार किया गया था। इस मामले के बाद सेबी ने नियमों में संशोधन किया और अप्रकाशित शब्द को जोड़ा और परिभाषित किया। यह भारत में 'अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना' शब्द की परिभाषा का मूल था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) बनाम सेबी के एक अन्य मामले में, आरआईएल की एलएंडटी कंपनी में लगभग 5% हिस्सेदारी थी और इसके अलावा कंपनी के लिए दो नामित व्यक्ति श्री मुकेश और अनिल अंबानी थे। इसके अलावा, आरआईएल ने एलएंडटी में हिस्सेदारी खरीदी और लगभग 10% हिस्सेदारी प्राप्त की। आरआईएल ने इन शेयरों को बाजार मूल्य से ऊपर ग्रासिम इंडस्ट्रीज को बेच दिया, जिसके परिणामस्वरूप दो नामित व्यक्तियों को हटा दिया गया और आरआईएल को एलएंडटी के शेयरों में आगे व्यापार करने से प्रतिबंधित कर दिया गया। सेबी ने जांच की और आरआईएल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया जिसमें उन्हें अंतरंगी व्यापार का दोषी पाया गया। अपील में अपीलीय न्यायाधिकरण ने सेबी के आदेश को यह कहते हुए पलट दिया कि सूचना एलएंडटी के नामित व्यक्तियों द्वारा पारित नहीं की गई थी और इसका सूचना के संचार या पारित होने से कोई संबंध नहीं था। एलएंडटी को सौदे के बारे में पता भी नहीं था और इसे साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं था। इसलिए, आरआईएल को अंतरंगी व्यापार के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया गया।

**कानूनी अंतरंगी व्यापार –** कभी–कभी अंतरंगी व्यापार हमेशा अवैध नहीं होता है। जबकि UPSI के साथ व्यापार अवैध है; सभी अंतरंगी व्यापार प्रतिबंधित नहीं हैं। कॉर्पोरेट अंदरूनी लोग, अधिकारी, निदेशक, कर्मचारी और बड़े शेयरधारक अपनी खुद की कंपनियों में स्टॉक खरीदते और बेचते हैं। उदाहरण के लिए, व्यक्तिगत जरूरतों के लिए अपने ESOP आदि बेचकर। यदि ऐसे ट्रेडों को SEBI नियमों के अनुसार स्टॉक एक्सचेंजों को बताया जाता है, तो यह अवैध नहीं है। हालाँकि, किसी कंपनी को ऐसे अंदरूनी लोगों के व्यापार विवरण के बारे में कुछ दिनों के भीतर एक्सचेंजों को सूचित करना चाहिए। कई निवेशक और व्यापारी निवेश के लिए संभावित कंपनियों की पहचान करने के लिए अंदरूनी लोगों की जानकारी का उपयोग करते हैं। दूसरे शब्दों में, यदि अंदरूनी लोग स्टॉक खरीद रहे हैं, तो उन्हें अपनी कंपनी के बारे में बाकी सभी लोगों से ज़्यादा जानकारी होनी चाहिए, इसलिए वे स्टॉक खरीदना पसंद करते हैं। लेकिन जब अंदरूनी लोग शेयर बेचते हैं तो निवेशक या व्यापारी उनकी भावनाओं से प्रेरित नहीं हो सकते क्योंकि वे विभिन्न व्यक्तिगत कारणों से शेयर बेच रहे होंगे। किसी अंदरूनी व्यक्ति के माध्यम से प्राकृतिक प्रभाव अंतरंगी व्यापार नहीं माना जाता। इसके अलावा, शेयर खरीदना और फिर उन्हें सेबी को बताना भी कानूनी अंतरंगी व्यापार नहीं माना जाता।

**अवैध अंतरंगी व्यापार –** कोई भी अंदरूनी व्यक्ति जिसके पास अप्रकाशित मूल्य–संवेदनशील जानकारी है, वह उन प्रतिभूतियों में व्यापार नहीं करेगा

जो स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है या सूचीबद्ध होने का प्रस्ताव है। जब अंदरूनी व्यापार णझझख के आधार पर किया जाता है और जब अंदरूनी व्यक्ति लाभ कमाता है, तो यह अवैध अंदरूनी व्यापार के रूप में सामने आता है। निदेशक और वरिष्ठ प्रबंधन ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिन्हें अंतरंगी व्यापार का दोषी ठहराया जा सकता है; अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी तक पहुँच रखने वाले किसी भी व्यक्ति को दोषी ठहराया जा सकता है यदि उसने अवैध लाभ कमाने के लिए जानकारी का उपयोग किया हो। बड़ी कंपनियों में सैकड़ों अंतरंगी व्यक्ति हो सकते हैं, जिससे उनकी खरीद-बिक्री का विश्लेषण करना अधिक कठिन हो सकता है। कोई भी व्यक्ति जिसके पास सामग्री और अप्रकाशित मूल्य-संवेदनशील जानकारी है, वह अंदरूनी व्यापार का अवैध कार्य कर सकता है। इसका मतलब है कि ब्रोकर, परिवार, मित्र और कर्मचारी सहित लगभग कोई भी व्यक्ति अंदरूनी व्यक्ति माना जा सकता है। सेबी (अंदरूनी व्यापार निषेध) विनियम, 2015 के विनियम 4 के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को वैध उद्देश्य के लिए अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी प्राप्त होने पर इन विनियमों के प्रयोजनों के लिए अंदरूनी व्यक्ति माना जाएगा और इन विनियमों के अनुपालन में ऐसी अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के लिए ऐसे व्यक्तियों को उचित नोटिस दिया जाएगा। बशर्ते कि उपरोक्त 2(1) में प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू न हो:

1. ऐसा लेनदेन जो प्रमोटरों के बीच ऑफ-मार्केट इंटर से ट्रांसफर है, जो इन नियमों का उल्लंघन किए बिना एक ही UPSI के कब्जे में थे और दोनों पक्षों ने एक सचेत और सूचित व्यापार निर्णय लिया था; और
2. इन नियमों के अनुसार स्थापित व्यापार योजना के अनुसार व्यापार।

कोई भी अंदरूनी व्यक्ति जो कंपनी से जुड़ना बंद कर चुका है, वह ऐसी समाप्ति की तिथि से छह महीने की अवधि तक UPSI के कब्जे में रहते हुए कंपनी की प्रतिभूतियों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से व्यापार नहीं करेगा। इसके अलावा, सेबी (अंतरंगी व्यापार का निषेध) विनियम, 2015 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार, यह कहा गया है कि सभी निदेशक, अधिकारी, नामित कर्मचारी जो कंपनी के किसी भी शेयर को खरीदते या बेचते हैं, वे पिछले लेनदेन के बाद अगले छह महीनों के दौरान किसी भी संख्या में शेयरों को बेचने या खरीदने के विपरीत लेनदेन में प्रवेश नहीं करेंगे। सभी निदेशक, अधिकारी, नामित कर्मचारी किसी भी समय कंपनी के शेयरों में व्युत्पन्न लेनदेन में भी स्थिति नहीं लेंगे। प्राथमिक बाजार (आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव) में सदस्यता के मामले में, उपर्युक्त संस्थाएं अपने निवेश को कम से कम 30 दिनों की अवधि के लिए रखेंगी।

**भारत में अंतरंगी व्यापार से जुड़ी समस्याएं -** अंतरंगी व्यापार की वैधता और अवैधता के बारे में कई तर्क दिए गए हैं। लेकिन ज़्यादातर विद्वानों और निवेशकों का कहना है कि अंतरंगी व्यापार बाज़ार की अखंडता के खिलाफ़ है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह ऐसी जानकारी तक पहुँच रखने वाले लोगों को अनुचित लाभ देता है क्योंकि ऐसे लोगों को कोई जोखिम या नुकसान नहीं होता है।

साथ ही, इससे निवेशकों को अपना पैसा गंवाना पड़ता है क्योंकि ऐसी संवेदनशील जानकारी रखने वाले लोग हेरफेर करने और अफ़वाहें फैलाने जैसे कुछ गलत काम करते हैं जिससे शेयर बाजार में ट्रेडिंग करते समय कई निवेशकों का मन बदल जाता है। इससे निवेशकों का बाजार में निवेश करने का भरोसा भी कम होता है जो अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ी चिंता का विषय है और इसका असर विदेशी निवेश पर भी पड़ता है। इसलिए, अंतरंगी व्यापार का चलन बाज़ारों के लिए बहुत हानिकारक है और इस तरह की गलत हरकतों पर नज़र रखने और उन्हें रोकने के लिए एक नियामक प्राधिकरण की जरूरत है।

इसके अलावा, सेबी के सामने एक और समस्या अंतरंगी व्यापार के मामलों को साबित करना है क्योंकि यह साबित करने के लिए हमेशा पर्याप्त सबूत नहीं होते हैं कि कोई विशेष व्यापार अंतरंगी व्यापार का परिणाम था। चूंकि ऐसे णझझख तक पहुँच रखने वाले लोग तीसरे पक्ष का उपयोग करते हैं या कुछ अन्य लेन-देन करते हैं जिसके माध्यम से वे दायित्व से बच जाते हैं और दोषी नहीं ठहराए जाते हैं। इसके अलावा कई मामलों में न्यायालय उचित निर्णय नहीं दे पाया है क्योंकि विनियामक प्राधिकरण सूचना और व्यापार के बीच कोई सीधा संबंध साबित करने में विफल रहा है। इसके परिणामस्वरूप निवेशक अपना पैसा खो देते हैं और बाजार को नुकसान उठाना पड़ता है।

दूसरी कठिनाई यह है कि यद्यपि सेबी के नियमों में आपराधिक दायित्व के प्रावधान हैं, लेकिन उन्हें लागू करना कठिन है। चूंकि आपराधिक कानून के तहत किसी व्यक्ति को उत्तरदायी ठहराने के लिए MENS REA की आवश्यकता होती है। सेबी के लिए MENS REA के मामले को साबित करना बहुत कठिन हो जाता है और इसलिए आरोपी अक्सर आपराधिक दायित्व से बच जाते हैं या नागरिक कानून के तहत उत्तरदायी ठहराए जाते हैं। इसलिए, बाजारों में कोई डर नहीं है और इसलिए यह संवेदनशील जानकारी स्वतंत्र रूप से प्रसारित होती है।

उदाहरण के लिए ऐसे मामले सामने आए हैं कि इस तरह की जानकारी विभिन्न समूहों पर व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से दी जा रही है। सेबी इन मामलों की जांच करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन ऐसी संवेदनशील जानकारी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। अंत में, भारतीय न्यायपालिका प्रणाली को निर्णय पारित करने में कई साल लगते हैं और अपील का विकल्प अपराधियों को सबूतों में हेरफेर करने और सेबी के नियमों के तहत इस तरह की देयता से बचने के लिए पर्याप्त समय देता है।

**भारत में अंतरंगी व्यापार से संबंधित कानून:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (स) प्रत्येक नागरिक को किसी भी पेशे में शामिल होने या कोई व्यवसाय, व्यापार या व्यवसाय करने का मौलिक अधिकार प्रदान करता है। हालांकि, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि यह मौलिक अधिकार अनुच्छेद 19(6) में निर्धारित उचित प्रतिबंधों के अधीन है। ये उचित प्रतिबंध राज्य को अनुचित व्यापार प्रथाओं को रोकने के लिए कानून बनाने का अधिकार देते हैं।
2. M/S Eskay KNIT (India)Ltd और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य में, राजस्थान उच्च न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि गैरकानूनी अंतरंगी व्यापार प्रथाएँ धोखाधड़ी हैं। इसलिए, राज्य को अनुच्छेद 19 के खंड (6) के तहत ऐसी भ्रामक व्यापार प्रथाओं को रोकने के लिए कानून बनाने का अधिकार है। जबकि भारतीय संविधान में गैरकानूनी अंतरंगी व्यापार पर सीमित दायरा हो सकता है, यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि उपर्युक्त संवैधानिक प्रावधान इस अनुचित व्यापार प्रथा को सख्ती से हतोत्साहित करते हैं।
3. 1992 में सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग) विनियमनों का निर्माण विभिन्न

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

समितियों द्वारा प्रस्तुत की गई सिफारिशों और प्रतिभूति बाजार को आगे बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता के जवाब में किया गया था। इन विनियमों ने अंतरंगी व्यापार के नियंत्रण और प्रतिभूति बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील साबित किया।

2002 में, 1992 के नियमों को और अधिक सशक्त बनाने तथा ष्अंदरूनी लोगों से जुड़े माने जाने वाले व्यक्तियों की सूची का विस्तार करने के लिए संशोधन किये गये। इसके बाद सेबी (अंतरंगी व्यापार का निषेध) (संशोधन) विनियम 2008 और सेबी (अंतरंगी व्यापार का निषेध) (संशोधन) विनियम 2011 आये।

भारत में 2013 के कंपनी अधिनियम को लागू करने के बाद, अंतरंगी व्यापार पर विनियमन का दायरा काफी बढ़ गया है। इन विनियमों में गैर-सूचीबद्ध कंपनियों को शामिल करना एक उल्लेखनीय विकास है, क्योंकि यह बड़े पैमाने पर शेयरधारकों के हितों की रक्षा करता है। इसके मद्देनजर, अंतरंगी व्यापार को रोकने के लिए कई उपाय प्रस्तावित है-

1. सबसे पहले, अंतरंगी व्यापार नीति स्थापित करना आवश्यक है। इसमें ब्लैकआउट अवधि को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए और आसानी से समझने योग्य शब्दों में इनसाइडर और इनसाइडर जानकारी की व्यापक परिभाषा प्रदान की जानी चाहिए।
2. इसके अतिरिक्त, कंपनियों को संगठन के भीतर स्टॉक ट्रेडों की निगरानी के लिए एक आंतरिक निरीक्षण तंत्र का उपयोग करना चाहिए।
3. इसके अलावा, कंपनियों को अंतरंगी वहोल्डिंग्स को सत्यापित करने के लिए अकाउंटिंग फर्मों जैसी थर्ड पार्टी संस्थाओं को शामिल करना चाहिए।
4. इसके अलावा, सरकार को अंतरंगी व्यापार से संबंधित शिकायतों को संबोधित करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार एक समर्पित विभाग स्थापित करना चाहिए। किसी भी अंतरंगी व्यापार या संभावित अंतरंगी व्यापार के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।
5. अंत में, सभी निजी कंपनियों को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के दायरे में आना चाहिए।

सेबी अंतरंगी व्यापार विनियम 1992 (सेबी विनियम 1992) -2 (1) (ई) 'अंदरूनी सूत्र' का अर्थ है कोई भी व्यक्ति जो,

(1) कंपनी से जुड़ा हुआ है या था या कंपनी से जुड़ा हुआ माना जाता है और जिसके पास कंपनी की प्रतिभूतियों के संबंध में अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी तक पहुंच होने की उचित रूप से उम्मीद है, या

(2) जिसने ऐसी अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी प्राप्त की है या उस तक उसकी पहुंच थी सेबी अंतरंगी व्यापार विनियम 2015 (सेबी विनियम 2015) में-2 (1) (जी) 'अंदरूनी सूत्र'' का अर्थ है कोई भी व्यक्ति जो:

1) जुड़ा हुआ व्यक्ति है; या

2) अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के कब्जे में है या उस तक पहुँच रखता है।

नोट: चूँकि सामान्य रूप से उपलब्ध जानकारी को परिभाषित किया गया है, इसलिए इसका उद्देश्य यह है कि अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के कब्जे में या उस तक पहुँच रखने वाले किसी भी व्यक्ति को अंदरूनी सूत्र माना जाना चाहिए, भले ही वह ऐसी जानकारी के कब्जे में कैसे आया हो या उस तक उसकी पहुँच कैसे हुई हो। ऐसे व्यक्ति के लिए यह प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न परिस्थितियाँ प्रदान की जाती हैं कि उसने अंदरूनी व्यापार में लिप्त नहीं है। इसलिए, इस परिभाषा का उद्देश्य किसी भी ऐसे व्यक्ति को अपनी पहुँच में लाना है जो अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी प्राप्त करता है या उस तक पहुँच रखता है। इसलिए, यह दशनि का दायित्व कि किसी व्यक्ति के पास व्यापार के समय अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना थी या उसकी उस तक पहुंच थी, आरोप लगाने वाले व्यक्ति पर होगा, जिसके बाद वह व्यक्ति जिसने अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना के कब्जे में या उस तक पहुंच होने पर व्यापार किया है, यह प्रदर्शित कर सकता है कि उसके पास ऐसी सूचना नहीं थी या उसने व्यापार नहीं किया है या वह उस तक पहुंच नहीं सका था या ऐसी सूचना के कब्जे में होने पर उसका व्यापार पूरी तरह दोषमुक्त करने वाली परिस्थितियों के अंतर्गत आता था।

**अंतरंगी व्यापार का निषेध** - सेबी द्वारा अंतरंगी व्यापार विनियमों की मुख्य विशेषताएं और उनका प्रक्षेपवक्र इन विनियमों को समग्र रूप से पढ़ने पर, जो सामान्य पैटर्न इससे प्राप्त हो सकता है वह यह है कि इन संशोधित विनियमों के पीछे विधिक आशय अंतरंगी व्यापार विनियमों के कवरेज और व्याख्या को व्यापक बनाना था। यह कई तरीकों से किया गया है जैसे - संबद्ध व्यक्तियों, नामित व्यक्तियों, यूपीएसआई, ट्रेडिंग की समावेशी परिभाषाओं के लिए प्रावधान करना।

कंपनी के सर्वोत्तम हितों के लिए प्रत्ययी क्षमता में ट्रेडिंग योजनाओं और प्रकटीकरणों के अपवादों के लिए विभिन्न सुरक्षा उपायों को शामिल करना जो सामान्य नियम के विपरीत हैं। अधिकांश विनियमों के तहत विधायी मंशा को निर्दिष्ट करने वाले विशेष नोटों के लिए प्रावधान करना, जिन्हें आगे व्याख्या की आवश्यकता है और जिन्हें परिभाषित करने के लिए बोर्ड की विवेकाधीन शक्ति पर छोड़ दिया गया है। ये नोट बोर्ड को ऐसे विधायी इरादे को आगे बढ़ाने और विनियमों के उद्देश्य को बनाए रखने के लिए कदम उठाने में मार्गदर्शन करने में मदद करते हैं।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार प्रतिस्पर्धा की रक्षा के लिए सेबी अंतरंगी व्यापार विनियम 2015 (सेबी विनियम 2015) पर प्रतिबंध लगाया है। परिणामस्वरूप, व्यक्तियों पर न केवल अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी (UPSI) के आधार पर व्यापार करने के लिए बल्कि ऐसी जानकारी का संचार करने के लिए भी दंड लगाया गया। यूपीएसआई को ऐसी कोई भी जानकारी माना जाता है जो किसी कंपनी की प्रतिभूतियों की कीमत को भौतिक रूप से प्रभावित कर सकती है। सेबी विनियम 2015 के विनियम 4 में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि कोई भी व्यक्ति यूपीएसआई के कब्जे में होने पर प्रतिभूतियों में व्यापार नहीं करेगा। संबंधित विनियमन के पीछे विधायी मंशा को समझने के लिए, 2018 में विनियमन में जोड़े गए स्पष्टीकरण के साथ इसे पढ़ना अनिवार्य हो जाता है। यह निर्धारित करता है कि जब कोई व्यक्ति जिसके पास यूपीएसआई है, ऐसी गोपनीय जानकारी के आधार पर व्यापार करता है. इसका सीधा सा मतलब है कि विनियमन 4 में स्पष्टीकरण को शामिल करते समय, विधायी इरादा किसी व्यक्ति को अंतरंगी व्यापार के लिए उत्तरदायी ठहराने के मानदंड के रूप में 'इरादे' को खत्म करना था। विनियमन 4 को ट्रिगर करने के लिए केवल यह साबित करना आवश्यक था कि

(1) व्यापार और

(2) UPSI के कब्जे में रहते हुए व्यापार।

विनियमन 4 को सूचना विषमता की रक्षा करने की दृष्टि से तैयार किया गया था जो तब होती है जब किसी व्यक्ति के पास UPSI होता है। नतीजतन, यह तर्क दिया जा सकता है कि विनियमन 4 स्वयं सूचना की समानता के सिद्धांत पर आधारित है। इसका अनिवार्य रूप से यह अर्थ है कि क्योंकि णझ्डख के कब्जे वाला व्यक्ति एक ऊंचे स्थान पर है, ऐसे व्यक्ति के लिए अनुपालन का स्तर भी अधिक है। परिणामस्वरूप, अधिग्रहणकर्ता का इरादा अप्रासंगिक हो जाता है, और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि लेनदेन कंपनी या उसके शेयरधारकों को लाभ पहुंचाता है या नहीं। हालाँकि, न्यायिक घोषणाओं ने इसके विपरीत निष्कर्ष निकाला है। विनियमन 4 के दायरे पर चर्चा करते हुए, अदालतों ने आगे बढ़कर प्रावधान के तहत किसी पर मुकदमा चलाने के लिए इरादे को एक शर्त के रूप में तैयार किया है। इस लेख के माध्यम से लेखकों ने तर्क दिया है कि भारतीय न्यायपालिका ने न्यायिक व्याख्या के नाम पर विधायी मंशा को अनुचित रूप से कमजोर कर दिया है।

**सेबी अंतरंगी व्यापार विनियम 2015**

(i) यू.पी.एस.आई. के संचार और खरीद की अनुमति कब दी जाती है? (विनियमन 3) कोई भी अंदरूनी व्यक्ति किसी कंपनी या सूचीबद्ध या सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित प्रतिभूतियों से संबंधित किसी भी अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी को किसी भी व्यक्ति को संचारित, प्रदान या उस तक पहुँच की अनुमति नहीं देगा, जिसमें अन्य अंदरूनी व्यक्ति भी शामिल हैं, सिवाय इसके कि ऐसा संचार वैधा उद्देश्यों, कर्तव्यों के प्रदर्शन या कानूनी दायित्वों के निर्वहन के लिए हो।

नोट-वैध उद्देश्य शब्द में साझेदारों, सहयोगियों, उधारदाताओं, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, मर्चेंट बैंकरों, कानूनी सलाहकारों, लेखा परीक्षकों, दिवालियापन पेशेवरों या अन्य सलाहकारों या परामर्शदाताओं के साथ व्यवसाय के सामान्य क्रम में किसी अंदरूनी व्यक्ति द्वारा अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी साझा करना शामिल होगा, बशर्ते कि ऐसा साझाकरण इन विनियमों के निषेधों से बचने या उन्हें दरकिनार करने के लिए नहीं किया गया हो।

**अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के कब्जे में होने पर व्यापार करना -** सामान्य नियम-कोई भी अंदरूनी व्यक्ति अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के कब्जे में होने पर स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध या सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित प्रतिभूतियों में व्यापार नहीं करेगा।

(ii) सामान्य नियम के अपवाद (विनियमन 4) अंदरूनी लोगों के बीच ऑफ-मार्केट अंतर-स्थानांतरण

1. लेनदेन ब्लॉक डील विंडो तंत्र के माध्यम से किया गया था
2. एक वैधानिक या नियामक दायित्व के अनुसार
3. स्टॉक विकल्पों के प्रयोग के अनुसार
4. यदि प्रयोग मूल्य पूर्व-निर्धारित था
5. एक ट्रेडिंग योजना के अनुसार

(iii) ट्रेडिंग प्लान (विनियमन 5)

1. इन विनियमों में ट्रेडिंग प्लान की एक नई अवधारणा शामिल है जो अंतरंगी व्यापार पर पूर्ववर्ती विनियमों के अंतर्गत नहीं थी।
2. इनसाइडर के पास ट्रेडिंग प्लान तैयार करने और उसे स्वीकृति और सार्वजनिक प्रकटीकरण के लिए अनुपालन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने का विकल्प होगा। स्वीकृति मिलने पर अनुपालन अधिकारी स्टॉक एक्सचेंजों को ट्रेडिंग प्लान अधिसूचित करेगा।
3. ट्रेडिंग प्लान 12 महीने की अवधि के लिए होगा।
4. ऐसी ट्रेडिंग प्लान में प्लान के सार्वजनिक प्रकटीकरण से 6 महीने से पहले ट्रेडिंग शुरू नहीं की जाएगी।

हाल ही में, सेबी बनाम अभिजीत राजन मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने पाया कि आरोपी अंतरंगी व्यापार के दोषी नहीं थे, क्योंकि उनके पास अपने पास मौजूद UPSI की मदद से मुनाफ़ा कमाने का कोई इरादा नहीं था। न्यायालय ने आगे कहा कि वास्तविक लाभ या हानि कोई मायने नहीं रखती, लेकिन लाभ कमाने का उद्देश्य ज़रूरी है। हालाँकि, यह प्रस्तुत किया गया है कि न्यायालय द्वारा प्रासंगिक भौतिक तथ्यों पर विचार किए बिना बहुत बड़ी धारणा बना ली गई है। किसी जुड़े हुए व्यक्ति से सावधानी की उच्च्च सीमा की अपेक्षा इसलिए की जाती है, क्योंकि ऐसे UPSI तक उनकी पहुँच होती है और उनके अनुसार व्यापार में हेरफेर करने की उनकी क्षमता होती है। UPSI तक पहुँच इनसाइडर को एक सामान्य व्यक्ति की तुलना में लाभप्रद स्थिति में रखती है, क्योंकि इससे उन्हें बाजार की शक्तियों को नियंत्रित करने और निष्पक्ष बाज़ार प्रथाओं को बाधित करने की अनुमति मिलती है। इसी कारण से, सेबी विनियमन 2015 के विनियमन 5 में ऐसे इनसाइडर को एक विस्तृत ट्रेडिंग योजना प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है, जो नियामक निकायों को ऐसे जुड़े हुए व्यक्तियों की गतिविधियों की लगातार निगरानी करने की अनुमति देती है।

भारत ने अंतरंगी व्यापार को लागू करने में बहुत प्रयास किए हैं। अंतरंगी व्यापार कानूनों के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होने के लिए सेबी ने जस्टिस एन. के. सोढ़ी की अध्यक्षता में अंतरंगी व्यापार पर कानूनों को संशोधित किया है और अंतरंगी व्यापार/ अंतरंगी व्यापार निषेध विनियम, 2015 का मसौदा तैयार किया है। नए अंतरंगी व्यापार विनियमों ने विभिन्न अवधारणाओं की परिभाषाओं में संशोधन करके कई बदलाव किए हैं। इसमें पाँच अधयाय, दो अनुसूचियाँ और 12 खंड शामिल हैं। पहला अध्याय परिभाषाओं से संबंधित है, दूसरा इनसाइडर द्वारा संचार और व्यापार पर प्रतिबंध से संबंधित है। अध्याय 3 कंपनी द्वारा किए गए खुलासे के बारे में बात करता है और चार प्रकटीकरण और आचार संहिता निर्धारित करते हैं। अधयाय 5 में शक्ति और प्रतिबंध शामिल हैं।

**सुझाव:**

1. **शिक्षा/प्रशिक्षण/जागरूकता-** आम लोगों में अंतरंगी व्यापार की प्रथा और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना इस दुरुपयोग को रोकने में काफी मददगार हो सकता है। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, सेबी एक अंतरंगी व्यापार मैनुअल (पुस्तिका) प्रकाशित कर सकता है और इसे खुद या विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, स्टॉक एक्सचेंज, कंपनियों या बिचौलियों आदि की सहायता से जनता के संबंधित वर्ग में वितरित कर सकता है और नियमित रूप से ऐसे दुरुपयोग में फंसे निवेशकों को इसके हानिकारक प्रभावों और ऐसी हानिकारक गतिविधियों से खुद को बचाने के तरीकों के बारे में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम/चर्चा/सेमिनार भी आयोजित कर सकता है। अज्ञानता केवल व्यक्तियों के स्तर पर ही नहीं बल्कि कई संगठनों के स्तर पर है जिसके लिए न केवल सेबी, बल्कि केंद्र सरकार, प्रत्येक संगठन और कंपनी के निदेशकों और कर्मचारियों को भी इस मुद्दे और इसके प्रभावों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के तरीकों के बारे में सोचना चाहिए। इसके अलावा, कंपनियों से जुड़े पेशेवरों सहित कंपनी प्रबंधन को संबंधित कानूनों और आवश्यकताओं के बारे में कंपनी के

अंदरूनी लोगों के बीच जागरूकता पैदा करनी चाहिए ताकि इसका उचित अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

2. **इनाम-** सेबी को किसी भी तरह की ऐसी सूचना का स्वागत करना चाहिए जो उसे अंतरंगी व्यापार में लिप्त होने का पता लगाने के लिए निर्देशित करती है और उसे लोगों को अंतरंगी व्यापार गतिविधियों से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहिए। अमेरिका में, प्रतिभूति विनिमय अधिनियम की धारा 21ए(ई) के तहत, एसईसी उन व्यक्तियों को इनाम के रूप में इनाम देता है जो उन्हें किसी भी तरह की जानकारी प्रदान करते हैं जिससे अंतरंगी व्यापार घोटाले का पता चलता है।

3. **कार्रवाई का निजी अधिकार-** समय की मांग है कि अमेरिका की तरह कानून बनाया जाए जो कई नागरिक उपचार प्रदान करता है जिसमें निजी व्यक्तियों द्वारा प्रतिभूति विनिमय नियम, 1942 के नियम 10बी-5 और नियम 14ई-3 और प्रतिभूति विनिमय अधिनियम की धारा 16-बी और धारा 20-ए के तहत नागरिक कार्रवाई की जा सकती है। यदि कोई व्यक्ति अंतरंगी व्यापार के कारण घायल हुआ है। उसे हानि हुई है, तो भारतीय कानून में उसे अंदरूनी व्यक्ति के विरुद्ध निवारण प्राप्त करने का निजी अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए, जिसमें अनिवार्य रूप से घायल पक्षों को हुई हानि के लिए मुआवजा शामिल होगा।

4. **पूर्व-निवारक पूर्वानुमानित कार्रवाई-** भारतीय विधानमंडल को अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाने की आवश्यकता है, जिसमें वह केवल अंतरंगी व्यापार के घटित होने के बाद ही उसे दंडित करता है। स्टॉक एक्सचेंजों और सेबी को घटना के घटित होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय अंदरूनी व्यापार की ओर इशारा करने वाली परिस्थितियों के निर्माण पर पूर्व-निवारक कार्रवाई करनी चाहिए। इसके लिए, एक निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए जो संभावित अंतरंगी व्यापार के बारे में जनता को सावधान करने का काम करेगी। उदाहरण के लिए, यदि लगातार 3 दिनों तक शेयर की कीमत में 10 प्रतिशत से अधिक का परिवर्तन होता है, तो उस शेयर में कुछ अनुचित व्यवहार की संभावना हो सकती है। तब एक्सचेंज असामान्य मूल्य आंदोलनों के आधार पर ऐसे स्थापित फ़िल्टर ब्रैकेट के आधार पर संभावित अंतरंगी व्यापार के बारे में बड़े पैमाने पर जनता को चेतावनी दे सकते हैं। इस तरह के मार्गदर्शन से अनजान निवेशकों को ऐसे शेयरों में सौदे करके नुकसान उठाने से रोका जा सकता है।

5. **संरचनात्मक मुद्दे-** अंतरंगी व्यापार कानून के प्रभावी प्रवर्तन की कमी का पहला समाधान अतिरिक्त धन और जनशक्ति की मांग है। इस तरह के सुझाव का समर्थन इस तथ्य से होता है कि सेबी के देश भर में विभिन्न कार्यालयों में मात्र 643 कर्मचारी हैं, जबकि एसईसी के पास 3958 कर्मचारी हैं। इसके अलावा, सेबी को पेशेवरों की अपनी टीम बनाकर अंतरंगी व्यापार की जांच को गंभीरता से देखना चाहिए जो अपराध की कुशलतापूर्वक जांच करेगी। मार्गदर्शन हमारे उदाहरण से लिया जा सकता है जहां एसईसी ने मार्केट एब्यूज यूनिट की स्थापना की जिसका उद्देश्य जांच की शुरुआत में व्यापारियों और संस्थानों के बीच पैटर्न, कनेक्शन और संबंधें की पहचान करके सक्रिय होना है।

**निष्कर्ष -** अंतरंगी व्यापार प्रतिभूति विनियमन के सबसे विवादित पहलुओं में से एक है, यहाँ तक कि कानून और अर्थशास्त्र के गुट के बीच भी। अंतरंगी व्यापार कई कारणों से कपटपूर्ण है। हालाँकि बाजार की अक्षमता के लिए कई अन्य प्रतिस्पर्धी रास्ते हैं, नए वित्तीय साधान और अंतर्दृष्टि हमें इन प्रतिस्पर्धी अक्षमताओं को हल करने की अनुमति देते हैं। हालाँकि, हालांकि अधिकांश लोग अंतरंगी व्यापार के विरोध का तर्क देते हैं क्योंकि यह केवल असमान है, शायद सबसे बड़ा परिणाम यह है कि अंतरंगी व्यापार बाजार को कम कुशल बनाती है। अंतरंगी व्यापार की गुप्त प्रकृति पता लगाना मुश्किल बनाती है, दोषसिद्धि अधिक कठिन होती है, और इसमें शामिल बड़ी रकम को रोकना मुश्किल होता है। विद्वानों का एक समूह अंतरंगी व्यापार के विनियमन का समर्थन करता है, जिससे निगमों को अनुबंध द्वारा अपनी खुद की अंतरंगी व्यापार नीतियाँ निर्धारित करने की अनुमति मिलती है। कानून और अर्थशास्त्र के विद्वानों का एक और समूह, भेद में, तर्क देता है कि अंदरूनी जानकारी का संपत्ति अधिकार निगम को सौंपा जाना चाहिए और अनुबंध के पुनर्मूल्यांकन पर माफ नहीं किया जाना चाहिए।

अंतरंगी व्यापार को विनियमित करने के पक्ष में तर्क पारंपरिक रूप से निष्पक्षता के मुद्दों पर आधारित पाया गया था, जिसका कानून और अर्थशास्त्र बिरादरी में बहुत कम विरोध हुआ है। इसके बजाय, अनिवार्य अंतरंगी व्यापार निषेध के पक्ष में आर्थिक तर्क आम तौर पर सूचना में संपत्ति के अधिकारों के अर्थशास्त्र के कुछ विकल्प पर आधारित है। विनियामक तर्क आम तौर पर इस दावे पर आधारित होते हैं कि अंतरंगी व्यापार बाजार की दक्षता में सहायता करता है या प्रबंधकों को अंदरूनी सूचना का संपत्ति अधिकार सौंपना एक व्यवस्थित प्रतिपूर्ति योजना है। सार्वजनिक विकल्प विश्लेषण भी विनियामक साहित्य का एक प्रमुख हिस्सा है, यह तर्क देते हुए कि अंतरंगी व्यापार निषेध निवेशकों के बजाय बाजार पेशेवरों और प्रबंधकों को लाभ पहुंचाता है।

अंतर को कम करने और मौजूदा मानदंडों को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 15 मई, 2015 को सेबी (अंतरंगी व्यापार निषेध) विनियम, 2015 पेश किए, जिसने मौजूदा सेबी (अंतरंगी व्यापार निषेध) विनियम, 1992 को प्रतिस्थापित किया। 2015 के विनियम आशाजनक, अनुकूल, अधिक व्यावहारिक और काफी हद तक अंतरंगी व्यापार के वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप प्रतीत होते हैं। वे बेहतर अनुपालन और प्रवर्तन भी प्रदान करते हैं। इसलिए, यह आश्चर्यजनक नहीं है कि हर कोई नए मानदंडों के बारे में बात कर रहा है। पिछले दो दशकों में, अंतरंगी व्यापार (वैश्विक और घरेलू दोनों) के कानून और धारणा में काफी बदलाव आया है। अधिकांश वित्तीय विनियमों को लगातार विकसित और प्रगतिशील बाजार गतिशीलता के साथ तालमेल रखने के लिए लगातार और निरंतर संशोधनों की आवश्यकता होती है। अंदरूनी व्यापार बिल्कुल भी अलग नहीं है। मौजूदा नियम 1992 में लागू हुए। हालाँकि इन संहिताओं का अनुपालन असहनीय और असुविधाजनक प्रतीत होता है, खासकर बड़ी शेयरधारक और कर्मचारी आधार वाली कंपनियों और व्यावसायिक घरानों के लिए। उदाहरण के लिए, 10,000 कर्मचारियों वाली कंपनी में, कर्मचारियों की व्यापारिक गतिविधियों की निगरानी के लिए समर्पित संसाधनों की आवश्यकता होगी। हालाँकि, उम्मीद है कि नियमों की व्याख्या न्यायालयों और अधिकारियों द्वारा निरंतर तरीके से की जाएगी और पूंजी बाजार नियामक द्वारा समय पर स्पष्टीकरण जारी किए जाएँगे।

प्रतिभूति विनियमन का मूल उद्देश्य इस उद्देश्य का कार्यान्वयन है कि सभी निवेशकों को प्रतिभूति लेनदेन में भागीदारी के पुरस्कारों तक समान पहुंच होनी चाहिए। दूसरे शब्दों में, निवेश करने वाले सभी लोगों को समान बाजार जोखिमों के अधीन होना चाहिए। ज्ञान तक असमान पहुंच पर आधारित

असमानताओं को हमारे जीवन के तरीके में अपरिहार्य मानकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि बाजार सभी प्रकार की धोखाधडी और विशेष रूप से अंदरूनी व्यापार से मुक्त हो, जो आम निवेशक को बाजार के कामकाज से विमुख कर देता है, जैसे कि उसे पासा के साथ बकवास का खेल खेलने के लिए आमंत्रित किया जा रहा हो। यदि अपराधी को लगता है कि सजा और अपराध के बीच सीधा संबंध है, तो अतिरिक्त कानून और कठोर दंड अपराधों को खत्म कर सकते हैं। अपराध के निवारण सिद्धांत के अनुसार, यदि सजा की निश्चितता है, तो अतिरिक्त कानून और कठोर दंड वित्तीय धोखाधडी को कम कर देंगे या इसे कम भी कर देंगे।

अतिरिक्त कानून दंड को और अधिक कठोर बना सकते हैं और कठोर दंड की तीव्रता को बढ़ा सकते हैं। ये तभी प्रभावी हो सकते हैं जब इन कानूनों का क्रियान्वयन कुशल हो और वित्तीय धोखाधड़ी करने वालों को लगे कि अगर वे वित्तीय धोखाधडी करते हैं तो वे पकड़े जाने से बच नहीं सकते। सबसे पहले, सरकार अंतरंगी व्यापार को खत्म करने या कम करने के लिए एक नई रणनीति लागू कर सकती है, वह है एक गोपनीय हेल्पलाइन स्थापित करना, जहां कोई व्यक्ति गुमनाम रूप से सिक्योरिटीज एक्सचेंज कमीशन को अंतरंगी व्यापार से संबंधित जानकारी दे सकता है। दूसरा, ब्रोकर फर्मों को सबसे पहले पता चलता है कि अंतरंगी व्यापार कब होती है। ब्रोकर फर्मों के लिए अंतरंगी व्यापार की रिपोर्ट करना अनिवार्य किया जाना चाहिए। अगर वे जानकारी देने में विफल रहते हैं तो उन्हें ट्रेडिंग से निलंबित कर दिया जाना चाहिए। ब्रोकर फर्मों को यह तय करने के लिए विशिष्ट मानदंड दिए जाने चाहिए कि अंतरंगी व्यापार हुई है या नहीं। तीसरा, अंतरंगी व्यापार संचालन की सही रिपोर्टिंग के लिए नकद पुरस्कार स्थापित किए जाने चाहिए।

अंतरंगी व्यापार पर निगरानी रखने का महत्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ गया है क्योंकि विदेशी विनियामक घरेलू निवेशकों का विश्वास बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय निवेश समुदाय को आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए, सेबी को अब केवल विनियामक की भूमिका निभानी चाहिए। मामलों के तेजी से और प्रभावी निपटान के लिए विशेष अदालतें स्थापित की जा सकती हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. www.business-standard.com/india-news
2. Thapa Rojina, Insider Trading: A Brief Overview Of Legal Regime In USA, UK, India And Nepal "Mirmi re-Economic Article Special Issue, Vol.38, No. 293, Jan/Feb,2010
3. The Companies Act2013, notification dated 12thSeptember, 2013 and received the assent of President on 29th August 2013.
4. N.K. Gupta, Monika Chopra, Financial Markets, Institutions & Services, 101 (An eBooks Pvt.Ltd.2nd Edition )2010
5. H.NejatSeyhun, Investment Intelligence from Insider Trading, MITPress Pvt.Ltd, 2000
6. Jonathan Moreland.Profitfrom LegalInsider Trading InvestTodayon Tomorrow's News, Dearborn Trade U.S.Pvt.Ltd, (2000)
7. GuyCohen.The Insider Edge:-how to follow the insiders for windfall profits, (John Wiley & SonsPvt.Ltd, 2012)
8. Pankaj Singh and Dharamveer Singh Chauhan, Insider Trading in India Consolidated Commercial Digest (2004)
9. Rishikesh Desai and Yosham Desai, A Comprehensive overview of the SEBI (Prohibition of Insider trading) Regulations, 1992
10. http://www.lawyersclubindia.com/articles/Insider-Trading-An-Analysis-in-Corporate-Regime-3446.aspx
11. Sanjay Gupta, Insider Trading: An overview available at https://www. caclubindia.com/ articles/ insider-trading-anoverview-part-i—11090.asp
12. Karan Gupta, Insider Trading in Capital Markets: an overview available at www.manupatra.com/capital market
13. Das, Sonakshi, The Know-All of Insider Trading? Decades of Corruptive Prevention. Academike, 15.Jan. 2015,www.lawctopus.com/academike/know-insider-trading-decades-corruptive-prevention/#_edn8.
14. Tata Iron And Steel Co. Ltd. Etc vs Union Of India And Anr, 1992
15. Kumar Gaurav Role of SEBI in Curbing Insider Trading in India? An Analysis. IP leaders, 4 June 2018, blog. ipleaders.in/sebi-insider-trading-offences/.
16. Srivastava Anushweta & Shah Maharashi. Latest Insider Trading Regulations: Prohibitions & Exceptions
17. Tax Guru, 30 Sept. 2020, https://taxguru.in/sebi/latest-insider-trading-regulations-prohibitions-exceptions.html.
18. HindustanLeverlimited(HIL)VsSEBI, (1998) 18SCL31 1MOF
19. Machiraju, H.R., (2009) The Working of Stock Exchanges in India, New Age International (P) Ltd.,pp-164-165
20. Reliance Industries limited (RIL) V & SEBI,2004 55 SCL 81 SAT
21. Katarki, Suneeth. India: `Mens Rea' In Insider Trading? A `Sine Qua Non'? Mondaq, 3 June 2015, www.mondaq.com/india/x/401724/Securities/Requirement Of Mens Rea As A Criterion for Penalising Insider Trading In India.
22. Jayachandran. Eliminating the Menace of Insider Trading. Live Mint, 27 Nov.2017, Constitution of India
23. https://www.lawinsider.in/columns/an-overview-of-insider-trading-related-laws-in-india#post-51341-footnote-0?trk=article-ssr-frontend-pulse_little-text-block Companies act 2013
24. Civil Appeal No.563 of 2020


**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# हिन्दी साहित्य में निबंध परम्परा और भाषा

**डॉ. रोशनलाल अहिरवार***

* प्रभारी प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, शाहगढ़, सागर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** हिन्दी साहित्य का आधुनिक काल साहित्य में गद्य लेखन की परम्परा को विकसित करने तथा विभिन्न विद्याओं के विकास के लिये जाना जाता है। आधुनिक साहित्य में निबंध का विशिष्ट महत्व है। निबंध विद्या के विकसित होने का अनुसंधानात्मक अध्ययन किया गया है।

**शब्द कुजी –** भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग,शुक्ल युग शुक्लोत्तर युग।

**प्रस्तावना –** हिन्दी साहित्य मे आधुनिक काल गद्य के विकास का काल है। गद्यकाल में निबंध विधा सर्वोपरि है। साहित्यिक विधाओं में निबंध विशेष रूप गद्य परिपुष्ट और व्यापक,बना रही है निबंध शब्द प्राचीन है यह (नि+बन्ध) से बना है, जिसका अर्थ बांधना, संग्रह करना आदि है। प्राचीन समय में लिखित भोज पत्रों को मजबूत धागे से बांधकर रखा जाना था निबंधन कहा जाता था। समयानुसार क्रमश: पृष्ठों को बांधने के स्थान पर विचारों का बांधना निबंधन अर्थ मे प्रयोग हुआ।

आज निबंध को फेंच के 'एसाइ' तथा अंग्रेजी के 'एसे' Essay का पर्याय माना जाता है, संस्कृत में इसका समानार्थी शब्द 'प्रबंध' है जिसका मूल अर्थ है–संदर्भ या ग्रंथ रचना। निबंध को परिभाषित करने के अनेक प्रयास किये गये हैं, जैसे निबंध साहित्य के जन्मदाता माईकिल डी मान्तेन निबंध को 'विचारों उद्धरणों और कथाओं के मिश्रण को मानते हैं।'

'Essay is a modly of reflection qotation and anecdotes'[1]
मान्तेन के निबंध 1580 ई. में एसेज ऑव मेस्सीर माइकेल, सीन्योर दि मांतेन' के नाम से प्रकाशित हुये।

अंग्रेजी साहित्य के प्रथम निबंधकार लार्ड बेकन 'मन के प्रकीर्ण चिंतन' को निबंध मानते हैं। इनके निबंध संग्रह का नाम Essayes है जो 1597 ई. में प्रकाशित हुआ था। इनके निबंध नोट्स रूप में थे और उसने मोंतेन से प्रभावित होकर 'एसे' Essay शब्द का प्रयोग स्फुट साहित्यिक प्रयास के अर्थ में किया। वे अपने निबंधों के विषय में लिखते हैं–
'Brief notes set down rather significautly than anxiously' [2]
आपने निबंधों को संक्षिप्त टिप्पण के रुप में ग्रहण किया है निबंध किसी विषय–विशेष पर एक ऐसी रचना है जिसकी परिधि सीमित होने पर भी शैली प्राय: प्रौढ़ एवं परिमार्जित होती है।

भारतीय विद्वानों मे आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने लिखा है–'यदि गद्य कवियों या लेखकों की कसौटी है तो निबंध गद्य की कसौटी है। भाषा की पूर्ण शक्ति का विकास निबंधों में ही सबसे अधिक संभव होता है।'[3]

निबंध के संबंध मे बाबू गुलाबराय कहते है–'निबंध उस गद्य रचना को कहते हैं जिसमें एक सीमित आकार के भीतर किसी विषय का वर्णन या प्रतिपादन एक विशेष निजीपन, स्वच्छंदता, सौष्ठव और सजीवता तथा आवश्यक संगति और संबद्धता के साथ किया गया हो।'[4]

हिन्दी निबंध साहित्य के विकास में पत्र–पत्रिकाओं का एवं राष्ट्रीय चेतना का विशिष्ट योगदान है। अंग्रेजी साहित्य के संपर्क से भारतीय जीवन में नव–जागृति, पत्र–पत्रिकाओं के प्रचार द्वारा गद्य का जो सरस और भावपूर्ण स्वरूप उदित हुआ उसे ही हम निबंध कहते हैं। हिन्दी गद्य साहित्य का सही विकास अंग्रेजी राज्य स्थापित हो जाने के बाद ही मिलता है।

भारतेन्दु युग के पूर्व ब्रजभाषा गद्य में बनारसीदास जैन ने 'परमार्थ वचनिका' और 'उपादान निमित्त की चिट्ठी' दो निबंध लिखे हैं। बनारसीदास जैन को हिन्दी का प्रथम निबंधकार माना जाता है। इनकी गद्य शैली और भाषा ब्रज है। गद्य शैली के सम्बन्ध में जयकिशन प्रसाद खण्डेलवाल लिखते हैं–'इनकी गद्य शैली सजीव और प्रभावपूर्ण है, शब्द सार्थक, प्रचलित और भावानुकूल प्रभाव उत्पन्न करने की क्षमता रखते हैं।'[5]
निबंध विचारात्मक कोटि के हैं। विषय गंभीर हैं, लेकिन विवेचन सरलता से किया है।

खड़ी बोली गद्य के चार प्रवर्तक हुए हैं–लल्लूजी लाल, सदल मिश्र, मुंशी सुदासुखलाल नियाज, सैयद इंशाअल्ला खॉ। खड़ी बोली गद्य के विकास में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र से कुछ समय पहले राजा शिवप्रसाद का लिखा 'राजा भोज का सपना' निबंध की कोटि की रचना तो हैं पर उसमें निबंध के महत्वपूर्ण तत्व आत्मीयता, वैयक्तिकता आदि का अभाव है। स्वामी दयानंद, श्रद्धाराम फुल्लौरी ने भी खड़ी बोली गद्य में कुछ निबंधों की सृष्टि की है।

**भारतेन्दु युग –** हिन्दी निबंधों के जन्मदाता भारतेन्दु हरिश्चंद्र हैं। भारतेन्दु युग हिन्दी निबंधों के जन्म और विकास का युग है। 'भारतेन्दु बाबू के समय से ही निबंध–रचना की परम्परा का आरंभ माना जाता है।'[6]

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने 'हरिश्चन्द्र मैगजीन' का प्रकाशन किया। देशभक्त और समाज सुधारक होने के कारण निबंधों में सामाजिक समस्याओं का चित्रण विस्तार से हुआ है। निबंधों में हास्य और व्यंग्य की छटा है– 'होली', 'त्यौहार', 'भूकम्पय, 'स्वर्ग में विचार सभा' आदि निबंध इसी श्रेणी के हैं। तत्कालीन समाज में रूढ़िवादिता, अंधविश्वास व्यापक रूप से विद्यमान था। भारतेन्दु ने अपने धार्मिक निबंधों में इनका विरोध किया। जैसे –'हम

मूर्ति पूजक हैं', 'ईश्वर का वर्तमान होना', 'भगवत स्तुति' आदि धार्मिक निबंध हैं।

राजनैतिक दुरावस्था को लक्ष्य करके उन्होंने राजनीतिक निबंध भी लिखे हैं, और तीखे व्यंग्य किये हैं। जैसे 'इंग्लैण्ड और भारतवर्ष', 'दिल्ली दरबार दर्पण', 'भारत वर्ष के सुधार के क्या उपाय हैं?' आदि उनके राजनीतिक निबंध हैं 'मित्रता', 'खुशी', 'अपव्यय आदि विचारात्मक निबंध लिखे हैं। साहित्यिक विषयों पर निबंधों में 'बंग भाषा की कविता', 'संगीत सार' आदि हैं।

भारतेन्दु की भाषा का एक व्यवस्थित, व्यवाहारिक रूप मिलता है। उनकी भाषा के सम्बन्ध में आचार्य शुक्ल ने लिखा है–'भारतेन्दु अपनी मॅजी हुई परिष्कृत भाषा सामने लाए तब हिन्दी बोलने वाली जनता को गद्य के लिए खड़ी बोली का प्रकृत साहित्यिक रूप मिल गया और भाषा के स्वरूप का प्रश्न न रह गया।'[7] भारतेन्दु ने हिन्दी गद्य शैली का एक नवीन और बिखरा रूप स्थिर किया है।

भारतेन्दु जी के समकालीन निबंधकारों में पण्डित बालकृष्ण भट्ट , पण्डित प्रतापनारायण मिश्र, बदरीनारायण चौधरी, राधाचरण गोस्वामी, आदि का नाम आता है। भट्ट जी प्रगतिशील लेखक एवं हिन्दी के पहले सर्वश्रेष्ठ निबंधकार है। इन्होंने 'हिन्दी प्रदीपय का संपादन किया और उसमें सामाजिक, राजनीतिक, साहित्यिक सभी प्रकार के निबंध लिखे। जहॉ एक ओर 'ऑख', 'नाक' जैसे साधारण विषयों पर उन्होंने बड़े रोचक निबंध लिखे हैं। मनोविकार से सम्बन्धित निबंधों में–'रूचि', 'आत्मगौरव', 'विश्वास', 'आशा' आदि निबंध हैं। कुछ निबंध साहित्यिक पद्धति के हैं जैसे 'ऑसू', 'लक्ष्मी', 'कालचक्र का चद्दर', 'माता का स्नेह', 'साहित्य जनसमूह के हृदय का विकास' है। भावात्मक निबंधों में 'चंद्रोदय' प्रमुख है।

भारतेन्दु मण्डल में पण्डित प्रतापनारायण मिश्र का महत्वपूर्ण स्थान है। निबंधकार के रूप में वे विश्वस्तरीय सृष्टा हैं जिनकी तुलना मांतेन,लेम्ब इत्यादि से की जाती है। विचारात्मक निबंधों में जो स्थान आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का है, वही भावात्मक निबंधों में प्रताप नारायण मिश्र का। मिश्रजी ने साधारण और व्यावहारिक विषयों को रोचक, सरस एवं मनोरंजक रूप में उपस्थित किया है–'दांत', 'भौ', 'वृद्ध', 'बात' आदि। नित्य प्रति उपयोग में आने वाले छोटे–छोटे शब्दों पर रोचक और सुंदर निबंधो में 'ढ', 'ट', 'त' आदि निबंध हैं। इसी के साथ उन्होंने व्यंग्य–विनोदपूर्ण निबंध लिखे हैं जिनका साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है–'पढ़े लिखों का लक्षण', 'बन्दरों की सभा', 'रिश्वत' आदि। मिश्र जी के अन्य निबंधों में 'देशोन्नति', 'हमारी आवश्यकता', 'नारी', 'अंतिम भाषण', 'चिन्ता', 'विश्वास', 'होली है', 'गंगा जी', 'गोरक्षा', 'धरतीमाता' आदि हैं। डॉ. लक्ष्मीनारायण दुबे लिखते हैं–'मिश्र जी के निबंध उस संक्रांति–काल के बोधक हैं जबकि हिन्दी गद्य का रूप निर्धारित हो रहा था और साहित्य एवं संस्कृति के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्राचीन और नवीन के मध्य संघर्ष हो गया।'[8]

बदरीनारायण चौधरी ने आनंदकादम्बनी पत्रिका का संपादन किया। निबंधों के विषय साहित्य, राजनीति, धर्म तथा समाज से सम्बन्धित है। 'दिल्ली दरबार में मित्र मण्डली', 'समय', 'नेशनल कांग्रेस की दुर्दशा', 'फाल्गुन', 'ऋतु वर्णन', इनके श्रेष्ठ निबंध हैं।

लाला श्री निवास दास के 'भरतखंड की समृद्धि', 'सदाचरण' इनके प्रमुख निबंध हैं।

राधाचरण गोस्वामी के व्यंग्यात्मक निबंध हिन्दी निबंध साहित्य की अक्षय निधि है। 'यमपुर की यात्रा', 'हिंदु बांधव' इनके महत्वपूर्ण निबंध हैं। श्री मोहनलाल विष्णुलाल पंडया के निबंध सामाजिक हैं–'खुशामद', 'बंधुत्व किसे कहते हैं', 'हम लोगों की वृद्धि किस रीति से होगी' इनके प्रमुख निबंध हैं।

भारतेन्दु युग के निबंधों में आत्मीयता, सहजता, रोचकता और सजीवता आदि गुणों का समावेश मिलता है। निबंधो का उद्देश्य देश–प्रेम, राष्ट्रसुधार एवं व्यक्तित्व परिष्कार था निबंधकारों के विषय में रामविलास शर्मा का मत है–'जितनी सफलता भारतेन्दु युग के लेखकों को निबंध रचना में मिली, उतनी कविता और नाटकों में नहीं मिली। इसका एक कारण यह था कि पत्रिकाओं में नित्य प्रति लिखते रहने से उनकी शैली भी खूब निखर गई थी। दूसरी बात यह कि निबंध ही एक ऐसा माध्यम था, जिसके द्वारा उस युग के धक्कड़ लेखक बेतकल्लुफी से अपने पाठकों से बात कर सकते थे।'[9] हिन्दी का गद्य–शैली को विकसित एवं परिष्कृत करने में इन निबंधकारों का महत्वपूर्ण योगदान है।

**द्विवेदी युग :** हिन्दी निबंध का दूसरा चरण द्विवेदी युग है। पण्डित महावीर प्रसाद द्विवेदी का हिन्दी साहित्य में एक निबंधकार के रूप में, एक आलोचक तथा भाषा सुधारक के रूप में अमूल्य योगदान है। भारतेन्दु युग तक भाषा का स्वरूप तो स्थिर हो चुका था, परन्तु व्याकरण सम्बन्धी दोषों से वह मुक्त नहीं हो पाई थी। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने इन दोषों को दूर कर भाषा को शुद्ध और व्याकरण सम्मत बनाया। उन्होंने 1903 मे 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन किया।

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी युग के सशक्त निबंधकार हैं। उन्होंने विचारात्मक निबंधों की परम्परा को जन्म दिया। 'कविता', 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता', 'साहित्य की महत्ता', 'कवि कर्तव्य', 'कवि और कविता', 'प्रतिभा' आदि। स्वच्छंद विचारधारा के साथ मनोभावों को रोचक शैली में लिखे निबंधो में उनके व्यक्तित्व के दर्शन होते हैं–'कालिदास का भारत', 'दण्डदेव का आत्म निवेदन', 'गोपियो की भगवत भक्ति' आदि। उनके आलोचनात्मक निबंधों में 'महिष शतक की समीक्षा', 'हिन्दी भाषा की उत्पत्ति', 'कालिदास का समय निरूपण' आदि निबंध आते हैं।

कुछ निबंधों में जीवनी, कथा, घटना, इतिहास को विषय बनाया है जैसे–'श्रीमद्भागवत', 'हंस संदेश', 'कादम्बरी', 'भारत के प्राचीन नरेशों की दिनचर्या', आदि। भाषा एवं व्याकरण सम्बन्धी निबंधों में–'अपनी भाषा की बात', 'भाषा और व्याकरण', 'हिन्दी नवरत्न' प्रमुख हैं।

द्विवेदी जी के निबंधों की भाषा शुद्ध, समृद्ध और व्याकरण सम्मत है। वह न तो संस्कृत बहुल भाषा के पक्षपाती थे और न ही उर्दू, फारसी के बल्कि इन भाषाओं के लोक प्रचलित शब्दों के प्रयोग को उचित समझते थे। बालमुकुन्द गुप्त भारतेन्दु और द्विवेदी युग को जोड़ने वाली कड़ी है। उनके निबंधों में एक ओर भारतेन्दु युग का राष्ट्रप्रेम, जन जागरण है तो दूसरी ओर द्विवेदी युग की सधी हुई, व्याकरण सम्मत भाषा भी है। 'शिव–शम्भू का चिट्ठा' तथा 'बालमुकुंद गुप्त निबंधावली' उनके निबंध संग्रह हैं। रामचन्द्र शुक्ल ने कहा है–'गुप्तजी की भाषा बहुत चलती, सजीव और विनोदपूर्ण होती थी। किसी प्रकार का विषय हो, गुप्त जी की लेखनी उस पर विनोद का रंग चढ़ा देती थी। वे पहले उर्दू के एक अच्छे लेखक थे, इससे उनकी हिन्दी बहुत चलती और फड़कती हुई होती थी'[10]

अध्यापक सरदार पूर्ण सिंह ने केवल छह निबंध मिलते हैं जो पुस्तकाकार भी प्रकाशित भी हैं–'सच्ची वीरता', 'कन्यादान', 'पवित्रता',

'वद्यक्रांति', 'आचरण की सभ्यता', 'मजदूरी और प्रेम' आदि।

पण्डित माधवप्रसाद मिश्र द्विवेदी युग के निबंधकार हैं। इन्होंने 'वैश्योपकारक' और 'सुदर्शन' पत्रों का संपादन किया। इनके निबंध एक ओर साहित्यिक, सामाजिक, राष्ट्रीय और पुरातत्व सम्बन्धी विषयों पर हैं। सनातन धर्म के प्रति आस्था होने के कारण शुद्ध धार्मिक निबंध भी लिखे हैं–'श्री पंचमी', 'होली', 'रामलीला', 'व्यासपूजा', 'विजयादशमी', 'श्रावण के त्यौहार' आदि निबंध धार्मिक विषयों को लेकर लिखे हैं।

चन्द्रधर शर्मा गुलेरी द्विवेदी युग के सबसे प्रगतिशील निबंधकार हैं। 'कछुआ धरम', 'मोरसि मोहिं कुठाउँ', 'संगीत' आदि उल्लेखनीय हैं। श्याम सुंदरदास जी के प्रमुख निबंधों में भारतीय साहित्य की विशेषतायें', 'कर्तव्य और सभ्यता', 'समाज और साहित्य', 'हमारे साहित्योदय की प्राचीन कथा', 'कविता की कसौटी', 'देवनागरी और हिन्दी', 'हिन्दी भाषा और साहित्य' इनके प्रमुख निबंध हैं।

पद्मसिंह शर्मा के निबंधों में प्रमुख 'मुझे मेरे मित्रो से बचाओय', 'दयानंद सरस्वती मर गये', 'हिन्दी के प्राचीन साहित्य का उद्धार' आदि हैं। इनके निबंध 'पद्मपराग' और 'प्रबंध मंजरी' में संकलित हैं। गोविंद नारायण मिश्र ने साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर निबंध लिखे हैं जो 'गोविंद निबंधावली' में संग्रहीत हैं। 'कवि और त्रिकार' इनका प्रसिद्ध लेख है।

अन्य निबंधकारों में गणेश शंकर विद्यार्थी, किशोरीदास बाजपेयी, बाबू शिवपूजन सहाय, बाबू विष्णुराव पराड़कर जगदीश प्रसाद चतुर्वेदी प्रमुख हैं।

द्विवेदी युग में निबंधकारों को नवीन विषय प्राप्त हुए, विभिन्न प्रकार के निबंधों की रचना हुई। स्वच्छंदता और उन्मुक्तता के स्थान पर विवेचन और गम्भीरता की वृद्धि हुई। भाषा का परिमार्जन एवं परिष्कार हुआ अब निबंध जनसाधारण की वस्तु न रहकर शिष्ट समाज की वस्तु भी बन थे।

**शुक्ल युग :** द्विवेदी युग तक निबंधों का विकास प्रौढ़ता प्राप्त कर चुका था। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने उस प्रौढ़ता के विकास के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाया। आचार्य शुक्ल ने साहित्य के क्षेत्र में कविता, कहानी, समालोचना और निबंधों का सृजन किया। इनके निबंध दो तरह के हैं– मनोविकार सम्बन्धी, आलोचना सम्बन्धी। शुक्लजी ने मनोविज्ञान में साहित्य और साहित्य में मनोविज्ञान एक साथ प्रस्तुत किया। 'चिन्तामणि' में शुक्ल जी का व्यक्तित्व उनकी शैली के व्यक्तित्व का प्रतीक बन गई। संग्रहीत निबंध उनकी गंभीर प्रवृत्ति के परिचायक हैं, इनमें से कुछ मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित हैं और अन्य साहित्यिक दृष्टिकोण से लिखे गए हैं। 'उत्साह', 'श्रद्धा भक्ति', 'करूणा', लज्जा और ग्लानि', 'लोभ और प्रीति', 'घृणा', ईर्ष्या', भय और क्रोध आदि निबंधों में मानव के मनोविकारों का बेहद सूक्ष्म दृष्टि से विश्लेषण किया है।

आचार्य शुक्ल ने हिन्दी जगत में निबंध के क्षेत्र को एक नया मार्ग प्रशस्त किया। 'चिन्तामणि' मे संग्रहीत गंभीर मनोवैज्ञानिक निबंध अपना साहित्यिक महत्व भी रखते हैं। 'कविता क्या है?' 'काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था', 'साधारणीकरण व व्यक्ति वैचित्र्यवाद', 'रसात्मक बोध के विविध रूपय, 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र', 'तुलसी का भक्तिमार्ग' आदि साहित्यिक कोटि के निबंध हैं।

शुक्लजी की भाषा–शैली का मूल्यांकन करते हुए कहा गया है–'हिन्दी के किसी ऐसे सफल लेखक का यदि नाम लिया जाय, जिसने भाषा की समस्त शैलियों–विवेचनात्मक–व्याख्यात्मक शैली और उसके विविध रूप, निगमन–आगमन, आलोचनात्मक, तर्कप्रधान, तुलनात्मक, गवेषणात्मक, उद्बोधनात्मक तथा निर्णयात्मक आदि सब शैलियां, भावात्मक शैली, वर्णनात्मक, विवरणात्मक शैली, संभाषण शैली, हास्य–व्यंग्यात्मक शैली, आलंकारिक शैली आदि का निर्वाह, समान अधिकार, योग्यता, प्रौढ़ता, सफलता और सफाई के साथ किया हो, तो वे स्वनामधन्य पण्डित रामचन्द्र शुक्ल ही हैं।'[11]

बाबू गुलाबरायने विचारात्मक, भावात्मक, वैयक्तिक, सामयिक निबंधों की रचना की है जो हिन्दी के श्रेष्ठ निबंधों में अधिकांश निबंध–साहित्य–संदेश नामक पत्र में प्रकाशित हुए। निबंधों के विषय साहित्य, राजनीति, इतिहास, धर्म, दर्शन, पर्व त्योहार आदि से सम्बन्धित है। 'मेरी असफलताएं' निबंध संग्रह उनकी विनोद प्रवृत्ति को स्पष्ट करता है। साहित्यिक निबंधों में उनकी विश्लेषणात्मक प्रवृत्ति दिखाई देती है। गुलाबराय ने विद्यार्थियों को उपयोगी निबंध भी लिखे हैं। 'प्रबंध–प्रभाकर' और 'निबंध–रत्नाकर' संग्रहों के निबंध इसी प्रकार के हैं।

सामयिक निबंधों में सीमावर्ती चोर' उनका इसी प्रकार का निबंध है। उनके अन्य निबंधों में 'कसोली' 'मेरी असफलताये' 'मेरे निबंध' 'जीवनपथ' 'मन की बात' 'फिर निराशा क्यों?' 'समाज और कर्तव्यपालन' प्रमुख हैं।

गुलाबराय की भाषा बड़ी सुदृढ़ है। कठिन विषय को भी सरल बनाकर प्रस्तुत करने की कला है–'भाषा की स्वच्छता, विचारों की स्पष्टता, वाक्य–विधान की सरलता और अभिव्यंजना की सुबोधता इनकी शैली के गुण हैं। तर्क–युक्ति, प्रमाण, परिमाण आदि इनकी शैली में कम ही आते हैं–वह सीधी स्वाभाविक आत्मीयता लिये होती हैं।'[12] भाषा सरल और मुहावरेदार, वाक्यों की सरलता, अभिव्यक्ति व्यावहारिक उनकी शैली की प्रमुख विशेषतायें हैं।

पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के निबंधों की विशेषता यह है कि निबंधों के माध्यम से हिन्दी के पाठकों को यूरोपीय साहित्य से अवगत कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पंचपात्र', 'कुछ और कुछ', 'प्रदीप', 'साहित्य शिक्षा', 'यात्री', 'बिखरे पत्र', 'मेरा जीवन क्रम', 'विज्ञान', 'समाज सेवा', 'अतीत स्मृति', 'एक पुरानी कथा', 'बंदर की शिक्षा' आदि उनके प्रमुख निबंध हैं।

सियारामशरण गुप्त गांधीवादी साहित्यकार थे आपने संस्मरण, यात्रा सम्बन्धी, सामाजिक, साहित्य आदि पर व्यक्तिनिष्ठ निबंध लिखे हैं। गांधीवाद का स्पष्ट प्रभाव निबंधों में दिखायी देता है। 'झूठ–सच', 'अन्य भाषा का मोह', 'सोच विचार''छुट्टी', 'घूंघट आदि निबंध है।

माखनलाल चतुर्वेदी ने विचारात्मक विषयों पर भी जैसे–'युग और कला', 'साहित्य देवता', 'रंग की बोली' भावात्मक निबंध लिखे हैं। निबंध संग्रहो में 'साहित्य देवता' हिन्दी निबंधों में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। 'अमीर इरादे गरीब इरादेय संग्रह में विचारों और भावों का योग है।

जयशंकर प्रसाद का निबंध साहित्य की अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान है। ऐतिहासिक निबंधों में 'विशाल', 'अजातशत्रु', 'राज्यश्री', 'स्कंदगुप्त', 'ध्रुवस्वामिनी', नाटकों की भूमिकाएं हैं 'आर्यावर्त का प्रथम सम्राट', 'इन्द्र' इसी श्रेणी के निबंध हैं। साहित्यिक निबंधों में 'प्रकृति सौंदर्य', 'भक्ति', ''चम्पू', 'कवि और कविता', व हिन्दी कविता का विकास आदि निबंध है। समीक्षात्मक निबंधों में 'काव्य और कला', 'रहस्यवाद', 'नाटकों का आरंभ', 'रस', 'नाटकों में रस का प्रयोग', 'रंगमंच', 'यथार्थवाद और छायावाद' आदि निबंध है।

हरिभाऊ उपाध्याय गांधीवादी दर्शन से प्रभावित थे। निबंध संग्रहों में– 'मनन', 'स्वागत', 'बुदबुद' आदि। दार्शनिक विषयों परमतत्व', 'जीवनसिद्ध', 'धर्म और नीति', 'सदाचार', प्रमुख निबंध हैं। रघुवीर सिंह भावात्मक निबंधकारों में जाने जाते हैं। निबंधों में भारतीय संस्कृति और इतिहास का सामंजस्य है। निबंधों में मुगलकालीन घटनाओं का विवरण मिलता है। प्रमुख निबंध संग्रहों में 'जीवन कण', 'शेष स्मृतियां', 'सप्तदीप', 'जीवनधूलि' प्रमुख हैं। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के विचारात्मक निबंधकारों में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। 'प्रबंध पद्म', 'प्रबंध प्रतीक्षा', 'प्रबंध पूर्णिमा', उनके प्रमुख निबंध हैं। श्री वियोगी हरि का नाम भावात्मक निबंधकारों में है। इनके निबंध संग्रहों में 'भावना', 'तरंगिणी', 'अन्तर्नाद', 'ठण्डे छीटे', 'मेरी हिमाकत' प्रमुख हैं।

प्रेमचंद मूलतः श्रेष्ठ कहानीकार और उपन्यास सम्राट हैं। इसके साथ ही एक निबंधकार के रूप में उनका विशिष्ट स्थान है। उनके अधिकांश निबंध साहित्यिक हैं–'साहित्य का आधार', 'जीवन में साहित्य का स्थान', 'साहित्य में बुद्धिवाद', 'राष्ट्रभाषा हिन्दी और उसकी समस्यायें' 'साहित्य और मनोविज्ञान', उूर्द, हिन्दी और हिन्दुस्तानी', 'कोमी भाषा' के विषय में कुछ विचार प्रमुख हैं।

पण्डित बनारसीदास चतुर्वेदी ने संस्मरणात्मक एवं जीवनीपरक निबंध लिखे हैं। 'हमारे आराध्य', 'रेखाचित्र', 'संस्मरण' इनके प्रमुख निबंध हैं

इस युग के अन्य प्रमुख निबंधकारों में पीताम्बर बड़वाल, राहुल सांस्कृत्यायन, डॉ. हरशिंकर शर्मा, श्रीराम शर्मा, पांडेय बेचन शर्मा उग्र, काका कालेलकर, सुमित्रानंदन पंत, चतुरसेन शास्त्री, परशुराम चतुर्वेदी, धीरेन्द्र वर्मा प्रमुख हैं।

शुक्ल युग में प्रायः सभी प्रकार के निबंधों का पूर्ण विकास हुआ है। निबंधों के विषय का विस्तार, भाषा की प्रौढ़ता, विविध शैलियां इस युग के निबंधों की विशेषतायें हैं।

**शुक्लोत्तर युग :** शुक्लोत्तर युग हिन्दी निबंध साहित्य का स्वर्ण युग है। साहित्य, समाज, संस्कृति, दर्शन, मनोविज्ञान सभी विषयों पर निबंध की सृष्टि हो रही है। इस युग के निबंध मौलिक तो हैं ही साथ ही अनुदित निबंध भी हमें प्राप्त हो रहे हैं।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का निबंधकारों में प्रथम है। आचार्य द्विवेदी श्रेष्ठ निबंधकार, कथाकार एवं आलोचक हैं। 'अशोक के फूल', 'भारतीय फलित ज्योतिष', 'मेरी जन्मभूमि' आदि निबंधों में उनका संस्कृति और इतिहास के प्रति प्रेम स्पष्ट दिखाई देता है। भारतीय संस्कृति के अनियंत्रित विस्तृत स्वरूप को उन्होंने पाठकों के समक्ष अपने 'संस्कृतियों का संगम' निबंधों में प्रस्तुत किया है। निबंधों में मानवतावाद उन पर रवीन्द्रनाथ टैगोर के प्रभाव को स्पष्ट करता है। आपके साहित्यिक निबंधों में यह मानव प्रेम बहुत निखरा है–'मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है', 'साहित्यकारों का दायित्व', 'सावधानी की आवश्यकता', ऐसे निबंध हैं जिनमें उनकी तन्मयता, हार्दिकता एवं कल्पना का सुंदर सामंजस्य मिलता है। द्विवेदी जी का नैसर्गिक सौंदर्य प्रकृति से प्रेम उनके निबंधों में व्याप्त है। 'अशोक के फूल', 'शिरीष के फूल', 'बसंत आ गया', आदि निबंध उनके प्रकृति प्रेम को दशाते हैं। 'अशोक के फूल', 'शिरीष के फूल', 'नाखून क्यों बढ़ते है', 'आम फिर बौरा गए', 'संस्कृतियों का संगम', 'भगवान महाकाल का कुंड नृत्य', आंतरिक शुचिता भी आवश्यक है', 'भारतीय फालित ज्योतिष', 'भारत वर्ष की सांस्कृतिक समस्या', 'भारतीय संस्कृति की देन', 'संस्कृत और साहित्य', 'रवीन्द्रनाथ के राष्ट गान', 'पुरानी पोथियां', 'काव्य कला', आदि प्रमुख निबंध हैं।

आचार्य नंददुलारे बाजपेयी समीक्षक, संपादक, अध्यापक थे। आलोचनात्मक निबंध संग्रहो में 'हिन्दी साहित्य : बीसवी शताब्दी', 'जयशंकर प्रसाद', 'प्रेमचंद', 'आधुनिक साहित्य', 'नया साहित्य', 'नये प्रश्न'आदि है। बाजपेयी जी हिन्दी समीक्षा के एक प्रमुख आधार स्तंभ हैं। मौलिक निष्पत्ति और साहित्यिक व्यक्तित्व की चिंतना के कारण साहित्य समीक्षा का निर्माता कहा जा सकता है। दर्शन, इतिहास और साहित्य का एक अद्भुत समन्वय उनके समीक्षात्मक निबंधों में मिलता है। बहुमुखी व्यक्तित्व को रेखांकित करने वाली पुस्तक 'हिन्दी साहित्य बीसवी शताब्दी' है इसके निबंध वास्तव में छायावाद को समझने–समझाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाते हैं। इसमें द्विवेदी युग के तीन प्रमुख लेखक लिए गए हैं– मैथिलीशरण गुप्त, रामचन्द्र शुक्ल और प्रेमचंद एक प्रकार से तीन दिशाओं का प्रतिनिधित्व करते है। कविता, समीक्षा और कथा साहित्य। आधुनिक साहित्य में सात खण्ड हैं जिसमें वे अपने समय की रचनाशीलता को उसके सामाजिक संदर्भों में रखकर देखते है। प्रसाद, निराला और पंत के काव्य पर विचार करते हुए बाजपेयी जी मुख्यतः उन बिंदुओं को स्पर्श करते हैं जो स्वतंत्र व्यक्तित्व देते हैं। इस कृति में उन्होंने प्रेमचंद से लेकर अज्ञेय तक लिखा है और प्रगतिवादी तथा प्रयोगवादी कवियों पर भी दृष्टि डाली है।

जैनेन्द्र कुमार मनोवैज्ञानिक निबंधकार हैं। जैनेन्द्र के प्रमुख निबंधों में 'प्रस्तुत प्रश्न', 'जड़ की बात', 'काम', 'प्रेम और परिवार', 'ये और वेय', 'व्यक्तिवाद', 'विचार वल्लरी', 'गांधी नीति' प्रमुख हैं।

महादेवी वर्मा संस्मरणात्मक निबंध हिन्दी साहित्य की अक्षय निधि है। 'स्मृति की रेखाएं', 'अतीत के चलचित्र', 'पंथ के साथी', संकलनों के निबंध। ये निबंध उनकी मधुर स्मृतियों को समेटे हैं । विचारात्मक निबंधो मे 'साहित्यकार की आस्था', 'काव्यकला', 'छायावाद', 'रहस्यवाद', 'गीतिकाव्य', 'युद्ध और नारी', 'जीवन का व्यवसाय', 'आधुनिक नारी', 'जीने की कला', आदि प्रमुख हैं। महादेवी जी के वर्णनात्मक निबंधों में 'बद्रीनाथ की यात्रा', 'सुई दो रानी डोरा दो रानी' प्रमुख हैं।

वासुदेवशरण अग्रवाल ने भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं पुरातत्व सम्बन्धी विषयों पर निबंध लिखे है। 'कला और संस्कृति', 'माता भूमि', 'पृथ्वी पुत्र', 'वेदविद्या', 'वाग्धारा', 'भारत की मौलिक एकता' इनके प्रमुख निबंध है।

डॉ. नगेन्द्र एक श्रेष्ठ आलोचक है। निबंध संग्रहों में 'विचार और विवेचन', 'विचार और अनुभूति', 'काव्य चिंतन', 'विचार और विश्लेषण', 'कामायनी के अध्ययन की समस्यायें' प्रमुख हैं।

डॉ. रामविलास शर्मा प्रगतिवादी आलोचक है। आप मार्क्सवाद से प्रभावित हैं। 'संस्कृति और साहित्य', 'प्रगतिशील साहित्य की समस्याएँ', 'प्रगति और परम्परा', 'स्वाधीनता और राष्ट्रीय साहित्य' उनके प्रमुख निबंध संग्रह हैं।

सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' प्रयोगवाद के प्रवर्तक, मनोविश्लेषणवादी उपन्यासकार हैं। –'त्रिशंकु', 'आत्मनेय पद', 'सब रंग कुछ रंग', 'हिन्दी साहित्य : एक आधुनिक परिदृश्य', 'लिखि कागद कोरेय, आपके प्रमुख निबंध संग्रह है।

श्री विद्यानिवास मिश्र, प्रमुख ललित निबंधकार हैं। इनके प्रमुख निबंध संग्रहों में–'छितवन की छाँह', 'आँगन का पक्षी और बनजारा मन', 'तुम

चंदन हम पानी', 'बसंत आ गया पर कोई उत्कंठा नहीं', 'परम्परा बंधन नहीं', मेरे राम का मुकुट भीग रहा है-मैने सिल पहुंचाई', 'कटीले तारों के आरपार', 'अस्मिता के लिए' इनके प्रमुख निबंध संग्रह हैं।

आधुनिक युग के महत्वपूर्ण निबंधकारों में प्रभाकर माचवे, डॉ. रामदरश मिश्र, निर्मल वर्मा, डॉ. गोपाल राय, डॉ. श्रीराम शर्मा, देवेन्द्र सत्यार्थी, रामवृक्ष बेनीपुरी, उपेन्द्रनाथ अश्क प्रमुख हैं।

इस युग में व्यंग्य एक सशक्त विधा के रूप में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।श्री हरिशंकर परसाई एक ऐसे व्यंग्यकार हैं जिन्होंने व्यंग्य को उच्च स्थान दिया हैं। निबंध संग्रहों में-'भूत के पांव पीछे', 'बेइमानी की परत', 'पगडंडियों का जमाना', 'और अन्त में', 'शिकायत मुझे भी है', 'अपनी-अपनी बीमारी', 'वैष्णव की फिसलन', 'विकलांग श्रद्धा का दौर' प्रमुख है। अपने इन निबंधों में परसाई जी ने सामाजिक और मानवीय यथार्थ को उजागर किया है। शरद जोशी, गोपाल प्रसार व्यास, प्रभाकर माचवे ने भी श्रेष्ठ हास्य-व्यंग्यपूर्ण निबंध लिखे हैं।

अपने उद्‌भव काल से लेकर वर्तमान युग तक निबंध की विकास यात्रा में नित नये विविधरूपी स्वरूप देखने मिलता है। साहित्य, समाज, संस्कृति, मनोविज्ञान, दर्शन सभी विषयों पर निबंधों की सृष्टि हो रही है। तथा भाषा का विकसित रूप देखने मिलता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. An Introduction of the study of literature W.H. Houtdson's Page 442.
2. An Introduction of the study of literature W.H. Houdson's Page 446.
3. हिन्दी साहित्य का इतिहास : आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ; नागरी प्रचारिणी सभा, काशी संवत 2040 संस्करण बीसवा, पृष्ठ 344।
4. काव्य के रूप :बाबू गुलाबराय ;आत्माराम एण्ड संस 1967 संस्करण छठवां ,पृष्ठ 213।
5. हिन्दी साहित्य की प्रवृत्तिायां : डॉ. जयकिशन खण्डेलवाल ; विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा/ 1985 बारहवां संस्करण पृष्ठ 761।
6. हिन्दी साहित्य का इतिहास:पण्डित रामशंकर शुक्ल रस्गल;पृष्ठ 730।
7. हिन्दी साहित्य का इतिहाय :आचार्य रामचन्द्र शुक्ल;पृष्ठ 307।
8. गद्य सोपान:संपादक लक्ष्मीनारायण दुबे ; चाँद कार्यालय इलाहाबाद 1970 पृष्ठ 158।
9. भारतेन्दु युग:डॉ. रामविलास शर्मा; कैलाश प्रिंटिंग प्रेस आगरा चतुर्थ संस्करण 1963 ,पृष्ठ 82।
10. हिन्दी साहित्य का इतिहास: आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, पृष्ठ 352 ।
11. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, निबंधयात्रा:डॉ. कृष्णदेव झारी; पृष्ठ51।
12. हिन्दी निबंधकार:जयनाथ नलिन, पृष्ठ 142।
13. हिन्दी साहित्य की प्रवृत्तिया : जयकिशन खण्डेलवाल ; विनोद पुस्तक मंदिर आगरा 1985 बारहवां संस्करण , पृष्ठ 770 ।


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Caribbean Literature: A Journey Through Identity, History and Resilience

**Pooja Sharma***

*Asst. Professor (Education) Dr C. V. Raman University, Khandwa (M.P.) INDIA

**Abstract :** Caribbean literature is a captivating tapestry that reflects the complexities of the region's history, culture, and identity. Born from the struggles of colonization, slavery, and cultural fusion, Caribbean literature has emerged as a powerful means of expressing the collective experiences and resilience of its people. This paper explores the rich and diverse landscape of Caribbean literature, examining its historical roots, major themes, prominent authors, and its role in shaping a distinct Caribbean identity. From the early works of the Harlem Renaissance to contemporary narratives, Caribbean literature continues to inspire and inform readers worldwide, providing a window into the vibrant soul of the Caribbean.
**Keywords:** Caribbean literature, Resilience, Colonialism, Cultural diversity, Linguistic diversity,Creole languages.

अमरकांत जी अपनी सारी रचनाओ में स्त्री संबंधित संघर्ष पर और समाज की संकीर्ण दृष्टि पर व्यथित होकर समाज के रवैये में बदलाव लाने के लिए प्रयत्नशील रहे है। आज की दुनिया में स्त्री इतनी चेतना संपन्न हुई है कि वह अपने जीवन का निर्णय स्वयं लेने लगे। उपन्यासकार अमरकांत सामाजिक चेतना का असली अर्थ यही समझाते है कि नारी अपने आप में नूतन शक्ति बनकर इस समाज के विरुद्ध लड़े। ऐसा करना ही समाज के लिए कल्याणकारी हो सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अमरकांत - सुन्नर पांडे की पतोह, पृ सं. 54
2. अमरकांत, ग्रामसेविका, प्र सं - 5
3. अमरकांत, काले उजले दिन, पृ सं - 162, 163

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# हजारी प्रसाद द्विवेदी : मानवीय एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण

**श्रीमती पूनम सिंह***

* असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी) करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (1907-1979) मूलत: साहित्येतिहास के शोधकर्त्ता एवं आलोचक हैं। उन्होंने उपन्यास, ललित निबंध के साथ ही साथ सम्पादक का भी कार्य किया। आचार्य हजारी प्रसाद की आलोचक दृष्टि उत्कृष्ट कोटि की है। वे बहुआयामी प्रतिभा से सम्पन्न थे। आचार्य द्विवेदी के हिन्दी साहित्य के इतिहास से संबंधित पुस्तकें हैं- 'हिन्दी साहित्य की भूमिका', 'हिन्दी साहित्य : उद्भव एवं विकास' तथा 'हिन्दी साहित्य का आदिकाल।' हिन्दी साहित्य के इतिहास पर आचार्य शुक्ल के बाद यदि किसी अन्य विद्वान् की मान्यताओं को नतमस्तक होकर स्वीकार किया जाता है तो वे आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी ही हैं। उन्होंने अपनी शोध दृष्टि से सांस्कृतिक धरोहर को मूल्यवान चेतना प्रदान की। द्विवेदी भारतीय संस्कृति के पोषक हैं। उन्होंने शुक्ल जी की मान्यताओं का खण्डन किया है। शुक्ल जी 'आदिकाल' को 'वीरगाथा काल' कहने के पक्ष में थे जबकि 'आदिकाल' वीर काव्य के साथ धार्मिक एवं शृंगार के भी काव्य रचित थे। द्विवेदी जी अपनी शोधक दृष्टि से शुक्ल के 'वीरगाथा काल' कहने वाले ग्रन्थों पर ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया। शुक्ल जी भक्ति का उदय इस्लाम से मानते थे, द्विवेदी जी इसका भी खण्डन करते हैं।

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार- 'देश में मुसलमानों का राज्य प्रतिष्ठित हो जाने पर हिन्दू जनता के हृदय में गौरव, गर्व और उत्साह के लिए वह अवकाश न रह गया।........ अपने पौरुष से हताश जाति के लिए भगवान् की शक्ति और करुणा की ओर ध्यान ले जाने के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही क्या था।'

आचार्य शुक्ल 'भक्ति' को इस्लाम से आया हुआ मान लेते हैं। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी भक्ति को न तो इस्लाम से आया हुआ मानते हैं और न ही पराश्रित मनोवृत्ति का ही परिणाम मानते हैं। इनके अनुसार- 'मैं इस्लाम के महत्व को भूल नहीं रहा हूँ लेकिन जोर देकर कहना चाहता हूँ कि अगर इस्लाम नहीं आया होता तो भी इस साहित्य का बाहर आना वैसा ही होता जैसा आज है।' आचार्य द्विवेदी जी के सार्थक एवं प्रामाणिक शोध का ही परिणाम है कि उन्होंने धार्मिक सम्प्रदाय जैसे- सिद्ध सम्प्रदाय, नाथ सम्प्रदाय एवं जैन सम्प्रदाय को प्रतिष्ठापित किया। उन्होंने शोधपरक दृष्टि से सिद्ध किया कि हिन्दी सन्त काव्य पूर्ववर्ती नाथ, सिद्ध साहित्य का सहज विकसित रूप है। सिद्धों और नाथों के भक्ति-भावना को सन्त काव्य में स्पष्ट देखा जा सकता है। सूफी काव्य भी ईरानी साहित्य से प्रभावित न होकर अपितु संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश की काव्य परम्पराओं पर आधारित है। संस्कृत हिन्दी की जननी भाषा है। हिन्दी की विकास परम्परा संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं अपभ्रंश ही है। आचार्य द्विवेदी जी ने अपनी सूक्ष्म दृष्टि से भारत की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करने का सफल प्रयास किया। उनकी दृष्टि भारतीय संस्कृति के पोषक सिद्धान्त पर है।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के निबंध उनकी सांस्कृतिक पक्ष को सबसे अधिक बलवती बनाते हैं। उनके निबंध संग्रहों में प्रमुख हैं- अशोक के फूल, कल्पलता, कुटज, विचार और वितर्क, आलोक पर्व, विचार-प्रवाह इत्यादि। आचार्य द्विवेदी का निबंध क्षेत्र बहुत ही व्यापक एवं विस्तृत है। उनका निबंध सांस्कृतिक चिन्तन की गम्भीरता का प्रमाण है। द्विवेदी जी के निबंधों में मानव-कल्याण की भावना सर्वत्र विद्यमान है। द्विवेदी जी सांस्कृतिक निबंधों में भारतीय संस्कृति के व्यापक धरातल को दिखाया गया है। इसमें अतीत की भावभूमि को वर्तमान धरातल पर प्रतिष्ठित किया गया है। द्विवेदी जी को भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधि निबंधकार माना जाता है। भारतीय संस्कृति को अभिव्यक्ति देने वालों में आचार्य द्विवेदी का नाम सर्वोपरि है। उनके निबंधों में भारतीय संस्कृति एवं धर्म का विवेचन विपुल मात्रा में किया गया है। द्विवेदी जी संस्कृत साहित्य के प्रकाण्ड विद्वान् थे किन्तु तब भी उनकी दृष्टि मानव धर्म को पोषित करने वाले सिद्धांतों पर केन्द्रित थी। वे स्पष्ट रूप से व्याख्यायित करते हैं कि- 'सभ्यता का आन्तरिक प्रभाव संस्कृति है। सभ्यता समाज की बाह्य व्यवस्थाओं का नाम है, संस्कृति व्यक्ति के अन्तर विकास का।' आचार्य द्विवेदी जी के सांस्कृतिक निबंधो में प्रमुख हैं- 'सभ्यता और संस्कृति, संस्कृति और साहित्य, भारतीय संस्कृति की देन, हम सौ वर्ष कैसे जियें, भारतवर्ष की सांस्कृतिक समस्या, भारतीय फलित ज्योतिष, हमारी संस्कृति और साहित्य का संबंध, भारतीय संस्कृति के मूल स्रोत, जीवेम शरद: शतम् प्राचनी भारत की सामाजिक एवं दार्शनिक पृष्ठभूमि' इत्यादि हैं। इन निबंधों में भारतीय संस्कृति के सार्थक पक्षों के साथ ही साथ सांस्कृतिक पक्षों को भी वृहद रूप से उजागर किया गया है। मनुष्य की श्रेष्ठ साधनाएँ ही संस्कृति हैं। द्विवेदी जी के निबंध संस्कृत साहित्य के गम्भीर एवं चिन्तन पक्ष को प्रकट करते हैं। आचार्य द्विवेदी का मानव विषय पर आधारित दार्शनिक विषयक मन्तव्य दृष्टिगोचर है- 'हमारे दो रूप हैं। एक चिन्मय रूप दूसरा मृण्मय रूप। चिन्मय चैतन्य है, मृण्मय का अर्थ मिट्टी का अर्थात् जड़। जड़ता नीचे की ओर खींचती है। चैतन्य जड़ता के गुरुत्वाकर्षण को नहीं मानता। छोटा सा तृणांकुर धरती के सारे गुरुत्वाकर्षण को अभिभूत करके सिर ऊपर उठाकर खड़ा हो जाता है। नैतिकता चेतना का धर्म है। अनैतिकता उसका अभाव।' द्विवेदी जी नैतिक मूल्यों को चेतना का प्रतीक मानते हैं।

आचार्य द्विवेदी ने मानव धर्म की अवधारणा को विश्व कवि रवीन्द्र से ग्रहण किया है। द्विवेदी जी के मानवतावाद में रवीन्द्रनाथ टैगोर की 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना छिपी हुई है। द्विवेदी जी मानव को देवता से भी ऊँचा स्थान देते हैं। वे कहते हैं कि- 'मनुष्य क्षमा कर सकता है, देवता नहीं कर सकता। मनुष्य हृदय से लाचार है, देवता नियम का कठोर प्रवर्त्रयिता है। मनुष्य नियम से विचलित हो जाता है, पर देवता की कुटिल भृकुटि नियम की निरन्तर रखवाली करती है। मनुष्य इसलिए बड़ा होता है कि वह गलती कर सकता है, देवता इसलिए बड़ा है कि वह नियम का नियन्ता है।' द्विवेदी जी के साहित्य में मानवतावाद सर्वत्र विद्यमान है। वे अपने साहित्य में आधुनिक मानवता के साथ-साथ मध्ययुगीन मानव संस्कृति एवं सभ्यता का सामंजस्य दिखाना चाहते हैं। उनके अनुसार- 'आधुनिक युग के मानवतावाद के साथ मध्य युग के उस मानवतावाद को भुला नहीं देना चाहिए जिसमें किसी न किसी रूप में यह स्वीकार किया गया है कि मानव जन्म दुर्लभ है और भगवान् अपनी सर्वोत्तम लीलाओं का विस्तार नर रूप धारण करके ही करते हैं। नवीन मानवतावाद की सबसे बड़ी बात है, उसकी ऐहिक दृष्टि और मनुष्य के मूल्य और महत्तव की मर्यादा का बोध।' वे मानव धर्म को सर्वश्रेष्ठ धर्म मानते थे।'

आचार्य द्विवेदी के साहित्य में भारतीय संस्कृति का जीवन्त चित्रण विद्यमान है। उन्होंने बार-बार उद्धोषित किया है कि 'मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है।' उनका सम्पूर्ण साहित्य मानवतावाद से परिपूर्ण है। वे मनुष्यता विरूद्ध किसी धर्म को नहीं मानते। वह ऐसे ग्रन्थ, रचना को श्रेष्ठ नहीं मानते जो मनुष्य को मनुष्य बनने में बाधक सिद्ध हो। उन्होंने साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखने का अभियोग किया है। वे कहते हैं कि- 'मैं साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखने का पक्षपाती हूँ। जो वाग्जाल मनुष्य को दुर्गति, हीनता और परमसुखापेक्षिता से बचा न सके, जो उसकी आत्मा को तेजोदीप्त न बना सके, जो उसके हृदय को परदु:खकातर और संवेदनशील न बना सके उसे साहित्य कहने में मुझे संकोच होता है।' स्पष्ट है कि द्विवेदी जी ऐसे ही साहित्य को उत्तम मानते हैं जो मनुष्यता का उत्साहवर्द्धक हो। मनुष्य को गलत दिशा देने वाला साहित्य, साहित्य की कोटि में नहीं आता।

द्विवेदी जी अन्यत्र भी कहते हैं- 'वह शास्त्र, वह रसग्रन्थ, वह कला, वह नृत्य, वह राजनीति, वह समाज सुधार और पूजा पार्वण जंजाल मात्र है, जिससे मनुष्यता का भला न होता हो।' द्विवेदी जी ने अपने सांस्कृतिक निबंधों द्वारा नव-निर्माण का संदेश दिया है। वे अंधविश्वास, वाह्याडंबर पर आधारित ढकोसलों को मान्यता नहीं देते। वे ऐसी संस्कृति को महत्त्व देते हैं जो विश्वबन्धुत्व की भावना से प्रेरित हो, जिसमें मानव-कल्याण की भावना निहित हो। सांस्कृतिक पक्ष उनका कहीं भी संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित नहीं होता। द्विवेदी सांस्कृतिक पक्ष का विकास ऐतिहासिक पक्ष को भली-भाँति देखकर उसके अन्तर्गत निहित विकास-परम्परा के आधार पर करते हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति का गहन अध्ययन-विश्लेषण किया है।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने भारतीय संस्कृति और परम्पराओं का आधुनिक परिवेश में समन्वयात्मक रूप प्रस्तुत किया। उन्होंने भौतिकता-आध्यात्मिकता, जड़-चेतन, प्रवृत्ति-निवृत्ति, प्रेम-श्रेय, प्रेम-त्याग का अद्‌भुत समन्वयात्मक रूप प्रस्तुत किया। द्विवेदी जी विभिन्न विरोधों एवं विविध मान्यताओं के समन्वय को ही मूलप्रवृत्ति का द्योतक माना है। आचार्य द्विवेदी जी ने स्पष्ट लिखा है- 'मैं संस्कृति को किसी देश विशेष या जाति विशेष की अपनी मौलिकता नहीं मानता। मेरे विचार से सारे संसार के मनुष्यों की एक ही सामान्य मानव संस्कृति हो सकती है।' द्विवेदी जी का मानना है कि अगर सभी मनुष्य अभेदता को मिटाकर एक ही संस्कृति को अपना ले तो संसार में भेद-भाव मिट जायेगा। सभी मनुष्य प्रेमपूर्वक रहने लगेंगे, उनमें कोई झगड़ा-लड़ाई नहीं रह जायेगा। द्विवेदी जी भेद-भाव, ईर्ष्या-द्वेष, युद्ध-संघर्ष से रहित होकर व्यवस्थित रूप से एकरूपता में बंधने की प्रक्रिया को सौन्दर्य के अन्तर्गत देखा है। तभी तो वे कहते हैं कि- 'सौन्दर्य सामंजस्य में होता है।'

भारतीय संस्कृति में मानव-प्रेम, प्रकृति प्रेम के साथ मातृभूमि की भावना भी निहित है। भारतीय संस्कृति में कर्म-बल की प्रधानता है। मनुष्य के कर्म में ही फल की आकांक्षा स्थित रहती है। सभी मनुष्यों को अपने कर्म का फल अवश्य मिलता है। अच्छे कर्मों का फल अच्छा तो बुरे कर्मों का फल बुरा। द्विवेदी जी ने 'भारतवर्ष की सांस्कृतिक समस्या' को स्पष्ट करते हुए लिखा है- 'संस्कृति मनुष्य की विविध साधानाओं की सर्वोत्तम परिणति है। धर्म के समान वह भी अविरोधी वस्तु है। वह समस्त दृश्यमान विरोधों में सामंजस्य स्थापित करती है। भारतीय जनता की विविध साधनाओं की सबसे सुन्दर परिणति को ही भारतीय संस्कृति कहा जा सकता है।' द्विवेदी जी की दृष्टि यथार्थ और आदर्श का समन्वय करती है। वह यथार्थ पृष्ठभूमि पर आदर्शवाद के साथ चलते हुए मानव-कल्याण को ही सर्वोपरि मानते हैं। भारतीय संस्कृति की पुरानी परम्पराओं के साथ चलते हुए उसे आधुनिक युग की भाव-भूमि पर प्रतिष्ठित करते हैं। 'प्राचीन संस्कृतियों के आधार पर नवीन मूल्यों का निर्माण करना' द्विवेदी जी की सबसे महत्त्वपूर्ण उपलब्धि रही है। उन्होंने अपनी संस्कृतियों एवं परम्पराओं का त्याग कहीं भी नहीं किया। संस्कृतियों एवं परम्पराओं को साथ लेकर ही उन्होंने अपने साहित्य का सृजन किया।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के साहित्य की सबसे महत्त्वपूर्ण देन मानव-कल्याण की भावना है। वे लिखते हैं कि- 'मनुष्य जितना ही अधिक मनुष्य होता है उतना ही अधिक वह दूसरों के साथ अपना तादात्म्य स्थापित कर सकता है और इसके अन्तिम तर्कसंगत परिणाम तक ले जाया जाये तो कह सकते हैं कि एकत्व की अनुभूति ही मनुष्य की चरम मनुष्यता है।' द्विवेदी जी मनुष्य के क्रियाशील व्यक्तित्व को महत्तव देते हैं। मनुष्य के सुख-सुविधा का आधार कर्म होता है। यह कर्म जब दूसरे मनुष्य की भलाई में लगाया जाता है तो यह मानसिक संतुष्टि देता है। मनुष्य जन्म लेने का प्रयोजन भी सार्थक सिद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा है- 'जीवन को सुन्दर ढंग से बिताने के लिए भी जीवन का एक रूप होना चाहिए। बहुत से लोग कुछ भी न करने को भलापन समझते हैं, यह गलत धारणा है। सुन्दर जीवन क्रियाशील होता है क्योंकि क्रियाशीलता ही जीवन का रूप है। क्रियाशीलता को छोड़कर जीवन का सौन्दर्य टिक नहीं सकता है।' मनुष्य अपने कर्मों के द्वारा ही मनुष्य जीवन को सुन्दर बना सकता है। मनुष्य को कर्म की सही पहचान होनी चाहिए। क्योंकि अच्छे कर्म जहाँ मनुष्य को ऊँचा उठाते हैं वहीं बुरे कर्म उसे अधोपतन की ओर ले जाते हैं। मनुष्यता रूपी कर्म ही मनुष्य को पशुतव एवं जड़त्व से ऊपर उठाती है। द्विवेदी जी ने अपने साहित्य में मनुष्य के नैतिक-अनैतिक गुणों को दिखाकर मानवता को सर्वश्रेष्ठ धर्म स्वीकार किया है। 'बाणभट्ट की आत्मकथा' में 'भट्टिनी' कहती है- 'एक जाति दूसरी को म्लेच्छ समझती है, एक मनुष्य दूसरे को नीच समझता है। इससे बढ़कर अशान्ति का कारण और क्या हो सकता है भट्ट। तुम्हीं ऐसे हो जो नरलोक से लेकर किन्नरलोक तक व्याप्त एक ही रागात्मक हृदय, एक ही करुणायित

चित्ता को हृदयंगम करा सकते हो।' द्विवेदी जी इस कथन के द्वारा यह सिद्ध करना चाहते हैं कि भारत देश में मनुष्य को मनुष्यता के रूप में न देखकर उसे उच्च जाति और निम्न जाति में विभाजित कर दिया जाता है। मनुष्य जाति सर्वत्र दूसरे मनुष्यों को नीचा दिखाने में लगे हुए हैं। मनुष्य जाति धर्म, वर्ण, जाति आदि रूपों में विभाजित होकर परस्पर लड़ते-झगड़ते हैं। द्विवेदी जी मनुष्य को धर्म और जातियों में विभाजित न कर उन्हें मनुष्यता के रूप में विभाजित करने के पक्ष में हैं।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी नरदेह को व्यापक एवं विस्तृत मानते हैं वे कहते हैं कि- 'केवल मनुष्य को इच्छा, क्रिया और ज्ञान की त्रिधारा प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त है। इसलिए परस्पर पुरुष को भी जब कुछ करना होता है, तब उसे नरदेह धारण करनी पड़ती है। देह तो वह और भी धारण कर सकता है, पर नरदेह में उसका पूर्ण विस्तार होता है।' शरीर तो पशुओं को भी मिलता है। उनमें भी बुद्धि और समझदारी होती है, किन्तु वह विस्तृत एवं व्यापक नहीं होती। मनुष्य ही सम्पूर्ण धरती पर वह प्राणी है जो व्यापकता से फलीभूत होता है। उसका मानसिक स्तर उच्च दर्जे का होता है। वह अपनी बुद्धि के बल पर सम्पूर्ण जगत् में अपना आधिपत्यजमा सकता है। मनुष्य से निकृष्ट प्राणी केवल एक जगह तक ही सीमित होकर रह जाता है। द्विवेदी जी ने बार-बार दुहराया है- 'मनुष्य की जो सबसे सूक्ष्म और सराहनीय साधना है उसी का प्रकाश साहित्य है।' मनुष्य ने बहुत ही अधिक साधना की जिसके फलस्वरूप वह स्वयं को पशुत्व धर्म से बचा पाया। मनुष्य ने कठिन तपस्या के तदन्तर ही संयम एवं परदु:ख कातर जैसी भावनाओं को प्राप्त किया। मनुष्यता की स्थापना से ही साहित्य श्रेष्ठ एवं मूल्यवान बनती है। स्वार्थ की समाप्ति पर ही मनुष्यता का विकास होता है। द्विवेदी जी ने कहा है कि- 'मनुष्य रूपी पुरुष ही अर्थात् पशु-सुलभ धरातल से ऊपर उठा हुआ मनुष्यत्व धर्मी जीव ही सृष्टि की सबसे बड़ी साधना है। उससे बड़ा कुछ भी नहीं- पुरुषान्न परं किंचित् सा काष्ठा सा परा गति:।'

अन्तत: कह सकते हैं कि आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का साहित्य मानवता एवं सांस्कृतिक चेतना की विराट अनुभूति है। उन्होंने प्राचीन परम्पराओं एवं मान्यताओं के आदर्श मूल्यों को आधुनिक परिवेश में उतारने का भरपूर प्रयास किया। उनका आदर्शवाद कोरी कल्पना एवं अंधानुकरण से रहित होकर नवीन जीवन मूल्यों की स्थापना करता है। वे कहते हैं- 'साहित्य को महान बनाने के मूल में साहित्यकार का महान संकल्प होता है वह संकल्प इस विचार-पद्धति के साथ है।' आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने अपनी विद्वता को उपन्यास, निबंध, हिन्दी साहित्य ग्रन्थ, आलोचनात्मक ग्रन्थ एवं अनूदित ग्रन्थों के माध्यम से प्रदर्शित किया। उन्होंने कबीर, सूर, कालिदास, रवीन्द्रनाथ आदि कवियों को लेकर अपने आलोचनात्मक विधा को समृद्ध बनाया। उनके प्रिय कवियों कबीर सर्वप्रमुख हैं। कबीर उन्हें इसलिए प्रिय हैं क्योंकि कबीर ने मनुष्यता को सर्वोपरि माना था। मनुष्यता के स्वरूप को उन्होंने रवीन्द्रनाथ के साहित्य से प्राप्त किया। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का साहित्य प्रौढ़ता एवं गम्भीरता से पूर्ण होकर सांस्कृतिक धरोहर के अन्तर्गत सर्वत्र मानव-कल्याण की भावना को दर्शाता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. विश्वनाथ त्रिपाठी, हिन्दी आलोचना, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन प्रा0लि0, 1-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-110002, संस्करण प्रथम, ग्यारहवीं आवृत्ति, 2009.
2. नन्दकिशोर नवल, हिन्दी आलोचना का विकास, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन प्रा0लि0, 1-बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली-110002, प्रथम संस्करण 1981, तीसरी आवृत्ति 2007.
3. डॉ0 रेवतीरमण, हिन्दी आलोचना : बीसवीं शताब्दी, प्रकाशक-अभिव्यक्ति प्रकाशन प्रा0लि0, बी-31 गोविन्दपुर कॉलोनी, इलाहाबाद-211004, संस्करण प्रथम 2002, पुनर्मुद्रण 2011.
4. रामस्वरूप चतुर्वेदी, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास, प्रकाशक-लोकभारती प्रकाशन, पहली मंजिल, दरबारी बिल्डिंग, महात्मा गाँधी मार्ग, इलाहाबाद-211001, संस्करण 2014.
5. डॉ0 लालसाहब सिंह, हिन्दी साहित्य का नवीन इतिहास, प्रकाशक-विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी-221001, संस्करण द्वितीय 2005.

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054, July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# शिवमूर्ति : समकालीन कथा साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर

**डॉ. प्रिया सिंह***

* असिस्टेंट प्रोफेसर, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ (उ.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** समकालीन हिन्दी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर माने जाने वाले शिवमूर्ति जी ने अपनी रचनाओं में मजदूरों, स्त्रियों, किसानों, ग्रामीण जनजीवन व दलितों की दयनीय स्थिति, उन पर होने वाले शोषण व अत्याचारों और इन सबके प्रतिकार स्वरूप उत्पन्न विरोध व विद्रोह की आग व जातिवादी विमर्श को बहुत ही प्रभावी एवं प्रमाणिक ढंग से अभिव्यक्त किया है, जिसके माध्यम से हम पाते हैं कि समाज में एक नवजागृति व सामाजिक चेतना का प्रादुर्भाव होता है। शिवमूर्ति ऐसे कथाकार हैं जो समाज के उस यथार्थ को रचते हैं, जहाँ तक दूसरों की दृष्टि कम ही पहुँचती है। यथार्थपरक आख्यान उनकी रचनाओं के कथानक व घटनाक्रम में ही समाहित नहीं होता बल्कि उनकी भाषा, उनके पात्रों के चरित्र, उनके संवाद आदि प्रत्येक स्थान पर दिखाई देता है। शिवमूर्ति के साहित्य में केवल दलितों व पिछड़ों की ही चिन्ता नहीं है न ही केवल दलितों के सरोकारों की बात की गई है, वरन् उनके सरोकार सभी जातियों, समुदायों के गरीबों से जुड़े हुए हैं। वर्गीय चिन्ता तथा नारी विमर्श उनके लेखन में प्रबल रूप में उपस्थित है। उनकी अधिकांश कहानियों के केन्द्रों में स्त्रियाँ ही हैं किन्तु आधुनिकता व उत्तर आधुनिकता के बीच झूलने वाले शहरी वातावरण की तुलना में ग्रामीण परिवेश में जीने वाली गरीब व प्रताड़ित स्त्री की स्थिति उन्हें ज्यादा चिंतित करती है।

भारतीय साहित्य में आधुनिक काल का प्रारम्भ उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से प्रारम्भ होता है, किन्तु सुधार आन्दोलन की दृष्टि से हम आधुनिक काल को अंग्रेजों के आगमन से जोड़कर देखते हैं। वस्तुत: भारत में अंग्रेजों के आगमन के पश्चात् ही दलितों में एक नई चेतना उत्पन्न होती है तथा प्रतिरोध की भावना का विकास होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो अंग्रेजी राज्य की स्थापना के साथ ही दलित जीवन की संघर्ष गाथा शुरू हो जाती है। स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान भी दलित प्रश्नों को मुखरता से उठाया गया किन्तु स्वतंत्रता मिलने के पश्चात् दलित आन्दोलन की चमक फीकी पड़ने लगती है तथा निरन्तर कमजोर होती जा रही थी। समकालीन हिन्दी कथा साहित्य में शिवमूर्ति का लेखन पाठकों के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जाता है क्योंकि वे अपने समय के उन सारे सवालों से टकराते हैं जिन्हें स्वाधीन भारत के बड़े सवालों के रूप में जाना जाता है। शिवमूर्ति ने सन् 2004 में अपने उपन्यास 'तर्पण' में दलित-शोषण केन्द्रित लेखन को एक नए मुकाम पर पहुँचा दिया। इनके कथा साहित्य में दलित वर्ग का चित्रण लाचार व निरीह रूप में न होकर शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के रूप में हुआ है। 'तर्पण' उपन्यास में रजपतिया के पिता पियारे पण्डित के बेटे चंदर की माँ को चेतावनी देते हुए कहते हैं कि– 'किसी गुमान में मत भूलिए पंडिताइन अब हम ऊ चमार नहीं है कि कान, पूँछ दबाकर सब सह, सुन लेंगे, चिउँटो को गुड़ का मजा लेना मंहगा कर देंगे।'[1]

'तर्पण' उपन्यास में आज के आधुनिक भारत के गाँवों की तस्वीर दिखाई देती है। ऊँची मानी जाने वाली सर्वण जातियों के दिन अब लद गए हैं, उनकी मानसिकता के कारण जातीय संघर्ष अक्सर देखे जाते हैं। शिवमूर्ति जी का मुख्य ध्येय ही दलितों का जातिगत संघर्ष, मोर्चा-बन्दी और शक्ति प्रदर्शन को दर्शाना है। दलित समाज अब सत्य के साथ-साथ न्याय हासिल करने के लिए लड़ रहा है। शिवमूर्ति जी दिखाते हैं किस प्रकार दलितों के नेता भाई जी ने दलितों में एक नई चेतना जाग्रत की है। भाई जी चंदर के खिलाफ बलात्कार की रिपोर्ट लिखने की सलाह देते हैं, लेकिन लोगों द्वारा इसे झूठा करार देने पर वे साफ कहते हैं– 'झूठ नहीं स्ट्रेटजी। कलयुग में केवल सच के भरोसे जीत नहीं हो सकती। वे तो हमेशा ही स्ट्रेटजी के तौर पर झूठ बोलते और जीतते आए हैं। सिर्फ एक झूठ बोलकर कि वे ब्रह्मा के मुँह से पैदा हुए हैं और हम पैर से, वे हजार साल जो हमसे अपना पैर पुजवाते आ रहे हैं। अब एक झूठ बोलने का हमारा दाव आया है तो हमारे गले क्यों अटक रहा है।'[2]

यहाँ दलितों को तेवर रक्षात्मक न होकर पूरी तरह निडर व पराक्रमी है। भारतीय समाज में आज धर्म, जाति और सम्प्रदाय के ठेकेदार लोगों के बीच खाई को लगातार बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। साम्प्रदायिकता और जातिवाद के नाम पर नेता घिनौनी राजनीति करते हैं और इसका परिणाम आम जनता को भुगतना पड़ता है। शिवमूर्ति जी ने अपने उपन्यास 'त्रिशूल' में साम्प्रदायिकता और घोर जातिवादिता को चित्रित किया है। 'त्रिशूल' उपन्यास का पात्र पाले, दलित समाज व दलित अस्मिता का प्रतिनिधित्व करता हुआ कहता है–

**अरे, हो, ओ....ओ....ओ.....**
**छुआछूत और जाति पाति माँ**
**सगरो मनई जरत मरत है**
**ऊपर से जब बोलने लागै**
**लागै मानो फूल झरत हैं।**
**हा...हा...हो...हो! बहुत सही। बहुत सही।**[3]

इसी प्रकार शिवमूर्ति की कहानी 'बनाना रिपब्लिक' में भी जातीय संघर्ष देखा जा सकता है।

समकालीन कथा साहित्य में दलित जीवन के उन सभी पहलुओं का चित्रण मिलता है, जो दलित समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए सहायक

सिद्ध हुए। विरोध व विद्रोह का भाव पूरे दलित समाज को सशक्त बनाता है, वे सामंतवादी और ब्राह्मणवादी शक्तियों के एकाधिकार को चुनौती दे रही हैं और परास्त भी कर रही हैं। 'बनाना रिपब्लिक' कहानी में ही शिवमूर्ति जी ने एक ऐसी दलित स्त्री 'फुलझारी' का चित्रण किया है जो अकेले दम पर परधानी का चुनाव लड़ रही है। फुलझारी के दुआर पर सुबह-शाम औरतों का मेला लगता है। किसी को विधवा पेंशन चाहिए, किसी को बुढ़ापा पेंशन। कमर में लाल चुनरी बांधे फुलझरिया बायाँ हाथ कमर पर रखकर दाहिने हाथ को हवा में चमकाती है- 'पदारथ ने तेरह औरतों को विधवा बनाया है। मरद आघत विधवा! उन्हें फर्जी पेंशन दिला रहे हैं और तो और अपनी सगी पतोहू को विधवा दिखा दिया है.....जग्गू और मुन्दर में इतनी हिम्मत है कि ठाकुर बाभन टोले की फर्जी विधवाओं की पेंशन रोक सकें? जीतते ही मैं यह जालबट्टा बन्द कराऊँगी।'[4] शिवमूर्ति की अधिकतर कहानियाँ नायिका प्रधान हैं। 'कसाईबाड़ा', 'अकालदण्ड', तिरिया चरित्तर' आदि कहानियों की स्त्रियों विमली और शनिचरी के साथ समाज, कानून, सरकारी तंत्र का दुर्व्यवहार और ग्रामीण जीवन का कड़वा सत्य सबके सामने प्रस्तुत करते हैं। स्त्री जीवन के प्रत्येक पहलूओं और समस्याओं का चित्रण इन्होंने किया है। साहस, त्याग, करुणा, दृढ़ता और संयम जैसे उच्च मानवीय गुणों के साथ-साथ ईर्ष्या, द्वेष, रुढ़िवादिता, धर्मभीरूता, अन्धविश्वास जैसी कमियों के साथ इनके स्त्री पात्र विद्यमान हैं।

शिवमूर्ति जी स्त्री जीवन के जिस यथार्थ को अपनी कहानियों में चित्रित करते हैं, वह आजादी के बाद के ग्रामीण परिवेश की स्त्रियाँ हैं। अब तक हम देखते हैं कि हिन्दी साहित्य में महिला कथाकारों का एक वर्ग उभर चुका था जो स्त्री के सामाजिक, आर्थिक व निजी जीवन को कहानी का आधार बना रही थीं। 'स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् नारी घर से बाहर आकर सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक क्षेत्रों में भाग लेने के बाद भी परम्परागत संस्कारों से पूर्णतया अलग नहीं हो पाई है। भारत की सामाजिक व्यवस्था में आए परिवर्तनों ने नारी के व्यक्तित्व के विकास में कतिपय आधार तो बदले किन्तु पारिवारिक दृष्टि से नारी आज भी परिवार का केन्द्र बिन्दु है और पुरुष परिवार का अधिकारी।'[5] शिवमूर्ति 'सत्ता की संस्कृति' की क्रूरता को भी दर्शाते हैं जहाँ पुरुषवादी मानसिकता अपने विरोधियों को चुप कराने के लिए हत्या तक करवा देती है, शिवमूर्ति अपनी कहानियों के माध्यम से इस क्रूर संस्कृति के विरुद्ध खड़े दिखाई देते हैं। इन्होंने स्त्री संघर्ष को अपनी कहानियों में हमेशा आगे रखा है। गाँव के सामान्य किसान परिवार की नवविवाहिता बहू जो विधवा है, 'कुच्ची का कानून' कहानी की नायिका है। शिवमूर्ति जी ने यहाँ स्त्री पात्र को बिल्कुल अलग तरीके से गढ़ा है। वह अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कृतसंकल्प है। अपने तर्कशील विचारों एवं बातों से अपने अधिकारों को जीत लेती है। शिवमूर्ति जी ने गाँव के सामाजिक यथार्थ को चित्रित करते हुए एक स्त्री को संघर्ष करने वाली नेत्री के रूप में प्रस्तुत किया है। वरिष्ठ आलोचक विरेन्द्र मोहन लिखते हैं- 'शिवमूर्ति की कहानियों में संयुक्त परिवार और संयुक्त परिवार के विघटन तथा उससे उत्पन्न कारकों की पहचान मिलती है। 'भरतनाट्यम', 'सिरी उपमा जोग' तथा 'केशर कस्तूरी' में पारिवारिक विघटन के कमजोर पक्ष को और अधिक कमजोर बना देता है। लेखक ने संयुक्त परिवार और विघटित परिवार में आर्थिक आधार और उससे उत्पन्न सम्बन्धों को पहचाना है। शिवमूर्ति की प्राय: सभी कहानियों में यह केन्द्रीय विचार है।'[6]

शिवमूर्ति अपनी कहानियों में संयुक्त परिवार के टूटन, बिखराव व आर्थिक पक्ष को उजागर करते हैं। संयुक्त परिवार की समस्याओं को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करते हैं। इनकी कहानी 'केशर कस्तुरी' की 'केशर' ऐसी पात्र है जो अभावों में जीवन काटते हुए भी आत्मसम्मान से जीना चाहती है। दलित समाज में प्रतिभा की कमी नहीं है, केवल अवसर की आवश्यकता है। स्त्री चाहे किसी भी समाज की हो उसे बराबरी व सम्मान से जीने का अधिकार है। दलित स्त्रियों के प्रति सवर्ण मानसिकता के लोग गन्दे विचार पाले रखते हैं। 'केशर' इसका खुलकर विरोध करती है।

जब हम एक किसान की बात करते हैं तो केवल पुरुष ही नहीं स्त्रियाँ भी उस दायरे में आती हैं। वर्तमान समय में कृषि कार्य अधिकांशत: स्त्रियों ने सम्भाल रखा है। पुरुष आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की लालसा में शहर पलायन कर रहे हैं ऐसे में कृषि कार्य का भार स्त्रियों के जिम्मे आ जाता है। शिवमूर्ति जी इन्हीं किसान स्त्रियों की चर्चा अपने कथा साहित्य में करते हैं। साहित्य के माध्यम से किसान स्त्रियों के दु:ख दर्द को समाज के सम्मुख लाने का प्रयत्न करते हैं। इन्होंने किसान स्त्रियों के संघर्षमय जीवन को यथार्थ रूप प्रदान किया है- 'अर्द्धरात्रि। सघन अन्धकार। बूढ़ी आँखों में नींद नहीं। सहसा लगा, कोई टाटी खुटकाते हुए पुकार रहा है, 'काकी, काकी रे!' उसने उठकर टाटी का बेंड़ा खोला तो सुगनी हांफते हुए उसके गले से लिपट गई काकी रे, हमारी जिनगी माटी हो गई।'[7]

शिवमूर्ति अवध क्षेत्र के जमीन से जुड़े हुए कथाकार हैं। इनकी लगभग नौ-दस कहानियाँ हैं, जो विशिष्ट पहचान बनाती हैं। कम लिखकर अधिक ख्याति प्राप्त करते हैं शिवमूर्ति। इनकी कहानियाँ पाठक वर्ग को आकर्षित करने के साथ-साथ कई बहसों को भी जन्म देती हैं। शिवमूर्ति महान कथाकर प्रेमचन्द के बाद गाँव, गरीबी, स्त्री, दलित और कृषक जीवन का यथार्थ चित्रण करते हैं। इनका व्यक्तित्व व कृतित्व तथा इनका साहित्य लेखन वर्तमान समय में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. तर्पण, शिवमूर्ति, राजकमल पेपर बैक्स, नई दिल्ली, संस्करण-2010, पृ0 14
2. वही, पृ0 25
3. त्रिशूल, शिवमूर्ति, राजकमल पेपर बैक्स, नई दिल्ली, संस्करण-2012, पृ0 56
4. कुच्ची का कानून (कहानी संग्रह), शिवमूर्ति, राजकमल पेपर बैक्स, नई दिल्ली, संस्करण-2017, पृ0 63
5. लमही, ऋत्विक राय, अक्टूबर-सितम्बर 2012, पृ0 6
6. केशर कस्तूरी (कहानी संग्रह), शिवमूर्ति, राजकमल पेपर बैक्स, नई दिल्ली, संस्करण-2014, पृ0 27
7. लमही, ऋत्विक राय, अक्टूबर-सितम्बर 2012, पृ0 18

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# जैन दर्शन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : सिद्धांतों और प्रभावों का विश्लेषण

**डॉ. रेखा चौर्डिया***

* महाराजा महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** जैन दर्शन और भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के बीच गहरा संबंध हैं। जैन दर्शन की अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद जैसी अवधारणाएं NEP 2020 के उद्देश्यों के साथ संगत हैं। यह शोध पत्र इन दोनों के बीच संबंधों की खोज करता है, विशेष रूप से नैतिक शिक्षा, समग्र विकास और स्थिरता के संदर्भ में।

**जैन दर्शन का परिचय –** जैन दर्शन, भारत की सबसे प्राचीन दार्शनिक परंपराओं में से एक है, जिसका मुख्य उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और मोक्ष प्राप्ति है। इसका आधार अहिंसा (अहिंसात्मक जीवन), अपरिग्रह (संपत्ति और इच्छाओं से मुक्त होना), सत्य (सच बोलना), अस्तेय (चोरी न करना), और ब्रह्मचर्य (संयमित जीवन) जैसे सिद्धांतों पर है। जैन दर्शन मुख्य रूप से महावीर स्वामी द्वारा प्रतिपादित किया गया, जो 24वें और अंतिम तीर्थंकर थे। हालांकि, जैन दर्शन की जड़ें इससे पहले के तीर्थंकरों, विशेष रूप से 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ, की शिक्षाओं में भी निहित हैं।

जैन दर्शन आत्मा और कर्म के सिद्धांत पर आधारित है। इसके अनुसार, प्रत्येक जीव की आत्मा शुद्ध होती है, लेकिन कर्मों के बंधन के कारण आत्मा अशुद्ध हो जाती है। मोक्ष प्राप्त करने के लिए आत्मा को इन कर्म बंधनों से मुक्त करना आवश्यक है। कर्म, अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के होते हैं, और यह आत्मा के पुनर्जन्म के चक्र को प्रभावित करते हैं। मोक्ष के लिए आत्मा को सभी कर्मों से मुक्त करना ही अंतिम उद्देश्य है, जिसे कठोर तपस्या, संयम और नैतिक जीवन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

जैन दर्शन में 'अनेकांतवाद' एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है, जो इस विचार पर आधारित है कि सत्य बहुआयामी होता है और उसे केवल एक दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। यह दर्शन यह मानता है कि किसी भी वस्तु या घटना को कई दृष्टिकोणों से देखा जा सकता है, और सभी दृष्टिकोण आंशिक रूप से सही हो सकते हैं। इसी प्रकार,'स्यादवाद' जैन दर्शन का एक अन्य महत्वपूर्ण सिद्धांत है, जो कहता है कि किसी भी कथन या विचार को सापेक्षता के दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए।

जैन दर्शन में 'अहिंसा' का विशेष महत्व है। यह केवल शारीरिक हिंसा से दूर रहने का उपदेश नहीं देता, बल्कि मानसिक और वाचिक हिंसा से भी दूरी बनाए रखने पर जोर देता है। यह दर्शन इस बात पर बल देता है कि सभी जीवात्माएँ समान होती हैं, और किसी भी जीव को कष्ट पहुँचाना पाप माना जाता है। इस प्रकार, जैन साधु-साध्वी और अनुयायी अपने दैनिक जीवन में अतिसंयम और अहिंसा का पालन करते हैं।

जैन दर्शन मानव जीवन के नैतिक और आध्यात्मिक विकास पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य आत्मा की मुक्ति और मोक्ष प्राप्ति है, जो कि सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और संयम के सिद्धांतों के पालन से संभव है। जैन दर्शन जीवन को एक गहन नैतिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से देखने का मार्ग प्रस्तुत करता है, जो आज के युग में भी अत्यधिक प्रासंगिक और प्रेरणादायक है।

**जैन धर्म की विस्तृत ऐतिहासिक पृष्ठभूमि –** जैन धर्म की जड़ें भारतीय उपमहाद्वीप की प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ी हैं। इसके इतिहास का आरंभ 24 तीर्थंकरों से होता है, जिनमें से पहले ऋषभदेव थे। ऋषभदेव को जैन परंपरा में मानव समाज को कृषि, व्यापार और सामाजिक व्यवस्था का ज्ञान देने वाला माना जाता है। इसके बाद, अन्य तीर्थंकरों ने जैन धर्म के विभिन्न सिद्धांतों और शिक्षाओं को आगे बढ़ाया। 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ (877-777 ईसा पूर्व) ने जैन धर्म के प्रमुख सिद्धांतों जैसे अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह को प्रतिपादित किया।

महावीर स्वामी, जो 24वें और अंतिम तीर्थंकर थे, ने जैन धर्म को एक संगठित रूप में प्रस्तुत किया। उनका जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के एक क्षत्रिय परिवार में हुआ था। महावीर स्वामी ने संसार की माया और कर्म बंधन से मुक्त होने के लिए कठोर तपस्या का पालन किया और 30 वर्षों तक साधना करने के बाद उन्हें केवलज्ञान (मोक्ष) की प्राप्ति हुई। उन्होंने अहिंसा, अपरिग्रह और सत्य पर आधारित जीवन जीने का उपदेश दिया, जो जैन धर्म का आधार बना। उनकी शिक्षाओं को आगम ग्रंथों में संकलित किया गया, जो आज भी जैन धर्म के अनुयायियों के लिए प्रमुख धार्मिक ग्रंथ हैं।

जैन धर्म का प्रभाव विशेष रूप से मौर्य और गुप्त काल में बढ़ा। सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने जीवन के अंतिम वर्षों में जैन धर्म अपनाया और श्रवणबेलगोला में जैन मुनि भद्रबाहु के निर्देशन में संयमित जीवन जिया। जैन धर्म का यह प्रभाव केवल धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में भी गहरा प्रभाव छोड़ा। जैन मंदिर, मूर्तिकला और साहित्य भारतीय कला और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन गए।

जैन धर्म के अनुयायी व्यापार और शिक्षा में भी प्रमुख रहे। गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र और दक्षिण भारत में जैन समुदाय ने व्यापारिक और

शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना की। उनके नैतिक मूल्यों और शुद्ध आचरण ने समाज के अन्य वर्गों पर गहरा प्रभाव डाला।

जैन धर्म की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भारतीय समाज के विकास और नैतिकता के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण रही है। अहिंसा, अपरिग्रह और नैतिकता पर आधारित इस धर्म ने न केवल धार्मिक क्षेत्र में, बल्कि समाज के आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

**जैन दर्शन के मुख्य सिद्धांत**

**अहिंसा (अहिंसा) -** अहिंसा जैन दर्शन का आधारभूत सिद्धांत है। यह शारीरिक हानि से परे विचार और वाणी में भी अहिंसा को शामिल करता है। यह सिद्धांत न केवल व्यक्ति के आचरण को प्रभावित करता है, बल्कि समाज में शांति और सद्भाव को भी बढ़ावा देता है। जैन धर्म के अनुयायियों के लिए, हर जीवित प्राणी के प्रति करुणा और दया भाव अनिवार्य है। यह सिद्धांत NEP 2020 में नैतिक और नैतिक शिक्षा पर जोर के साथ सामंजस्य स्थापित करता है।

अनेकांतवाद (बहुसिद्धांतवाद) अनेकांतवाद सत्य और वास्तविकता को जटिल मानता है और यह कि इसे एकल दृष्टिकोण से पूरी तरह समझा नहीं जा सकता। यह सिद्धांत बौद्धिक विनम्रता और सहिष्णुता को प्रोत्साहित करता है। जैन धर्म के अनुसार, प्रत्येक दृष्टिकोण सत्य का एक पहलू हो सकता है, लेकिन संपूर्ण सत्य नहीं। यह सिद्धांत NEP 2020 में समग्र और बहु-विषयक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेल खाता है।

**अपरिग्रह (गैर-अधिग्रहण) -** अपरिग्रह भौतिक संपत्तियों और इच्छाओं से अलगाव का समर्थन करता है। यह सिद्धांत जैन मठवासी जीवन का अभिन्न अंग है और स्थायी जीवन और पर्यावरणीय नैतिकता के लिए महत्वपूर्ण है। यह सिद्धांत NEP2020 में टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल शिक्षा पर जोर देने के साथ जुड़ा हुआ है।

**तपस्या -** जैन तपस्वी कठोर अनुशासन और आत्म-संयम का अभ्यास करते हैं। इसमें उपवास, ध्यान और अन्य प्रकार की आत्म-नियंत्रण की प्रथाएं शामिल हैं ताकि आध्यात्मिक शुद्धि प्राप्त की जा सके। यह सिद्धांत छात्रों में अनुशासन और आत्म-नियंत्रण को बढ़ावा देने के NEP 2020 के उद्देश्यों के साथ मेल खाता है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और जैन दर्शन**

**नैतिक और नैतिक शिक्षा -** NEP 2020 नैतिकता, नैतिकता और अहिंसा पर जोर देती है, जो जैन दर्शन के सिद्धांतों के साथ सामंजस्य स्थापित करता है। नीति का उद्देश्य छात्रों को नैतिक और नैतिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि वे समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बन सकें। जैन धर्म के अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धांत छात्रों को नैतिक शिक्षा के महत्व को समझने और अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

**समग्र विकास -** नीति का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है, जिसमें शारीरिक, मानसिक, और भावनात्मक कल्याण शामिल है। जैन दर्शन का समग्र दृष्टिकोण इस उद्देश्य के साथ अच्छी तरह मेल खाता है। जैन धर्म के सिद्धांत छात्रों को आत्म-संयम, ध्यान और आंतरिक शांति की ओर प्रेरित करते हैं, जो उनके समग्र विकास में सहायक हो सकते हैं।

**पर्यावरणीय स्थिरता -** NEP 2020 पर्यावरणीय शिक्षा और स्थिरता पर जोर देती है। जैन धर्म के अपरिग्रह और अहिंसा के सिद्धांत पर्यावरणीय स्थिरता के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं। जैन धर्म का मानना है कि सभी जीवित प्राणी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और प्रकृति का सम्मान करना आवश्यक है। यह सिद्धांत छात्रों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार और संवेदनशील बनाने में मदद कर सकता है।

**बहु-विषयक और समग्र शिक्षा -** नीति में बहु-विषयक और समग्र शिक्षा को प्रोत्साहित किया गया है। अनेकांतवाद के सिद्धांत के अनुसार, विभिन्न दृष्टिकोणों को समझने और स्वीकार करने की क्षमता छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण है। जैन दर्शन के अनेकांतवाद का सिद्धांत छात्रों को विभिन्न विषयों और दृष्टिकोणों को एक साथ समझने और उनका सम्मान करने की शिक्षा देता है।

**जैन दर्शन और NEP 2020 के उद्देश्य -** जैन दर्शन और NEP 2020 के उद्देश्यों के बीच कई समानताएं हैं। दोनों नैतिकता, समग्र विकास और स्थिरता पर जोर देते हैं। जैन दर्शन के सिद्धांत NEP 2020 के उद्देश्यों को पूरक करते हैं और एक नैतिक, अनुशासित और समग्र रूप से विकसित समाज के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। जैन धर्म के अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद के सिद्धांत छात्रों को एक व्यापक दृष्टिकोण और नैतिक मूल्य प्रदान कर सकते हैं।

**निष्कर्ष -** जैन दर्शन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बीच गहरा संबध है। दोनों नैतिकता, समग्र विकास और स्थिरता पर जोर देते हैं। जैन दर्शन के सिद्धांत NEP 2020 के उद्देश्यों को पूरक करते हैं और एक नैतिक, अनुशासित और समग्र रूप से विकसित समाज के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। यह शोध पत्र जैन दर्शन और NEP 2020 के बीच संबंधों की खोज करता है, विशेष रूप से नैतिक शिक्षा, समग्र विकास और स्थिरता के विशेष संदर्भ में।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. डुंडास, पॉल, द जैन, 2दक संस्करण, रूटलेज, 2002.
2. जैन, एस. ए. रियलिटी: द जैना व्यू ऑफ रियलिटी, वीर सासन संघ, 1992.
3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार. https//www.education.gov.in
4. भार्गव, दयानंद. जैन एथिक्स. मोतीलाल बनारसीदास, 1968.
5. सांगवी, वीरचंद आर, अनेकांतवाद और स्यादवाद: तुलनात्मक अध्ययन. जैन सांस्कृतिक अनुसंधान सोसाइटी, 1971.
6. जैन, चम्पत राय, द प्रैक्टिकल पाथ, द सेंट्रल जैना पब्लिशिंग हाउस, 1926.
7. चौपल, क्रिस्टोफर की, जैनिज्म एंड इकोलॉजी: नॉनवायलेंस इन द वेब ऑफ लाइफ, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 2002.
8. बालकृष्ण, आचार्य, जैनिज्म: द इटरनल धर्म, दिव्य प्रकाशन, 2010.
9. तत्त्वार्थ सूत्र, उमास्वाति. जो है, अनुवाद: नथमल तातिया, हार्पर कॉलिन्स, 1994.
10. पाठक, आर. 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ जैन मूल्यों का समावेश', भारतीय दर्शन और शिक्षा जर्नल, वॉल्यूम 25, 2021.

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# देश में एक राष्ट्र- एक चुनाव : लाभ और चुनौतियाँ एक अध्ययन

**डॉ. पल्लवी नंदी***

* अतिथि व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) शास. घनश्याम सिंह गुप्त पी. जी. कॉलेज, बालोद (छ.ग.)

**शोध सारांश –** वर्तमान परिदृष्य में एक देश एक चुनाव देश की मांग है और खासकर भारत जैसें बड़े लोकतांत्रिक देश में जहाँ लगभग हर समय कोई न कोई चुनाव सम्पन्न होते रहते है और इस चुनाव में पैसों को पानी की तरह से बहाया जाता है। ऐसी स्थिति में एक देश एक चुनाव देश के लिए जरूरी हो गया है लेकिन जहाँ इसके कई लाभ हो सकते है वहीं इसके लिए कई चुनौतियाँ भी संभव है।

**शब्द कुंजी –** लोकतांत्रिक राज्य, संवैधानिक एवं प्रशासनिक ढांचा।

**प्रस्तावना –** प्रजातंत्र कोई सामान्य अर्थ लिया हुआ शब्द नहीं है, वरन् ये तो बड़ा और इतना आकर्षक शब्द हैं कि जिनका शाब्दिक अर्थ इन्हें परिभाषित करने की समस्या को हल्का बना देता है। इन शब्दों में से एक प्रकार विकास उन्मुक्ति आदि की भावना स्वत: ही जागृत होती है। साहित्यिक अर्थ में यदि हम प्रजातंत्र को ही ले तो इसका अर्थ होता है – जनता की शक्ति। परंतु यह व्याख्या इस शब्द को शाब्दिक अर्थ प्रदान करने के अतिरिक्त कुछ भी नहीं कर पाती। इससे लोकतंत्र को परिभाषित करने की समस्या हल नहीं हो पाती।

समस्या केवल यह नहीं है कि इस शब्द का क्या अर्थ है, वरन् यह है कि इस अद्‌भुत व आकर्षक शब्द के पीछे निहित मूल धारणा क्या है ? लेकिन जब इस शब्द से बहुत कम संबंध है यद्यपि प्रजातंत्र का अर्थ कुछ-कुछ निष्चित सा है, किन्तु यह वास्तविक अर्थ को समझने में बहुत कम सहायता कर पाता है।

प्रजातंत्र शब्द का केवल व्याख्या की दृष्टि से ही महत्व नहीं है वरन् इसका अपना एक प्रभाव भी है। प्रजांतत्र की परिभाषा करते समय बात तो यह ध्यान में रखनी चाहिए। प्रजांतत्र की परिभाषा करना यद्यपि प्रजातंत्र का अर्थ कुछ-कुछ निष्चित सा है, किन्तु यह वास्तविक अर्थ को समझने में बहुत कम सहायता कर पाता है।

प्रजातंत्र शब्द का केवल व्याख्या की दृष्टि से ही महत्व नहीं है वरन् इसका अपना एक प्रभाव भी है। प्रजांतत्र की परिभाषा करते समय पहली बात तो यह ध्यान में रखनी चाहिए। प्रजातंत्र कि 'है' और 'होना चाहिए' के मध्य अंतर किया जाना चाहिए। प्रजांतत्र की परिभाषा करना यद्यपि कठिन कार्य है, फिर भी हम विभिन्ना राजनीतिक व्यवस्थाओं को अधिक प्रजातंत्रात्मक या कम प्रजातंत्रात्मक कहते हैं। आज के राजनीतिक चैतन्यता के युग में जिन देशों में औपचारिकता की दृष्टि से प्रजातंत्र नहीं है, वहां भी राज्य और सरकार को जनता के विश्वास को आकृष्ट करना होना होता है। इस कारण यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रजातंत्र की कोई परिभाषा अवश्य होनी चाहिए। यदि प्रजातंत्र की परिभाषा अवास्तविक रूप से कर दी गयी तो इसके परिणामस्वरूप हमें सभी वास्तविक प्रजांतत्रों को अस्वीकार करना पड़ेगा और यदि प्रजातंत्र को गलत ढंग या गलत शैली में अर्थ प्रदान किया गया है तो सकता है कि हम उस तत्व को ही अस्वीकार कर दें, जिसे हम पचान न पाये या उस तत्व को स्वीकार कर लें जिसे कि हम चाहते ही नहीं।

प्रजातंत्र की कोई निश्चित परिभाषा न होने के कारण कुछ विचारकों ने तो यहां तक कह डाला है कि हम भ्रमित प्रजांतत्र के युग में जी रहें हैं। प्रजातंत्र के अर्थ के संबंध में **इलियट ने कहा है कि** – 'प्रजातंत्र शब्द की सामान्य लोकप्रियता को देखकर मुझे आश्चर्य होता है कि इसका अर्थ है भी या नहीं क्योंकि इसके अनेक अर्थ है।'

प्रत्येक राष्ट्र की शासन व्यवस्था एवं राजनीति पर उसके अतीत का प्रभाव स्पष्टता देखा जा सकता है तथा उसका संवैधानिक एवं प्रशासनिक ढांचा एक लम्बे विकास का परिणाम होता है और भारत भी अपवाद नहीं है। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र होने के साथ अपने लोकतंत्र के 75 साल गुजार चुका है और इसे लोकतांत्रिक चुनावों का व्यापक एवं गहन अनुभव प्राप्त है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग की स्थापना की गई है, आयोग को चुनाव की 'निगरानी, संचालन और नियंत्रण' की व्यापक शक्तियां दी गई हैं, संविधान सभा के कुछ सदस्यों ने जहां एक संघीय संस्थान में चुनाव की निगरानी के केंद्रीकरण को लेकर चिंता जताई थी लेकिन अंतत: मसौदा तैयार करने वालों ने महसूस किया कि केवल एक मज़बूत केंद्रीय एजेंसी देश में चुनाव को लेकर एकरूपता लागू कर सकती है और इसके होने से स्थानीय नियंत्रण के नुक़सान से परहेज किया जा सकता है।

देश में पहली बार 1952 में एक देश-एक चुनाव की व्यवस्था के तहत लोकसभा और विधासभाओं के चुनाव कराए गए थे। इसके बाद अगले तीन चुनावों तक ये सिलसिला जारी रहा लेकिन बाद में कई राज्यों की विधानसभा समय से पहले भंग होने के कारण ये सिलसिला टूट गया। वहीं दुनिया के कई ऐसे देश हैं जहां एक देश-एक चुनाव की व्यवस्था लागू है।

अन्य देशों का यदि जिक्र किया जाये तो दुनिया के कई ऐसे देश हैं, जहां एक देश-एक चुनाव की व्यवस्था है। जर्मनी, हंगरी, स्पेन, पोलैंड, इंडोनेशिया, बेल्जियम, दक्षिण अफ्रीका, स्लोवेनिया और अल्बानिया जैसे देशों में एक देश-एक चुनाव की व्यवस्था है। वहीं, हाल ही में इस लिस्ट में

स्वीडन शामिल हुआ है, जहां एक साथ सभी चुनाव कराए जाते हैं।

**इस शोध का उद्देश्य निम्न ध्येय के आधार पर है :**

1. एक देश-एक चुनाव क्या है ?
2. एक देश एक चुनाव से होने वाले देश को लाभ और इसमें आने वाली चुनौतियों का अध्ययन करना।

**शोध प्रविधि –** इस शोधपत्र हेतु द्वितीयक समंकों को उपयोग किया गया है। एक देश-एक चुनाव पर हुए शोध कार्य, शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध पत्र और विभिन्न समाचारों में प्रकाशित लेखों के आधार पर यह कार्य पूर्ण किया गया है।

**एक देश एक चुनाव के लाभ:**

1. अगर देश में लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाए, तो चुनाव पर होने वाले खर्च कम होंगे। इसके साथ ही हमेशा चुनाव की वजह से प्रशासनिक अधिकारी व्यस्त रहते हैं, उससे भी छुटकारा मिलेगा।
2. आंकड़े के मुताबिक, देश में जब पहली बार चुनाव हुए थे, तब करीब 11 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। वहीं, 17वीं लोकसभा चुनाव में 60 हजार करोड़ से अधिक रुपये खर्च हुए थे। इससे अंदाजा लगाया लगाया जा सकता है कि अगर सिर्फ लोकसभा चुनाव में इतने पैसे खर्च हो रहे हैं, तो विधानसभा चुनावों में कितने रुपये खर्च होते होंगे।

**एक देश-एक चुनाव में चुनौतियां–** एक देश, एक चुनाव के सामने जहाँ कई लाभ भी सामने आ आते है तो चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं :

1. लोकसभा का कार्यकाल पांच वर्षों का होता है, लेकिन इसे उससे पहले भी भंग किया जा सकता है। ऐसे में एक देश-एक चुनाव संभव नहीं होगा।
2. लोकसभा की तरह ठीक विधानसभा का भी कार्यकाल पांच साल का होता है और ये भी पांच साल से पहले भंग हो सकता है। अब ऐसे में सरकार के सामने चुनौती होगी कि एक देश-एक चुनाव का क्रम कैसे बरकरार रखा जाए।
3. एक देश-एक चुनाव पर देश के सभी दलों को एक साथ लाना सबसे बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि इस पर सभी पार्टियों के अलग-अलग मत हैं।
4. ऐसा माना जाता है कि एक देश-एक चुनाव से राष्ट्रीय पार्टी को फायदा पहुंचेगा, लेकिन क्षेत्रीय पार्टियों को इसका खामियाजा भुगतना होगा। यानी कि उन्हें नुकसान पहुंचेगा।
5. फिलहाल देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव अलग-अलग होते हैं, जिस वजह से ईवीएम और वीवीपैट की सीमित संख्या हैं, लेकिन अगर एक देश-एक चुनाव होते हैं तो एक साथ इन मशीनों की अधिक मांग होगी, जिसे पूर्ति करना बड़ी चुनौती होगी।
6. अगर एक साथ चुनाव कराए जाते हैं, तो अतिरिक्त अधिकारियों और सुरक्षाबलों की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में ये भी एक बड़ी चुनौती होंगी।

**उपसंहार –** एक चुनाव एक देश भलेंहि समय की मांग और आवश्यकता दोनों ही क्यों न हो इसकी चुनौतियों के निपटान के तरीकों के बिना इसे लागू किया जाना कठिन एवं जल्दबाजी होगी। धीरे-धीरे इसकी चुनौतियों से लड़ने के लिए बेहतर विकल्प तलाशे जाने के बाद ही देश में एक चुनाव लागू किया जाना उचित होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. जैन, डॉ. पुखराज : भारतीय राज व्यवस्था, 1984
2. राय डॉ. एम.पी. : भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, कालेज बुक डिपो, जयपुर 1987
3. सुभाष कश्यप : भारत का संविधान, संवैधानिक विकास और स्वाधीनता संघर्ष, 1972
4. इकबाल नारायण: राजनीति विज्ञान, शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी, खजूरी बाजार, इंदौर, 2005
5. नारायण, इकबाल : राजनीति विज्ञान, शिवलाल प्रकाशन 2015
6. http://oneindiaonepeople.com/one-nation-one-election/
7. https://www.2thepoint.in/possibility-of-one-nation-one-election/
8. http://zeenews.india.com/india/bjps-push-for-one-nation-one-polls-is-a-gimmick-congress-2077288.html
9. http://www.indiafoundation.in/symposium-on-one-nation-one-election-2/
10. https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/one-nation-one-poll-needs-many-legislation-cec-op-rawat/articleshow/62628484.cms
11. http://www.uniindia.com/call-for-one-nation-one-election-is-also-jumla-chidambaram/india/news/1122724.html


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# धार जिले से पलायन के कारण और राजनीतिक प्रभाव

**शिवराम देवके* डॉ. मनिष चौधरी****

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय , झाबुआ (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए जिसमे, परिवहन सुविधाए, सड़क, चिकित्सालय, शिक्षण संस्थाए, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सुविधा, रोजगार तथा उचित न्याय व्यवस्था आदि शामिल है। गांवों की दशा सुधारने के लिए एक अप्रैल 2010 में लागु हुए शिक्षा का अधिकार कानून से इस समस्या के समाधान की आशा की जा सकती है। इस कानून से गांवों के स्कूलों की स्थिति, अध्यापकों की उपस्थिति और बच्चों के दाखिले में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया हैं। सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से इस कानून को लागू करके गांवो में शिक्षा का प्रकाश फैलाने से रोजगार के अवसर बढेगें। वही असमानता, शोषण, भ्रष्टाचार तथा भेदभाव में कमी होगी जिसके फलस्वरूप ग्रामीण जीवन बेहतर बनेगा। इस अभियान के तहत तीन लाख से अधिक नये स्कूल खोले गए जिसमें आधे से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए है।

आजादी के बाद पंचायती राज व्यवस्था में सामुदायिक विकास तथा योजनाबद्ध विकास की अन्य अनेक योजनाओं के माध्यम से गांवो की हालत बेहतर बनाने और गांव वालों के लिए रोजगार के अवसर जूटाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता रहा हैं। 97 वें संविधान संशोधन के जरिये पंचायती राज संस्थाओं को अधिक मजबूत तथा अधिकार– सम्पन्न बनाया गया और ग्रामीण विकास में पंचायतों की भूमिका काफी बढ़ गई है पंचायतो में महिलाओं व उपेक्षित वर्गो के लिए आरक्षण से गांवों के विकास की प्रक्रिया में सभी वर्गो की हिस्सेदारी होने लगी है। इस प्रकार से गांवो में शहरो जैसी बुनियादी जरूरतें उपलब्ध करवाकर पलायन की प्रवृत्ति को सुलभ साधनो से रोका जा सकता है।

**प्रस्तावना –** पलायन एक स्थान से दूसरे स्थान तक लोगो की आवाजाही है, यह एक छोटी या लंबी दूरी के लिए अल्पकालीन या स्थायी स्वैच्छिक या मजबुरी, अन्तर–जिला, अन्तर्राजीय और अन्तर्राष्ट्रीय पलायन हो सकता है मध्यप्रदेश के धार, झाबुआ, अलिराजपुर, खरगोन आदि जिलो से लोगों का पलायन करते है जिसमें गुजरात, महाराष्ट्र और अन्य राज्यो में भी पलायन करते है। धार जिले में ऐसे कई विकासखण्ड और तहसीलों के गांव है यहां से गुजरात, महाराष्ट्र में मजदुरी के लिए जाते हैं और जिसमें 50 प्रतिशत लोग जिले से पलायन करते हैं बाहरी राज्यों कह तुलना में अन्तर–जिला पलायन में हमेषा बेहत्तर जीवन के लिए यानी आर्थिक जीवन स्तर में सुधार किया जा सकें। धार जिले के कई ऐसे क्षेत्र है जिनके पास भूमिहीन किसान या कम भूमि वाले कृषक किसान भूमि से इतना उत्पादन नही होता कि उनका जीवन यापन किया जा सकें और स्थानीय रोजगार की कमी के कारण पलायन करते हैं। जिले से पलायन करने वाले क्षेत्र इही, कुक्षी , बाग, टाण्डा, मनावर, गंधवानी आदि क्षेत्र के लोगो का सर्वाधिक जनसंख्या पलायन करते है।

धार जिले को विकासशील जिला माना जाता हैं क्योंकि धार जिले में पिथमपुर बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र माना जाता है, लेकिन यहां पर बहारी राज्यों से पलायन करने वाले बहुत अधिक लोग हैं जो धार एक पिथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार की तलाश के लिए आ जाते है जिसक कारण स्थानीय या जिले के लोगों को रोजगार की तलाश के लिए बहारी राज्यों मे पलायन करना पडता हैं, जिले में स्वरोजगार भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नही हो पाता हैं और स्वरोजगार जैसी कई कमियां देखने को मिलती है जिसका कारण है शिक्षा की कमी दीखाई देती है।

पलायन स्वैच्छिक अथवा जबरन हो सकता है, स्वैच्छिक पलायन अक्सर बेहतर रोज़गार के अवसर यानी आर्थिक मौको के लिए होता है। जिले में अमूमन युवा छात्रों को बेहतर अध्ययन या फिर रोजगार की तलाश में पलायन करते हुए देखा जाता है या फिर युवा पुरूष एवं महिलाओं का रोज़गार के लिये पलायन का गवाह रहा है। कई बार महिलायें और माता–पिता दुर राज्य या देश में काम कर रहें उनके पति, पिता पुत्र के साथ काम करने अथवा साथ रहने को चले जाते हैं। बाकी अन्य वर्ग के लोग भी बेहतर जीवन शैली की चाह में शहरो की ओर कुच कर जाते है दूसरी तरफ, स्थानीय जीवन में होने वाली कठिनाईयों से पीड़ित लोग भी इनसे पार पाने के लिए कई बार हालात से समझौता करते हुए पलायन के लिए मजबूर हो जाते है।

जिले मे आंतरित प्रजनन अथवा गांव मे रह रही आबादी के संख्या का प्राकृतिक तौर पर बढ़ना ग्रामीण क्षेत्रों का भौगोलिक विस्तार जिसमें ग्रामीण बस्तियों को प्रशासनिक तौर पर, किसी गांव से नगर पालिका में परिवर्तित करके शहर के रूप में परिवर्तित किया जाता है ये प्रमुख तौर पर एक पहले के गांव में उसकी बड़ी जनसंख्या, अधिक घनत्व, गैर–कृषि, आर्थिक गतिविधियों का उंचे प्रतिशत और उसकी बढ़ती राजस्व क्षमता जैसे शहरी कारणों की वजह से संभव हो पाता है। जो कई तरीकों से होता है जैसे जब लोग देश के किसी गांव से शहर या नगर में बसने के लिये चले जाते है या फिर एक शहर से किसी दूसरे शहर में पलायन कर लेते है और कई बार एक देश से किसी दूसरे देश के शहर मे बस जाते है, हांलाकि ऐसे लोग भी होते है, जो किसी गांव शहर विशेष को छोडकर अन्य जगहों में रहने के लिये चले जाते है।

**पलायन करने के कारण:**

1. ग्रामीण इलाको का कृषि आधार वहां रहने वाली सभा जनता को

रोजगार प्रदान नहीं करता हैं क्षैत्रीय विकास में असमानता लोगो को ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों में स्थानांतरित होने के लिए विवष करती है।

2. शैक्षणिक सुविधाओं की कमी के कारण भी ग्रामीण लोग शहरों की ओर पलायन करते है।
3. राजनीतिक अस्थिरता और अन्तर – जातीय संघर्ष के कारण भी लोग अपने घरो से दूर चले जाते है।
4. गरीबी और रोजगार के अवसरों की कमी लोगो को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए प्रेरित करती है।
5. बेहत्तर स्वास्थ्य और वित्तिय सेवाओं का लाभ उठाने के लियें लोग बेहत्तर चिकित्सा सुविधाओं की तलाश में अल्पावधि के आधार पर पलायन करते है।
6. भोजन की कमी, जलवायु परिवर्तन, धार्मिक उत्पीडन और अन्य कारण भी लोगों के आंतरिक पलायन की और अग्रसर करते है।

**पलायन में राजनीतिक प्रभाव –** पलायन में राजनीतिक प्रभाव महत्वपूर्ण है जो चुनाव के समय देखने को मिलता है, उम्मीदवार जो चुनाव में खड़ा होता है तो उसका भी समाज पर प्रभाव पड़ता है और समाज के लोग जो कार्यकर्ता और उसके साथी के उनके समाज वालो को बताने से और मतदाताओं को कार्यकर्ता घर – घर जाकर समझाते है और उनसे पुछताज करते है और चुनाव के समय पलायन कर्ताओं के अन्दर भी बहुत ज्यादा उत्सुक्ता होती है जिससे वे उनक सम्पर्क मे रहते है और जिससे वह सभी मतदाता पर्ची बूथलेवल ऑफिर द्धारा बाटा जाता हैं, और उसके द्धारा जो शेष बचती है पर्ची उसकी जानकारी भी जो प्रत्याशी खडा होता है उसके कार्यकर्ता के बी.एल.ओ. से प्राप्त कर उनकी जानकारी निकालते हैं, और अपने संबंधीत या समाज का व्यक्ति भी बता देते कि कोई व्यक्ति बाहर गया तो कितने समय के लिये पलायन किया है जिसकी जानकारी कार्यकर्ता प्राप्त कर लेते है, जिसके माध्यम से बहुत सारे लोगों की जानकारी मिल जाती हैं और उसके माध्यम से वे उम्मीदवार को मिलती और उम्मीदवार का पहले से भी समाज में मिलनसार होते से बहुत अधिक प्रभावित होते है और कार्यकर्ता के माध्यम से पलायन करने वाले श्रमिकों को चुनाव के समय मतदान के दो दिवस पूर्व उनको लाने के लिएबस भेजते है और उनके पलायन कर्ता जो इन्दौर, धार, भोपाल आदि जिलों में जो छात्र/छात्राऐं जो पढ़ाई करते उन युवाओं को और धार पिथमपुर, इंदौर जों श्रमिक पलायन करते है उन्हें भी मतदान कराने के लिए लेकर आते है और स्पेशन उन्हे लेने के लिए बस भेजते हैं जिनके साथ उनका चाय, नाश्ता और भोजन आदि के पैकेट देते है और उनके मुख्यालय यानि कुक्षी, ड़ही, मनावर, गंधवानी, बाग, टाण्ड़ा, आदि विकास खण्डों या तहसीलों में ला कर छोड़ देते हैं और उनकों खाने का पैकेट, लिफाफा, आदि दिया जाता हैं और उनको सभी अपनी – अपनी पार्टी के सदस्य मिल कर देते है। और कहीं कहीं पर शराब भी बाटी जाती है जिसके कारण भी मतदाता प्रभावित होते है और मतदाता अपनी अपनी पार्टी को मतदान भी करते है और मतदान करते समय वे उनके बच्चे को भी साथ लेकर आते है तो उनको भी खाने का सामान और वापस जाने तक के लिए किराया भी दिया जाता है मतदाता और अधिक प्रभावित होते है, इस वर्ष मतदान का प्रतिशत जिसके कारण भी मतदान का प्रतिशत बढ़ जाता है।

पलायन करने से पलायनकर्ता के घर में सिर्फ बुढें माता– पिता बचते है घर पर जिससे कई से बहुत सारे लोग पलायन कर जाते है जिससे उनके घर में अपराधी प्रवृत्ति के लोगो की उनके घर पर निगाहें रहती है और चौरी डकेती करते है जिससे उनके गांव समाज में अपराध बढने के संकेत ज्यादा होते है क्योंकि घर में बुजूर्ग महिला–परूष को देख कर चौरी करने के लिए घर में घुस जाते है। जिससें सरकार को पलायन रोकने के उपाय करना चाहिए।

धार लोकसभा क्षेत्र मे औसत रूप से 72.45 प्रतिशत मतदान हुआ है। सर्वाधिक मतदान बदनावर में 76.89 प्रतिशत हुआ है। भोजशाला और माण्डू के लिए लोकप्रिय धार लोकसभा सीट मे मतदान के प्रति आदिवासी अंचल में उत्साह रहा। सुबह छह बजे आदिवासी अंचल के ग्राम सराय में 400 से अधिक मतदाता कतार लगाकर अपनी वोट डालने की प्रतीक्षा कर रहे थे, जबकि मतदान शुरू होने में करीब एक घण्टा बाकी था। यही क्रम मतदान को लेकर दिनभर जारी रहा उसके बाद भी आठों विधानसभाऔ मे लगातार समय दर समय मतदान का प्रतिशत बढ़ता रहा। इस बीच में कुछ स्थानों पर मौसम में राहत भी दी तो मतदाता जोश के साथ बड़ी संख्या में बाहर आए। गंधवानी –70. 27 प्रतिशत, महू – 69.05 प्रतिशत, धरमपुरी– 76.19 प्रतिशत, धार –72.30प्रतिशत, बदनावर – 76.89 प्रतिशत, मनावर – 74.23, सरदारपुर – 72.22 प्रतिशत, कुक्षी –74.82आदि रहा है विद्यार्थी अपना कर्तव्य समझकर मतदान करने इंदौर, बेंगलुरू, पुणें आदि शहरों से धार पहुंचे।

किसी व्यक्ति का अपने स्थायी निवास स्थल से किसी दूसरे स्थान की ओर हमेशा के लिए जाने की प्रक्रिया को ही पलायन कहते है। इस तरह की घटना देश के भीतर या फिर अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी स्थायी तौर पर हो सकता है। 2020 में, IOM यानी ( इंटरनेशनल ऑर्गेनाइज़ेशन फॉर माइग्रेशन) के अनुसार, पूरी दुनिया में 281 मिलियन आबादी प्रवासियों की हैं। इसे ऐसे भी की सकते है कि वैश्विक आबादी में 3.6 प्रतिशत संख्या अंतराष्ट्रीय प्रवासियों की है ये वर्ष 1990 की तुलना में ये 128 मिलियन से अधिक है और 1970 मे अपेक्षित संख्या का जो अनुमान लगाया गया था उसका तिगुना है। इसके अलावा ये प्रक्रिया वैयक्तिक और पारिवारिक स्तर पर भी लगातार घटना रहता हैं जहां लोग एक स्थान से हटकर दूसरी जगह पर रहने को चले जाते है, ऐसा अक्सर रोज़गार की तलाश मे होता है। वर्ष 2022 में प्राप्त आंकड़ो के अनुसार भारत में लगभग 42.86 प्रतिशत लोग कृषि आधारित रोज़गार पर निर्भर है। 1950 से लेकर वर्ष 2023 तक भारत से बाहर जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की तुलना में भारत आने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की संख्या मिलियनों में रही है।

**गांवों से पलायने रोकने के सुझाव**

**समानता और न्याय पर आधारित समाज की स्थापना –**ग्रामीण पलायन रोकने के लिए सामाजिक समानता एवं न्याय पर आधारित समाज की स्थापना करना अति आवश्यक है। इसलिए सभी विकास योजनाओं में उपक्षित वर्गो को विशेष रियायत दी जाए। इसके अलावा महिलाओं के लिए स्वंयसहायता समूहों के जरियें विभिन्न व्यवसाय चलाने, स्वरोजगार प्रशिक्षण, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना (वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना) जैसे अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहें है जिनसे लाभा उठाकर गरीब तथा उपेक्षित वर्गो के लोग अपना तथा अपने परिवार का उत्थान कर सकते हैं।

इस संदर्भ में मैं एक अपने अनुभव पर आधारित प्रोजेक्ट के माध्यम से गांवों में चुने हूए जन प्रतिनिधियों की व्यवस्था के बारे में जानकारी दे रहा हूँ।

हमने एक प्रोजेक्ट किया जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में चुने हुए जन – प्रतिनिधियों के बारे मे जानकारी जुटानी थी मुख्य रूप से जो ग्रामीण पंच बनाए गए हैं उनकी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षिक जानकारी प्राप्त करनी थी। जिसमें पंचो ने अपनी व्यथा बड़े गम्भीर ढ़ंग से उजागर की और जानकारी नहीं और न ही कोई प्रशिक्षण की व्यवस्था है। अधिकतर पंच अशिक्षित व्यक्ति एवं महिलाएं बनाई गई है। और लोगों ने हमें कहा कि पंच के लिए शैक्षिक योग्यता अवश्य निर्धारित की जानी चाहिए तभी ग्रामीण विकास हो सकता है। कुछ लोगों ने यह भी बताया कि हमारे साथ पंचायत में न्यायपूर्ण व्यवहार नहीं किया जाता है और मात्र जोर जबरजस्ती एवं दबाव डालकर प्रस्ताव पर हस्ताक्षर या अंगुठा लगवाया जाता है। अत: यह सामाजिक असमानता एवं अन्याय ही तो हैं इस कारण लोग राजनीतिक कार्यो से विमुख होकर अपनी आजीविका में शहरों की ओर पलायन कर रहे है अत: इसका उचित समाधान किया जाना चाहिए।

**रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराना –** सर्वप्रथम गांवों में राजगार के अवसर निरंतरता के साथ उपब्ध कराए जाए जिससे लोगों को आर्थिक सुरक्षा तो मिलेगी साथ ही वे स्वत: अपनी जीवनशैली में सुधार करेगें। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा 2 फरवरी 2006 को सभी राज्यों एवं जिलों में शुरू की गई। दूसरे चरण में 130 जिलो में एवं तीसरे चरण में 1 अप्रैल 2008 को देश के शेष 265 जिलो में मनरेगा कार्यक्रम चलाया गया जिससे ग्रामीणों को रोजगार के अवसर सृजित हुए और गांवों से पलायन भी रूका है।

**मौलिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना –** ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए जिसमे, परिवहन सुविधाए, सड़क, चिकित्सालय, शिक्षण संस्थाए, विद्युत आपूर्ति, पेयजल सुविधा, रोजगार तथा उचित न्याय व्यवस्था आदि शामिल है। गांवों की दशा सुधारने के लिए एक अप्रैल 2010 में लागु हुए शिक्षा का अधिकार कानून से इस समस्या के समाधान की आशा की जा सकती है। इस कानून से गांवों के स्कूलों की स्थिति , अध्यापकों की उपस्थिति और बच्चों के दाखिले में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया हैं। सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से इस कानून को लागू करके गांवो में शिक्षा का प्रकाश फैलाने से रोजगार के अवसर बढेगें। वही असमानता, शोषण, भ्रष्टाचार तथा भेदभाव में कमी होगी जिसके फलस्वरूप ग्रामीण जीवन बेहतर बनेगा। इस अभियान के तहत तीन लाख से अधिक नये स्कूल खोले गए जिसमें आधे से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए है।

**भ्रष्टाचार–मुक्त प्रशासन की स्थापना –** लोक कल्याण करने एवं ग्रामीण पलायन रोकने के लिए सरकार द्वारा योजना तो लागू की जाती है लेकिन ये योजनाएं भ्रष्ट व्यक्तियों द्वारा हथिया ली जाती है जिससे उसका पूरा लाभ जनता को नही मिल पाता हैं। ग्रामीण पंचायती राज क्षेत्र में इन योजनाओं की निगरानी के लिए व्यवस्था की जाती चाहिए जैसा कि राजस्थान में सर्वप्रथम सामालिक अंकेक्षण की शुरूआत की गई। इससे ग्रामीण में विश्वास जगा हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में परम्परागत कृषि के स्थान पर पूंजी आधारित व अधिक आय प्रदान करने वाली खेती को प्रोत्साहन दिया जाए जिससे किसानो के साथ–साथ सीमांत किसानों और मजदूरों को भी ज्यादा से ज्यादा लाभ हो सके। सिंचाई सुविधा, जल प्रबन्ध इत्यादि के माध्यम से कृषि भूमि क्षेत्र का विस्तार किया जाए जिससे न केवल उत्पादन में वृद्धि होगी साथ ही आय में भी वृद्धि होगी और किसानों में आत्मविश्वास व स्वाभिमान जागृत होगा जिससे ग्रामीण पलायन रूकेगा।

**निष्कर्ष –** आजादी के बाद पंचायती राज व्यवस्था में सामुदायिक विकास तथा योजनाबद्ध विकास की अन्य अनेक योजनाओं के माध्यम से गांवो की हालत बेहतर बनाने और गांव वालों के लिए रोजगार के अवसर जूटाने पर ध्यान केंद्रित किया जाता रहा हैं। 73 वें संविधान संशोधन के जरिये पंचायती राज संस्थाओं को अधिक मजबूत तथा अधिकार– सम्पन्न बनाया गया और ग्रामीण विकास में पंचायतों की भूमिका काफी बढ़ गई है पंचायतो में महिलाओं व उपेक्षित वर्गो के लिए आरक्षण से गांवों के विकास की प्रक्रिया में सभी वर्गो की हिस्सेदारी होने लगी है। इस प्रकार से गांवो में शहरो जैसी बुनियादी जरूरतें उपलब्ध करवाकर पलायन की प्रवृत्ति को सुलभ साधनो से रोका जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**

1. Rao (MS) Urbanization Social Change (1970) P.P. 52
2. कुरूक्षेत्र ग्रामीण भारत का बदलता स्वरूप वर्ष 53, अंक 12, अक्टूबर 2007, पृ. 5 से 39
3. मिश्र : अ.प्र. गरीबी और प्रवास, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, 1991, पृ. 111–112

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054, July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Critical Appraisal of Toru Dutt's 'Our Casuarina Tree' 'Lotu' and 'Sita'

**Dr. Dinesh Parmar** *

*Associate Professor (English) S.B.N. P. G. College, Barwani (M.P.) INDIA

**Abstract :** This paper focuses on Toru Dutt's poem Our Casuarina Tree. It highlights the love of nature. It shows the feelimg of conservation of trees and protection of environment. The poem celebrates birds like baboon and kokila. The poetess describes how they played under the tree during childhood. Human life is impossible without trees. Toru Dutta was brought up in literary atmosphere. That's why she took interest in academics.
**Keywords**: memories, tree, nature, brother, sister.

**Introduction -** Toru Dutt's full name was Tarulatta Datta. She was born in Bengal. She was born on 4 th of March 1856. She wrote poems in English and French. Her parents were Govind Chandra Dutt and kshetra moni Dutt. She had a literary taste since early childhood. She also learned stories of ancient India from her mother.

She is among four founding figures of Indo- Anglican literature viz. Henry Louis Vivian Derozio, Manmohan Ghosh and Sarojini Naidu. Toru Dutt migrated to Europe.First they lived in France and then in England. She studied at Cambridge University for two years. She died at the age of 21 of tuberculosis on 30 August 1877.

Her famous poems are Sita, The Young Captive, Lakshman, The Young Captive and Christmas.

Our Casuarina Tree was published in 1881 in Ancient Ballads and Legends of Hindustan. Toru Dutt remembers the casuarina Tree and memorises her happy days spent under it with her brother Abjie and sister Aru.

This poem was composed by her after she returned to India in 1873 along with her sister Aru. She wrote this poem to celebrate childhood memory. Her brother and sister played undershirt Casuarina Tree. Her sister died in 1874. The theme of this poem is death and eternity.

The poem is composed in five stanzas. The Casuarina Tree is very old. It is like python. Python is large fat snake.Casuarina tree is an Australian Tree. Branches of it are connected to each other. It appears to be like horse tail. The creeper is like Python. The flowers are red.

This poem is about nature. This is a nostalgic poem. It is full of autobiographical elements. A baboon is sitting on the Tree singing a beautiful song.The tiny bird of baboon insisting in lower branches watching sunrise is looking like a statue. The Tree is loaded by crimson flowers.

When she opens the window, she feels happy. Kokila are also singing. Cows are sleepy.Water lilies are there. The poet hears sweet songs of bees and birds coming from trees.The lilies blooming in water under the shade of tree seems like a gathering of snow. They played under the tree.

In the third stanza Toru Dutt is unhappy over the loss of her dear ones. In the fourth stanza the poet establishes a deeper bond with the Tree using the imagery of waves.

In the fifth stanzas the poetess honours the casuarina Tree. The Tree was loved by her brother and sister. She desires for the Tree to live a long life similar to yew tree of Borrowdale which occurred in Wordsworth's poems. She tells about the differences between Casuarina Tree and trees of England.

The poem 'Lotus' was published in 1882 in 'Ancient Ballads and Legends of Hindustan'.This is a petrarchan sonnet.It is a combination of east and west. God of love Cupid came to the god of flowers Flora who will be the queen of flowers. The lily or rose who will be queen of flowers. They are the rivals. Poets of flower had their claim. The rose can never be straight like lily. Rose is bowing. Lily is strait like Jupiter's wife Juno. Is lily lovelier? Flowers are divided into two groups one supported lily and one supported rose.

Give me a flower delicious as rose and lily' s pride. Love chose red rose. Then told white as lily. Flora gave lotus. We find personification of love, Flora and lily.

The octave gives a question who is the queen of flowers. The sestet gives answer that lily is the flower of queen. Lotus is of pink colour combination of red rose and white lily. The poem end in conclusion that lily is beautiful flower. K.R. Srinivasa Iyengar observes:

"On the other hand , the sinnet "The Lotus" is 'fancy free' and exemplifies her delicate talent for building up a poem" 1

The rhyme scheme of this poem is ABBAABBACDCDDC.

Sita by Toru Dutt is about three children listening to story narrated by their mother about Sita. Sita a prominent figure in Indian mythology. Children start crying to listen to the story. Three children are sitting in a dark room. What are they looking. Three children are poet herself Abju and Aru. The forest is dense. There is no ray of sun. Clear spot is visible in the centre. Flowers are hanging on creepers. The lake is clear and crystal. Swans are swimming in it. Their wings are shaken by wind.The peacock is dancing and the deer are racing rapidly. The yellow colour grain is waving and shining. The environment is peaceful and there lives Maharshi Valmiki.Who is this fair lady. Three children cries. They bow their heads.The fair lady is Sita.The story was ended in a hurry. The mother hugged three children. The story ended.

This is a 22 line poem.Third person narrative is used in this poem. The last lines consist of rhetorical question.It is an autobiographical poem. We find alliteration in dense dense forest, center a cleared spot , tall trees, there lucid lake, sad Sita etc. Rhetorical questions in the beginning has been given. Personification is used in the poem. Anafora is used in this poem. It is repetition of words in the beginning of the sentences viz. there there. Poet anchorite is metaphor. Rhetorical question in the beginning has been given.

Sita is an allusion to mythical character. The poem is about loneliness, sadness in life, nostalgia. Love of nature is clearly visible in this poem. All the thee poems describe the beauty of landscape, nature, flowers, tree , forest, autobiographical elements.

**References:-**

1. Indian Writing in English by K. R. S. Iyengar Sterling publishers private limited 1995, pg 70
2. Poetsorg./poems

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# मुद्रा लोन: बिना गारण्टी ऋण योजना

**डॉ. राजेश कुमार सिंह तिवारी***

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) राजभानु सिंह स्मारक महाविद्यालय, मनिकवार, जिला रीवा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** भारत एक विकास शील अर्थव्यस्था वाला देश है। आजादी के पश्चात् से औद्योगिक विकास के लिए निरन्तर प्रयास किये जाते रहे है। विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत उद्यमिता को बढ़ाने के लिए नई-नई योजनाएॅ प्रयोग में लायी गई। वर्तमान शासन व्यवस्था के अन्तर्गत युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए मुद्रा लोन योजना के अन्तर्गत 8 अप्रैल 2015 को यह योजना मुद्रा योजना के अन्तर्गत प्रारंभ की गई, जिसके तहत गैर कार्पोरेट, गैर कृषि छोटे एवं सूक्ष्म उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए बिना गारंटी ऋण की सीमा 10 लाख रूपये तक की गई, इससे गैर कृषि उद्यमियों एवं छोटे उद्यमियों को परंपरागत उद्योगों को संचालन करने एवं विकास करने का अवसर मिलेगा।

**शोध प्रविधि:** शोध के सभी संमक द्वितीयक स्त्रोतो द्वारा प्राप्त किये गये हैं, सरकार द्वारा प्रकासित व प्रसारित रिपोर्टो के आधार पर समंक संकलन किया गया है समाचार पत्रो, पत्र-पत्रिकाओं आदि से संकलित आंकड़ों का प्रयोग किया गया है।

**विषय विश्लेषण:** भारत को उद्यमी राष्ट्र बनाने के लिए छोटे से बड़े उद्यमियों को आर्थिक सहायता देने की आवश्यकता आन पड़ी है, देश में बढ़ती युवा बेरोजगारी एवं प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग करने की आवश्यकता मुद्रा लोन की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया गया, क्योकि समस्त आर्थिक क्रियाकलापों का संचालन बिना नकद मुद्रा के संभव नही साथ ही उद्यमियों के पास गारंटी देने योग्य कोई सम्पति न होने के कारण शासन एवं बैंको द्वारा आर्थिक सहायता देना संभव नही होता अत: भारत सरकार ने 8 अपैल 2015 को मुद्रा लोन बिना गारंटी के उद्यमियों को देने की योजना प्रारंभ की गई ये लोन 3 श्रेणियों में विभाजित है।

**श्रेणी बार ऋण का विवरण**

| क्र. | श्रेणी | ऋण राशि |
|---|---|---|
| 1. | शिशु | 50,000/- तक |
| 2. | किशोर | 50,000/- से 5,00,000/- तक |
| 3. | तरुण | 5,00,000/-से 10,00,000 तक |

स्त्रोत- पत्रिका दैनिक 26.10.2024

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट हे कि शासन द्वारा पहली बार मानव जीवन की तीन श्रेणियों मे विभाजित कर ऋण राशि की अलग-अलग सीमाएॅ तय की गई है, जिनमे से शिशु अर्थात 14 वर्ष की आयु तक के लिए 50,000 रुपये, 14 से 18 वर्ष के युवाओं को 50,000 से 5 लाख तक तथा 18 वर्ष से ऊपर तरूण के लिए 10 लाख रुपये तक सीमा तय की है।

सरकार की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) मे सुधार करते 23 जुलाई 2024 के बजट में (तरूण प्लस) योजनाओ को विस्तारित करते हुए ऋण सीमा 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी गई है। इससे तरुण को और अधिक राशि से उद्यमिता के लिए बढ़ावा मिलेगा।

**योजना पत्रता:**

1. उद्यमी भारत का नागरीक हो।
2. उम्र 18 साल से ज्यादा हो।
3. बैक लिफाल्टर हिस्ट्री ना हो।
4. कॉर्पोरेट संस्था मान्य नही।

**सीमाएॅ:** यह योजना युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए निर्मित की गई है जो केवल मुद्रा लोन के माध्यम से पुरी की जाती है। उद्यम के लिए कच्चे माल, मशीनरी एवं स्थल आदि का कोई जिक्र नही किया गया है, जबकी ये मुद्रा से भी बढ़ी आवश्यकताएॅ है। शासकीय मशीनरी द्वारा युवाओं को जागरूकता लाने, प्रोत्साहित करने एवं ऋण दिलाने में सहायता आदि करने की कोई कार्य योजना नही बनाई गई है।

**सुझाव:**

1. युवा उद्यमियों को विभिन्न उद्योगो के लिए आवश्यक धन, भूमि, कच्चे माल एवं मशीनरी आदि की जानकारी देनी आवश्यक है।
2. मुद्रा के साथ-साथ अन्य आधारभूत संरचनात्मक संसाधनो को भी उपलब्ध कराने का प्रयास करना चाहिए।
3. उद्यमिता के लिए संसाधनो मूल निरंतर बढ़ते रहने के कारण 20 लाख रुपये की राशि प्रयाप्त नही है।
4. उद्यमिता के लिए स्थल पर बिजली पानी, ईंधन, संयन्त्र एवं अन्य प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जानी चाहिए।
5. ऋण प्रदान करने के पश्चात् समय-समय पर निरीक्षण एवं समीक्षा की जाती रहनी चाहिए।

**निष्कर्ष:** निष्कर्ष के रूप मे कहा जा सकता है कि उद्यमिता को बढ़ाने, रोजगार के साधन उपलब्ध कराने एवं वस्तुओ की उपलब्धता बढ़ाने लिए यह एक अच्छी योजना है, इस योजना को कुछ कमियों को सुधार कर अधिक उपयोगी बनाया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# हिन्दी कथा साहित्य में ग्रामीण संस्कृति

**मनोज कुमार सरगड़ा***

* हिन्दी साहित्य, मु.पो. गलियाकोट (हरीमगरी) तह. गलियाकोट, जिला डूंगरपुर (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** भारत गाँवों का देश है, इसलिए इसकी मौलिक आत्मा, इसका नैसर्गिक सौन्दर्य गाँवों में बिखरा पड़ा है। नगरों में तो इसका अति सीमित और कृत्रिम रूप परिलक्षित होता है। संबंधों का रूप अधिक निकट, प्रत्यक्ष और गहन है। फेचर चाईल्ड के अनुसार– 'ग्राम पड़ोस की अपेक्षा विस्तृत क्षेत्र है, जिसमें आमने–सामने के संबंध पाए जाते हैं, जिसमें सामूहिक जीवन के लिए अधिकांशत: सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, धार्मिक एवं अन्य सेवाओं की आवश्यकता होती है, जिसमें मूल आवृत्ति एवं व्यवहारों के प्रति सामान्य सहमति होती है।'

भारतीय जीवन की धड़कन और उसके दर्द को जानने के लिए हमें ग्राम्य जीवन की नसें टटोलनी पड़ती है। नाना प्रकार की समस्याओं से जूझते, अनेक तरह की कुप्रथा और रूढ़ियों के निरर्थक बोझ के ढोते, अज्ञान और अशिक्षा के शीत में ठिठुरते हुए भारतीय गाँव इस देश की जीवन्त करुण कहानी कहते हैं।

सदियों से ग्राम्य जीवन सभ्यता की दौड़ धूप में पीछे रहा है क्योंकि कृत्रिम सभ्यता 'आधुनिकता' के रूप में शहरों में अपना रंग जमाती है और सरल तथा नि:स्पृह जीवन से सम्पृक्त हमारा ग्रामीण मानस अशिक्षा के कारण इसे सहज ही अंगीकार नहीं कर सकता है पर इसका यह मतलब कतई नहीं है कि हमारे गाँव सदियों से एक ही ढर्रे पर चल रहे हो। यहाँ भी परिवर्तन हुआ है पर अत्यधिक धीमी गति से। भारतीय इतिहास के प्राचीन काल या मध्य काल में गाँवों का जो स्वरूप था, उनकी जो जीवन परिस्थितियॉं थीं, उनके जो विश्वास और मान्यताऍं थीं सभ्यता संस्कृति की उथल–पुथल के साथ–साथ अत्यधिक परिवर्तन परिलक्षित होता है। यहाँ तक कि स्वतंत्रता के तुरन्त बाद के गाँवों में ही बहुत बदलाव आ गया है।

'प्राचीन भारत के गाँव शताब्दियों पर्यन्त संगठित, सामूहिक शान्तिपूर्ण एवं सुनियोजित जीवन अपनी सुव्यवस्था तथा आत्मनिर्भरता के रूप में विख्यात रहा है।' परतंत्रता आते ही मुस्लिम काल एवं अंग्रेजी काल में विकृतियों से इनका स्वरूप उत्तरोत्तर बिगड़ता गया।

आज हमारी संस्कृति का आधुनिकता के नाम पर पाश्चात्यीकरण हो रहा है पर इसके बावजूद भी हमारी भारतीय संस्कृति का जीवंत रूप हमें अब भी गॉवों में प्राप्त हो ही जाता है। हमारे जीवन की बुनियादी गहराइयॉं शहरों में न मिलकर गॉवों में ही दृष्टिगत होती हैं। विभिन्न लोकतत्व यथा मेले, त्योहार लोकगीत, लोकगथाऍं, लोकनृत्य, ग्रामीण अंचलों में ही सुरक्षित मिलेंगे। इन सबकी अभिव्यक्ति हिन्दी कथा में भी मिलती है।

ग्राम परिवेश पर मिलने वाली इधर की कहानियाँ गुणात्मक रूप से उन कहानियों से अलग हैं जो 50–60 के दौरान लिखी गयी थीं। तब की अधिकांश कहानियाँ, शहर से छुट्टियों में लौटे हुए युवक या प्रौढ़ की ऐसी कहानियाँ थीं जो किसी बूढ़े–बूढ़ी, पेड़ या विगत–प्यार के लिए श्रद्धांजलि की तरह लिखी जाती थीं और जब तक यह नायक उनके साथ जुड़ना शुरू करे, तब तक पढ़ाई या नौकरी पर उसके लौटने का समय हो जाता था। हिन्दी की कुछ बेहद सुन्दर रचनाएं इस दौर में लिखी गयीं, मगर इधर की कहानियाँ ठेठ उन लोगों और स्थितियों के बीच घटित होती हैं और उसको अपना कथ्य बनाती हैं जो वहीं के हिस्से हैं। निश्चय ही इनमें फार्मूलों का सहारा है, स्थितियों के सरलीकरण और एकाकीपन हैं – मगर कथाकारों के सरोकार और सब मिलाकर उभरने वाली सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता।... यहां इस अंतर्विरोध पर भी निगाह जाती है कि एक ओर तो कथाकार या शिक्षित युवक प्राय: शहरों और बड़े शहरों की तरफ भाग रहे हैं और उधर साहित्य में उभर रहे हैं। दूर–दराज में फैले किसान, मजदूर और खेत–खलिहान, पुलिस–राजनेता अफसरों की मनमानियाँ...।

फैलते क्षेत्रों के इस व्यापक विकेन्द्रीकरण ने जहां कहानियों में अनंत विविधताएं, आंचलिक रंगत और जीवन संघर्ष के बेहद महत्वपूर्ण पक्ष दिये हैं वहीं हिंदी पाठकों के सामने संप्रेक्षण का एक और संकट खड़ा कर दिया है। इस संदर्भ में राजेन्द्र यादव कहते हैं कि पिछले दिनों अनेक पाठकों ने बार–बार सवाल उठाये थे कि हिन्दी पाठक से आप कितनी बोलियाँ समझने की उम्मीद करते हैं? कोई लेखक ईमानदारी और प्रामाणिकता से राजस्थानी जिन्दगी, भाषा और मुहावरे दे रहा है तो कोई सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों की कोई छत्तीसगढ़ी, ब्रज या हरियाणवी की ... बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश का वर्चस्व तो है ही ... उधर महानगरी मध्यवर्ग तो पूरे के पूरे संवद अंग्रेजी में झाड़ देता है – इस सिरे से उस सिरे तक छायी हुई यह भाषायी विविधता रोमांचकारी जरूर है, लेकिन पाठकीय बोध के लिए सबसे बड़ा संकट भी है। जब तक कहानी विषय या परिवेश के नयेपन और जानकारियों तक ही पाठक को सीमित रखती है तब तक अनुभव की गहराई से उसे नहीं छू पाती.... कहानी की सफलता ही इस बात में है कि इन बाहरी उपकरणों को पार करता हुआ पाठक कथ्य की अंतरंगता से जुड़ता चला जाये। इसके बिना कहानी का अनुभव पाठक का अपना अनुभव नहीं बनेगा – हाँ, उसकी जानकारी में

इजाफा जरूर करेगा। जहाँ तक जानकारियों का सवाल है तो उसके लिए अखबार से लेकर दूर-संचार तक बीसियों और तरीकें हैं - कहानी से ज्यादा प्रामाणिक...।

अत: कहना न होगा कि भौगोलिक विस्तार समेटता हुआ यह विकेन्द्रीकरण यहीं जिस दूसरी समस्या के सामने हमें ला खड़ा करता है, वह है वि-मानकीकरण। जब चीजें अपने आकार में फैलती हैं तो उनके रूप भी वह नहीं रहते, वे भी टूटने, बिगड़ने या बदलने लगते हैं। हम जिन मूल्यों मान्यताओं, अचार-व्यवहार या भाषा-बोली की अभ्यस्त मानसिकता में बने रहना चाहते हैं, उसे सबसे अधिक झटका देता है यह वि-मानकीकरण। शोषण और संघर्ष की सारी समानताओं और समान्यताओं के बावजूद कहानियों में सबसे अधिक उभकर आने वाले इस भाषायी वि-मानकीकरण को अपने मूल में यथास्थिति के खिलाफ किसी गहरे असंतोष या विद्रोह की सहज अभिव्यक्ति के रूप में भी देखा जा सकता है। जिन्दगी की नींव में जब दरारें पड़ने लगती हैं तो प्रारंभिक चेतावनियाँ भाषा के स्तर पर ही सुनाई देती हैं। मानकीकरण का अर्थ ही होता है यथास्थितिवाद, ठहरे हुए पानी का निथरते जाना अर्थात कुलीनतावाद। भीतर की खलबलाहट सबसे पहले इसी शीशे की तरह ठहरी बेदाग सतह को झकझोरती है...।

शब्द, भाषा, वाक्य और संपूर्ण विन्यास का यह वि-मानकीकरण जो आज हमें एक खास तरह की अराजकता या अव्यवस्था लग रहा है हो सकता है किसी केंचुली उतारते सांप की भीतरी कसमसाहट हो.... बहरहाल, सारे विकासशील समाज और भाषा अपनी प्रगति और बदलाव की प्रक्रिया में ऐसी एनार्की और कैऑस से बार-बार गुजरते हैं और फिर पहले से बड़े या व्यापक स्तरों पर केन्द्रीकरण या मानकीकरण की क्रिया शुरू होती है ... कहानी की भाषा की नब्ज तो कम से कम यही संकेत दे रही है कि सारे शरीर में कहीं कुछ ऐसा हो रहा है जो पहले से अलग है.... यानी यह मानसिकता के व्यापक बदलाव की सूचना है। उर्दू या अंग्रेजी में दशकों तक मानकीकरण का अतिरिक्त या अतिशयोक्तिपूर्ण आग्रह कहीं उन भाषाओं के बोलने वालों की अवरुद्ध मानसिकता को ही रेखांकित करता था... भाषाई आभिजात्य या कुलीनता का दंभ अपनी जड़ता को लेकर अतिरिक्त तुनकमिजाजी से पैदा होता है। हम इस मानकीकरण की हाथीदांती मीनारों में आत्ममुग्ध बैठे रहे हैं और आस-पास वि-मानकीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाती है - हमारे द्वीप के किनारे काटती सीमाएँ निगलती...।

कथाकार ज्ञान प्रकाश का मानना है कि उपभोक्तावादी संस्कृति ने व्यक्ति, परिवार एवं समाज के सन्तुलन को भंग कर दिया है। धन-केन्द्रित समाज व्यावस्था ने सभी मानवीय गुणों को तिलांजलि दी है। बाजारवादी तंत्र ने व्यक्ति व समाज को अपने जाल में फंसा दिया है। असीम धन की चकाचौंध ने महानगरीय जीवन में संस्कृति के स्थान पर कुसंस्कृति पैदा की है यहॉं कारपरेट वर्ल्ड... चुमन। वाइन। वेल्थ एवं बयानबाजियाँ चल रही हैं।

ज्ञान प्रकाश विवेक की 'इमारें' शीर्षक कहानी में उभोक्तावादी संस्कृति के प्रतीक के रूप में एक सिंगल स्टोरी और मल्टी स्टोरी इमारत को दिखाया है। मल्टी स्टोरी इमारत सिंगल स्टोरी इमारत को हिकारत की दृष्टि से देखती है और बुढ़िया सम्बोधन करके कहती है बूढ़ियों, गुजर चुका तुम्हारा जमाना। हमारा जमाना है अब हमारे अन्दर झाँककर देखों, सब कुछ वेलफरनिश्ड। नो इमोशन। नो रिलेशन। सब प्रैक्टिकल। हर फ्लोर डेकोरोटिड। वाल टु वालकारपरेट। तुम जहॉं खत्म होती हो, हम वहाँ से शुरू होती हैं। ... हमें हमारे अहंकार से नापना। सिंगल स्टोरी से रहा नहीं गया। बोली - जानती हैं, ग्यारह सितम्बर को क्या हुआ था? ... अहंकार ध्वस्त हुआ था। ऊँचाई सिर के बल गिरी थी। शक्ति के भीतर का खोखलापन जाहिर हो गया था। अपनी बुलन्दी कद-काठी का जश्न मनाते दो टावर, ताश के घर की तरह गिरे। ... दूसरे के पैरों पर नहीं। वह अपने पैरों पर गिरता है, जैसे कि टावर।

सिंगल स्टोरी अपने अस्तित्व को बचाये रखने के लिए खुदा पर भरोसा, प्रेमत्र, भाईचारा, करुणा, दया, ममता आदि की भावनाओं से युक्त स्वस्थ एवं सभ्य सामाजिक जीवन का संघर्ष करती है।

अत: उत्तर आधुनिक पूँजीवादी व्यवस्था की जड़े बेईमानी, चापलूसी, भ्रष्टाचाररूपी खम्भों पर टिकी हुई है। जो कोई ईमानदारी से उस भ्रष्ट व्यवस्था को सुधारने का प्रयास करता है वह खुद व्यवस्थारूपी आक्टोपस की चंगुल में फॅस जायेगा जिस तरह 'उजाड़' शीर्षक कहानी का नायक वासन फँस गया है। 'व्यवस्था व्यक्ति एवं समाज को व्यवस्थित करने के लिए का सिद्धान्त इस उत्तर आधुनिक युग में कोरा बकवास बन गया है।' व्यवस्था छीनते-छीनते कितना कुछ छींन लेती है। जब आदमी की जमीन छीनकर उसे तसल्ली नहीं होती तो वह उसके पॉव छीन लेती है। उत्तर आधुनिक बाजारवादी व्यवस्था इतनी क्रूर और निस्संग है कि दीन-हीनों के दुख-दर्द को नजरअन्दाज करती है।

इसी प्रकार ज्ञानप्रकाश विवेक की 'अर्थ' शीर्षक कहानियाँ इस क्रूर व्यवस्था की झांकियाँ प्रस्तुत करती हैं। पहली कहानी में गरीब स्त्रियाँ गुजारा करने के लिए हजार पत्ते के बदले दस रुपये पाने के लिए कमर में बंधे कपड़ों में दरॉती खोंसकर मेंढक की तरह पेड़ों पर चढ़कर पत्ते तोड़ती है और उसे बाजार में बेचती है जबकि टूरिस्ट केन्द्रों में खूबसूरत जवान एवं छरहरी लड़कियॉ नाजो अन्दाज, के साथ चाकलेट खा रही हैं और उसकी माएँ ब्यूटी पार्लरों में ढलती उम्र मे मुठभेड़ करती हैं।

कमोवेश ग्राम्य जीवन के परिप्रेक्ष्य में कथा साहित्य के सम्राट प्रेमचन्द ने एक पारिवारिक व्यक्ति के रूप में ग्रामीणों के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन का चित्रण किया है। मध्यवर्ग के लिए परिवार उपभोग का केन्द्र होता है, लेकिन किसान के लिए परिवार उत्पादन का केन्द्र भी होता है। किसान के पारिवारिक सम्बन्ध उत्पादन के संबंध भी होते हैं। उत्पादन कर्म में सारा परिवार एक साथ लगता है। इसलिए किसान बिना परिवार के नहीं रह सकता। मध्यवर्गीय मेहता अविवाहित रह सकते हैं लेकिन होरी के अविवाहित जीवन की हम कल्पना ही नहीं कर सकते। वह स्वाभाविक और पारिवारिक जीवन जीना चाहता है।

किसान अपनी चेतना से संयुक्त परिवार का पक्षपाती होता है। प्रेमचन्द ने दिखाया है कि नयी व्यवस्था के दबाव से यह संयुक्त परिवार टूट रहा है और इस टूटते हुए संयुक्त परिवार को बचाने के लिए किसान अथक प्रयास कर रहा है। इसमें कभी वह सफल होता है और कभी असफल होता है। संयुक्त परिवार को बचाने के इस संघर्ष मे किसान अपनी सामर्थ्य और इच्छा शक्ति के सहारे सफल होता है। और ऐतिहासिक परिस्थितियों के दबाव से असफल होता है। संयुक्त परिवार के बिखर जाने के बाद भी किसान उन संबंधों को मानता और निबाहता रहता है। तात्पर्य यह है कि संयुक्त परिवार के विघटन के बाद भी चेतना के स्तर पर किसान संयुक्त परिवार में ही रहना चाहता है।

इस तरह प्रेमचन्द सहित्य में भारतीय किसान के परिवार का वह संक्रमण काल अभिव्यक्त हुआ है, जब संयुक्त परिवार में विघटन तीव्र हो गया था। इस विघटनकालीन संयुक्त परिवार मे सदस्यों के आपसी संबंधों के ताने-बाने, तनाव, अन्त:संघर्ष, अन्तर्विरोध और टूटन की अभिव्यक्ति प्रेमचन्द की रचनाओं में हुई है। उनके साहित्य में 'नये' परिवार के बन जाने का चित्रण तो है, लेकिन उनको सामाजिक और नैतिक विराधे का सामना करना पड़ रहा है। समाज उसे वांछित रूप में नहीं, बल्कि नियति के रूप में मानने के लिए मजबूर है। इस विशिष्ट ऐतिहासिक दौर में किसानों की पारिवारिक स्थिति का चित्रण प्रेमचंद साहित्य में भी मिलता है।

प्रेमचंद ने परिवार का वर्णन करते हुए इस तथ्य को बड़े दर्द से रेखांकित किया है कि संयुक्त परिवार टूट रहा है। संयुक्त परिवार सिर्फ संस्था नहीं है बल्कि मानवीय संबंधों की मानवीयता की स्थायी और ठोस अभिव्यक्ति है। परिवार टूटने के साथ ही यह मानवीयता भी टूट जाती है। इस टूटने के दर्द को किसान पात्र झेलते हैं और अक्सर विघटन के दिन परिवार का मुखिया इस गम में खाना नहीं खा पाता। लेकिन प्रश्न यह है कि भारतीय किसान की परम्परागत चेतना का मूर्तिमान रूप-संयुक्त परिवार अब टूट क्यों रहा है? प्रेमचंद और उनके किसान पात्रों के विचार क्या हैं? वह जानना भी आवश्यक है।

प्रेमचन्द साहित्य के अध्ययन से पता लगता है कि उन्होंने इसका कोई ठोस और तर्कसंगत जवाब नहीं दिया है। इस समस्या के बारे में लेखक के विचार उसके पात्रों के विचारों से मिलते हैं। संयुक्त परिवार के समर्थन में एक तर्क तो यह भी दिया जाता है कि यह व्यवस्था आर्थिक दृष्टि से श्रेष्ठ है। 'सवा शेर गेहूँ' में प्रेमचंद ने लिखते हैं, ... शंकर किसान से मजूर हो गया। उसका छोटा भाई मंगल उससे अलग हो गया था। एक साथ रहकर दोनों किसान थे, अलग होकर मजूर हो गए थे। शंकर ने चाहा कि द्वेष की आग भड़कने न पाए, किन्तु परिस्थिति ने उसे विवश कर दिया।

इसके टूटने के कारणों में सबसे प्रमुख नयी बू की संकुचित दृष्टि को माना गया है। जब तक घर में कोई नया प्राणी नहीं आ जाता, तब तक पारिवारिक जीवन में सुख-शान्ति रहती है, लेकिन ज्यों ही वह आती है परिवार के सभी सदस्यों के आपसी संबंध बदल जाते हैं और आज्ञाकारी बेटा भी अनुशासनहीन होने लगता है। 'अलग्योझा' कहानी में भी इसी परिवार के विघटन की जिम्मेदार रग्घू की बहू मुलिया को ठहराया गया है। मुलिया सोचती है और कहती भी है कि 'मेरा शौहर छाती फाड़कर काम करे, और पन्ना रानी बनी बैठी रहे, उसके लड़के रईसजादे बने घूमें। मुलिया से यह बर्दाश्त न होगा। वह किसी की गुलामी न करेगी। अपने लड़के तो अपने ही होते ही नहीं भाई किसके होते हैं।'

संयुक्त परिवार में यह असमान श्रमविभाजन तो सदियों से रहा है, लेकिन इसका विरोध अब इतना तीव्र क्यों हो गया है? इसका कारण है लाभ की व्यक्तिगत चेतना। पहले परिवार गुमान जैसे निठल्ले खप जाते थे लिहाज और स्नेहवश दूसरे भाई भावज कुछ बोलते नहीं थे। लेकिन 'व्यक्तिवाद' के कारण वह 'लिहाज' उठता जा रहा है औरतें पहले जब इस प्रकार बातें करती भी थीं, तो मर्द उन्हें चुप करा देते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गयी है। 'शंखनाद' का बितान खुद तो लिहाजवश कुछ नहीं पाता, लेकिन जब उसकी पत्नी अलग्योझे का समर्थ करती है तो उसे अच्छा लगता है। इसमें भानुदत्त को गुमान का छैलापन उतना नहीं खलता जितना उसके बेटों का खलता है। इसका कारण दो पीढ़ियों की अलग अलग चेतना है।

अत: कहना न होगा कि आज परिवार टूट रहे हैं। ग्रामीण जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। ग्रामीण संस्कृति का ढांचा चरमरा रहा है। आज परिवार के बीच एकाकीपन समा रहा है। साथ ही बाजारवाद की चकाचौंध और उपभोक्तावादी संस्कृति की दस्तक ने पुराने जीवन मूल्यों को नेस्तानाबूद कर स्व संस्कृति को जन्म दे रही है जो देश, समाज एवं परिवार के लिए घातक है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. डॉ0 ज्ञान अस्थाना : हिन्दी उपन्यासों में ग्राम समस्याएँ।
2. प्रो0 कमला प्रसाद : देशवन्धु, दैनिक समाचार पत्र में प्राकशित स्तम्भ - बदलती दुनिया बदलते इन्सान, से उद्धृत।
3. राजेन्द्र यादव - कहानी : अनुभव और अभिव्यक्ति।
4. ज्ञान प्रकाश विवेक - शिकारगाह।
5. सी.एम. येहन्नान - समकालीन हिन्दी कहानी : अन्तरंग परिचय।
6. प्रो. रामबक्ष - प्रेमचन्द और भारतीय किसान।
7. प्रेमचंद - गोदान से।


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में पश्चिमी मध्यप्रदेश की जनजाति का योगदान

**सुनिल चौहान***

* शोधार्थी, श्री कृष्णरावजी पंवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवास (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में जनजाति का अप्रतिम योगदान रहा है।पश्चिम मध्यप्रदेश के कई जनजाति योद्धा हुए जिन्होंने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध मोर्चा बनाकर विद्रोह किया जिसमें भीमा नायक, ख्वाजा नायक, टंट्या भील, सीताराम कुंवर आदि थे। इन जनजाति क्रांतिकारीयों ने अंग्रेजों के खिलाफ निरंतर सशस्त्र आंदोलन जारी रखा इस शोध पत्र के माध्यम से पश्चिम मध्यप्रदेश की भील जनजाति क्रांतिकारी योद्धाओं का स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान का संक्षिप्त विश्लेषण किया गया।

**प्रस्तावना –** पश्चिमी मध्यप्रदेश का अधिकोश क्षेत्र पर्वतीय वनों से आच्छादित है। यहाँ पश्चिमी मालवा का पठार पश्चिमी नर्मदा घाटी निमाड़ और पश्चिमी सतपुड़ा श्रृंखला आती है।[1] पश्चिम मध्यप्रदेश का क्षेत्र वैज्ञानिक दृष्टि से आदिकाल में गोंडवाना लैंड का भूभाग था जिसके अंतर्गत बड़वानी, खरगोन खंडवा बुरहानपुर, रतलाम, धार, झाबुआ एवं अजीराजपुर इत्यादि जिला आते थे।[2]

जनजातियों के प्रारंभिक इतिहास के बारे में प्रमाणिक सामग्री का अभाव है। भील शब्द की उत्पत्ति संक्षिप्त भाषा में 'भिल्ल' शब्द से मानी जाती हैं।[3] भीलों की प्राचीन संस्कृत साहित्य, महाभारत, रामायण, बौद्ध कालीन एवं जैन साहित्य में चर्चा मिलती है। किसी समय इस जनजाति की अपनी एक स्वतंत्र सत्ता थी और मध्य भारत में भील सरदारों के कई छोटे-छोटे राज्य फैले हुए थे। प्राय भीलों का राजपूतों से संघर्ष होता रहता था। दसवीं शताब्दी तक चंपारण क्षेत्र के अतिरिक्त संपूर्ण रेवा कथा का क्षेत्र कोली एवं भीलों के अधीन था। किंतु 13वीं शताब्दी के आसपास यह संपूर्ण क्षेत्र राजपूतों के अधीन आ गया।

इसी कराण भीलों में स्थिारता नहीं आ पाई और वे विवश होकर लूटपाट करने लगे। यहां कार्य 1818 तक जारी रहा।

किंतु भीलों के इस कृत्य पर सर जॉन मालकॉम के काल में नियंत्रण किया गाया। इसके लिए इन्हें स्थायी रुप से बस्ती देकर बसाने के लिए प्रेरित किया गया एवं यहीं से इनके अंदर परिवर्तन आया और शांति से जीवन यापन करने की प्रवृत्ति विकसित हुई। सन 1818 ई के तृतीय आंग्ल मराठा युद्ध में मराठा पराजय के उपरांत इनका क्षेत्र अंग्रेजों के हाथ में आ गया। ब्रिटिश सरकार ने अब नए सिरे से राजाओं एवं जमींदारों से अलग-अलग इकरारनामा किया। यह देशज राजा आदिवासियों को आदिवासी की दृष्टि से देखते थे। उनके मन में इनके लिए कभी आदर सम्मान की भावना नहीं थी। राजाओं के इस दोहरे चरित्र के कारण जनजाति जान भाषा धन सामाजिक सांस्कृतिक स्थिति में पिछड़ते गए। इसी कारण कालांतर में यह स्थिति प्रतिकार के रुप में परिवर्तित हो गई।

जनजातीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति देशज राजाओं के दृष्टिकोण समझने के लिए इन्हें दो भागों में बांटा जा सकता है। प्रथम भाग में वे राजा आते थे जो जनजातियों के हितेषी थे और उन्होंने स्वयं जनजातियां विद्रोह एवं आंदोलन का नेतृत्व किया तथा इसमें भाग ले रही जनजाति क्रांतिकारियों का यथाशक्ति सहयोग एवं संरक्षण भी दिया। उदाहरण के लिए बिरदा के टंट्या भील एवं बड़वानी के ढाबा बावड़ी के भीमा नायक के विद्रोही कार्य की जानकारी होलकर राजा एवं बड़वानी के राजा जसवंत सिंह को होने के बाद भी उन्हेंने अंग्रेजों को इनकी सूचना नहीं दी।

देशज राजा कालांतर में इतनी शक्ति संपन्न नहीं रह गए थे कि वह अकेले अंग्रेजों के विरुद्ध जा सके किंतु वह अंदर ही अंदर चाहते थे कि अंग्रेजों का संपूर्ण नाश हो। द्वितीय वर्ग में आने वाले देशज राजा अंग्रेजों के चमचे बने रहे और उन्होंने जनजातियों के शोषण एवं विद्रोह के दमन करने में ब्रिटिश सरकार का साथ दिया। उदाहरण के लिए सन 1831 में धार राज्य के भीलों के विद्रोह को दबाने के लिए धार के राजा ने आउट्रम से मदद मांगी थी।[4]

आउट्रम ने सूझ बूझ से काम लेते हुए पहले उन्हें अपना मित्र बनाया और राजा और प्रजा के बीच वह अपनी पैठ बनाने में सफल हो गया और उसने कांटे से काटा निकालने की युथत को आत्मसात करते हुए भीलों के विरुद्ध भीलों को खड़ा करने के लिए 'भील कोर' का गठन कर दिया।[5] प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के एक अन्य घटनाक्रम में नागपुर क्षेत्र के गोंड जमींदार बापुराव एवं वेंकट राव को पकड़ने में अहिरी के जमींदारों द्वारा अंग्रेजों की सहायता की गई थी।[6]

संपूर्ण भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि मध्य भारत में ऐसे कई जनजाति योद्धा थे जिन्होंने इस आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व झोंक दिया। इन आजादी के मतवाले क्रांतिकारी में से भीमा नायक, ख्वाजा नायक, सीताराम कुंवर, टंट्या भील, आदि क्रांतिकारी का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है-

**भीमा नायक-** स्वतंत्रता संग्राम में निमाड़ के भीलों को प्रेरित करने वाले

यहां क्रांतिकारी योद्धा भीमा नायक ना जन्म 1815 ई हुआ था। बाल्य काल में ही गोफन तीर कमान चलाने में माहिर था और उसे सशस्त्र ज्ञान उसके पिता रामा नायक ने सिखाया था। भीम का क्रांतिकारी बनने में परिवार के महत्वपूर्ण भूमिका रही है।अंग्रेजों की शोषणकारी एवं अत्याचार नीति से मुक्ति के लिए 1837 उन्होंने सैनिक टुकड़ी बनाई और 500 भील सैनिक तैयार किये।भीमा नायक ने 1840 से 1864 तब अंग्रेजों के विरुद्ध भीलों का नेतृत्व किया था। किंतु 2 अप्रैल 1867 का पुलिस ने उन्हें बंदी बना लिया जिससे उनके द्धारा संचालित क्रांतिकारी गतिविधियों समाप्त हो गई।[7]

**ख्वाजा नायक–**ख्वाजा नया के सेंधवा घाट के वार्डन गुमान नायक का पुत्र था पिता की मृत्यु के बाद ख्वाजा नायक को 1833 में सेंधवा घाट का वार्डन बनाया गया 1850 में तत्कालिक सरकार ने एक हत्या के अरब में 10वर्ष की सजा दी और 1856 में ही उसे रिहा कर दिया गया तथा ख्वाजा नायक को सेंधवा घाट के वार्डन की नौकरी वापस मिल गई ख्वाजा नायक नौकरी में रुचि ना रख कर स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी गतिविधियों को बढ़ावा दिया और 7 अक्टूबर 1857 को महादेव नायक देवरिया नायक अपने साथियों के साथ थोड़ा जनक सांगली आए और खान देश में सिरपुर को लूटने में खजाना के सॉन्ग का हाथ था लूटा हुआ सभी माल गरीबों में बताते थे गोवा जनक का दिल पर और भी लोगों को भी ख्वाजा में पर पूरा विश्वास था सिरपुर के 5 किलोमीटर क्षेत्र के आसपास के सभी दिन ख्वाजा नायक के संगठन से जुड़े थे।[8] 1857 का स्वतंत्रता समर समाप्त होने के बाद भी ख्वाजा नायक अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्षजारी रखा। ख्वाजा को पकड़ने के लिए षणयंत्र रचा गया सादे वेश में और बहुत दिन मकरानी जमादार को नौकरी की खोज में भेजा गया और कुरान एवं बैल की कसम लेकर वफादारी का वादा किया ख्वाजा नायक सूर्य की और मुंह करके खडे थे तब 6 अक्टूबर 1860 को रोज दिन में गोली मार दी थी ख्वाजा नायक एक जमीन पर गिर गए।[9]

**सीताराम कुंवर–**सीताराम कुंवर भिलाला जनजाति के क्रांतिकारी थे। बडवानी क्षेत्र से स्वतंत्रता आंदोलन की आवाज उठाई और भीमा नायक और ख्वाजा नायक पर जब–जब अंग्रेजों की दमनात्मक कार्रवाई हुई तब तब सीताराम कुंवर ने क्रांतिकारियों की कमान संभाले भील भीलालों को एकत्रित कर संगठन बनाया। बाल सुमंद चौकी पर 30 सितंबर 1858 को अधिकार कर लिया और जमुनी चौकी को आग का हवाला दे दिया, सीताराम कुंवर पर रुपये 500 का इनाम भी अंग्रेजों ने घोषित किया था। सीताराम कुंवर और ब्रिटिश सेना के बीच बडनामक स्थान पर युद्ध हुआ और युद्ध में हार हुई सीताराम कुंवर और हवलदार ज्वाला में मारे गए थे।[10]

**टंट्या भील–**खंडवा जिले के तहसील पांधना ग्राम बिरदा में सन् 1824 से 1827 के बीच जन्म हुआ। पिता का नाम भाउ सिंह और माता का नाम जीवनी थी। टुंडरा बचपन का नाम था। निशानेबाज घुड़सवारी गोफन चलाने में निपुर्ण था। पटेल द्धारा कर अधिक और अत्याचारी था गांव के आदिवासी पर जोर लुलुम करता था टंट्या भील के माता–पिता की हतया पटेल और उसके चमचो द्धारा की गई।

टंट्या भील पटेल का विरोध किया तो पटेल ने आदिवासी की बस्ती को जला दिया और शाही लोगों महिलाओं एवं बच्चों की रक्षा के लिए कसम खाई और बदला लेने की थाने तथा अंग्रेजों के सरकारी खजाना और जमींदार साहूकार और चमचो के धन को लूटना और गरीबों में जरूरतमंद को देते थे। गरीबों का मसीहा कहा जाता था इन्हीं वजह से अंग्रेज 'इंडियन रोबिन हुड' की उपाधि दी थी टंट्या भील के साथ 10 अगस्त 1889 गणपत ने विश्वासघात किया और एक योजना बुद्ध तरीके से पकड़ लिया गाया। टंट्या भील को धर्म ने कलाई में राखी नहीं बांधी बल्कि हथकड़िया बंधवाई 4 दिसंबर 1889 को रिटर्न टेबल का जबलपुर जेल में फांसी दे दी गई।[11]

**निष्कर्ष–** संपूर्ण आंदोलन के प्रत्येक विभाग एवं कालखंड पर नजर डालें तो स्पश्ट हो जाता हैकि मध्य भारत के पश्चिम में मध्यप्रदेश क्षेत्र के उन जनजातीय योद्धाओं की कमी नहीं है जिन्होंने इस स्वतंत्रता आंदोलन की लडाई में अपने प्राणों का उपसर्ग कर दिया परंतु युवा पीढी इन्हें विस्मृत कर बैठी यह शोध पत्र स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में स्थानीय स्तर पर की एक कडी के रुप में होगा जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास मूक एक अंतराल को पूरा करेगे। इन गुमनाम धूमिल पन्नों से चुन चुन कर इन वीर बलिदानी क्रांतिकारियों के योगदान को उजागर कर राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर उपयोगी एवं प्रासंगिक बनाने का प्रयत्न किया गया हे

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. वर्मा डॉ. राजेंद्र, मध्यप्रदेश जिला गजेटियर, संचालनालय संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश, भोपाल 1994 पृ 02.
2. वही पृष्ठ क्र. 02.
3. वसंत, निर्गुण एवं गहलोत भानुशंकर, पिथौरा भाल जनजातीय चित्रांकन और मिथक कथाएं।
4. सिंह अयोध्या, भारत का मुक्ति संग्राम, दिल्ली 2001 पृ. क्र.163.
5. भगवान दास श्रीवास्तव 1857 के स्वाधीनता आंदोलन मे मध्यप्रदेश के आदिवासियों का योगदान पृ. क्र.11.
6. शुक्ला, डॉ. हीरालाल बस्तर का मुक्ति संग्राम, मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल पृ. क्र.125.
7. लुनिया बी एन, मध्य भारत में विद्रोह, स्वराज संस्थान संचनालय, भोपाल, 2004 पृ. क्र.345–369.
8. राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली पॉलिटिकल सप्लीमेंट्री प्रोसिडिंग्स क्र.191–192 जुलाई 1867, पालिटिकल ए गवर्नर जनरल के एजेंट के प्रथम सहयोग ऐजेंट की ओर से भारत सरकार को संबंधित पत्र संख्या 35–161 दिनांक 20/07/1837.
9. सिमक खानदेश भील कोर ए. के. प्रिंगल का पत्र दिनांक 24/05/1841 पृ. क्र.252, 211.
10. तिवारी, श्रीराम, 1857 स्वतंत्रता संग्राम के रणबांकुरे स्वराज संस्थान संचालनालय, भोपाल, 2008 पृष्ठ क्रमांक 38–39.
11. The superinentent of central jail Jabalpur I-506I Date 24/11/89/

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Human Rights & Climate Change: Remedies of Environment Protection in World

**Anamika Arora***

***Research Scholar, Apex University, Jaipur (Raj.) INDIA**

**Introduction -** The Climate change is already threatening people's guaranteed rights. It is affecting rights such as the rights to life and health, to food, water and housing. In the case of small island states it touches on the very right to exist. The number of climate-related lawsuits is rising worldwide – including in India, Nepal, Pakistan and Bangladesh. This article summarizes the links between human rights and climate change, comments on the implications and profiles some of the climate-related court cases.

The droughts that accompany global warming are affecting food security. Fluctuating precipitation and the salivation of lakes and rivers put drinking water supplies at risk. Extreme weather events pose a direct threat to life and health and destroy people's homes. Island states could be wiped out by rising sea levels. Climate change is thus having a direct and adverse impact on fundamental rights and Human Rights that are enshrined in international conventions and often also in national constitutions. Ten years ago the UN Human Rights Council (UNHRC) 1 was already noting that "climate change-related impacts have a range of implications, both direct and indirect, for the effective enjoyment of human rights.

In relation to climate change, human rights are relevant at two levels. Firstly, climate change mitigation measures must comply with human rights principles. Secondly, there are questions to be answered about the extent to which anthropogenic climate change is itself a breach of human rights. It is this issue that forms the focus of the present article.

The Climate change impacts, directly and indirectly, an array of internationally guaranteed human rights. States have an affirmative obligation to take effective measures to prevent and redress these climate impacts, and therefore, to mitigate climate change, and to ensure that all human beings have the necessary capacity to adapt to the climate crisis.

It is now generally agreed that human rights impose an obligation on states to not only respect these rights but also to protect and fulfill them. For human rights to be infringed, it is thus not necessary for the state itself to interfere with people's rights through its own actions: in principle an infringement can also occur if the state fails in its duty to protect people against infringements by third parties.

The UN's Guiding Principles on Business and Human Rights confirm that states have a duty to protect human rights against threats from economic actors, while economic actors have a duty to respect human rights. Furthermore, there is a right to compensation if human rights are infringed by the actions of economic actors.

In the case of climate change, which poses a direct threat to several human rights, the state therefore has a duty to take active steps to avert climate change. The state must as far as possible prevent adverse impacts on human rights and ensure that all people are enabled to adapt to climate change in the best possible way.

All States should be accountable to rights holders for their contributions to climate change including for failure to adequately regulate the emissions of businesses under their jurisdiction regardless of where such emissions or their harms actually occur."

Each case of climate change must be very carefully examined to determine which legal text contains the right that is being claimed, in what constellation it is applicable, who is obligated by it and whether legal action can be brought. Human rights are contained in various legal sources that take different forms. For example, the Universal Declaration of Human Rights is not legally binding. By contrast, basic rights and human rights that are enshrined in national constitutions – including in India's Basic Law– can be invoked before a court, as can the rights contained in the European Convention on Human Rights and the European Charter of Fundamental Rights. In the case of climate change, there is a further difficulty in the form of the extensive leeway that states have. When it comes to enforcing protective duties, the courts are extremely reluctant to determine that a right has been infringed: under the system of separation of powers, it is not for the courts to take policy decisions that are the

responsibility of the democratically legitimated legislature or the government. The courts therefore step in only when the measures that are taken are clearly inadequate. Does this mean that no further legal protection is accessible in connection with climate change? After all, by adopting the Framework Convention on Climate Change the states have committed themselves at international level to action on climate change, and most countries also have a national climate policy. It is not sufficient.

As emphasized by the United Nations Human Rights Council in its Resolution 26/27, climate change is an urgent global problem requiring a global solution. The Council called for international cooperation to implement the United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC) 2 in order to support national efforts for the realization of human rights affected by climate change related impact. The Council affirmed that “human rights obligations, standards and principles have the potential to inform and strengthen international, regional and national policymaking in the area of climate change, promoting policy coherence, legitimacy and sustainable outcomes.

In recognition of these facts, the Human Rights Council held a full-day panel discussion on human rights and climate change on 6 March 2015. The discussion addressed challenges posed by climate change towards the realization of all human rights for everyone, particularly those in vulnerable situations, and the adverse impacts of climate change on States’ efforts to progressively realize the right to food. Panelists, who included eminent speakers representing United Nations Member States, intergovernmental organizations, civil society and academia, recommended forward-looking rights-based solutions to address climate change.

This submission to the 21st Conference of the Parties to the United Nations Framework Convention on Climate Change is an outcome of the above-mentioned panel discussion that is complemented by human rights commentary and analysis. It is intended to inform climate action and policy at all levels including the work of the Conference of the Parties to the UNFCCC (COP) and to further elucidate the critical links between human rights and climate change identified by panelists. The Panelists highlighted a number of human rights challenges resulting from or exacerbated by climate change as well as efforts to mitigate and adapt to it. They stressed the importance of ensuring transparency and participation, especially of those most affected, in all climate-change.

They made an unequivocal call for integration of human rights in COP 21 (2015 Paris) and highlighted the impacts of climate change on the enjoyment of human rights. Panelists’ comments inform the structure of this document which begins with a background discussion of the human rights implications of climate change and the global discourse so far. It then proceeds to elaborate upon the legal basis of specific human rights affected by climate change, the factual basis for alleged human rights violations caused by climate change, and recommendations for a rights-based approach to climate change.

Human rights are universal legal guarantees that protect individuals, groups and peoples against actions and omissions that interfere with their fundamental freedoms and entitlements. Human rights law obliges governments (principally) and other duty-bearers to respect, promote, protect and fulfill all human rights. Human rights are universal and are based on the inherent dignity and equal worth of all human beings. They are equal, indivisible, interrelated and interdependent, and cannot be waived or taken away. Furthermore, human rights (HR) 3 are legally protected, and impose obligations in relation to actions and omissions, particularly of States and State actors.

It is now beyond dispute that climate change caused by human activity has negative impacts on the full enjoyment of human rights. Climate change has profound impacts on a wide variety of human rights, including the rights to life, self-determination, development, food, health, water and sanitation and housing. The human rights framework also requires that global efforts to mitigate and adapt to climate change should be guided by relevant human rights norms and principles including the rights to participation and information, transparency, accountability, equity, and nondiscrimination.

Simply put, climate change is a human rights problem and the human rights framework must be part of the solution. The Fifth Assessment Report (AR5) by the Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC)4 unequivocally states that “human influence on the climate system is clear, and recent anthropogenic emissions of green-house gases are the highest in history. It notes that “recent climate changes have had widespread impacts on human and natural systems.

Human rights based approach addresses cross cutting social, cultural, political and economic problems, while empowering persons, groups and peoples, especially those in vulnerable situations. This can make considerable contributions to climate change policies, making them less myopic and more responsive, sensitive, and collaborative. All the States are obligated to respect, protect, promote, and fulfill all human rights for all people. This includes an affirmative obligation to prevent foreseeable harms including those caused by climate change. The UN Charter, the Universal Declaration of Human Rights, the International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights (ICESCR)5, and the UN Declaration on the Right to Development all make clear that State human rights obligations require both individual action and international cooperation.

According to the Universal Declaration of Human Rights everyone is entitled to a social and international order in which the rights and freedoms therein can be fully realized and everyone has duties to the community. Similarly, the

ICCESCR declares that States should "take steps, individually and through international assistance and co-operation, especially economic and technical, to the maximum of their available resources, with a view to achieving progressively the full realization of rights recognized in the present Covenant".

The Declaration on the Right to Development further calls on States to establish through their individual and collective actions, national and international conditions favorable to the realization of the right to development and all human rights including through international cooperation to provide developing countries "with appropriate means and facilities to foster their comprehensive development".

It also emphasizes that "all human beings have a responsibility for development, individually and collectively and they should therefore promote and protect an appropriate political, social and economic order for development".

The Universal Declaration of Human Rights, the International Covenant of Civil and Political Rights (ICCPR)6 and other human rights instruments make it clear that all persons who suffer human rights harms are entitled to access to effective remedy. The Human Rights Council panel repeatedly called for climate justice and immediate action to mitigate and adapt to climate change.

The principle of equity, including intergenerational equity, is also specifically recognized in the UNFCCC which calls for all parties to "protect the climate system for the benefit of present and future generations of humankind, on the basis of equity and in accordance with their common but differentiated responsibilities and respective capabilities". In spite of the above, State commitments under the UNFCCC have so far failed to provide for and ensure the implementation of adequate mitigation and adaptation measures to limit climate change and its adverse effects on human rights, the economy, public health and the environment.

The UNFCCC is a framework convention and it is open to evolution and continuing negotiations. There is a high degree of hope that the agreement negotiated at COP21 in Paris and any subsequent agreements will raise the level of ambition of climate action in order to protect human rights from the adverse effects of climate change. In these negotiations and throughout related processes, the human rights principles of transparency, participation and accountability have an important role to play. The Participation is a basic human right in itself, and a precondition or catalyst for the realization and enjoyment of other human rights.

Affected individuals and communities must participate, without discrimination, in the design and implementation of these projects. They must have access to due process and to remedy if their rights are violated. During the panel discussions, the importance of a rights-based approach to climate change was raised frequently.

These factors are essential in supporting developing countries, including through finance and technology. According to Mary Robinson, a human rights based approach to development should focus on fulfilling for all persons the minimum conditions necessary for a life of human dignity. Faced with climate change, persons in vulnerable situations must have their rights protected, obtain access to measures of adaptation and resilience, and receive the support of the international community. A rights-based response should also maximize inclusion, participation and equality.

Critically, it is not enough to simply focus on ensuring that climate actions respect human rights. A rights-based approach requires States to take affirmative action's to respect, protect, promote and fulfill all human rights for all persons. Failure to prevent foreseeable human rights harms caused by climate change, or at the very least to mobilize maximum available resources in an effort to do so, constitutes a breach of this obligation. Human rights obligations apply to the goals and commitments of States in the area of climate change and require that climate actions should focus on protecting the rights of all those vulnerable to climate change starting with those most affected.

Human rights principles articulated in the Declaration on the Right to Development and other instruments call for such climate action to be both individual and collective and for it to benefit all persons, particularly the most marginalized. The UNFCCC further elaborates upon the need for equitable climate action calling for States to address climate change in accordance with their common but differentiated responsibilities and respective capabilities in order to benefit present and future generations. State commitments therefore require international cooperation, including financial, technological and capacity-building support, to realize low-carbon, climate-resilient, and sustainable development, while also rapidly reducing greenhouse gas emissions.

Only by integrating human rights in climate actions and policies, and empowering people to participate in policy formulation, can States promote sustainability and ensure the accountability of all duty-bearers for their actions. This, in turn, will promote consistency, policy coherence and the enjoyment of all human rights.

The relationship between climate change and the enjoyment of human rights is both too complex and too vast to fully describe here. Instead, this Part focuses on specific examples referred to by panelists during the March 2015 discussion at the Human Rights Council. In this context, it is critical to remember that although specific rights may be discussed separately, all human rights are universal, inalienable, indivisible, interdependent and interconnected. A preventable violation of one right can have far-reaching consequences for other, and in some instances, all human rights.

**The Human Rights are most affected by climate change**

**The Right to life -** According to the Universal Declaration of Human Rights "everyone has the right to life, liberty and security of person." The International Covenant on Civil and Political Rights (ICCPR)7 reiterates that "every human being has the inherent right to life." All States have committed to respect, protect, promote, and fulfil the right to life. This entails, at the very least, that States should take effective measures against foreseeable and preventable loss of life. Climate change kills through drought, increased heat, expanding disease vectors and a myriad of other ways. According to a report by the Climate Vulnerable Forum and DARA International, climate change is already responsible for approximately 400,000 deaths per year and that number is expected to rise to 700,00 by 2030.21 In order to uphold the right to life, States must take effective measures to mitigate and adapt to climate change and prevent foreseeable loss of life.

**The right to self-determination -** Article 1 of the UN Charter calls for respect of the self-determination of peoples. Further, Common Article 1 of the ICCPR and the ICESCR states that "all peoples have the right of self-determination. By virtue of that right they freely determine their political status and freely pursue their economic, social and cultural development." States must respect the right to self-determination of all peoples and ensure that they have the necessary resources to provide for themselves. Climate change not only poses a threat to the lives of individuals; but also to their ways of life and livelihoods, and to the survival of entire peoples.

Small Island Developing States and Least Developed Countries have identified even warming of 1.5°C as a "serious threat" to their continued existence. These views are supported by the IPCC in its review of the effects of rising sea-levels on "coastal systems and low-lying areas."

According to a recent report by a group of United Nations Special Reporters, climate change challenges the ability of peoples in small island states to "continue to live on their traditional territory, and… to enjoy and exercise their right to self-determination". States are obliged to take adequate measures to guarantee the rights of all peoples to self-determination in the face of the looming threat posed by climate change but they have so far failed to do so.

The Declaration underscores that people must be the central subjects, active participants, and beneficiaries of development. It articulates that all States and all persons have responsibilities for development and States should work individually and collectively to create an internationally enabling environment for development in which the benefits of development are equitably shared by all. In particular, States should take steps individually and collectively to guarantee all persons the ability to enjoy economic, social, cultural and political development. Climate change poses an existential threat to people's enjoyment of their right to development.

For these reasons, the right to development was the subject of marked emphasis during the panel discussions. Panelists agreed that the right to development should inform humanity's collective response to climate change.

**The right to food -** The right to food is enshrined in the Universal Declaration of Human Rights and the ICESCR. Article 11 of the ICESCR upholds the "fundamental right of everyone to be free from hunger" and calls upon States acting individually and through international co-operation, "to ensure an equitable distribution of world food supplies in relation to need."

As with all human rights, States must respect, protect, promote, and fulfil the human right to food. Further, States have committed to mobilize maximum available resources for the progressive realization of the right to food and all other rights contained in the ICESCR. According to the IPCC, climate change undermines food security; therefore, it threatens realization of the right to food.

**The right to water and sanitation -** Although the right to water is not explicitly recognized in the ICESCR, General Comment No. 15 of the Committee on Economic, Social and Cultural Rights articulates this right stating: "The human right to water entitles everyone to sufficient, safe, acceptable, physically accessible and affordable water for personal and domestic uses."31 In its resolution 64/292, the General Assembly recognized "the right to safe and clean drinking water and sanitation as a human right that is essential for the full enjoyment of life and all human rights."

According to the World Bank, climate impacts can "exacerbate the existing development challenge of ensuring that the educational needs of all children are met." 44 During the panel discussion, concerns were expressed that the right to education would be hampered by the transfer of funds earmarked for education to disaster relief budgets, or other adaptation measures. According to Mithika Mwenda, this is already transpiring as "funds earmarked for providing quality education to children arediverted to address climate-inspired disasters".

Failure to ensure fulfillment of the right to education and the diversion of funds from education not only violates this right but also has long term developmental consequences with substantial implications for the enjoyment of all rights by all.

**The right to housing -** According to Article 11 of the ICESCR all persons are entitled to an adequate standard of living for themselves and their families including adequate housing. The scope and application of the right to housing is elaborated upon in General Comment No. 4 of the Committee on Economic, Social and Cultural Rights, which states that "the human right to adequate housing is of central importance for the enjoyment of all economic, social and cultural rights." Like with all other economic, social and cultural rights, States are obliged to expend maximum available resources for the progressive realization of the right to housing for all persons.

Climate change threatens the right to housing in a number of ways. Extreme weather events can destroy homes displacing multitudes of people. Drought, erosion and flooding can gradually render territories inhabitable resulting in displacement and migration. Sea level rise threatens the very land upon which houses in low-lying areas are situated and is expected to "continue for centuries even if the global mean temperature is stabilized."

Migration with dignity would entail migration with the assurance of all human rights to all, including an adequate standard of living and the right to housing.

**The rights of future generations -** The rights of children are protected by the CRC but the rights of future generations (in the sense of generations yet unborn) are not formally recognised in this or other major human rights instruments. Nevertheless, a strong argument in favour of the rights of future generations can be made on the basis of the human rights principle of equity and a number of multi-lateral environmental agreements. The Stockholm Declaration of the United Nations Conference on the Human Environment stated that "defend and improve the human environment for present and future generations has become an imperative goal for mankind" and that "man has the fundamental right to freedom, equality and adequate conditions of life, in an environment of a quality that permits a life of dignity and well-being, and he bears a solemn responsibility to protect and improve the environment for present and future generations".

**Conclusion -** The Climate change and responses to climate change will have a profound effect on the exercise of human rights for millions and perhaps billions of people across the world. It will occur through both direct impacts on humans and settlements, as well as through the degradation of the ecosystems and environmental resources upon which many lives & livelihoods depend. States have obligations to respect, protect, and fulfill human rights, and this includes obligations to mitigate domestic GHG emissions, protect citizens against the harmful effects of climate change, and ensure that responses to climate change do not result in human rights violations. The  states have taken important steps towards fulfilling these obligations, there is more to be done. In particular, states need to increase their ambition with respect to both climate change mitigation and adaptation, &work cooperatively to ensure the protection of human rights for all citizens across the world.

**References :-**

1. UNHRC, *Report of the Special Rapporteur on the issue of human rights obligations relating to the enjoyment of a safe, clean, healthy and sustainable environment,* UN Doc A/HRC/37/59 (2018).
2. UNHRC *Preliminary Rept* (2012), para. 14.
3. Analytical study on the promotion and protection of the rights of persons with disabilities in the context of climate change (April 2020)
4. The slow onset effects of climate change and human rights protection for cross-border migrants (March 2018)
5. Analytical study on gender-responsive climate action for the full and effective enjoyment of the rights of women (May 2019)
6. Summary of the panel discussion on women's rights and climate change: climate action, good practices and lessons learned (July 2019).

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# अमृतलाल नागर का नारी विषयक दृष्टिकोण

**शैलेश निषाद*   प्रो. शैलेन्द्र कुमार शर्मा****

* शोधार्थी, हिंदी अध्ययन शाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष, हिंदी अध्ययन शाला, विक्रम विश्वविद्यलय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** प्राचीन काल से हमारे समाज में नारियों की स्थिति अत्यंत दयनीय रही है। नारियों का शोषण अनादिकाल से चला आ रहा है। साथ ही साथ पुरुष की प्रधानता सर्वत्र व्याप्त थी। पुरुष और स्त्री समाज निर्माण के दो पूरक तत्व थे। प्राचीन काल में ऋषियों के काल से लेकर स्त्री जाति, पुरुष को देवतुल्य मानती है, और एक शब्द में कहा जाए तो स्त्री द पुरुष का गुलाम बनकर अपना जीवन व्यतीत करती थी। पुरुष का सर उसकी कमाई पर आश्रित होकर जीवन निर्वाण करने वाली स्त्री के सामने ऊंचा रहता है। इसके अलावा स्त्री की अपेक्षा पुरूष का शारीरिक बल भी ज्यादा होने के कारण उसका मान सदैव बढ़ता रहा है। इन कारणों से नारी के प्रति पुरुष का अत्याचार प्राचीन काल से देखने को मिलता है।

'प्रकृति प्रदत्त शारीरिक भिन्नता, दुर्बलता भी कह सकते हैं, के अलावा उसमें जो कुछ भी भिन्न, दुर्बल या निचले स्तर का रहा है, वह विभिन्न कालों में, विभिन्न परिस्थितियों या परिवेश की उपज है।'[1]

परिवार की आर्थिक गतिविधियों में सहभागी होने के बावजूद भी नारियों का स्थान परिवार तथा समाज में पुरुष से निम्न रहा। धन, धरती और सत्ताा से वंचित रहने के कारण इस स्त्रियों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति अत्यंत दयनीय रही है। इस कारण स्त्री वर्ग का यौन शोषण इतर वर्ग के लोगों द्वारा आसान रहा। एक ने इसे नियति मानकर स्वीकार किया, तो दूसरे ने भाग्य मानकर स्वीकार किया है। हिंदी के आम साहित्यकार की सोच परिवर्तनवादी न होकर पुरातनपंथी रही है। हिंदी के अधिकांश लेखक और साहित्यकार तथाकथित उच्च वर्ग के रहे, तथा वह अपने वर्ग और वर्ण के हितों से परे नहीं जा सके। भारतीय मानसिकता नारियों को सीता और सावित्री के रूप में देखने की चाह रखने वाली रही है। यह मानसिकता धीरे-धीरे यथार्थ से टकराकर टूटी, किंतु शोषण का दंश झेलती हुई नारियां इस दृष्टि अभागी रही हैं।

अमृतलाल नागर ने अपने साहित्य में नारियों के विषय में और उनकी विवशता व उनके जीवन में होने वाली समस्याओं के विषय को अपने साहित्य में प्रमुखता से स्थान दिया है। स्त्रियों की अनेक प्रकार की समस्याओं को नागर जी ने अपने उपन्यास के माध्यम से पाठक वर्ग के सम्मुख रखा है। जिसमें 'महाकाल' उपन्यास में मुट्ठी भर दाने के लिए बेची जाने वाली स्त्री की विवशता समाज की आंखों को खोलने के लिए पर्याप्त भूमिका निभाती है। इस तरीके से अमृत लाल नागर जी ने 'बूंद और समुद्र' उपन्यास में जिसमें ताई लड़की के प्रजनन के कारण त्याग दी जाती है। उसी समय स्त्रियों पर होने वाले अत्याचारों के प्रति शस्त्र उठाने वाली वन कन्या भी नागर जी के उपन्यास में स्त्रियों की स्थिति को चित्रित करती है। अत्याचार से पीड़ित वह वन कन्या अपनी भाभी के विषय में कहती है–

'भाभी का अपराद यही है कि वह औरत है और एक इकोनॉमिकलीफ्री नहीं है।'[2]

महिपाल की राय में ' भारत का घर स्त्रियों के लिए कसाई खाना है।'[3] स्त्री और पुरुष इन दोनों की सामाजिक मर्यादा में आज भी बड़ा अंतर देखने को मिलता है। नारी होना आज की सामाजिक स्थिति में अभिशाप है। वनकन्या के माध्यम से इसका कारण अमृतलाल नागर जी स्पष्ट करते हैं–

'स्त्री आर्थिक तौर पर पुरुष की आश्रिता है।'[4]

अमृतलाल नागर जी अपने साहित्य में नारियों की स्थिति को दूर करने के लिए सामाजिक क्रांति का आह्वान करते हैं। वनकन्या के माध्यम से वे नारी जाति को उद्बोधित करते हैं।

'दूर कर नारी यह मोह। घुंघट के पट खोल। पुरुष के अत्याचारों के खिलाफ संगठित होकर अपनी आवाज उठा। जिस दिन स्त्री जाति अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों का अंत करने के लिए निश्चय पूर्वक खड़ी हो जाएगी उसी दिन दुनिया से हर तरह के अत्याचार मिट जाएंगे।'[5]

अमृतलाल नागर जी ने नारी विषयक दृष्टिकोण को देखते हुए, और स्त्रियों की विवशता को अपने उपन्यास 'नाच्यो बहुत गोपाल' में यथार्थ के रूप में चित्रित किया है। इस उपन्यास की पात्र 'निर्गुनिया य पुरुष जाति से पीड़ित होकर ब्राह्मणी से मेंहतरनी बन जाती है। नारी जीवन की कटुता को स्पष्ट करती हुई, वह कहती है–

'दुनिया में दूर-दूर देशों तक, औरत से बढ़कर और कोई भी ज्यादा गुलाम नहीं है।'[6]

अमृतलाल नागर जी ने नारी के विषय में अथवा उसके संदर्भ में बेमेल विवाह, अंतर्जातीय विवाह, बाल विवाह, की समस्याओं को अपने उपन्यासों के माध्यम से उठाया है।

सच्चे प्रेम से वंचित 'बड़ी' जैसी स्त्रियों को प्रकाश में लाकर अमृतलाल नागर जी ने स्वार्थी पुरुषों को छुटकी दी है। अपने जीवन में थोड़े प्रेम की खोज में प्रेम का नाटक रचने वाला 'विरहेश' की प्रेमिका बन जाती है। स्थितिवश वह घुटन अनुभव करने वाली स्त्रियां और उस कारण निम्न स्तर की ओर गिरने वाली व दुखद स्थिति में पहुंचने वाली उनकी हालत हृदय विदारक होती है। अंत में 'विरहेश' से प्रताड़ित और पीड़ित बनकर दुख झेलती हुई 'बड़ी' को देखकर भारत के ऐसे पुरुष वर्ग की ओर समाज निंदापरक दृष्टि डालता है। 'पतिव्रत्यनिष्ठा का उद्घोषणा करने वाली भारतीय संस्कृति

को कलंक लगाने वाला प्रधान कार्य भारत के पुरुष ही हैं, कोई संदेह नहीं, इस नग्न सत्य के प्रति आंखें खोलने का समय बीत चुका है।'[7]

अमृतलाल नागर जी ने इस प्रकार एक व्यापक सामाजिक आधार फलक पर संपूर्ण भारतीय जीवन की समस्या को नारी के विषय में आबद्ध कर दिया है।

अमृतलाल नागर जी ने नारी विषयक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने अपने उपन्यास 'अमृत और विष' में अंतर्जातीय विवाह को समाज के सम्मुख रखा है। समाज की प्रगति के लिए अंतर्जातीय विवाह का नागर जी ने समर्थन किया है।

'अंतर्जातीय विवाह से मनुष्य संकीर्णता से उठकर व्यापक दायरे में आ जाएगा। लेकिन यह भी देखा जाता है कि विवाह के बाद पति-पत्नी के बीच चुभन भरी स्थितियां होती हैं।'[8]

इस उपन्यास में 'भवानी शंकर' और 'उषा' का विवाह इसका मूल उदाहरण है। उनका अंतर्जातीय विवाह असफल होता है। अमृतलाल नागर ने 'रमेश' और 'रानीबाला' के विवाह से अंतर्जातीय विधवा विवाह को सफल दिखाया है। 'अमृत और विष' में 'अरविंद शंकर' के अपने अनुभव को बताते नागर की स्पष्ट करते हैं कि ऐसे विवाह के अधिकांश लोग सुखी और संतुष्ट हैं। अरविंद शंकर का जीवन अनुभव है कि 'हिंदू पति, मुसलमान या इसाई पत्नी, ईसाई या मुसलमान पति और हिंदू पत्नी- ऐसे जोड़े अब दिनों दिन क्रमश: बढ़ रहे हैं और निजी अनुभव से जानता हूं कि उनमें अधिकांश सुखी, संतुष्ट और आबरूदार, बाल बच्चेदार हैं।'[9] अंत में नागर जी अपनी ऊंची अभिलाष प्रकट करते हैं कि जाति, वर्ण और धर्म की चिंता विवाह में ना हो जाए। डॉक्टर आत्माराम के माध्यम से नागर जी अपना अंतिम निर्णय देते हैं- 'अब इस देश में शादियां इस तरीके से होनी चाहिए कि उन्हें देखकर कोई यह न कह सके कि यह हिंदू की शादी है या मुसलमान की या क्रिश्चियन की हो रही है। समाज के सामने नव दंपति एक- दूसरे को स्वीकार करें और समाज में स्थान पाएं । इससे हमारे जातीय और सांप्रदायिक भेद भावनाएं मिटेंगी।'[10]

अमृतलाल नागर जी ने अपने साहित्य में स्त्री विषयक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए समाज पर दहेज की समस्या को लेकर करारा व्यंग्य किया है । नारी के संदर्भ में दहेज एक अभिशाप है। यह समाज के लिए एक सिर दर्द है। इस दहेज के भार से लड़की के माता-पिता इतने टूट जाते हैं कि दोबारा उसे मान- सम्मान से उठाना मुश्किल हो जाता है। दहेज हमारे समाज में सबसे बड़ी समस्या के रूप में उभर कर हमारे सामने आया है। अमृतलाल नागर के उपन्यास 'बूंद और समुद्र' में महिपाल कहता है कि 'मूर्ख से मूर्ख वर के लिए भी कम से कम तीन-चार हजार का दहेज देना होगा और इतना ही रुपया ऊपर से लग जाएगा, यह सात द आठ हजार की रकम में चुकाऊंगा कहां से?।'[11]

अमृतलाल नागर ने इसी तरह अपने उपन्यास 'अग्निगर्भा में भी 'सीता 'को दहेज की कमी के कारण पीड़ित होते दिखाया है।

अमृतलाल नागर ने अपने साहित्य में नारियों से संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया है। नारियों की दयनीय स्थिति में होने का सबसे बड़ा कारण हमारा समाज व हमारी सोच है। जिसे हमें बदलने की आवश्यकता है। स्त्री चाहे वह निम्न वर्ग की हो या उच्च वर्ग की हो, सभी को एक निगाह से देखने के पक्षपाती नागर जी रहे हैं। स्त्रियों के उत्थान के लिए उन्होंने अंतर्जातीय विवाह, बाल विवाह, विधवा विवाह और दहेज की समस्या को प्रमुखता के साथ समाज के सम्मुख रखा है। समाज में नारी क्रियाशील रहे तो वह सामाज में सभी प्रकार के संस्कारों को जन्म दे सकती है । अमृतलाल नागर ने अपने साहित्य में सदैव नारियों के उत्थान व उनके प्रति अपना दृष्टिकोण सदैव सकारात्मक रूप में रखा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. भारतीय नारी- दशा - दिशा - आशारानीव्होरा, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली , प्रथम संस्करण - 1983 , पृष्ठ - 3
2. बूंद और समुद्र - अमृतलाल नागर , पृष्ठ - 56
3. वही - पृष्ठ - 111
4. वही - पृष्ठ - 437
5. वही - पृष्ठ - 93
6. नाच्यो बहुत गोपाल - अमृतलाल नागर- पृष्ठ - 229
7. बूंद और समुद्र - पृष्ठ - 180
8. अमृत और विष - पृष्ठ - 110
9. वही - पृष्ठ - 674
10. वही - पृष्ठ - 470
11. बूंद और समुद्र - पृष्ठ - 107

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# मधुबनी एवं वरली कलाओं का तुलनात्मक अध्ययन

मीना* डॉ. निशा गुप्ता**

* शोधार्थी, जे0 के0 पी0 पी0जी0 कॉलेज, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत
** एसोसिएट प्रोफसर, जे0 के0 पी0 पी0जी0 कॉलेज, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** भारतीय लोक कला में मधुबनी एवं वरली दोनों ही कलाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। गंगा के उत्तारी किनारों की तलहटी की उपजाऊ भूमि पर हरे–भरे पेड़ों की हरितिमा से मन को लुभाते प्राकृतिक दृश्य वाला बिहार राज्य नेपाल की सीमा को स्पर्श करता है। उत्तार में हिमालय, पूर्व में कौशिक नदी, दक्षिण में गंगा और पश्चिम में गंड़की नदी से घिरा उपजाऊ भूमि वाला यह भू–भाग आम, लीची एवं केले के बागानों के खूबसूरत प्राकृतिक सौन्दर्य से भरा है। कृषि एवं पशुपालन पर आजीविका हेतु आश्रित प्रत्येक वर्ष प्राकृतिक आपदाताओं से प्रभावित यह क्षेत्र आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है। बिहार राज्य के मधुबनी, दरभंगा सीतामढ़ी, सहरसा तथा पूर्णियाँ जिले मधुबनी कला के मुख्य केन्द्र रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के पूर्वी भाग में स्थित है। महाराष्ट्र तथा गुजरात राज्य की सीमा के आस–पास के मैदानी एवं पहाड़ी क्षेत्र में निवास करने वाली महान वरली जनजाति भारत के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित है। यह आदिवासी समुदाय महाराष्ट्र राज्य के ठाणे जिले के दहानू, तालासेरी, मोखडा, पालघर, शाहपुर तथा जवाहर तालूका में अधिकांश रूप से निवास करता है।

इनके तुलनात्मक अध्ययन से ज्ञात होता है कि दोनों ही कलाएँ एक दूसरे से कुछ समानताएँ रखते हुए विभिन्नता के साथ अपने इतिहास एवं परम्पराओं को संजोये हुए है। मधुबनी कला धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से सम्बन्धित कला है। इस कला के चित्रों के विषय पारिवारिक कल्याण तथा वैयक्तिक कलात्मक पिपासा की शान्ति एवं मनोविनोद की प्रवृत्ति से उत्प्रेरित है। शैव, शाक्त एवं वैष्णव चिंतनधारा से प्रभावित यहाँ के चित्रों में स्वर्गिक आकृतियाँ–शिव, दुर्गा, काली, राम–सीता, राधा–कृष्ण, शिव–पार्वती, विष्णु–लक्ष्मी, गौरी, गणेश आदि मुख्य विषय रहे हैं।

पौराणिक चरित्रों को मधुबनी कला के विषयों में विशेष रूप से एवं बहुतायत में चित्रित किया गया है, जबकि वरली कला एक जनजातीय लोक कला है। ये प्रकृति के पाँच तत्वों की उपासना करते हैं। ईश्वर में अटूट आस्था रखने वाला वरली समुदाय हिन्दू देवी देवताओं जैसे महालक्ष्मी, महागौरी (गंगा गौरी) आदि की भी पूजा करते हैं। हिमाई देवी, हिरवा, एक सिर्या, पंचसिर्या, वाघा देव, नारायण देव, पावश्या आदि इनके कुछ प्रमुख देवता है।

विवाह जैसे मांगलिक अवसर पर मधुबनी कला कुल देवता की स्थापना हेतु ज्यामितीय एवं तांत्रिक पद्धति पर आधारित कोहबर लेखन की रचना की जाती है। इसके अतिरिक्त कमलदह, बर्रे तथा बॉस अरिपन, नयना–योगिन, कामदेव, दशावतार तथा बाहरी दिवारों पर धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर तथा शिव पार्वती विवाह आदि के दृश्य प्रमुख होते है। जबकि वरली में विवाह जैसे मांगलिक अवसर पर देव चौक, लगन चौक की रचना की जाती है जहाँ ये अपने देवी–देवताओं नारायण देव, हिरवा, हिमाई, झोटिगां, देवी पालघाट को नव दम्पत्ति को आशीर्वाद देने के लिए आमंत्रित करते हैं।

मधुबनी कला में वनस्पतियों एवं पशु पक्षियों की आकृतियों को विभिन्न ज्यामीतिक एवं अलंकारिक आकारों में प्रतीकात्मक रूप से चित्रित किया जाता है। सिंह, नन्दी, हंस, मोर, गुरुड, आदि पशु एवं पक्षियों को देवी देवताओं के वाहन के रूप में चित्रित जाता है, जबकि वरली कला में पशु एवं पक्षियों का चित्रण इनके दैनिक जीवन के एक प्रमुख अंग के रूप में चित्रित किया गया है।

मधुबनी कला के विषय पौराणिक चरित्रों एवं धार्मिक ग्रन्थों पर आधारित है जबकि वरली कला की विषय वस्तु प्रकृति एवं दैनिक जीवन के क्रिया–कलाप, तर्पा, शहद एकत्रीकरण, फसल कटाई, प्रकृति पूजा, सामाजिक उत्सव आदि से सम्बन्धित है।

विषय वस्तु के आधार पर सामान्यत: दोनों कलाओं के चित्रण विषय एक दूसरे से बहुत भिन्नता रखते है परन्तु दोनों ही कलाओं में प्रतीकात्मक रूप से बेल–बूटो एवं पेड़–पत्तों आदि को वंश वृद्धि तथा पवित्रता के सूचक के रूप में चित्रित किया जाता है। दोनों ही कलाओं के चित्र आस्था एवं आध्यात्मिक विश्वास के सूचक है। मधुबनी कला में स्वास्तिक रचना शुभ एवं मंगल का प्रतीक है। वहीं वरली कला में आम के पत्तों एवं नारियल से बना कलश पवित्रता एवं पूर्णता का प्रतीक है। इस प्रकार दोनों ही कलाएँ प्रतीकात्मक रूप से आस्था एवं धार्मिक विश्वास का प्रतिनिधित्व करती हैं।

मधुबनी चित्रों में रंग संयोजन चटकीला है जो मुख्य रूप से तीन रंगों पर आधारित है– शुद्ध लाल, पीला एवं नीला। यहाँ लाल रंग को विभिन्न तानों में जैसे कहीं सिन्दूरी तो कहीं गुलाबी, कहीं गेरूआ तो कहीं नारंगी में प्रयोग किया गया है। इसकी रंग योजना स्वदेशी है जिसमें आमतौर पर गहरे लाल, हरे, नीले, काले रंगों को ही प्रयोग में लाया जाता है।

वरली कला विशेष रूप से लाल एवं सफेद रंगों पर आधारित कला है। यह कला गहरी पृष्ठभूमि पर सफेद रंग तक ही सीमित है। आधुनिकता से प्रभावित बहुरंगीय वरली पेंटिग भी बनायी जाने लगी है परन्तु मुख्य रूप से यह कला मेहंदी, इंडिगो, गेरू काले आदि रंगों की पृष्ठभूमि पर सफेद रंग से की जाने वाली कला है।

मधुबनी चित्रकारी चटकीले एवं विषम रंगों की विशेषता वाली प्रसिद्ध कला है। इसमें शुद्ध चटकीले रंगों का प्रयोग किया जाता है। दोहरे रेखांकन

के बीच चटख रंगों को भरने की तकनीक चित्रों को चटकीला प्रभाव देती है। इसमें शुद्ध रंगों के साथ-साथ रंग की विभिन्न तानों का भी प्रयोग किया जाता है, जबकि वरली चित्रकारी गहरी पृष्ठभूमि पर सफेद रंग से की जाने वाली कला है जिसमें केवल शुद्ध एवं सपाट रंगों से चित्र को पूरा किया जाता है। इसमें सीमित रंगों को प्रयोग में लाया जाता है।

मधुबनी एवं वरली दोनों कलाओं में मुख्य रूप से खनिज रंगों का ही प्रयोग किया जाता है। समान रूप से सपाट रंगों को ही प्रयोग में लाया जाता है तथा परिप्रेक्ष्य एवं छाया-प्रकाश का समान रूप से दोनों ही कलाओं में अभाव पाया जाता है। ये दोनों ही कलाएँ द्विआयामी कलायें है जिनमें त्रिआयामी प्रभाव दृष्टिगोचर नहीं होता है। आधुनिकीकरण एवं व्यवसायीकरण के कारण वर्तमान में दोनों ही कलाओं में खनिज रंगों का स्थान रासायनिक रंगों ने ले लिया है।

मधुबनी कला हिमालय की तलहटी में गंगा नदी एवं उसकी सहायक नदियों के उपजाऊ मैदानी भाग में पलने वाली कला है। यह भारत के पूर्वी भाग में स्थित है, जबकि वरली कला भारत के पश्चिम भाग में अरब सागर के निकट मैदानी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में पोषित कला है। मधुबनी कला बिहार राज्य के विभिन्न जिलों के गाँवों में बने कच्चे घरों की दीवारों पर चटकीले रंगों से चित्र संसार रचती है। वहीं वरली कला ठाणे जिले के विभिन्न तालुका में बनी हुल (झोपड़ियों) की नरवट की दीवारों पर गहरी पृष्ठभूमि पर सफेद रंगों से अपनी परम्पराओं की कहानी कहती हैं। मधुबनी एवं वरली दोनों ही कला भौगोलिक दृष्टिकोण से एक दूसरे से भिन्न है।

दोनों ही क्षेत्र कृषि एवं पशुपालन पर आश्रित होने के कारण प्रकृति से प्रभावित है, क्योंकि मानसून इन दोनों ही क्षेत्रों की जीवन शैली को प्रभावित करता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. डॉ. जनार्दनमिश्र : भारतीय प्रतीक विधा, पृ0सं0 54-56
2. Documentation of Warli Painting of Maharashtra :- Ministry of Textiles, Government of India New Delhi (India) p.no. 13
3. कला संगम, मध्योत्तरी, 2011, अंक-01, पृ0सं0 39
4. https://theexampillar.com/geography_of_bihar
5. www.districtsindia.com

**मधुबनी एवं वरली कला**

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भील जनजाति के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवन परआधुनिकीकरण का प्रभाव

**डॉ. रणजीत कुमार मीणा***

* सह आचार्य (समाजशास्त्र) राजकीय महाविद्यालय, ऋषभदेव, जिला उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** जहाँ तक जनजातीय क्षेत्रों में आधुनिकीकरण के अंगीकरण का सवाल है, उन्हें आधुनिकीकरण को अपनाने में अभी भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं में यातायात के साधनों की कमी, शिक्षा एवं जागरूकता की कमी, आर्थिक पिछड़ापन एवं सिंचाई के साधनों का अभाव और कृषि उपज मण्डियों एवं बाजारों का दूर होना प्रमुख हैं। साथ ही जनजातियों के रूढ़िवादी एवं परम्परावादी दृष्टिकोण के कारण स्थानीय संसाधनों के उपयोग का भरपूर दोहन न कर पाना कारण माना जा सकता है। राजकीय प्रयासों के परिणामस्वरूप लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उन्हें विशेषकर आधुनिकीकरण का अंगीकरण किया जाना जरूरी है। जनजातीय क्षेत्रों में जिन लोगों ने आधुनिकीकरण को अपनाया है, उन लोगों की स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी स्थानीय हाट बाजार न होने के कारण आर्थिक दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। प्रस्तुत अध्ययन हेतु राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य जिला उदयपुर का चयनित किया गया है।ग्रामीण जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत भील जनजाति के समस्त परिवारों को अध्ययन के समग्र के रूप में सम्मिलित किया गया है। प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु झाबुआ जिले की पाँच तहसीलों में से (प्रत्येक तहसील से 8 गांव) कुल 40 गांवों को दैव निदर्शन विधि द्वारा चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया। इस हेतु सर्वप्रथम सभी तहसीलों के गांवों की सूची शहर से दूरी के आधार पर तैयार की गयी तत्पश्चात् 20 गांव शहर के नजदीक एवं 20 शहर से दूर स्थित गांवों का चयन दैव निदर्शन संख्या तालिका (Random Number Table) का उपयोग कर की गयी। अध्ययन में चयनित प्रत्येक गांव से 10 भील जनजाति के उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्यपूर्ण विधि का प्रयोग कर 200 उत्तरदाता शहर के नजदीक के गांवों से एवं 200 उत्तरदाता शहर से दूर स्थित गांवों से कुल 400 उत्तरदाताओं को चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया। वर्तमान समय में भील जनजाति को राजकीय स्तर पर विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ प्रदान कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त कर भील जनजाति के लोग अपना सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक विकास करने में सक्षम हो रहे हैं। जिसका इनके जीवन पर प्रत्यक्ष रूप से सकारात्मक प्रभाव परिलक्षित होता है। अत: हम कह सकते हैं कि भील जनजाति के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक जीवन पर आधुनिकीकरण का प्रभाव सकारात्मक रूप से पड़ रहा है लेकिन आज भी ये लोग अन्य जातियों और जनजातियों की तुलना में विशेष रूप से पिछड़े हुये हैं।

**शब्द कुंजी –** आधुनिकीकरण, मुख्यधारा, राजकीय योजनाएँ, परम्परागत समुदाय, पिछड़ापन, हाट बाजार।

**प्रस्तावना –** जनजातियों की संस्कृति विश्व के लिए आकर्षण का केन्द्र रही है। भील जनजाति भारत की पहली तथा राजस्थान की सबसे बड़ी जनजाति है। यह जनजाति उदयपुर के अतिरिक्त राजस्थान के डुंगरपुर, बॉसवाड़ा, प्रतापगढ़, राजसमंद और चित्तौड़गढ़आदि जिलों में भी निवास करती है। भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार उदयपुर जिले में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 1,525,289 (49.7 प्रतिशत) है। इस दृष्टि से उदयपुर सर्वाधिक जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। भील जनजाति राजस्थान के अतिरिक्त मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, महाराष्ट्र तथा गुजरात में पायी जाती है।

विदेशी आक्रमणों के कारण जनजातीय समूह दूरस्थ पहाड़ों एवं निर्जन वनों में निवास करने लगे। प्रकृति से सामंजस्य व अनुकूलन स्थापित करते हुए वे सीमित संसाधनों का उपयोग कर, साथ ही कृषि व पशुपालन करके यह अपनी जीविकोपार्जन करने लगे। अंग्रेजी शासन काल में जमींदारी प्रथा के परिणामस्वरूप इनकी स्वतन्त्र सामाजिक व्यवस्था पर कुप्रभाव पड़ा। स्वतत्रता के पश्चात् अनुसूचति जनजाति के विकास के संवैधानिक प्रयास किय गये। उनके विकास के विशेष प्रयास कल्याणकारी राज्य द्वारा उठाये गये। देश में भूमि पर कार्य करने वाले भूस्वामी बने। भूस्वामी बनने के साथ ही सरकारी जमीन के पट्टे अपने नाम करने की प्रक्रिया आरम्भ हुयी जिससे जनजातिय लोगों को कृषि भूमि को अपने नाम कराने हेतु सरकारी कार्यालय जाना पड़ा। सरकार से जुड़ने के साथ वे नगरों व विकसित गांवों के साथ सम्पर्क स्थापित हुआ। जिसके कारण जनजातीय समूह शहरों में आने से आधुनिकीकरण की प्रक्रिया से परिचित हुआ।

**आधुनिकीकरण से आशय –** आधुनिक युग में विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में युगान्तकारी परिवर्तन हुए हैं, जिसके चलते सामाजिक और आर्थिक जीवन में अनगिनत परिवर्तन हुए हैं और यह परिवर्तन विश्व स्तर पर चल रहा है। इसी परिवर्तन को स्पष्ट करने के लिए समाज वैज्ञानिकों ने आधुनिकीकरण जैसी अवधारणा का प्रयोग किया है। कुछ लोगों ने आधुनिकीकरण को प्रक्रिया में माना है तो कुछ ने प्रतिफल के रूप में।

**आइजनस्टेड** ने इसे एक प्रक्रिया मानते हुए लिखा है,'ऐतिहासिक दृष्टि से आधुनिकीकरण उस प्रकार की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक व्यवस्थाओं की ओर परिवर्तन की प्रक्रिया है जो कि सत्रहवीं से उन्नीसवीं शताब्दी तक पश्चिमी यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका में और बीसवीं तक दक्षिणी अमेरिकी, एशियाई व अफ्रीकी देशों में विकसित हुई।'

**बैनेडिक्स** ने बताया कि 1760–1830 में इगलैण्ड की औद्यागिक क्रांति तथा 1784–1794 में फ्रांस की क्रांति के दौरान आधुनिकीकरण पनपा।

**ए. आर. देसाई** ने आधुनिकीकरण को मानव को सभी क्षेत्रों में, विचारों में तथा क्रियाओं में होने वाले परिवर्तन की प्रक्रिया माना है।

जबकि **सक्सेना** इसे मूल्यों से जुड़ा प्रत्यय मानते हैं।

**श्रीनिवास** ने बताया कि आधुनिकीकरण किसी पश्चिमी देश के प्रत्यक्ष या परोक्ष सम्पर्क के कारण किसी गैर पश्चिमी देश में होने वाले परिवर्तन के लिए प्रचलित शब्द है।

**श्यामचरण दुबे** ने आधुनिकीकरण को वह प्रक्रिया बताया है जो परम्परागत या अर्द्ध–परम्परागत अवस्था से प्रोद्योगिकी को किन्हीं इच्छित प्रारूपों तथा उनसे जुड़ी हुई सामाजिक संरचना के स्वरूपों, मूल्यों, प्रेरणाओं एवं सामाजिक आदर्शों नियमों की ओर होने वाले परिवर्तनों को स्पष्ट करती है।

जहाँ तक जनजातीय क्षेत्रों में आधुनिकीकरण के अंगीकरण का सवाल है, उन्हें आधुनिकीकरण को अपनाने में अभी भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं में यातायात के साधनों की कमी, शिक्षा एवं जागरूकता की कमी, आर्थिक पिछड़ापन एवं सिंचाई के साधनों का अभाव और कृषि उपज मण्डियों एवं बाजारों का दूर होना प्रमुख हैं। साथ ही जनजातियों के रूढ़िवादी एवं परम्परावादी दृष्टिकोंण के कारण स्थानीय संसाधनों के उपयोग का भरपूर दोहन न कर पाना कारण माना जा सकता है। राजकीय प्रयासों के परिणामस्वरूप लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उन्हें विशेषकर आधुनिकीकरण का अंगीकरण किया जाना जरूरी है। जनजातीय क्षेत्रों में जिन लोगों ने आधुनिकीकरण को अपनाया है, उन लोगों की स्थिति में सुधार हुआ है। फिर भी स्थानीय बाजार न होने के कारण आर्थिक दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है।

**शोध प्रविधि –**

**अनुसंधान प्रचरना –** प्रस्तुत अध्ययन में शोध उद्देश्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए वर्णनात्मक शोध प्रचरना का उपयोग किया गया है।

**अध्ययन के उद्देश्य –** आधुनिकीकरण का भील जनजाति के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक जीवन पर प्रभाव का अध्ययन करना।

**उपकल्पना –** प्रस्तुत शोध कार्य से भील जनजाति के जीवन पर आधुनिकीकरण के प्रभाव का उनके सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

**अध्ययन क्षेत्र –** प्रस्तुत अध्ययन हेतु राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य जिला उदयपुर को चयनित किया गया।

**अध्ययन कासमग्र –** प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र उदयपुर जिले के ग्रामीण जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत भील जनजाति के समस्त परिवारों को अध्ययन के समग्र के रूप में सम्मिलित किया गया है।

**अध्ययन की इकाई –** प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र उदयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत भील जनजाति के चयनित उत्तरदाता को अध्ययन की इकाई के रूप में सम्मिलित किया गया है।

**निदर्शन विधि –** प्रस्तुत अध्ययन हेतु स्तरीकृत निदर्शन विधि का उपयोग कर उत्तरदाताओं को चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया है जो कि निम्न प्रकार है :–

**तालिका 1 : उदयपुर जिले में उत्तरदाताओं का चयन**

| जिला उदयपुर (उद्देश्यपूर्ण विधि) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **चयनित तहसील (जनसंख्या विधि)** | | | | | |
| सराड़ा | गिर्वा | ऋषभदेव | खैरवाड़ा | कोटड़ा | कुल गांव |
| 112 | 240 | 110 | 256 | 95 | 813 |
| **चयनित गांव (निदर्शन संख्या तालिका Random Number Table)** | | | | | |
| 8 | 8 | 8 | 8 | 8 | 40 |
| **चयनित उत्तरदाता (कोटा पद्धति एवं उद्देश्यपूर्ण विधि)** | | | | | |
| 80 | 80 | 80 | 80 | 80 | 400 |

**जिले का चयन –** प्रस्तुत अध्ययन हेतु राजस्थान के आदिवासी बाहुल्य जिला उदयपुर को उद्देश्यपूर्ण विधि के आधार पर चयनित किया गया।

**तहसील का चयन –** अध्ययन क्षेत्र उदयपुर जिले की तहसीलों जिनमें सराड़ा, गिर्वा, ऋषभदेव, खैरवाड़ा और कोटड़ा को जनसंख्या विधि के आधार पर चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया।

**गांवों का चयन –** प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु उदयपुर जिले की पाँच तहसीलों में से (प्रत्येक तहसील से 8 गांव) कुल 40 गांवों को दैव निदर्शन विधि द्वारा चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया। इस हेतु सर्वप्रथम सभी तहसीलों के गांवों की सूची शहर से दूरी के आधार पर तैयार की गयी तत्पश्चात् 20 गांव शहर के नजदीक एवं 20 शहर से दूर स्थित गांवों का चयन दैव निदर्शन संख्या तालिका (Random Number Table) का उपयोग कर की गयी।

**उत्तरदाताओं का चयन –** अध्ययन में चयनित प्रत्येक गांव से 10 भील जनजाति के उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्यपूर्ण विधि का प्रयोग कर 200 उत्तरदाता शहर के नजदीक के गांवों से एवं 200 उत्तरदाता शहर से दूर स्थित गांवों से कुल 400 उत्तरदाताओं को चयनित कर अध्ययन में सम्मिलित किया गया।

**आँकड़ों का आधार एवं एकत्रण –** प्रस्तुत शोध कार्य में प्राथमिक तथा द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों का उपयोग किया गया है।

**प्राथमिक स्त्रोत –** प्राथमिक स्त्रोतों का संग्रहण निर्मित साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से अध्ययन क्षेत्र में जाकर उत्तरदाताओं से प्रत्यक्ष सम्पर्क एवं साक्षात्कार, क्षेत्र का निरीक्षण एवं अवलोकन तथा समूह चर्चा के माध्यम से एकत्र किये गये। साक्षात्कार अनुसूची में अध्ययन के उद्देश्यों के अनुरूप प्रश्नों का समावेश किया गया।

**द्वितीयक स्त्रोत –** द्वितीयक स्त्रोतों के अन्तर्गत विद्वानों द्वारा लिखित ग्रन्थ, सर्वेक्षण प्रतिवेदन, संस्मरण, यात्रा–वर्णन, पत्र डायरी, ऐतिहासिक प्रलेख, राजकीय आंकड़े अनुसंधान प्रतिवेदन, समाचार पत्र, पत्रिका, शोध पत्रिका, संबंधित सरकारी विभागों के वार्षिक प्रतिवेदन, इन्टरनेट, अप्रकाशित सामग्री, अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, जनजाति अनुसंधान केन्द्र, जिला सांख्यिकी कार्यालय, एवं विभिन्न पुस्तकालय आदि से द्वितीयक स्त्रोत एकत्रित किये गये।

**तकनीक एवं उपकरण –** समंक एकत्रित करने हेतु अवलोकन पद्धति, समूह चर्चा, अनुसूची, साक्षात्कार पद्धति, एस.पी.एस.एस. (SPSS)

सारणीयन एवं फोटोग्राफी का उपयोग किया गया है।

**विश्लेषणात्मक पृष्ठभूमि –** आंकड़ों के संकलन के पश्चात् संग्रहित आंकड़ों की छंटनी करके, कम्प्यूटर में प्रविष्ट किया गया तथा एस.पी.एस.एस. (SPSS)पैकेज का प्रयोग करते हुऐ सारणीयन के पश्चात् विश्लेषण करके उपयुक्त निष्कर्ष निकाले गये हैं।

**तालिका क्रमांक. 2 : उत्तरदाताओं के लिंग से सम्बन्धित जानकारी का विवरण**

| क्र. | विवरण | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | पुरूष | 269 | 67.25 |
| 2 | महिला | 131 | 32.75 |
| | **कुल योग** | **400** | **100.0** |

तालिका 2 में उत्तरदाताओं के लिंग से सम्बन्धित विवरण दिया गया है जिसके विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कुल 400 उत्तरदाताओं में सर्वाधिक 67.25 प्रतिशत पुरुष पाये जबकि महिला उत्तरदाताओं का प्रतिशत 32.75 पाया गया।

**तालिका क्रमांक. 3: उत्तरदाताओं के उम्र से सम्बन्धित जानकारी**

| क्र. | विवरण | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | 20 वर्ष से 40 वर्ष | 95 | 23.75 |
| 2 | 40 वर्ष से 60 वर्ष | 209 | 52.25 |
| 3 | 60 वर्ष से 80 वर्ष | 60 | 15.00 |
| 4 | 80 वर्ष से अधिक | 36 | 9.00 |
| | **कुल योग** | **400** | **100.00** |

उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि कुल 400 उत्तरदताओं में से सर्वाधिक 52.25 प्रतिशत उत्तरदाता 40 से 60 वर्ष आयु वर्ग के पाये गये जबकि सबसे कम 9 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाये गये जोकि 80 वर्ष या इससे अधिक आयु के थे। 23.75 प्रतिशत उत्तरदाताओं का आयु वर्ग 20 वर्ष से 40 वर्ष के बीच पाया गया वहीं 60 वर्ष से 80 वर्ष की आयु वर्ग के उत्तरदाताओं प्रतिशत 15 पाया गया।

**तालिका क्रमांक. 4: उत्तरदाताओं के वैवाहिक स्थिति की जानकारी**

| क्र. | विवरण | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | अविवाहित | 77 | 19.25 |
| 2 | विवाहित | 185 | 46.25 |
| 3 | विधवा/विधुर | 89 | 22.25 |
| 4 | परित्यकता | 49 | 12.25 |
| | **कुल योग** | **400** | **100.0** |

अध्ययन के दौरान उत्तरदाताओं की वैवाहिक स्थिति के के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी जिसका विवरण उपर्युक्त तालिका में प्रस्तुत किया गया है। तालिका के विवरण से स्पष्ट होता है कि कुल 400 उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 46.25 प्रतिशत उत्तरदाता विवाहित पाये गये जबकि सबसे कम 12.25 प्रतिशत उत्तरदाता परित्यकत पाये गये। 22.25 प्रतिशत उत्तरदता विधवा और विधुर पाये गये वहीं 19.25 प्रतिशत उत्तरदाता अविवाहित पाये गये। उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार व आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के कारण विलम्ब से विवाह का प्रचलन बढा है। साथ ही विधवा/विधुर और परित्यक्ता के प्रतिशत वृद्धि सामाजिक व्यवस्था में हो रहे परिवर्तन को दर्शाता है।

**तालिका क्रमांक. 5: उत्तरदाताओं के शिक्षा के स्तर सम्बन्धित जानकारी**

| क्र. | विवरण | आवृत्ति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक | 85 | 21.25 |
| 2 | माध्यमिक | 60 | 15.0 |
| 3 | अक्षरी ज्ञान | 99 | 24.75 |
| 4 | निरक्षर | 156 | 39.0 |
| | **कुल योग** | **400** | **100.00** |

उत्तरदाताओं की शिक्षा से सम्बन्धित जानकारी का विवरण तालिका 5 में प्रस्तुत किया गया जिसके विवरण से स्पष्ट होता है कि कुल उत्तरदाताओं में से 21.25 प्रतिशत उत्तरदाता प्राथमिक तक की शिक्षा ग्रहण किये हुए हैं 15 प्रतिशत उत्तरदाता माध्यमिक तक की शिक्षा प्राप्त किये हुए हैं। 24.75 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाये गये जिनको केवल अक्षरी ज्ञान है वहीं सबसे अधिक 39 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाये गये जोकि निरक्षर थे।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि यातयात के साधन गैर जनजाति लोगों के सम्पर्क में आने से शिक्षा के प्रति जागरुकता आई है जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार आया है। इसके विपरीत शहरों से दुरस्थ क्षेत्रों में निवासरत जनजाति समुदाय में शिक्षा का स्तर आज भी कम है।

**तालिका क्रमांक. 6: उत्तरदाताओं परिवारों का मुख्य व्यवसाय**

| क्र. | विवरण | पूर्वजों के समय | | वर्तमान समय में | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आवृत्ति | प्रतिशत | आवृत्ति | प्रतिशत |
| 1 | कृषि | 192 | 48.00 | 134 | 33.50 |
| 2 | व्यवसाय | 12 | 3.00 | 53 | 13.25 |
| 3 | नौकरी | 19 | 4.75 | 46 | 11.50 |
| 4 | मजदूरी | 177 | 44.25 | 167 | 41.75 |
| | **कुल योग** | **400** | **100.0** | **400** | **100.0** |

**स्वतन्त्रता की मात्रा = 3** 5 प्रतिशत स्तर पर अन्तर सार्थक है।

**काई-वर्ग** ($X^2$ ) = 84.701 सारणी मान = 7.815

उपर्युक्त तालिका में उत्तरदताओं के मुख्य व्यवसाय की जानकारी का विवरण प्रस्तुत किया गया है जिससे स्पष्ट होता है कि कुल 400 उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 48 प्रतिशत उत्तरदाताओं का पूर्वजों के समय मुख्य व्यवसाय कृषि कार्य था जबकि सबसे कम 3 प्रतिशत उत्तरदाता व्यवसाय करते थे। 44.25 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाये गये जिनका मुख्य व्यवसाय मजदूरी था वहीं 4.75 प्रतिशत उत्तरदाता नौकरी करते थे।

वर्तमान समय में सर्वाधिक 33.75 प्रतिशत उत्तरदाता ऐसे पाये गये जिनका मुख्य व्यवसाय मजदूरी पाया गया जबकि सबसे कम 11.5 प्रतिशत उत्तरदाता मुख्य व्यवसाय के रूप में नौकरी करते हैं। 33.50 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मुख्य व्यवसाय कृषि पाया गया वहीं 13.25 प्रतिशत उत्तरदाता व्यवसाय करते हैं।

तालिका से स्पष्ट है कि 5 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर 3 स्वतन्त्रता की मात्रा के लिए काई-वर्ग ($X^2$) का सारणी मान 7.815 है जो परिकलित मान 84.701 से अत्यधिक कम है इसलिए कहा जा सकता है कि काई-वर्ग ($X^2$) सार्थक है। अत: दोनों पूर्वजों के समय उत्तरदाता परिवारों का मुख्य व्यवसाय एवं वर्तमान समय में उत्तरदाता परिवारों का मुख्य व्यवसाय सम्बन्धित है स्वतन्त्र नहीं। इसलिए शून्य परिकल्पना अस्वीकार की जाती है।

अतः तालिका से स्पष्ट होता है कि पूर्वजों के समय और वर्तमान समय में कृषि कार्य और मजदूरी कार्य में कमी हुई है वहीं व्यवसाय और नौकरी के प्रतिशत में वृद्धि हुई है। इस परिवर्तन का मुख्य कारण वर्तमान समय में शिक्षा का प्रचार एवं प्रसार पाया गया है एवं शिक्षा प्राप्त कर भील जनजाति के लोगों व्यवसाय एवं नौकरी के प्रति रूचि बढ़ रही है।

**निष्कर्ष –** उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि वर्तमान समय में भील जनजाति को राजकीय स्तर पर विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ प्रदान कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त कर भील जनजाति के लोग अपना सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक विकास करने में सक्षम हो रहे हैं। जिसका इनके जीवन पर प्रत्यक्ष रूप से सकारात्मक प्रभाव परिलक्षित होता है। अतः हम कह सकते हैं कि भील जनजाति के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक जीवन पर आधुनिकीकरण का प्रभाव सकारात्मक रूप से पड़ रहा है लेकिन आज भी ये लोग अन्य जातियों और जनजातियों की तुलना में विशेष रूप से पिछड़े हुये हैं।

**सुझाव –** भील जनजाति क्षेत्रों में विकास के लिए शिक्षा का प्रचार–प्रसार किये जाने की आवश्यकता है साथ ही महिलाओं की शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु ग्राम स्तर पर समितियाँ बनाकर महिलाओं को शिक्षा महत्व के प्रति जागरुक बनाया जा सके। भील जनजाति लोगों के लिए संचार व तकनीकी ज्ञान का प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–**


1. भारतीय जनगणना 2011, District Census Hand Book जिला उदयपुर, राजस्थान।
2. बेनडिक्स आर0 (1967) ट्रडिशन एण्ड मॉडर्निटी रिकंसीडर्ड, कम्पेरेटिव स्टडीज इन सोसायटी एण्ड हिस्ट्री, वॉल्यू – 9 पृ. क्र. 326
3. देसाई ए. आर. (1971) एसेज ऑन माडर्नाईजेशन ऑफ अन्डरडेवलप्ड सोसायटीज, वाल्यु – 1,ठक्कर एण्ड कबाम्बे,पृ. क्र. 32
4. सक्सेना आर. एन. (1972) मॉडर्नाईजेशन एण्ड डेवलपमेण्ट ट्रेन्ड्स इन इण्डिया, सोशियोलॉजीकल बुलेटिन, वाल्यु – 21
5. श्रीनिवास एम. एन. (1956) सोशल चेंज इन मॉडर्न इण्डिया, एलाईड पब्लिशर्स, बाम्बे, पृ. क्र. 50
6. दुबे एस. सी. (1971) एक्सपेंशन एण्ड मैनेजमेण्ट ऑफ चेंज, टाटा मैग्रा हिल, नई दिल्ली, पृ. क्र. 67–68


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Occurrence of Ground Water in Basaltic Rocks of Malwa Plateau Region, Madhya Pradesh, India

**Pradeep Bagde***

***Department of Geology, Govt. Motilal Vigyan Mahavidyalaya, Bhopal (M.P.) INDIA**

**Abstract :** The Malwa Plateau, covering the western part of Madhya Pradesh north of the Narmada Valley mostly covered by the basaltic lava flows of Deccan Trap igneous activity.This plateau characterized by flat topped hills and step like terraces. The groundwater which encountered in basaltic rocks generally occurs in the joints and fissures. These structures mostly provide the secondary porosity and permeability.The Deccan Traps formations can be tapped by dug-cum-bore and drilled wells.It is observed that the yield increased by 5-10 times when 10-15m bores extending down to the lower vesicular zone are drilled at the base of dug wells.Yields of 400-600 $m^3$/d can be obtained in this way.

**Introduction -** The Deccan volcanic province covers four prominent lava plateaus viz. the Deccan proper including the Western Ghats in Maharashtra, the Malwa Plateau in the north separated from the former by Satpura range and the Narmada and Taptiriver areas. The Saurashtra or Kathiawar Peninsula and the smaller Mandla Plateau in the east.

इन समाचार पत्रों में लोगों में जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाई तथा अंग्रेजों दुवारा भारतीयों पर किए जा रहे अत्याचार का खुलकर विरोध किया। ब्रिटिश सरकार ने अनेक प्रशासनिक नीतिया अपनाई जिनका एकमात्र उद्देश्य भारतीयों का शोषण करना था इन नीतियों की खुलकर आलोचना और समय समय पर अनेक प्रेस से संबंधित अधिनियम पारित करके समाचार पत्रों पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास किया। इन समाचार पत्रों ने राष्ट्रवादी नेताओं और कवियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया जिससे ये अपने विचारों को आमजन तक पंहुचा पाए और आमजन को अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए तैयार कर पाए इस प्रकार भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में इन समाचार पत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. ग्रोवर, यशपाल, आधुनिक भारत का इतिहास नवीन मूल्यांकन, एस चंद एण्ड कम्पनी 2000, नई दिल्ली।
2. सरकार सुमित, आधुनिक भारत 1885-1947, राजकमल प्रकाशन 2018,नई दिल्ली ।
3. चंद्र विपिन, त्रिपाठी अमलेश,स्वतंत्रता संग्राम, नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया 2003, नई दिल्ली ।
4. ताराचंद, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास, सुचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार 1997
5. चंद्र विपिन प्रभूति, भारत का स्वतंत्रता संघर्ष, हिंदी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# मध्य प्रदेश में एमएसएमई के विकास और चुनौतियों का अध्ययन

**डॉ. जी. एल. खांगोडे*, शिवानी जायसवाल****

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** भारतीय अर्थव्यवस्था के पूर्वानुमान में एमएसएमई क्षेत्र एक अत्यधिक गतिशील कारक साबित हुआ है। चूंकि एमएसएमई घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए विभिन्न प्रकार के उत्पादों का उत्पादन और निर्माण करते हैं, इसलिए उन्होंने देश में आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने में मदद की है। मध्य प्रदेश (एमपी) नामक राज्य भारत के मध्य क्षेत्र में स्थित है। क्षेत्रफल के हिसाब से यह दूसरा सबसे बड़ा भारतीय राज्य है और 72 मिलियन से ज़्यादा निवासियों के साथ यह पाँचवाँ सबसे बड़ा राज्य है। राज्य प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और देश का औद्योगिक केंद्र बनने की पूरी क्षमता रखता है। मध्य प्रदेश सरकार इन पहलुओं को पहचानती है और राज्य में एमएसएमई क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देती है। इस दिशा में कई प्रयास किए गए हैं, लेकिन अभी भी राज्य में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस शोध पत्र में, मध्य प्रदेश में एमएसएमई के विकास और चुनौतियों का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है। इस अध्ययन के लिए डेटा एकत्र करने के लिए द्वितीयक स्रोतों का उपयोग किया गया है।

**शब्द कुंजी –** एमएसएमई, रोजगार के अवसर, विकास और वृद्धि, चुनौतियां।

**प्रस्तावना –** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) वे संस्थाएं हैं, जो भारत के सामाजिक आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसे भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम 2006 के अनुसार, उद्यमों को दो प्रभागों में वर्गीकृत किया गया है – विनिर्माण उद्यम और सेवा उद्यम। यह वस्तुओं और वस्तुओं के उत्पादन, विनिर्माण और प्रसंस्करण में संलग्न है तथा रोजगार के अवसर पैदा करता है, तथा भारत के पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए काम करता है।

एमएसएमई मंत्रालय देश भर में एमएसएमई के लिए ऋण और वित्तीय सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे के विकास, विपणन सहायता, तकनीकी और गुणवत्त उन्नयन और अन्य सेवाएं प्रदान करने के लिए कई योजनाएं चलाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात के साथ-साथ रोजगार सृजन में एमएसएमई के प्रमुख योगदान के कारण, इस अध्ययन में एमएसएमई की वृद्धि और विकास की वर्तमान स्थिति का पता लगाने का प्रयास किया गया है और विकास की यात्रा में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का भी अध्ययन किया गया है।

मध्य प्रदेश को देश का दिल कहा जाता है। यह क्षेत्रफल के हिसाब से दूसरा सबसे बड़ा भारतीय राज्य है और जनसंख्या के हिसाब से पाँचवाँ सबसे बड़ा राज्य है। यह राज्य प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है और इसमें सभी भौगोलिक लाभ हैं, जिसके कारण उद्योगपतियों द्वारा अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए इसे प्राथमिकता दी जाती है। भौगोलिक दृष्टि से सभी लाभ होने के बावजूद, राज्य में एमएसएमई का पूरी क्षमता तक विकास नहीं हो पाया है। राज्य में एमएसएमई क्षेत्र के सामने अभी भी कुछ चुनौतियाँ हैं।

इस प्रकार, इस पत्र में, हमने मध्य प्रदेश राज्य में एमएसएमई के विकास और चुनौतियों का अध्ययन करने का प्रयास किया है। यह डेटा के द्वितीयक स्रोतों पर आधारित है, जो विभिन्न लेखों, प्रकाशित पत्रिकाओं और रिपोर्टों से एकत्र किए गए हैं।

**साहित्य की समीक्षा :**

**दीपाली सलूजा** (2012) ने भारत के आर्थिक विकास में एमएसएमई की भूमिका के बारे में विश्लेषण किया है। इस अध्ययन से पता चला है, कि – एमएसएमई उद्यमशीलता के विकास और औद्योगिक क्षेत्र के विविधीकरण को बढ़ावा देते हैं। वे अर्थव्यवस्था के औद्योगिक आधार में गहराई भी प्रदान करते हैं। वर्तमान स्थिति में एमएसएमई देश में रोजगार के सबसे बड़े जनरेटर हैं। शोधकर्ता ने सुझाव दिया है कि व्यक्तिगत उद्यम को प्रोत्साहित करने वाले हाल के बाजार सुधारों ने देश में उच्च आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया है और इससे कई तरह के आर्थिक लाभ मिल सकते हैं।

**प्रियदर्शिनी ज़ंजुर्ने** (2018) ने भारत में एमएसएमई की वृद्धि और भविष्य की संभावनाओं का अध्ययन किया है। अध्ययन के निष्कर्षों से पता चला है, कि – अनुमानित बाजार औद्योगिक उत्पादन का लगभग 45%, देश के स्थानीय निर्यात का 40%, औद्योगिक इकाइयों का 45%, 42% मिलियन रोजगार और 8000 से अधिक उत्पादों की भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जिम्मेदार था। भारत सरकार ने इस क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में अधिक जीवंत और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए विभिन्न पहल की हैं।

**पूजा खत्री** (2019) ने भारतीय एमएसएमई क्षेत्र की चुनौतियों का अध्ययन किया है और इस अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है, कि – वित्त, विपणन, प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन, संचालन और निर्यात क्षमता की समस्याओं से संबंधित विभिन्न पहलू द्वितीयक डेटा पर आधारित हैं।

कार्यशील पूंजी की जरूरत, परामर्श सहायता की कमी, जटिल दस्तावेजीकरण, नवीनतम तकनीकी कौशल की कमी, प्रेरणा की कमी, सूचना का अभाव, बुनियादी ढांचे की कमी, जटिल कानून आदि ऐसी कुछ समस्याएं हैं जिनका अध्ययन किया गया। इसने कुछ ऐसी नीतियों को भी दिखाया जो ऐसे मुद्दों को हल करने का सुझाव देती हैं जो एमएसएमई इकाइयों की विकास क्षमता में बाधा डालती हैं।

**डॉ. डीके नेमा एट अल. (2021)** ने मध्य प्रदेश में एमएसएमई की समस्याओं और संभावनाओं का विश्लेषण किया है और दिखाया है, कि - कार्यशील पूंजी और पूंजी निवेश के लिए वित्त की कमी सबसे महत्वपूर्ण समस्या थी, जिसके बाद बुनियादी ढांचे की कमी थी। क्लस्टर विकास कार्यक्रमों और क्लस्टर विकास और औद्योगिक क्षेत्र विकास के साथ एमएसएमई की संभावनाएं अधिक हैं और मेक इन इंडिया योजना एमएसएमई को अधिक अवसर प्रदान करके उनके विकास को सुनिश्चित करेगी। इस अध्ययन से पता चला है कि नीति निर्माण में इन समस्याओं और संभावनाओं को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए।

**उद्देश्य -** अध्ययन का प्राथमिक उद्देश्य मध्य प्रदेश में एमएसएमई की संभावनाओं और समस्याओं का पता लगाना है, इसलिए इस अध्ययन के लिए दो उद्देश्य निर्धारित किए गए हैं -

1. मध्य प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र की वृद्धि और विकास का अध्ययन करना।
2. मध्य प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का पता लगाना।

**अनुसंधान क्रियाविधि -** यह शोध द्वितीयक समंक पर आधारित है, जो अध्ययन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न लेखों, प्रकाशित साहित्य, पत्रिकाओं और सर्वेक्षण से एकत्र किए गए हैं। इसके अलावा, हमने विषय वस्तु के बारे में गहराई से जानने के लिए एमएसएमई की वार्षिक रिपोर्ट पर भी विचार किया है, जो मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2017 से 2021 तक प्रकाशित की जाती है।

**विश्लेषण तथा व्याख्या :-**

**तालिका क्रमांक 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)**

**व्याख्या -** तालिका 1 में 2017-22 के दौरान मध्य प्रदेश में पंजीकृत एमएसएमई और इन एमएसएमई द्वारा दिए गए रोजगार का विवरण दिखाया गया है। वर्ष 2018-19 में आधार वर्ष 2017-18 की तुलना में एमएसएमई के पंजीकरण में 44% की वृद्धि और रोजगार में 72.55% की वृद्धि हुई है। उसके बाद वर्ष 2019-20 में 2018-19 की तुलना में एमएसएमई के पंजीकरण में -3.06% की गिरावट और रोजगार में - 3.51% की गिरावट आई है। उसके बाद 2020-21 में एमएसएमई के पंजीकरण में -35.22% की गिरावट आई है, लेकिन 2021-22 के दौरान रोजगार में 50.88% की वृद्धि हुई है। उसके बाद वर्ष 2021-22 में पंजीकरण में 31.91% की वृद्धि हुई है, लेकिन 2020-21 की तुलना में एमएसएमई में रोजगार में -6.12% की गिरावट आई है।

**चुनौतियां -** प्रकाशित शोध पत्रों, पत्रिकाओं, लेखों और रिपोर्टों आदि जैसे द्वितीयक आंकड़ों की मदद से हमने पिछले कुछ वर्षों में मध्य प्रदेश में एमएसएमई के सामने आने वाली कुछ चुनौतियों का पता लगाया है:-

1. पूंजी निवेश में कार्यशील पूंजी के लिए वित्त की कमी
2. विपणन अवसरों और सहायता का अभाव
3. कुशल श्रम की अनुपलब्धता
4. मजबूत बुनियादी ढांचे का अभाव
5. नवीनतम तकनीकी कौशल का अभाव
6. प्रेरणा की कमी, जानकारी का अभाव

**आगे के शोध के लिए सीमाएँ और कार्यक्षेत्र -** यह अध्ययन केवल द्वितीयक आंकड़ों और रिपोर्टों तथा पिछले साहित्य पर आधारित है, जिनका उपयोग मध्य प्रदेश में एमएसएमई के विकास और वृद्धि का विश्लेषण करने के लिए किया गया है। कुछ एमएसएमई के प्राथमिक आंकड़ों के उपयोग से एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों की अधिक यथार्थवादी समझ मिल सकती है। मध्य प्रदेश राज्य में एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने और अधिक यथार्थवादी आंकड़े एकत्र करने के लिए एमएसएमई के नमूना सर्वेक्षण के माध्यम से आगे का अध्ययन किया जा सकता है।

**निष्कर्ष -** जैसा कि पहले बताया गया है, एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। वे देश भर में 12 करोड़ से ज़्यादा भारतीयों को रोज़गार देते हैं। एमएसएमई को व्यापक रूप से आर्थिक विकास का स्रोत और ज़्यादा न्यायसंगत विकास हासिल करने का एक तरीका माना जाता है। एमपी की रिपोर्ट के अनुसार, एमएसएमई के पंजीकरण में गिरावट आई है, लेकिन दूसरी ओर, वर्ष 2019-20 में रोजगार में वृद्धि हुई है। एमएसएमई के नए खुलने के कारण, मौजूदा एमएसएमई बाजार की आवश्यकता के अनुरूप वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने के अवसर का लाभ उठाते हैं, ताकि वे अधिक रोजगार पैदा कर सकें। यह इस वर्ष के दौरान रोजगार की संख्या में विस्तार का एक कारण हो सकता है। अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं, कि - एमएसएमई के पंजीकरण और रोजगार में वृद्धि में कुछ चुनौतियां और बाधाएं हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. At el, डी.एस. (2018) भारतीय एमएसएमई की समस्याएं और संभावनाएं: एक साहित्य समीक्षा (इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बिजनेस एक्सीलेंस)
2. Et.al, डी.वी. (2020) आत्मनिर्भर भारत का विजन, एमएसएमई की भूमिका
3. गडे, एस (2018) एमएसएमई आर्थिक विकास में भूमिका - भारत के भावी भविष्य पर एक अध्ययन (इंटरनेशनल जर्नल ऑफ प्योर एंड एप्लाइड मैथमेटिक्स)
4. खत्री, पी. (2019) भारतीय एमएसएमई क्षेत्र की चुनौतियों का एक अध्ययन (आईक्यूएसआर-जेबीएम, 21(2), 5-13)
5. https://mpmsme.gov.in/website/statistics-2
6. https://mpmsme.gov.in/website/home

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

**तालिका क्रमांक 1: मध्य प्रदेश में पंजीकृत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं रोजगार (वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक की स्थिति)**

| क्र. | वर्ष | पंजीकृत MSME | प्रतिशत | कमी/ वृद्धि दर | रोजगार | प्रतिशत | कमी/ वृद्धि दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2017-18 | 206142 | 16.82 | आधार वर्ष | 596990 | 10.80 | आधार वर्ष |
| 2. | 2018-19 | 297595 | 24.28 | +44% | 1030084 | 18.63 | +72.55% |
| 3. | 2019-20 | 288479 | 23.54 | -3.06% | 993876 | 17.98 | -3.51% |
| 4. | 2020-21 | 186876 | 15.25 | -35.22% | 1499642 | 27.13 | +50.89% |
| 5. | 2021-22 | 246513 | 20.11 | +31.91% | 1407858 | 25.46 | +6.12% |
| | **कुल** | **1225605** | **100** | | **5528450** | **100** | |

स्त्रोत – एमएसएमई मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, 2021-22

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भारतीय संस्कृति में पशुओं का अध्ययन : अश्व के विशेष संदर्भ में

**शिवलाल***

* एम ए, नेट (इतिहास) गांव लालपुरा पोस्ट,तह-चितलवाना जालौर (राज.) भारत

**प्रस्तावना -** भारतीय संस्कृति में पशुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रागेतिहासिक काल में मनुष्य पशुओं का शिकार करके भोजन प्राप्त करता था। मध्यपाषाण काल में मनुष्य ने पशुपालन शुरू कर दिया था जिसके प्रमाण हमें बागोर और आदमगढ़ से प्राप्त हुए है। नवपाषाण काल से मनुष्य ने स्थायी निवास बनाना शुरू किया। मनुष्य अब पशुओ का पालन कृषि में किया जाने लगा भारत में सर्वप्रथम भीमबेटका से पशुओं के शिकार के चित्रों के साक्ष्य मिले है। हिन्दूओ की पौराणिक कथाओ में अनेक पशुओं को देवताओं के वाहन के रूप मिलता है।

भारतीय उपमहाद्वीप में घोड़े के सर्वप्रथम प्रमाण स्वात संस्कृति में मिलते है। तदुपरांत उत्तर हड़पा काल से घोड़े के अवशेष मिले है। मसलन घोड़े से तीन मिट्टी की मुर्तिया मिली है। इसके अलावा सुरकोटदा और बलूचिस्तान से भी घोड़े के प्रमाण मिले।

प्राचीनकाल में यौद्धा अच्छी नस्ल के घोड़ो का युद्ध में प्रयोग करते थे भारतीय साहित्य में घोड़ो की जानकारी वैदिक काल से मिलती है। वैदिक काल में घोड़े का प्रयोग न केवल मनुष्य करता है अपितु देवताओं के पूजन में भी उपयोग किया जाता है। घोड़े के अवशेष ऋग्वेद, यजुर्वेद में मिलते है। घोडा आर्यो का प्रिय पशु था। घोड़ो की सहायता से आर्यो ने विजय प्राप्त की थी। ऋग्वेद में घोड़ो के लिए अनेक प्राथनाएं है। घोड़ो को लड़ाई में रथ खींचने में काम में लिया जाता है। सूर्य को अश्व के रूप में कल्पित किया गया है।

उत्तर वैदिक काल से भारतीय समाज में घोड़ो का महत्व बढ़ गया। सभी जन अधिक से अधिक भूमि प्राप्त करने के लिए युद्ध करने लगे जिससे घोड़ो से खींचने वाले रथो का प्रयोग किया जाने लगा। बढ़ते नगरीकरण और अर्थव्यवस्था में घोड़ो का यातायात के साधन के रूप में प्रयोग किया जाने लगा। कालांतर में अनेक यज्ञ भी घोड़े से संबंधित होने लगे जिसमें अश्वमेघ यज्ञ और वाजपेय यज्ञ था। वाजपेय यज्ञ में शक्ति प्रदशन किया जाता है जिसमे सोमपान करके राजाओ के बीच रथदौड़ का आयोजन किया जाता है। इसका उल्लेख यजुर्वेद और शतपत ब्राह्मण में मिलता है। अश्वमेघ यज्ञ करने का अधिकारी चक्रवती नरेश ही होते थे। आश्वलायन श्रौत सूत्र का कथन है कि जो सब पदार्थ को प्राप्त करना चाहता है, सब विजयो का इच्छुक होता है और समस्त समृद्धि पाने कि कामना करता है एस यज्ञ का अधिकारी है। इसलिए सार्वभौमिक के अतिरिक्त भी मूर्धाभिसक्त राजा अश्वमेघ कर सकता था। राजा दशरथ और युधिष्ठिर ने अश्वमेघ किया था। द्वितीय शताब्दी ई. पू में पुष्यमित्र शुंग ने दो बार अश्वमेघ किया था जिसके पुरोहित पंतजलि थे।

गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त ने अश्वमेघ यज्ञ किया था जिसकी जानकारी उसकी मुद्राओ से मिलती है। दक्षिण के सातवाहनों, चालुक्यों और यादव नरेशों ने भी यह परम्परा जारी रखी। इस परम्परा के अंतिम शासक सवाई जयसिंह थे जिनकी जानकारी श्री कृष्ण भट्ट के कविकलानिधि के ईश्वर विलास महाकाव्य में मिलती है।

प्राचीन भारतीय समाज मे घोड़े की महत्ता इस बात से पता चलती है कि उस समय घोड़े पर एक ग्रंथ अश्वशास्त्र लिखा गया, जिसके रचयिता पाँच पांडवों से एक नकुल को माना गया है । महाभारत के विराट पर्व से नकुल के अश्व प्रेम की व्यापक झलक देखने को मिलती है। विराटनगर में जहां विभिन्न पांडव अज्ञातवास के समय अपना रूप बदल कर रह रहे थे, ऐसे में नकुल घोड़ों की देख रेख में लगे हुए थे। संभवत: वहीं उन्हें घोड़ों के इस विज्ञान की व्यापक जानकारी प्राप्त हुई होगी। घोड़ों के प्रति इतनी व्यापक जानकारी एवं सहज प्रेम के कारण ही शायद परवर्ती संस्कृत रचनाकारों ने अश्व शास्त्र का लेखक नकुल को माना है, परंतु अश्व शास्त्र में नकुल द्वारा शालिहोत्र, सुश्रुत, गर्ग इत्यादि ऋषियों को अश्व शास्त्र का ज्ञाता बताया गया है। शालिहोत्र तो अश्व शास्त्र के प्रथम ज्ञाता बताए गए है। उनका नाम महाभारत में विभिन्न स्थानों पर उल्लेखित है। एक स्थान पर उनको घोड़े जैसी मेधा वाला बताया गया है। भगवान श्री कृष्ण एवं पांच पाण्डव अश्व शास्त्र के प्रकांड विद्वान थे। नकुल इसीलिए अश्व शास्त्र के रचयिता माने जाते है और ऐसा श्रुति परम्परा में विख्यात है कि इस ग्रन्थ की रचना में शालिहोत्र ऋषि द्वारा व्यापक सहायता प्रदान की गई थी। इसलिए शालिहोत्र के बाद पारंपरिक रूप से नकुल अश्व शास्त्र के ज्ञाता माने जाते है। यही कारण था कि महाभारत के युद्ध में वह पांडवो के सेना का व्यापक नियंत्रण कर रहे थे। नकुल के अनुसार घोड़े धर्म और अर्थ को अर्जित करने में सहायक होते है। मनुष्य घोड़े के माध्यम से ही भूमि व सम्पदा अर्जित करता है। घोड़े यश, कीर्ति एवं विजय के संवाहक होते है। उस स्थान पर सब प्रकार के शुभ संकेत सहज विराजमान होते है जहां अच्छी नस्ल के घोड़े पाए जाते है। नकुल कहते है कि यदि किसी के प्रांगण में एक दिवस पर्यन्त यदि घोड़े का प्रवास हो जाए तो वह व्यक्ति समुद्र पर्यंत भूमि पर विजय कर सकता है और यदि किसी के पास सिर्फ घोड़ों की ही सेना हो तो उस व्यक्ति के निवास में साक्षात लक्ष्मी नारायण को छोड़ कर आ जाती है।

हमने देखा कि प्राचीन भारतीय उपमहाद्वीप मे घोड़े आर्थिक और

सामरिक क्षेत्र मे एक अतिमहत्वपूर्ण पशु था। परिवहन के साधनों के अभाव मे घोड़े एक महत्वपूर्ण परिवहन के साधन थे, ये किसी भी जलवायु मे जल्दी ढल जाते थे और कई दिनों तक भूख प्यास सहन कर लेते थे। युद्ध और लड़ाई मे सैनिक इनकी सहायता से दुश्मनों पर तेजी से आक्रमण कर युद्ध के परिणाम अपनी ओर मोड लेते थे। जिसके पास जीतने घोड़े, उसकी सेना उतनी ही शक्तिशाली मानी जाती थी। प्राचीन काल मे चतुर्वाहिनी सेना मे एक सेना घुड़सेना होती थी। इसके अलावा तत्कालीन समय मे संदेशवाहक भी घोड़ों का उपयोग करते थे। इन सभी कारणों से घोडा समाज मे अतिमहत्वपूर्ण पशु बन गया जिसके कारण समाज मे घोडा पूजनीय बन गया। उसे कई देवताओं से जोड़ा जाने लगा, कहीं-कहीं देवताओं के समतुल्य मान कर पूजा जाने लगा। वैदिक धर्म के अलावा घोड़े जैन और बौद्ध धर्म मे बराबर महत्व रखते है। यह जाहिर सी बात है कि समाज मे जिस पशु का आर्थिक, सामरिक या अन्य कोई उपयोग हो तो वह धर्म के क्षेत्र मे भी महत्वपूर्ण हो जाता है और ऐसा हमे घोड़े के रूप मे देखने को मिलता है। हमने ऊपर देखा कि घोड़ों पर काफी साहित्य लिखा गया है। उन्हे कहीं महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथों यथा वेदों, ब्राह्मणों, उपनिषदों, महाभारत, रामायण आदि मे तथा इसके अलावा अनेक कथाओं और किवंदितियों मे भी इन्हे शामिल किया गया है। चूंकि घोड़े तत्कालीन समाज मे एक मूल्यवान निधि माने जाते थे, इसीलिए उन्हे स्वस्थ और सेहतमंद रखने के लिए उन पर काफी शोध किया गया, जिसका परिणाम घोड़ों पर लिखे गए अनेक वैज्ञानिक ग्रंथों मे देखने को मिलता है जैसे कि नकुल विरचित अश्वशास्त्र, कल्हण रचित शालिहोत्रसमुच्चय, जयदत्ता सूरी विरचित अश्ववैद्यक आदि।

अत: प्राचीन भारतीय साहित्य में उल्लेखित उपर्युक्त उदाहरणों से यह बात तो भली भांति परिचित हो गई है कि भारतीय मनीषी गण न सिर्फ मानवों बल्कि जीवो के प्रति भी सजग थे। सजगता का उत्कृष्ट उदाहरण और क्या ही होगा कि घोड़े की मानसिक स्थिति एवं उसके गुणों पर भी व्यापक एवं गंभीर रूप से प्रकाश डाला गया है। 'वसुधैव कुटुंबकम' की पंक्ति को भारतीय साहित्य के विभिन्न ग्रन्थ चरितार्थ करते हुए दिखाई पड़ते है। महाभारत काल से लेकर सोमेश्वर तक व उसके बाद के विभिन्न लेखकों द्वारा घोड़ों एवं उनके विभिन्न पक्षों पर डाला गया प्रकाश भारतीय ज्ञान कोश की व्यापकता का एक सुन्दर एवं सजीव उदाहरण है। परंतु आज के तकनीकी दौर मे मनुष्यों ने अनेक परिवहन के साधनों का आविष्कार कर लिया है जिन्होंने ने घोड़ों और अन्य पशुओं को प्रतिस्थापित कर दिया है। यहीं दृश्य हमे घोड़ों के मनोरंजन के साधन और सामरिक महत्व मे भी दिखाई पड़ते है तकनीक और विज्ञान ने इन दोनों क्षेत्रों मे इनके प्रतिस्थापन खोज लिए है परंतु आज भी घोड़ों का उतना ही धार्मिक महत्व है जितना प्राचीन समय मे था। अश्वों से संबंधित अनेक परामपराएं और रीतियाँ आज भी भारतीय समाज मे प्रचलित है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. नगर, महेंद्रसिंह: भारतीय इतिहास एवं संस्कृति में युग युगीन अश्व, जोधपुर: राजस्थान ग्रंथागार(2013)
2. पट्टनायक, देवदत्त: पशु. दिल्ली: राजपाल एंड संस(2015)
3. श्रीवास्तव, कृष्ण चंद्र: प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति, इलाहाबाद: यूनाइटेड बुक डिपो(2018)
4. शर्मा, कृष्णगोपाल - जैन, हुकम चंद - शर्मा, मुरारीलाल: भारत का इतिहास, जयपुर: अजमेरा बुक कंपनी(2016)
5. थापर, रोमिला: भारत का इतिहास, नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन (2018)
6. शर्मा, कालुराम - व्यास, प्रकाश: भारतीय संस्कृति के मूल आधार, जयपुर: पंचशील प्रकाशन(2012)

*************

# चूरू जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों के बालकों में मुटापे की प्रत्याशा का तुलनात्मक अध्ययन

**डॉ. पवन कुमार***

* शारीरिक शिक्षा अध्यापक, पंडित बद्रीप्रसाद महर्षि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अल्फसर, जिला - सीकर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** यह शोधपत्र राजस्थान के चूरू जिले के सुजानगढ़ विकासखंड में निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों किये गए अध्ययन पर आधारित है। यह शोधपत्र प्राथमिक आंकड़ों पर आधारित है। प्राथमिक आंकड़ों का संकलन क्षेत्रीय सर्वेक्षण के अंतर्गत व्यक्तिगत साक्षात्कार और अनुसूची भरवाकर प्राप्त किये गए हैं। इस शोधपत्र का उद्देश्य अध्ययन क्षेत्र में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में अवस्थित निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बालकों की खाद्य आदत और दैनिक गतिविधियों के आधार पर बालकों में मुटापे की प्रत्याशा का आकलन का आकलन करना है। क्षेत्र सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में ग्रामीण बालकों की तुलना में नगरीय बालकों में मुटापे की प्रत्याशा अधिक है।

**प्रस्तावना –** वर्तमान समय में अनियमित दिनचर्या, नगरीय संस्कृति का बढ़ता प्रभाव, खराब खाद्य आदत और दैनिक शारीरिक गतिविधियों के अभाव में बालकों में मोटापे का खतरा अत्यधिक बढ़ गया है। विभिन्न सरकारी रिपोर्टों में यह पाया गया है कि भारत में विगत दशकों में 10 में से 3 बालक मोटापे के शिकार हो रहे हैं। यह समस्या नगरीय क्षेत्रों में कहीं अधिक गंभीर रूप धारण कर रही है। उल्लेखनीय है कि विद्यालयों में बालकों के पोषण स्तर की उपेक्षा, नियमित रूप से बालकों के स्वास्थ्य स्तर की जांच, बालकों की खाद्य आदत और बालकों की दैनिक शारीरिक गतिविधि जैसे गंभीर विषयों की उपेक्षा की जाती है, वहीं घरों में भी बालकों के अभिभावक अपनी व्यस्त दिनचर्या के कारण बालकों के शारीरिक वृद्धि और विकास की उपेक्षा करते हैं। ऐसे में बालकों की मोटापे की समस्या और अधिक गंभीर हो गई है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भौतिक संसाधानों का अभाव पाया जाता है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दैनिक दिनचर्या भी अधिक संयमित और संतुलित होती है, अत: ग्रामीण क्षेत्रों में बालकों में मोटापे की प्रत्याशा कम देखने को मिलती है। इस शोध पत्र में इसी पृष्ठभूमि को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बालकों पर शोध किया गया है, जिसमें बालकों की दैनिक खाद्य आदत और शारीरिक गतिविधि स्तर के आधार पर उनमें मोटापे की प्रत्याशा का तुलनात्मक आकलन किया गया है।

**शोध प्रविधि –** यह शोधपत्र राजस्थान के चूरू जिले के सुजानगढ़ विकासखंड में निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों किये गए अध्ययन पर आधारित है। यह शोधपत्र प्राथमिक आंकड़ों पर आधारित है। प्राथमिक आंकड़ों का संकलन क्षेत्र सर्वेक्षण के अंतर्गत व्यक्तिगत साक्षात्कार और अनुसूची भरवाकर प्राप्त किये गए हैं। इस शोधपत्र का उद्देश्य अध्ययन क्षेत्र में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में अवस्थित निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बालकों की खाद्य आदत और दैनिक गतिविधियों के आधार पर बालकों में मुटापे की प्रत्याशा का आकलन करना है।

**विश्लेषण –** ग्रामीण निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शाकाहारी उत्तरदाताओं की संख्या 21 (60.00 प्रतिशत) है, वहीं मिश्रित उत्तरदाताओं की संख्या 14 (40.00 प्रतिशत) है। नगरीय निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में शाकाहारी उत्तरदाताओं की संख्या 19 (54.29 प्रतिशत) है, वहीं मिश्रित उत्तरदाताओं की संख्या 16 (45.71 प्रतिशत) है।

ग्रामीण निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में कभी फलों का सेवन नहीं करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 2 (5.71 प्रतिशत) है, कभी-कभी फलों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 4 (11.43 प्रतिशत) है, सप्ताह में दो दिन फलों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 15 (42.86 प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन से अधिक फलों का सेवन करने वालों की संख्या 12 (34.29 प्रतिशत) है, दैनिक फलों का सेवन करने वालों उत्तरदाताओं की संख्या 2 (5.71 प्रतिशत) है। इसके विपरीत नगरीय निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में फलों का कभी नहीं सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 1 (2.86 प्रतिशत) है, कभी-कभी फलों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 2 (5.71 प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन फलों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 7 (20.00 प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन से अधिक फलों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 9 (25.71 प्रतिशत) है और दैनिक फलों का सेवन करने वालों की संख्या 16 (45.71 प्रतिशत) है।

ग्रामीण निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में फास्ट फूड का कभी सेवन नहीं करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 3 (8.57 प्रतिशत) है, वहीं फास्ट फूड का कभी-कभी सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 5 (14.29 प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन फास्ट फूड का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 13 (37.14 प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन से अधिक फास्ट फूड का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 11 (31.43 प्रतिशत) तथा दैनिक फास्ट फूड का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 3 (8.57 प्रतिशत) है। इसी प्रकार नगरी निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में फास्ट फूड का कभी सेवन नहीं करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 0 है, कभी-कभी फास्ट फूड का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 3 (8.57

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन फास्ट का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 11 (31.43 प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन से अधिक फास्ट फलों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 14 (40 प्रतिशत) है, जबकि दैनिक फास्ट फूड का सेवन करने वाले उत्तरदाता की संख्या 7 (20 प्रतिशत) है।

**तालिका-1 : ग्रामीण निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय और नगरीय निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बालकों की खाद्य आदत का तुलनात्मक प्रदर्शन**

| टाहार | आवृति | ग्रामीण विद्यालय | | नगरीय विद्यालय | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| खाद्य आदत | शाकाहारी | 21 | 60.00 | 19 | 54.29 |
| | मिश्रित | 14 | 40.00 | 16 | 45.71 |
| फलों का सेवन | कभी नहीं | 2 | 5.71 | 1 | 2.86 |
| | कभी-कभी | 4 | 11.43 | 2 | 5.71 |
| | सप्ताह में दो दिन | 15 | 42.86 | 7 | 20.00 |
| | सप्ताह में दो दिन से अधिक | 12 | 34.29 | 9 | 25.71 |
| | दैनिक | 2 | 5.71 | 16 | 45.71 |
| फास्ट फूड का सेवन | कभी नहीं | 3 | 8.57 | 0 | 0.00 |
| | कभी-कभी | 5 | 14.29 | 3 | 8.57 |
| | सप्ताह में दो दिन से अधिक | 13 | 37.14 | 11 | 31.43 |
| | सप्ताह में दो दिन | 11 | 31.43 | 14 | 40.00 |
| | दैनिक | 3 | 8.57 | 7 | 20.00 |
| हरी सब्जियों का सेवन | कभी नहीं | 0 | 0.00 | 2 | 5.71 |
| | कभी-कभी | 6 | 17.14 | 7 | 20.00 |
| | सप्ताह में दो दिन | 18 | 51.43 | 22 | 62.86 |
| | सप्ताह में दो दिन से अधिक | 10 | 28.57 | 4 | 11.43 |
| | दैनिक | 2 | 5.71 | 0 | 0.00 |
| दूध का सेवन | कभी नहीं | 0 | 0.00 | 2 | 5.71 |
| | कभी-कभी | 2 | 5.71 | 7 | 20.00 |
| | सप्ताह में दो दिन | 6 | 17.14 | 11 | 31.43 |
| | सप्ताह में दो दिन से अधिक | 10 | 28.57 | 6 | 17.14 |
| | दैनिक | 17 | 48.57 | 9 | 25.71 |

स्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

ग्रामीण निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में हरी सब्जियों का कभी सेवन नहीं करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 0 है, कभी-कभी हरी सब्जियों का सेवन करने वालों उत्तरदाताओं की संख्या 6 (17.14 प्रतिशत) है, वहीं सप्ताह में 2 दिन हरी सब्जियों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं संख्या 18 (51.43 प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन से अधिक हरी सब्जियों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 10 (28.57 प्रतिशत) है और दैनिक हरी सब्जियों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 2 (5.71 प्रतिशत) है। इसी प्रकार नगरीय निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में हरी सब्जियों का कभी सेवन नहीं करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 2 (5.71 प्रतिशत) है, कभी-कभी हरी सब्जियों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 7 (20 प्रतिशत) है, वहीं सप्ताह में 2 दिन में हरी सब्जियों का सेवन करने वालों उत्तरदाताओं की संख्या 22 (62.86 प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन से अधिक हरी सब्जियों का सेवन करने वालों की संख्या 4 (11.43 प्रतिशत) है एवं दैनिक हरी सब्जियों का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 0 है।

ग्रामीण निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में दूध का कभी सेवन नहीं करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 0 है, कभी-कभी दूध का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 2 (5.71 प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन दूध का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 6 (17.14 प्रतिशत) है, सप्ताह में 2 दिन से अधिक दूध का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 10 (28.57 प्रतिशत) है और दैनिक दूध का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 17 (48.57 प्रतिशत) है। इसी प्रकार नगरीय निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में दूध का कभी सेवन नहीं करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 2 (5.71 प्रतिशत) है, दूध का कभी-कभी सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 7 (20 प्रतिशत) है, सप्ताह में दो दिन दूध का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 11 (31.43 प्रतिशत) है, सप्ताह में दो दिन से अधिक दूध का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 6 (17.14 प्रतिशत) है और दैनिक दूध का सेवन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 9 (25.71 प्रतिशत) है।

**तालिका-2 : ग्रामीण निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय और नगरीय निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बालकों की दैनिक शारीरिक गतिविधियों का तुलनात्मक प्रदर्शन**

| दैनिक शारीरिक गतिविधि | ग्रामीण | | नगरीय | |
|---|---|---|---|---|
| | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| दो घंटे से अधिक टीवी देखना | 27 | 77.14 | 29 | 82.86 |
| दो घंटे से अधिक कंप्यूटर देखना | 8 | 22.86 | 22 | 62.86 |
| दो घंटे से अधिक मोबाइल देखना | 19 | 54.29 | 15 | 42.86 |
| विद्यालय के इतर 2 घंटे से अधिक पढ़ाई करना | 25 | 71.43 | 33 | 94.29 |
| विद्यालय के इतर 2 घंटे से अधिक आउटडोर खेल गतिविधि | 32 | 91.43 | 24 | 68.57 |
| विद्यालय पैदल या साइकिल से जाना | 33 | 94.29 | 16 | 45.71 |
| 30 मिनट या उससे अधिक योग करना | 20 | 57.14 | 28 | 80.00 |
| 30 मिनट या उससे अधिक व्यायाम करना | 22 | 62.86 | 25 | 71.43 |

स्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

**आरेख-1**




ग्रामीण निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में दिन में 2 घंटे से अधिक टीवी देखने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 27 (77.14 प्रतिशत) है, दिन में 2 घंटे से अधिक कंप्यूटर देखने वालों उत्तरदाताओं की संख्या 8 (22.86 प्रतिशत) है, दिन में 2 घंटे से अधिक मोबाइल चलाने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 19 (54.29 प्रतिशत) है, प्रतिदिन विद्यालय के इतर 2 घंटे से अधिक पढ़ाई करने वालों उत्तरदाताओं की संख्या 25 (71.43 प्रतिशत) है, प्रतिदिन विद्यालय के इतर 2 घंटे से अधिक आउटडोर खेल खेलने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 32 (91.43 प्रतिशत) है, साइकिल से विद्यालय जाने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 33 (94.29 प्रतिशत) है, प्रतिदिन 30 मिनट या उससे अधिक योग करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 20 (57.14 प्रतिशत) है, वहीं प्रतिदिन 30 मिनट या उससे अधिक व्यायाम करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 22 (62.86 प्रतिशत) है।

इसी प्रकार नगरीय निजी उच्च माध्यमिक विद्यालय में दिन में 2 घंटे से अधिक टीवी देखने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 29 (82.86 प्रतिशत) है, दिन में 2 घंटे से अधिक कंप्यूटर देखने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 22 (62.86 प्रतिशत) है, दिन में 2 घंटे से अधिक मोबाइल चलाने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 15 (42.86 प्रतिशत) है, प्रतिदिन विद्यालय के इतर 2 घंटे से अधिक पढ़ाई करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 33 (94.29 प्रतिशत) है, प्रतिदिन विद्यालय के इतर 2 घंटे से अधिक आउटडोर खेल खेलने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 24 (68.57 प्रतिशत) है, विद्यालय पैदल या साइकिल से जाने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 16 (45.71 प्रतिशत) है, प्रतिदिन 30 मिनट या उससे अधिक योग करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 28 (80 प्रतिशत) है, प्रतिदिन 30 मिनट या उससे अधिक व्यायाम करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 25 (71.43 प्रतिशत) है।

**निष्कर्ष –** उपर्युक्त आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है की अध्ययन क्षेत्र में जहाँ एक ओर ग्रामीण भागों में अवस्थित निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बालकों की खाद्य आदत और दैनिक शारीरिक गतिविधि अधिक संतुलित होने के कारण बालकों में मोटापे का खतरा कम है, वहीं इसके विपरीत नगरीय भागों में अवस्थित निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बालकों की खाद्य आदत और दैनिक शारीरिक गतिविधि तुलनात्मक रूप से कम संतुलित और जोखिम भरी है, जिसके कारण नगरीय भागों में अवस्थित निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों के बालकों में मोटापे का खतरा कहीं अधिक है। अंत: इस संबंध में नगरीय भागों में संचालित निजी उच्च माध्यमिक विद्यालयों को बालकों की खाद्य आदत और दैनिक शारीरिक गतिविधि पर अधिक सजग होने की आवश्यकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. Gerald, L. B., Anderson, A., Johnson, G. D., Hoff, C., & Trimm, R. F. (1994). Social class, social support and obesity risk in children. Child: care, health and development, 20(3), 145-163.
2. Maffeis, C. (2000). Aetiology of overweight and obesity in children and adolescents. European journal of pediatrics, 159(1), S35-S44.
3. Moreno, L. A., & Rodriguez, G. (2007). Dietary risk factors for development of childhood obesity. Current Opinion in Clinical Nutrition & Metabolic Care, 10(3), 336-341.
4. Rennie, K. L., Johnson, L., & Jebb, S. A. (2005). Behavioural determinants of obesity. Best Practice & Research Clinical Endocrinology & Metabolism, 19(3), 343-358.
5. Roblin, L. (2007). Childhood obesity: food, nutrient, and eating-habit trends and influences. Applied Physiology, Nutrition, and Metabolism, 32(4), 635-645.
6. Strauss, R. (1999). Childhood obesity. Current Problems in Pediatrics, 29(1), 5-29.
7. Weker, H. (2006). Simple obesity in children. A study on the role of nutritional factors. Medycyna wieku rozwojowego, 10(1), 3-191.
8. Young Hyman, D., Herman, L. J., Scott, D. L., & Schlundt, D. G. (2000). Care giver perception of children's obesity related health risk: a study of African American families. Obesity research, 8(3), 241-248.


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# An Analytical Study of Impact of Modern Technology on Profitability of Sanchi Dugdh Sangh

**Shruti Vidyarthi***

*Research Scholar, School of Studies in Commerce, Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA

**Abstract :** Dairy industry is the largest source of livelihood in India. Many people are found employed in this sector Timeto time many Technological changes take place, Which played an important role in the development of this industry. At present it is one of the largest and fastest growing sector in India this study aims to provide analysis of technological changes on profitability of SanchiDugdhSangh.
**Keywords:** Technological advancement , Dairy industry , Automation, Profitability, Digitalization.

**Introduction -** Dairy is the second important source of livelihood for farmers. Advancement of technology plays an important role in improving the profitability of milk dairy by increasing efficiency, reducing cost and improving product quality. By saving labor efficient use of resources reducing energy consumption profitability can be increased. In this research, how new improved techniques are increasing profitability will be studied. Computerized systems allow for better management and tracking of milk production. Also advanced refrigeration system enable milk products to be stored for longer periods, which also reduces wastages.

**Review of literature:** Many researchers were done on the profitability of dairy industry technology enhances profitability in the dairy industry through efficiency cost savings and market expansion. On the basis of Study of various review of literature we can say that with the advanced technology commercial farms can get the benefits of economies of scale due to advancement of technology. Dairy industry is undergoing in remarkable transformation. This technology enhances productivity, improve animal welfare and reduces the cost.

**Dairy industry and its economic role:** Since the beginning of civilization milk is the important part of Indian food.Dairy industry is the second largest source of livelihood in the ruler India. The dairy industry contributed around 5% to the India's economy, and directly employing more than 8 million farmers the majority of whom are women.

**Supply chain of dairy:** There is a vast food supply chain of dairy products in India.From farms to consumer, goods are supplied on regular basis.Earlier this process was slow due to manual performance but after technological advancement Dairy supply chain grows more complex. nowadays collection, processing and distribution is done through automated machines which reduces wastages and enhances product quality and ensures profitability to producers.

**Modernization and new technology in dairy industry:** New and advanced machines is being adopted. Map technology (Modified Atmosphere Packaging) packaging machine is purchased Which extends the shelf life of dairy products by reducing oxygen and replacing it with the other gasses. Updation and proper monitoring of dairy machines and chilling centers are taking place for successful functioning. Ujjain SanchiDugdhsungh have also started providing commercial training for operating machines with the collaboration of industrial training institution. Conduction of FosTac Training program for three trainees from every center ,this include dealing with general requirements for hygiene and sanitary practices, management and supervision of milk and milk products processing on a business promises They also gone under the three months trial for anti counterfeit technology. This is very helpful in identifying and preventing the sale of fake or adulterated dairy products.

**Objectives of research:** As time changes, organization also bring changes in it. As well by adopting changing technology, profitability also affected. So to study the impact of change in technology over profitability of SanchiDugdhSangh study has conducted.

**Hypothesis of research**

1. There is a significant impact of technology on the profitability of the organization
2. New equipment bring improvement in the efficiency
3. Advanced cost control technologies leads to improve profit making capacity.

**Importance of research:** This research is important in analysis of technology advancement in profitability , as it will study the opportunities available in future . During research, examination will done that how technology improves milk production, quality control and enhance farmer's income. The insights gained from this research can shape the future of the dairy industry, making it more efficient as per market demands.

**Research methodology:** Researchers nothing but systematic investigation and study of sources and materials establish facts and reaches to conclusion.

**Source:** Information is collected through the annual general meeting booklets provided by the organization.

**Sample:** For this research, Ujjain DugdhSanghMaryadit, Ujjain is being selected .

**Data analysis:** We can see the impact of technological advancement in the terms of increased production and efficiency gains due to automation And more use of new methods results in higher profits which eventually increased the investment in dairy business for availability of trained force organization has made collaboration with industrial training institution and started milk and milk product technician course. Such type of practices are very important in the development of organization. In the year 2000 - 2021 remarkable turnover was achieved by the DugdhSangh of around 24 cr.and Net profit of rupees 6 cr. Such figures are explaining the journey of improved efficiency of the organization. Dairy industry is an important source of income for the millions of ruler households. They are also trying to control the collection of adulterate product and improving milk S.N.F. All these practices not only impacted the functioning but increase sales to rupees around 27 cr. and net profit of rupees 7 cr. as well as operating profit has increased to 8.22 cr.

**Conclusion:** It is clear that technological advancements are directly related to profitability of organization. The adoption of modern technology has led to improved efficiency and cost cutting. It increased the speed of production and reduces wastages. On the other, hand it also incur cost to the organization an ongoing maintenance charges. However, still dairy industry faces several challenges including lack of infrastructure, sufficient technical knowledge and lack of awareness in farmers.

Overall, we can say that adoption of new technology in dairy farming has brought the drastic changes in dairy industry. It leads to cost cutting and helping in increasing revenues. All these efforts are finally resulting in higher profitability for farmers.

**References:-**

1. Sanch Dugdh Sangh, Annual General meeting, Mannual
2. Sanchi milk project report
3. T. Norton and D Burkmans (2017) Developing Precision livestock farming tools for precision dairy farming
4. R. S. Walse (2016) Business applications of information technology in dairy industry
5. Sairakharuddin, et.al. (2015), Effects of decision rationality on ERP adoption extensiveness and organizational performance
6. N. Schuring (2010) Evolving technologies for a growing dairy industry
7. B. Manisha(2010) It applications in Indian dairy sector
8. Sanjay Verma (2009) dairy cooperatives in India
9. S. C. Mittal (2007) Roll off information technology in agriculture and its scope in India

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# मन्दसौर जिले में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत जिला उपभोक्ता फोरम का योगदान

**मनोज कुमार सोलंकी* डॉ. लक्ष्मी नारायण शर्मा ****

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
**शोध निर्देशक एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं प्राध्यापक (वाणिज्य) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,
राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मदंसौर (म.प्र.) भारत

**मंदसौर जिले का परिचय –** मंदसौर जिला पुरातात्विक और ऐतिहासिक विरासत में समृद्ध है, अपितु शिवना तट पर स्थित प्रभु पशुपतिनाथ का मंदिर इसे विश्व प्रसिद्ध बनाता है। यहाँ के मंदिर की मूर्ति नेपाल में स्थित मंदिर की मूर्ति के समानांतर है। यहाँ की सबसे आम भाषा मालवी (राजस्थानी और मिश्रित हिंदी) है। यह जिला दुनिया भर में अफीम के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। स्लेट पेंसिल उद्योग जिले का मुख्य उद्योग है। मंदसौर जिला अपने पश्चिमी डिवीजन, यानी उज्जैन कमिश्नर संभाग से मध्य प्रदेश का उत्तरी प्रक्षेपण बनाता है। यह जिला मध्य प्रदेश के दो जिलों के बीच स्थित है। इसके उत्तर-पश्चिम में नीमच जिला और दक्षिण में रतलाम जिला है। यह राजस्थान के प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, कोटा, झालावाड़ जिलों से भी घिरा हुआ है। यह जिला मध्य प्रदेश का एक औसत आकार का जिला है। यह लगभग 142 किमी (88 मील) तक फैला हुआ है। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक 124 किमी (77 मील)।

**उपभोक्ता संरक्षण 1986 की आवश्यकता :** सन् 1986 से उपभोक्ता संरक्षण के हित में तीव्र गति से कार्य हो रहा है, किन्तु आज भी उपभोक्ता जागरूक नहीं है, इसके प्रमुख कारण निम्नलिखित है :-

1. ग्राहक को स्वयं के अधिकारों का ज्ञान न होना।
2. स्वयं ठगे जाने पर स्वीकार करने में शर्म महसूस करना।
3. व्यापारी से व्यवहार बिगड़ने का डर।
4. उदारात्मक व्यावहारिक नीति।
5. व्यापारी के अमर्यादित व्यवहार का डर।
6. हक के लिये कुछ करने की इच्छा होते हुए भी वादे आगे बढ़े, उसकी जानकारी न होना।
7. बोझील और खर्चीली न्यायिक प्रक्रिया।
8. कम मूल्य की वस्तुओं व सेवाओं के लिये वह न्यायिक प्रणाली में नही जाता है।

उपर्युक्त दुविधाओं से मुक्त करने के लिये उपभोक्ता को उपभोक्ता संरक्षण की आवश्यकता है, जिसके उपयोग से वह स्वयं के शोषण को रोक सके। वर्तमान बाजार में वस्तुओं के विक्रय हेतु विभिन्न विज्ञापन एवं लुभावनी योजनाओं के द्वारा उपभोक्ता को आकर्षित किया जाता है, उपभोक्ता को वस्तु एवं सेवा की उपयोगिता की सत्यता का ज्ञान न होने की स्थिति के कारण 'उपभोक्तावाद' का जन्म होता है। उपभोक्तावाद के कारण विक्रयकर्ता उपभोक्ता से मन चाहे दाम, घटिया वस्तु, माप-तौल में बेईमानी आदि योजनाओं के तहत् शोषण करता है, जिससे बचाव के लिये 'उपभोक्ता संरक्षण' की आवश्यकता महत्वपूर्ण है। अत: कहा जा सकता है कि कहीं ना कहीं उपभोक्तावाद ने ही उपभोक्ता संरक्षण की आवश्यकता को बढ़ावा दिया है। उपभोक्ता संरक्षण के लिये उपभोक्ताओं को एकजूट होकर आंदोलन करना या शोषण का विरोध करना आवश्यक है, क्योंकि अर्थशास्त्र में उपभोक्ता आंदोलन एवं उपभोक्ता संरक्षण एक-दसरे के पर्यायवाची है, जिन्हें अलग नहीं किया जा सकता है। अत: उपभोक्ता को अपने दायित्व एवं अधिकारों की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए अर्थात् वह विधि जो उपभोक्ताओं का विक्रेता द्वारा किये जाने वाले शोषण से बचाव करे। उपभोक्ता संरक्षण कहलाता है और आधुनिक विपणन की क्रियाओं के दौरान इसकी अत्यन्त आवश्यकता है।

**उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की कुछ विशेषताएँ –**

1. उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करने के लिये इस अधिनियम में तीन स्तरीय अर्द्ध न्यायिक तन्त्र की स्थापना की गई है। ये तीनों स्तर मुआवजे की वित्तीय सीमाओं पर निर्भर करते हैं। जिन्हें निम्न सारणी के माध्यम से स्पष्ट किया गया है :-

**तालिका 01: मुआवजे की वित्तीय सीमाऐं**

| क्र. | स्तर | न्यायिक तन्त्र | वित्तीय सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला | जिला मंच | 20 लाख तक |
| 2 | राज्य | राज्य आयोग | 20 लाख से 1 करोड़ तक |
| 3 | राष्ट्रीय | राष्ट्रीय आयोग | 1 करोड़ से अधिक |

स्त्रोत:-उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986

2. इस अधिनियम के अंतर्गत उपभोक्ता की शिकायतों का निपटारा शीघ्र अतिशीघ्र किया जाता है, ताकि उन्हें बहुत लम्बे समय तक संतोषजनक मुआवजे के लिये प्रतिक्षा नहीं करनी पड़ती है।
3. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में शिकायत प्राप्त करने के 90 दिवस के भीतर ही विवाद निस्तारण का प्रावधान है। लेकिन परिक्षण या विश्लेषण की आवश्यकता होने पर निस्तारण समय सीमा 5 महीने तक हो सकती है।
4. उपभोक्ता को शिकायत दर्ज कराने हेतु किसी प्रकार के व्यय की

आवश्यकता नहीं है। यदि उत्पाद प्रतिफल बशर्ते 5 लाख रुपये तक हो।

5. उपभोक्ता के अतिरिक्त व्यय (वाद व्यय व मानसिक संताप) की क्षतिपूर्ति करने का भी प्रयास किया जाता है।

6. समय-समय पर सरकार द्वारा न केवल वर्तमान अधिनियमों में आवश्यक संशोधन किये जाते है अपितु नये अधिनियम पारित भी किये जाते है।

7. इस अधिनियम के तहत् वस्तु से तात्पर्य उन सारी वस्तुओं से है, जो मूल्य देकर खरीदी जाती है, जैसे - खाद्यान्न, स्कूटर, गाड़ी, वस्त्र, घरेलू उपकरण, बर्तन आदि।

इस अधिनियम के तहत् सेवा से तात्पर्य उन सभी सेवाओं से है, जैसे - डाकघर, बैंक, बीमा, रेल्वे, बस, टेलीफोन, बिजली, पानी, रसोई गैस, चिकित्सा, कोरियर, शिक्षण संस्थान, वकील की सेवाएं आदि।

**शोध विषय के चयन का औचित्य –** उपभोक्ताओं की सामान्य समस्यायें जैसे – अनावश्यक क्रय, चुनाव की समस्या, झूठे भ्रामक विज्ञापन, बाजार की वास्तविक स्थिति, मूल्यों के प्रति अज्ञानता, उपभोक्ता की मानसिकता, काला धन कमाने की मंशा, मिलावट, दोषपूर्ण भार एवं माप निम्न गुणवत्ता की वस्तु, कीमतों में वृद्धि, विक्रेताओं का व्यवहार, गलत लेबल का उपयोग आदि कई प्रमुख समस्यायें हैं, जिनसे संबंधित समाधान एवं समाधान संबंधित शिक्षा जिसे 'उपभोक्ता शिक्षा' कहा जाता है, की अत्यन्त आवश्यकता है, जिससे उपभोक्ता को उसकी समस्याओं से निजात मिल सके तथा विक्रेता द्वारा जो उसका शोषण किया जाता है, उससे उपभोक्ता को मुक्ति दिलवाने के लिये तथा उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिये उपभोक्ताओं में जागरूकता एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से संबंधित जानकारी को सामान्य उपभोक्ता तक पहुंचाना अत्यन्त आवश्यक है।उपर्युक्त दृष्टि से तथा बाजार की अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के साथ उपभोक्ताओं को सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा किये जाने वाले विभिन्न प्रयासों की जानकारी के साथ निम्न बिन्दुओं की सम्पूर्ण जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिये उपर्युक्त शोध कार्य की अत्यन्त आवश्यकता एवं महत्व है, जो कि निम्नलिखित है :-

1. वस्तु को खरीदते समय लेबल पर उत्पादन से संबंधित मात्रा, वजन, विशेषता, मूल्य, बैच नम्बर, लाइसेन्स नम्बर, कोड नम्बर, निर्माता का नाम, पता आदि आवश्यक जानकारी को पढ़ना समझना आदि की जानकारी उपलब्ध करवाना।

2. वस्तुओं को खरीदते समय प्रभावित वस्तुओं के चयन संबंधित जानकारी मार्का की जानकारी उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाना जैसे - आई.एस.आई. एगमार्क आदि।

3. वस्तु खरीदते समय उसकी संबंधित योजनाओं गारन्टी एवं वारन्टी कार्ड आदि को समझना एवं उन पर चाही गई जानकारी, दिनांक, डीलर का नाम पता आदि भरवाने के प्रति जागरूकता सामान्य उपभोक्तओं में उत्पन्न करना।

4. उत्पाद खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकिंग को जानना तथा बिल संबंधित जानकारी आदि के महत्व को उपभोक्ताओं तक पहुंचाना।

5. उपभोक्ताओं को वस्तु खरीदने के लिये उचित डीलर की दुकान के लिये प्रोत्साहित करना, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत् उपभोक्ता फोरम तक जाया जा सके एवं न्याय प्राप्त कर सके।

6. विज्ञापनों, दुकानदारों की सम्पूर्ण बातों, नाप-तौल, मिलावट, काला बाजारी आदि की सम्पूर्ण जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाना, जिससे वह ठगे जाने से बच सके।

7. उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग करना, सरकार की उपभोक्ताओं के लिये बनाई गई समस्त नीतियों के साथ उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के सूक्ष्म से सूक्ष्म बिन्दु की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाना।

**शोध विषय के उद्देश्य :**

1. उपभोक्ता अधिनियम 1986 के औचित्य व महत्व का अध्ययन करना।
2. उपभोक्ताओं के आर्थिक व सामाजिक हितों के संरक्षण के लिये उपलब्ध विभिन्न अधिनियम के अंतर्गत उपचारों का अध्ययन करना।
3. उपभोक्ता अधिनियम 1986 का विस्तृत अध्ययन विश्लेषण करके उपभोक्ताओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं को अंकित करना।
4. उपभोक्ताओं के आर्थिक हितों के संरक्षण में योगदान करना।
5. उपभोक्ताओं के सामाजिक हितों को संरक्षण प्रदान करना।

**शोध विषय की परिकल्पनाएं:**

1. **H1** प्रस्तावित शोध से उपभोक्ता अपने हितों के प्रति जागरूकता पर सार्थक प्रभाव होता हैं।

2. **H2** प्रस्तावित शोध से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत निर्मित प्रावधानों का उपभोक्ता शोषण को रोकने की प्रक्रिया पर सार्थक प्रभाव होता है।

**शोध विषय से संबंधित पूर्व में किए गए शोध कार्य –**

**एश्ले रीचहेल्ड, जॉन पेटो और कोरी रिथलर द्वारा (2023)** ने अपने शोध कार्य 'उपभोक्ताओं की स्थिरता संबंधी मांगें बढ़ रही हैं' पर प्रस्तुत रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि भरोसेमंद कर्मचारी काम करने के लिए ज्यादा प्रेरित होते हैं, उनकी अनुपस्थिति की दर कम होती है और दूसरी नौकरी की तलाश करने की संभावना कम होती है। भरोसेमंद ग्राहक प्रतिस्पर्धियों की तुलना में किसी ब्रांड को चुनने, उसे दोबारा खरीदने और उसका प्रचार करने की अधिक संभावना रखते हैं। मूल रूप से भरोसा तब बनता है जब कोई ब्रांड या संगठन अच्छे वादे करता है और फिर उन्हें पूरा करता है। वे ऐसा क्रमशः सकारात्मक इरादे और क्षमता का प्रदर्शन करके करते हैं। 'ग्रीनवाइज़' लेबल के तहत टिकाऊ खाद्य उत्पादों की अपनी लाइन भी बनाई है, जो गुणवत्ता सामग्री और सख्त पशु कल्याण मानकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

**शोध प्रविधि**

- **निर्देशन चुनाव की विधि –** उपरोक्त शोध कार्य में उपभोक्ता एवं जिला उपभोक्ता फोरम की भूमिका से संबंधित निर्देशन को निर्देशन इकाईयों से सूचना संकलन का लक्ष्य निश्चित किया गया था। कुल 500 इकाईयों को सूचना प्राप्ति के लिये सुविधाजनक चुनाव विधि द्वारा चुना गया।
- **निर्देशन इकाई –** निर्देशन इकाई के रूप में शोध कार्य में सामान्य उपभोक्ता (साक्षर एवं असाक्षर) (व्यापारी एवं नौकरी पेशा) तथा युवा एवं प्रौढ़ अवस्था से संबंधित को निर्देशन इकाई के रूप में चयन किया गया है। उपर्युक्त शोध कार्य के दौरान नीमच उपभोक्ता फोरम में तथा न्यायालय में अपील के रूप में आने वाले उपभोक्ता संरक्षण संबंधित मामलों को भी निर्देशन

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

इकाई के रूप में उपयोग किया गया है जिससे तथ्यपूर्ण परिणाम प्राप्त हो सके।

- **अध्ययन के चर** – प्रस्तुत शोध कार्य में उपभोक्ता फोरम एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम नीमच जिले के योगदान को स्वतंत्र चर तथा उपभोक्ता के आर्थिक हित संरक्षण पर पड़ने वाले प्रभाव के अध्ययन को आक्षरित चर के रूप में प्रयोग किया गया है।
- **शोध उपकरण** – उपर्युक्त शोध कार्य के दौरान आवश्यकता के अनुसार लांग टेबल, प्रश्नावली रेटिंग स्केल, प्रश्नपत्र आदि उपकरणों का उपयोग किया गया है। प्रस्तुत शोध कार्य में तथ्य संकलन हेतु स्वयं ही साक्षात्कार अनुसूची को सुविधा की दृष्टि से दो भागों में वर्गीकृत किया गया था। अनुसूची के प्रथम भाग में उपभोक्ता की सामान्य जानकारी जैसे–नाम, उम्र, शिक्षा, आय, कार्य आदि के बारे में जानकारी एकत्रित करने हेतु सामान्य प्रश्नों को सम्मिलित किया गया एवं द्वितीय भाग में उपभोक्ता की क्रय-विक्रय क्षमता, व्यवहार, पसन्द, उपभोक्ता फोरम की जानकारी, समस्याएं, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी, उपयोग, बिल एवं वारण्टी कार्ड आदि से संबंधित प्रश्नों को सम्मिलित किया गया।
- **तथ्य संकलन** – तथ्य संकलन हेतु उज्जैन संभाग के नीमच जिले के जिला उपभोक्ता फोरम से उपभोक्ता की समस्याएं, व्यवहार, क्रय-विक्रय प्रक्रिया के तहत् आने वाले मुख्य बिन्दुओं से संबंधित जानकारी को प्रश्नावली एवं साक्षात्कार विधि के उपयोग से विभिन्न तथ्यों को संकलित किया है।

**शोध का क्षेत्र** – शोध कार्य हेतु मंदसौर जिले के अंतर्गत आने वाली प्रमुख 03 तहसीलें का चुनाव किया गया है।

**शोध की सीमाऐं** – मध्यप्रदेश में मंदसौर जिले में उपभोक्ताओं की अच्छी संख्या है। मध्यप्रदेश में उपभोक्ताओं का बहुत व्यापक दायरा है, जो बदले में बहुत बड़े रोजगार सृजन प्रदान करता है। अत: यह आवश्यक हो जाता है कि शोध कार्य को प्रारंभ करने से पूर्व उस विषय की कुछ सीमाएं निर्धारित कर दी जाये तथा उन्हीं सीमाओं को ध्यान में रखकर विषय का ध्यचन किया जाये तो निश्चित रूप से प्राप्त होने वाले परिणाम अधिक उपयोगी, सार्थक तथा वास्तविकता के करीब होंगे। उपभोक्ता संरक्षण एक बहुत बड़ा विषय है। इस प्रकार मंदसौर जिले में उपभोक्ताओं संबंधी गतिविधियों का विश्लेषण करना काफी कठिन है। इस शोध कार्य में उपभोक्ताओं संबंधी निम्नलिखित गतिविधियों को शामिल किया गया है।

1. इस शोध कार्य में विभिन्न अप्रत्यक्ष/अंतिम उपभोक्ताओं के आंकड़ों का पता नहीं लगाया गया है।
2. इस शोध कार्य में कुल मदंसौर जिले में कुल उपभोक्ताओं का सही अनुमान नहीं लगाया जा सका।
3. ऑनलाइन व्यवहारों को अधिनियम के अंतर्गत स्पष्ट प्रावधानों का अभाव रहेगा।
4. शोध कार्य में केवल पंजीकृत फर्म के उपभोक्ताओं संबंधी इकाइयों पर विचार किया गया है। लेकिन मध्यप्रदेश में मदंसौर जिले में कई अपंजीकृत फर्म के उपभोक्ताओं संबंधी इकाइयां हैं, जिन पर विचार नहीं किया जा सकता है, लेकिन फिर भी रोजगार सृजन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है।

**तालिका संख्या 2: मंदसौर जिले में आयु के अनुसार उपभोक्ताओं का वर्गीकरण**

| क्रं. | आयु संख्या | मंदसौर | |
|---|---|---|---|
| | | आयु | प्रतिशत |
| 1. | 40 वर्ष तक | 243 | 50.63 % |
| 2. | 40 वर्ष से ऊपर | 237 | 49.37 % |
| | **कुल** | **480** | **100 %** |

स्त्रोत – व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

**चित्र 2**




तालिका 2 के अवलोकन के बाद हम देखते हैं कि मंदसौर जिले के संदर्भ में युवा उपभोक्ताओं का प्रतिशत वृद्धों की तुलना में अधिक है। उपरोक्त तालिका मंदसौर जिले के संदर्भ में उपभोक्ताओं की आयु के अनुसार उपभोक्ता के वर्गीकरण को दर्शाती है।

विश्लेषण के बाद हमें पता चला कि मंदसौर जिले के संदर्भ में कुल उपभोक्ता 480 हैं। जिसमें 243 (50.63 प्रतिशत) उपभोक्ता युवा (40 वर्ष तक) के हैं। और 237 (49.37 प्रतिशत) उपभोक्ता वृद्धावस्था (40 वर्ष से अधिक) के हैं। इसलिए हम यह कह सकते हैं कि युवा उपभोक्ता, वृद्ध उपभोक्ताओं से अधिक हैं।

**तालिका 3: मंदसौर जिले में वस्तु या सेवा का प्रकार**

| वस्तु या सेवा का प्रकार | उत्तरदाताओं की संख्या |
|---|---|
| **(अ) वस्तु** | **मंदसौर** |
| 1. साधन सवारी | 28 |
| 2. सौंदर्य प्रसाधन | 38 |
| 3. इलेक्ट्रानिक उपकरण | 46 |
| 4. कपड़ा | 26 |
| 5. दवाईयां | 45 |
| 6. फर्नीचर | 25 |
| 7. जमीन-जायदाद | 19 |
| 8. अन्य | 21 |
| **(इ) सेवा** | |
| 1. कोरियर | 26 |
| 2. बैंक | 35 |
| 3. बीमा | 54 |
| 4. बिजली | 36 |
| 5. टेलीफोन | 29 |
| 6. जल आपूर्ति | 19 |
| 7. नगरपालिका | 12 |
| 8. अन्य | 21 |
| **कुल** | **480** |

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

स्रोत: व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

**चित्र 3(अ)**




**चित्र 3 (इ)**




तालिका 3 में मंदसौर जिले के संदर्भ में उपभोक्ताओं को उनकी वस्तु या सेवा के प्रकार के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। हम देख सकते हैं कि वस्तु या सेवा के प्रकार के आधार पर उपभोक्ताओं का प्रतिशत सभी क्षेत्रों में लगभग समान है।

तालिका 3 दर्शाती है कि मंदसौर जिले के संदर्भ में उपभोक्ता सभी वस्तु या सेवा का क्रय करते हैं। सौंदर्य प्रसाधन और बैंक वर्ग के उपभोक्ताओं में मंदसौर जिले के उपभोक्ताओं की संख्या 38 एवं 35 है। जबकि इलेक्ट्रानिक उपकरण वर्ग में उपभोक्ताओं की संख्या 46 है।

**मंदसौर जिले में जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी**

**तालिका 4: मंदसौर जिले में जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी**

| क्र. | जानकारी के क्षेत्र | उत्तरदाताओं की संख्या मंदसौर |
|---|---|---|
| 1 | समार–पत्र/पत्रिकाएं | 159 |
| 2 | टेलीविजन | 102 |
| 3 | होर्डिंग्स/फ्लैक्स | 26 |
| 4 | मौखिक प्रचार | 12 |
| 5 | अन्य | 181 |
| | **योग** | **480** |

स्रोत – व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

**चित्र 4**




तालिका 4 दर्शाती है कि मंदसौर जिले के संदर्भ में उच्चतम उपभोक्ता समार–पत्र/ पत्रिकाओं से जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 का ज्ञान, उपभोक्ताओं के लिए अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए बहुत महत्वपूर्ण साधान है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के बारे में जानने के लिए उपभोक्ताओं के पास जानकारी के बहुत सारे स्रोत उपलब्ध हैं। मंदसौर जिले के संदर्भ में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के बारे में उनके ज्ञान के स्रोत के बारे में शिकायतकर्ताओं की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए, कई प्रतिक्रियाओं को चिन्हित करने के लिए 5 विकल्प दिए गए थे।

तालिका 4 से यह स्पष्ट है कि उत्तरदाताओं ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के ज्ञान के स्रोत के संबंध में विषम प्रतिक्रियाएँ दीं। मीडिया (रेडियो, टीवी, समार पत्र आदि) को उत्तरदाताओं द्वारा सबसे लोकप्रिय स्रोत बताया गया।

तालिका 4में उपभोक्ताओं को उनकी जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। तालिका में 159 उपभोक्ता समार–पत्र/पत्रिकाऐं से, जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। टेलीविजन से जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं में 102 मंदसौर जिले से हैं।

**मंदसौर जिले में आपका प्रकरण किस श्रेणी में आता है ? के बारे में जानकारी**

**तालिका 5: आपका प्रकरण किस श्रेणी में आता है ?**

| क्रं. | श्रेणी | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | रुपये 1 लाख तक | 69 | 14.38% |
| 2. | रुपये 1 से 2 लाख तक | 93 | 19.38% |
| 3. | रुपये 2 से 3 लाख तक | 128 | 26.67% |
| 4. | रुपये 3 लाख अधिक | 190 | 39.57% |
| | **कुल** | **480** | **100.00%** |

स्रोत – व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

**चित्र 5**




तालिका 5 के अवलोकन के बाद हम देखते हैं कि मंदसौर जिले के संदर्भ में रु. 3 लाख से अधिक श्रेणी वाले प्रकरण बाकी श्रेणियों की तुलना में अधिक हैं। मंदसौर जिले के संदर्भ में उपभोक्ताओं में प्रकरण राशि के अनुसार श्रेणी के वर्गीकरण को दर्शाती है। विश्लेषण के बाद हमें पता चला कि मंदसौर जिले के सदर्भ में कुल उपभोक्ता 480 हैं , जिसमें 69 (14.38 प्रतिशत) प्रकरण (रु. 1 लाख तक) श्रेणी के हैं, 93 (19.38 प्रतिशत) प्रकरण (रु. 1-2 लाख तक) श्रेणी के हैं, 128 (26.67 प्रतिशत) प्रकरण (रु. 2-3 लाख तक) श्रेणी के हैं और 190 (39.57 प्रतिशत) प्रकरण (रु. 3 लाख से अधिक) श्रेणी के हैं। इसलिए हम कह सकते है कि सबसे अधिक प्रकरण रु. 3 लाख से अधिक राशि वाले श्रेणी में आते हैं।

**तालिका 6: यदि अतिरिक्त वारण्टी (Additional Warranty) नहीं लेते है तो न लेने के पीछे आपका क्या दृष्टिकोण रहा है ?**

| क्रं. | दृष्टिकोण | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | लागत/मूल्य में वृद्धि | 126 | 26.25 % |
| 2. | लापरवाही | 84 | 17.50 % |
| 3. | दुकानदार का अच्छा व्यवहार | 167 | 34.80 % |
| 4. | अन्य | 103 | 21.45 % |
| | **कुल** | **480** | **100.00 %** |

स्त्रोत - व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

**चित्र 6**




तालिका 6 के अवलोकन के बाद हम देखते हैं कि मंदसौर जिले के संदर्भ में अतिरिक्त वारण्टी (Additional Warranty) न लेने के पीछे का दृष्टीकोण दुकानदार का अच्छा व्यवहार है, जो बाकी अन्य की तुलना में अधिक हैं। मंदसौर जिले के संदर्भ में उपभोक्ताओं के अतिरिक्त वारण्टी (Additional Warranty) न लेने के पीछे के दृष्टीकोण के वर्गीकरण को दर्शाती है। विश्लेषण के बाद हमें पता चला कि मंदसौर जिले के संदर्भ में कुल उपभोक्ता 480 हैं, जिसमें 126 (26.25 प्रतिशत) उपभोक्ता (लागत/मूल्य में वृद्धि) दृष्टीकोण वाले हैं, 84 (17.50 प्रतिशत) उपभोक्ता (लापरवाही) दृष्टीकोण वाले हैं, 167 (34.80 प्रतिशत) उपभोक्ता (दुकानदार का अच्छा व्यवहार) दृष्टीकोण वाले हैं और 103 (21.45 प्रतिशत) उपभोक्ता (अन्य) दृष्टीकोण वाले हैं। इसलिए हम कह सकते है कि सबसे अधिक उपभोक्ताओं के अतिरिक्त वारण्टी (Additional Warranty) न लेने का दृष्टीकोण दुकानदार का अच्छा व्यवहार हैं।

**शोध विषय की परिकल्पना का निष्कर्ष**

**H1 शोध से उपभोक्ता अपने हितों के प्रति जागरूकता पर सार्थक प्रभाव होता हैं।**

**तालिका 7: उपभोक्ता जागरूकता पैमाने पर मंदसौर जिले के सभी उपभोक्ताओं का तुलनात्मक ध्यान**

| चर | औसत | औसत अंतर | एसडी | टी-मान और सार्थकता का स्तर |
|---|---|---|---|---|
| मंदसौर एन = 480 | 168.6 | 2.3 | 14.64 | t=2.43significantat 0.05 |

स्त्रोत - व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

तालिका 7 से पता चलता है कि इस उपभोक्ता जागरूकता पैमाने पर मंदसौर जिले के उपभोक्ताओं का स्कोर 168.6 है लेकिन यह अंतर 0.05 के स्तर पर टी t= 2.43 1.96 के रूप में **सार्थक** है। अत: शोध परिकल्पना 0.01 स्तर पर अस्वीकृत होती है। परन्तु 0.05 स्तर पर स्वीकृत की जाती है।

**H2 शोध से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत निर्मित प्रावधानों का उपभोक्ता शोषण को रोकने की प्रक्रिया पर सार्थक प्रभाव होता है।**

**तालिका 8: काई स्क्वायर परीक्षण**

| क्र. | चर | प्रत्याशित आवृत्ति |
|---|---|---|
| 1 | शोषण के क्षेत्र | 71 |
| 2 | जिला उपभोक्ता फोरम के बारे में जानकारी | 63 |
| 3 | वस्तु या सेवा के क्रेता बिन्दु | 63 |
| 4 | वस्तु या माल खरीदते समय संबंधित मूल बिल (Cash Memo/Credit Memo) लेते हैं | 61 |
| 5 | मूल बिल नहीं लेते है तो न लेने के पीछे दृष्टिकोण | 57 |
| 6 | बिल के साथ वारन्टी कार्ड प्राप्त करने की जागरूकता | 53 |
| 7 | वस्तु का उपयोग करते समय वारन्टी की शर्तो का पालन | 56 |
| 8 | वस्तु या माल में त्रुटि होने पर दुकानदार के पास शिकायत दर्ज करना | 48 |
| 9 | शिकायत का स्वरूप | 45 |
| 10 | शिकायत के पश्चात् दुकानदार/सेवा प्रदाता का व्यवहार | 65 |

Calculated Chi Square Value=52.785; Table value= 11.071; df= 2; p-value=.000

स्त्रोत-व्यक्तिगत सर्वेक्षण पर आधारित

उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और **उपभोक्ता के शोषण को रोकने** के बारे में उपभोक्ता जागरूकता के सभी दस कारक समान रूप से महत्वपूर्ण स्रोत थे। काई स्क्वायर परीक्षण का प्रयोग किया गया।

उत्तरदाताओं ने सभी दस कारकों के विकल्पों के उत्तरों को शामिल किया गया है। सभी 10 कारकों को महत्व देने के बाद, तालिका 8 में दिखाए गए परिणाम प्राप्त होते हैं। उपरोक्त तालिका से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर निम्नलिखित शून्य परिकल्पना परीक्षण किया गया।

2 स्वतंत्रता की डिग्री और 5 प्रतिशत सार्थकता के स्तर पर काई स्क्वायर का सारणीबद्ध मूल्य 11.071 है और काई स्क्वायर का परिकलित मूल्य 52.785 है। चूँकि काई स्क्वायर का परिकलित मान सारणीबद्ध मान से अधिक है, यह अस्वीकृति क्षेत्र में आता है। इस प्रकार, शून्य परिकल्पना को खारिज किया जाता है और निष्कर्ष निकाला जाता है कि उपरोक्त 10 कारकों में सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण अंतर थे और ये उपभोक्ता मंचों पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया और उपभोक्ता के शोषण को रोकने के बारे में उपभोक्ता जागरूकता के महत्वपूर्ण स्रोत नहीं थे।

**सुझाव:** इस ध्यान के आधार पर उपभोक्ता व्यवहार, उपभोक्ता जागरूकता और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में निम्नलिखित सुझाव दिए जा सकते हैं:
इस ध्यान के आधार पर उपभोक्ता व्यवहार, उपभोक्ता जागरूकता और उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में निम्नलिखित सुझाव दिए जा सकते हैं:

1) **उपभोक्ता शिक्षा :** उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करना। सामुदायिक केंद्रों में उपभोक्ता शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, जिसमें उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी जा सके। इसके अलावा, ऑनलाइन संसाधनों का विकास किया जाना चाहिए, जिससे उपभोक्ता अपने घर बैठे ही जानकारी प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही, प्रशिक्षित शिक्षकों का विकास किया जाना चाहिए, जो उपभोक्ता शिक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षित हों।

2) 1986 उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के संबंध में एक ऐतिहासिक कानून है लेकिन इस अधिनियम में कुछ संशोधन अभी भी आवश्यक हैं जैसा कि मंदसौर और नीमच के उपभोक्ताओं द्वारा देखा जाता है और लगभग इसी तरह के विचार देश के अन्य हिस्सों के उपभोक्ताओं से देखे जा सकते हैं। सीपीए 86 के संशोधन का प्रारूप आज नहीं तो कल संसद में पेश होने वाला है। नए प्रारूप में उपभोक्ताओं की उन सभी शेष समस्याओं को शामिल किया जाना चाहिए जिनका वे अब भी सामना कर रहे हैं ताकि एक संकुचित उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम से छुटकारा पाया जा सके।

3) **उपभोक्ता मंच :** उपभोक्ताओं के लिए मंच प्रदान करना जहां वे अपनी शिकायतों और सुझावों को साझा कर सकें। उपभोक्ता मंच के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपनी शिकायतों और समस्याओं का समाधान करने के लिए एक मंच प्रदान करना चाहिए। इस मंच पर उपभोक्ता अपनी बात रख सकते हैं और समाधान प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, उपभोक्ता मंच पर जानकारी और शिक्षा के कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए ताकि उपभोक्ता अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक हो सकें।

4) **शिक्षा और प्रशिक्षण:** उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना। शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देनी चाहिए। उन्हें उत्पादों और सेवाओं का चयन करने और उनका उपयोग करने के लिए कौशल प्रदान करना चाहिए। साथ ही, उन्हें उपभोक्ता संरक्षण के बारे में जागरूक करना और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करनी चाहिए।

5) **तकनीकी सहायता:** उपभोक्ताओं को तकनीकी सहायता प्रदान करना ताकि वे अपने अधिकारों का सम्मान कर सकें।तकनीकी सहायता के माध्यम से उपभोक्ताओं को ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर अपनी शिकायतों और समस्याओं का समाधान करने में मदद करनी चाहिए। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर, ईमेल और चैटबॉट जैसी सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। साथ ही, तकनीकी सहायता के माध्यम से उपभोक्ताओं को उत्पादों और सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करनी चाहिए और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना चाहिए।

6) **शिकायत निवारण :** उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करने के लिए प्रबंधन संस्थाओं द्वारा शिकायत निवारण प्रक्रिया को आसान और प्रभावी बनाना। शिकायत निवारण प्रक्रिया को पारदर्शी और आसान बनाने के लिए, एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म बनाया जाना चाहिए जहां उपभोक्ता अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें। इसके अलावा, शिकायत निवारण के लिए एक निश्चित समय सीमा तय की जानी चाहिए ताकि उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द समाधान मिल सके। शिकायत निवारण अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए ताकि वे उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान करने में सक्षम हों। साथ ही उपभोक्ताओं को शिकायत निवारण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए ताकि वे अपनी शिकायतों का समाधान करा सकें।

7) **कानून और नियमों का पालन :** उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए कानून और नियमों का पालन करना। कानून और नियमों का पालन करने के लिए, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और नियमों को मजबूती से लागू किया जाना चाहिए। इसके लिए, सरकार और संबंधित एजेंसियों को सख्ती से कानूनों का पालन करना चाहिए और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, उपभोक्ताओं को कानूनों और नियमों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए ताकि वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें। इसके अलावा, कानूनों और नियमों की समीक्षा और अद्यतन करना चाहिए ताकि वे बदलते समय के अनुसार प्रासंगिक बने रहें।

8) **जागरूकता अभियान :** उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाना। जागरूकता अभियान चलाने के लिए सबसे पहले उपभोक्ताओं की जरूरतों और समस्याओं की पहचान करनी चाहिए। इसके बाद, एक प्रभावी अभियान योजना बनानी चाहिए जिसमें संदेश, माध्यम और लक्ष्य समूह का चयन किया जाना चाहिए। अभियान के दौरान, उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देनी चाहिए और उन्हें अपने अधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। अभियान के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है, जैसे कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया और सामुदायिक कार्यक्रम। इसके अलावा, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं ताकि युवा पीढ़ी को उपभोक्ता अधिकारों के बारे में शिक्षित किया जा सके। अभियान के परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रणाली भी स्थापित की जानी चाहिए ताकि इसकी प्रभावशीलता का आकलन किया जा सके।

**आगे के लिये शोध विषय –** अनुसंधान विद्वानों को क्षेत्र में कई अन्य ध्यान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि अन्य कोणों से भी

समस्याओं का गहन विश्लेषण किया जा सके। इनमें से कुछ विषय नीचे दिए गए हैं:-

1. 1986 के प्रति व्यवसायी वर्ग और उत्पादकों का दृष्टिकोण।
2. सेवा क्षेत्र के क्षेत्र में उपभोक्ता अदालतों की भूमिका।
3. 1986 से उपभोक्ता संबंधी कानूनों का रुझान विश्लेषण।
4. महानगरीय शहरों के लोगों की उपभोक्ता समस्याएं और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम।
5. उपभोक्ता अदालतों द्वारा दिए गए फैसले और उपभोक्ताओं और उत्पादकों पर उनके प्रभाव।
6. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 के व्यावहारिक लाभ और इसके कार्यान्वयन में प्रासंगिक बाधाएं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. निगमीय सन्नियम एवं सचिवीय पद्धति -डॉ.आर.एल. नौलखा
2. विपणपन प्रबन्ध -डॉ. एस.सी. जैन
3. विक्रय प्रशासन एवं प्रबन्ध -डॉ. एस.सी. जैन
4. सहकारिता -डॉ. बी.एस. माथुर
5. सरकार एवं व्यवसायिक पर्यावरण -फ्रांसिस चेरूनिलम,डॉ. फ्रैंक कैरल सिंह
6. बीएमआरबी सोशल रिसर्च, यू.के. पोषण साइन पोस्ट लेबलिंग योजनाओं की समझ और उपयोग http://www.food.gov.uk/multimedia/pdfs/pmpreport.pdf
7. कैथी गुडविन, गोपनीयता : उपभोक्ता अधिकारों की मान्यता, http://www.jstor.org/pss/ 3000257
8. Satya Sundaram (2012). The Tenuous Food Security, P-15.
9. S.Kanthimathinathan (2012) Food security in India, P-15.
10. Raghbir Singh(1983). Marketing and Consumer Behaviour, New Delhi: Deep and Deep Publications, P- 65
11. प्रतियोगिता दर्पण
12. मनोरमा इयर बुक
13. उपभोक्ता. फ्रन्ट (हिन्दी साप्ताहिक समार पत्र)
14. दैनिक जागरण (दैनिक समार पत्र)
15. www.corecentre.org
16. www.cuts-international.org
17. www.en.wikipedia.org/wiki/Consumer_protection
18. www.fcamin.nic.in
19. www.icrpc.org
20. www.india.gov.in/sectors/consumer_affairs/index.php

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# Pioneers of Modern Art

**Dr. Ramashanker Mishra***

***PGT Teacher (Art) Mody School, Lakshmangarh, Sikar (Raj.) INDIA**

**Introduction -** Modern art is the art of almost the whole of the twentieth century, but it began in the nineteenth. During the 1880s, three very different pioneers, Paul Cézanne, Vincent van Gogh and Paul Gauguin, started to push beyond impressionism, trying to find for their painting a new moral and emotional framework. The impressionists had been content to look at nature with attention but without passion. They did not want to question it, or place themselves in it. The post-impressionists expected to get involved and in this way brought a renewed, almost righteous, ripple of feeling back into their work. In a short time the ripple became a tidal gush of vividly coloured emotions which inundated painting. For a time it became an artist's duty to fill the canvas with sensibility. This flowed unchecked for the first decade of the new century, until it provoked the reaction of cubism.

The parameters of cubism may be gauged by two remarks from its founders. 'For me painting is a dramatic action in the course of which reality finds itself split apart,' said Pablo Picasso flamboyantly. The quieter, subtler Georges Braque chose to emphasize a less percussive aspect of the new art when he disclosed: 'I don't believe in things. I believe in relationships. This kind of talk, and more particularly the painting to which it referred, was met with blank incomprehension by 95 per cent of those who encountered it. They saw only the deranged product of two probable lunatics.

As we see now, cubism was no more insane than impressionism was in the 1870s, when it faced the same charge. In any case, the new painting was much more than just an expression of its leaders' creative force -although there was plenty of that in Picasso and Braque. It was an answer to the problem of unbridled emotion in the Nabis, the post-impressionists and the Fauves. That answer, so apparently extreme and contorted, was imbued with a very twentieth-century sense of paradox. The writer Karl Kraus described it as making 'a riddle out of a solution',a formula that comes as close as six words can to expressing the spirit of cubism. Despite its inflammatory reputation, the discourse of this art was intellectual, its methods of composition deliberate and studious and the colouring of its pictures decidedly low-key.

Yet the word 'inflammatory' is just. Cubism lit the touchpaper for an explosion, the largest intellectual revolution in the visual arts since the Renaissance discovery of perspective. And its pioneers, closeted in their Montmartre studios, brooded on many of the central preoccupations of the twentieth century: the space-time continuum, the atom, the validity of sensory experience. They were not alone in this. It was the age of science, in which twentieth-century humanity suddenly caught hold of the suspicion that observable reality might be an illusion, or a confidence trick. And what if, instead of nobility and an immortal soul, we carried inside us only a snake pit of competing desires or, worse, a void? These are profoundly unsettling but, for some individuals, feverishly exciting thoughts which arrived along diverse channels. Einstein and Freud were two of the most important of these. Cubism was a third.

The post-impressionists declared that looking is not seeing. Braque and Picasso's first task, with their split-open multiple-aspect forms, was to show that seeing is not understanding. Their next task, a challenge that was taken up energetically by a host of offshoots, was to invent visual languages beyond seeing. Right at the front of what was beginning to be called the avant-garde of art the metaphor is a military one, referring to those 'riding point' at the head of an army cubism now began to fly above, or circle around or even pass through solid form. Its followers went on, like a victorious raiding party, to capture the essence of movement, expose misconception and root out the fundamentals of sensory truth. The consequences of all this activity, packed into a few momentous years just before the (differently shattering) upheaval of the First World War, were profound and irreversible. For all serious artists, cubism had broken through the wall of protective illusions about pictorial space. The breach was establishedand the apparently ragged and disorganized forces of 'the new art' poured through, proclaiming liberation.

The artists themselves sometimes grasped the same liberty in their private lives, creating the stereotype of the penniless, hell-raising bohemian, always drunk on absinthe.

Some, like Modigliani, really were like this. But most were profoundly serious people and occasionally too much so for their own good: Braque's reputation suffered to an extent because of his personal dullness next to the bravura of Picasso; Arshile Gorky and Jackson Pollock just suffered.

The absolute creative freedom claimed by modernism was bound to put it on a collision course with the new authoritarian politics which arose in the wake of the First World War. This, after all, was at least in part a reaction to the avant-garde in the arts, which was seen as symptomatic of an overall social sickness and disorder. Stalin's cultural apparatchiks called it 'formalism' and sent many artists to the Gulags. The Nazis condemned it as Degenerate Art and mounted a scathing exhibition of the stuff in Munich in 1937. At its opening Hitler, the failed watercolourist, declared: 'If artists do see fields blue, they are deranged and should go to an asylum. If they only pretend to see them blue, they are criminals and should go to prison.' Hitler and Stalin had some reason beyond their own prejudices to hate modern art, because many of its leading figures were sympathetic to, if not deeply involved in, left-wing revolutionary activity. Picasso's great protest painting Guernica rages against the rise of Franco and his use of terror bombing in the Spanish Civil War. Dada and surrealism were from the start aligned on the political left. And, in the 1960s, art and political subversion became in some quarters virtually interchangeable.

On the other hand there were spiritual (and spiritualist) dimensions to modernism that had little to do with politics, including the extraordinary rise and (by mid-century) fall of theosophy, an attempt to start a new religion mainly by two women, the Russian Madame Blavatsky and her English acolyte Annie Besant. Theosophy had little todo with cubism but it left its imprint on modern art through four key avant-gardistes, Wassily Kandinsky, Constantin Brancusi, Piet Mondrian and Jackson Pollock. The vital constant here is the opposite of Guernica's public howl. It is an intensely private and inner art, a dialogue with the soul. Pollock, one of its most intense practitioners, called all painting self-discovery. 'Every artist paints what he is,' he said, though he also insisted that what was created went on to live 'a life of its own'. The strong implication here is that the artist, as creator of 'living' works, bears a solemn responsibility that is unique among human activities.

**References:-**

1. On Modern Art, Jean Paulsartre White Publication, 2011
2. Origin's of Modern Art, Rosalind Ormiston, Flametree Publication 2015,Oct 06
3. History of Modern Art, H. H. Arnason, 2003,August 29
4. Modern Art in America, Agee William Phaidon Publication 1908-68

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# हिन्दी साहित्य में दलित चेतना का विकास

**मनोज कुमार***

* सहायक आचार्य (हिंदी) शारदा कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, अनूपगढ़ (राज.) भारत

**प्रस्तावना** – इक्कीसवीं सदी में सामाजिक न्याय की अवधारणा को लेकर जो विमर्श चल रहे हैं, उनमें से स्त्री-विमर्श और दलित-विमर्श प्रमुख हैं। सामाजिक न्याय की अवधारणा के अंतर्गत स्त्री और दलित दोनों की ही स्थिति में परिवर्तन आया है। दलित-विमर्श के अंतर्गत दलित वर्ग के संघर्ष, उत्पीड़न, शोषण तथा विद्रोह को इक्कीसवीं सदी की हिंदी-कहानियों में अभिव्यक्ति मिली हैं। वर्तमान समय में दलितों ने अपनी कमजोरियों को पहचानकर अपने समाज के उत्थान तथा विकास की दिशा में कदम बढ़ाए हैं अर्थात् इक्कीसवी सदी में दलितों का सशक्तीकरण हुआ है। दलित शब्द का अर्थ 'टूटा हुआ', 'दबा व कुचला' हुआ माना गया है।

'दलित' शब्द की उत्पत्ति संस्कृत धातु 'दल' से हुई है, जिसका अर्थ फटना, खंडित होना, द्विधा होना है। संक्षिप्त में 'हिन्दी शब्द सागर' में डॉ. रामचंद्र वर्मा ने 'दलित' का अर्थ विनष्ट किया हुआ, मसला हुआ, मर्दित, दबाया, रौंदा दिया है। श्री प्रेमकुमार मणि ने दलित साहित्य की परिभाषा करते हुए लिखा है कि 'दलितों के लिए दलितों के द्वारा लिखा जा रहा दलित साहित्य है। यह विलास का नहीं, आवश्यकता का साहित्य है। संपूर्ण विज्ञान उसकी दृष्टि है और पीड़ित मानवता का उद्धार इसका इष्ट है। दलित साहित्य वह प्रकाश -पुंज है, जो अँधेरे में उतरा है।'

सर्वप्रथम मराठी में दलित साहित्य का आरंभ बीसवीं शताब्दी के छठे दशक से माना जाता है। हिंदी में इसका आरंभ 20वीं शताब्दी के आठवें दशक में माना जा सकता है। दलित साहित्य का स्वरूप आज विस्तृत हो रहा है, इसमें कविता, उपन्यास, कहानी, नाटक, दलित आत्मकथा, दलित-आलोचना, दलित-निबंध, दलित पत्र-पत्रिकाएँ आदि भी सम्मिलित की गई हैं। दलित साहित्य मुख्य रूप से वास्तववाद पर आधारित है। इसमें आदर्शवाद को कोई स्थान नहीं। दलित साहित्यकारों ने जो कुछ भुगता है, वही नाटक, कहानी, उपन्यास, कविता के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। दलित साहित्य की प्रेरणा डॉ. अंबेडकर की विचारधारा तो थी ही, महात्मा फुले का संघर्ष, मार्क्स की क्रांतिदृष्टि भी थी।

दलित वर्ग प्राचीन काल से ही शोषित व पीड़ित वर्ग रहा है। भारतीय समाज मुख्य रूप से चार वर्णों में विभाजित है- ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य एवं शूद्र। अंतिम वर्ण 'शुद्र' जो आज दलित शब्द के नाम से प्रचलित है। अरविंद कुमार, कुसुम कुमार ने दलित के कई संदर्भगत अर्थ दिए है। एक अर्थ है शोषित, एक अर्थ है पराजित, जिसमें दमित, विजित आदि अनेक भावार्थ शामिल हैं। एक अर्थ पद्दलित है, जिसमें दलित पदाक्रांत आदि अर्थ शामिल हैं। ज्ञानशब्दाकोश में दलित का अर्थ रौंदा, कुचला, दबाया हुआ पदाक्रांत के साथ हिन्दुओं में वे शूद्र, जिन्हें अन्य जातियों के समान अधिकार प्राप्त नहीं है, भी दिया है। माताप्रसाद ने अपनी पुस्तक हिंदी-काव्य में दलित काव्यधारा में दलित शब्द के अनेक प्रयोगात्मक अर्थों की चर्चा की है, जिसमें चांडाल, अस्पृश्य, अछूत आदि शामिल हैं। उपेक्षित, अपमानित, उत्पीड़ित, प्रताड़ित भी इसी कोटि में आने वाले शब्द हैं। शब्द के व्यापक सामाजिक अर्थों में गुलाम, भूमिहीन, बंधुआ भी शमिल हैं।

डॉ. अंबेडकर ने दलितों को एक नारा दिया था – शिक्षित बनों, संगठित रहो, संघर्ष करो। डॉ. भीमराव अंबेडकर के इस नारे से प्रेरणा पाकर दलित-वर्ग सशक्तीकरण की ओर अग्रसर है।

दलित कौन है – दलित का अर्थ है, जिसका दलन किया गया हो, अर्थात जो शोषित व उत्पीड़ित हुआ हो। सदियों से मानव समाज में, मनुष्य के द्वारा शोषित होता रहा है। समाज का एक वर्ग इसी शोषण का शिकार है यही वर्ग दलित कहलाता है। दलित शब्द में आक्रोश, पीड़ा, घुटन, चीख, वेदना और छटपटाहट छुपी है।दलित आंदोलन की शुरूआत महाराष्ट्र से हुई। यहीं से मराठी दलित लेखन का प्रारंभ होता है।अंबेडकर के अनुसार दलित साहित्य द्वारा दलितों के उत्थान के लिए लिखा गया साहित्य ही दलित साहित्य है लेकिन कुछ साहित्यकारों को छोड़कर बाकी सभी ने दलित साहित्य के नाम पर स्वयं के जीवन के यथार्थ का जीवंत रूप प्रस्तुत किया है या आत्मकथा के माध्यम से अपनी बात कही है।प्रेरणा स्त्रोत – ज्योतिबा फुले, डॉ. भीमराव अंबेडकर ने दलितों के स्वाभिमान को जगाया, आत्मविश्वास बढ़ाया।मराठी साहित्य से दलित साहित्य का प्रारंभ 1960 से माना जा सकता है। दलित साहित्य में दलित साहित्यकारों का भोगा हुआ यथार्थ साहित्य के रूप में सामने आया।दलित साहित्य की विद्या आत्मकथा है, जिसमें दलित साहित्यकार अपने भोगे हुए यथार्थ को शब्दों के रूप में प्रस्तुत करता है।दलित साहित्य में मराठी दलित साहित्य की शुरूआत दयापंवार की 'जूठन' से मानी जाती है।महाराष्ट्र में महार जाति की स्थिति अत्यंत दयनीय है, उन्हें आज भी मरे हुए जानवरों को ढोने के लिए बुलाया जाता है तथा उनके साथ आज भी अछूतों सा व्यवहार किया जाता है।प्राचीनकाल में 'दलित' जैसी कोई अवधारणा ही नहीं थी यदि होती तो मीराबाई जैसी ऊँचे कुल की महिला रैदास को अपना गुरू कभी स्वीकार नहीं करती।

हिन्दी साहित्य में दलित साहित्य का प्रारम्भ 1914 में सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित 'हीराडोम' की 'अछूत की शिकायत' कविता से माना जाता है। कविता के माध्यम से कवि ने अपने अछूत होने की पीड़ा को व्यक्त किया है

जिसकी एक बीमार बेटी है जिसे इलाज के लिए न तो वह वैद्य के पास ले जा पाता है और ना ही ईश्वर की अनुकम्पा पाने हेतु देवी मंदिर ले जा पाता है। इसी कशमकश में एक दिन वह जल्दी सुबह नहाकर देवी के मंदिर इस आशा से जाता है कि देवी के चरणों का फूल वह अपनी बेटी के तकिये के नीचे रख देगा तो वह जल्दी ठीक हो जाएगी लेकिन जैसे ही वह मंदिर से फूल लेकर लौटता है उसके अछूत होने का साया उसके पीछे पड़ जाता है पुजारी व गाँव वालों की नजरों में उसे दोषी करार दिया जाता है तथा इस अपराध की सजा भी उसे भोगना पड़ती है।

अपने दलित सरोकारों के कारण प्रताड़ित किए गए डॉ. दयानंद बटोही ने हिंदी दलित कविता में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनका काव्य-संग्रह 'यातना की आँखेय नवगीत विधा में सामाजिक विसंगतियों को अभिव्यक्त करता है, लेकिन पाठकों का ध्यान उनकी अन्य कविताओं ने खींचा है। उनकी एक प्रसिद्ध कविता है - 'द्रोणाचार्य सुने उनकी परंपराएँ'। इस कविता में उन्होंने विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालयों तक में दलित छात्रों के साथ हो रहे अन्याय को मारक अभिव्यक्ति दी है -

मैं सिर्फ/द्रोन तुम्हारे रास्तों पर चले गुरू से कहता हूँ
अब दान में अँगूठा माँगने का साहस कोई नहीं करता
प्रेक्टीकल में फेल करता है।
प्रथम अगर आता हूँ तो,
छठा या सातावाँ स्थान देता है
जाति गंध टाइटल में खोजता है
वह आत्मा और मन को बेमेल करता है।

जूठन में दयापंवार ने दलितों के जीवन की कटु सच्चाई को प्रस्तुत किया है कि किस तरह वे लोगों की जूठन के लिए तरसते हैं ताकि उनका अपना जीवन चला सके।इसी श्रृंखला में शरणकुमार लिम्बाले, सुशीला टाकबोरे आदि साहित्यकारों ने दलित साहित्य के रूप में अपने जीवन के कडुवे सच को उजागर किया है।दलित साहित्य 80 के पश्चात् अस्तित्व में आया जब ओमप्रकाश वाल्मीकि ने अपने दलित होने की वेदना कुछ इस तरह व्यक्त की -

कभी नहीं माँगी बालिश्त भर जगह, नहीं माँगा आधा राज भी, माँगा है
सिर्फ न्याय, जीने का हक, थोड़ा सा पीने का पानी।
ओम प्रकाश वाल्मीकि मूलत: कवि है उनके द्वारा कुछ नाटक भी लिखे गए हैं।

दलित साहित्यकारों द्वारा लिखे गए उपन्यासों में उन्होंने अपनी दयनीय स्थिति को वर्णित किया है। कविता में आक्रोश के स्वर मुखरित हुए है। जैसे मोहनदास नैमिशराय ने दलितों को बनाने वाले ईश्वर पर अपना आक्रोश व्यक्त किया है कि ईश्वर यदि एक है तो फिर यह ऊँच-नीच किसके द्वारा बनाया गया।

'ईश्वर की मौत उस पल होती है, जब मेरे भीतर उठता है जवाब कि ईष्वर
का जन्म किस माँ की कोख से हुआ और ईश्वर का बाप कौन है?'

मोहनदास नैमिशराय ने अपने उपन्यास क्या मुझे खरीदोगे में नारी के देह शोषण से लेकर उसकी समस्याओं के साथ समाज में उसकी स्थिति को चित्रित किया है।

डॉ. जयप्रकाश कर्दम हिंदी दलित कविता के सशक्त हस्ताक्षर हैं। इनका काव्य-संग्रह 'गूँगा नहीं था मैं' हिंदी - क्षेत्रों में काफ़ी चर्चित रहा है। उनकी कविता की एक बानगी यहाँ प्रस्तुत है। वह अपनी 'दमन की दहलीज़ पर' कविता में लिखते हैं -

तमाम विरोधों और दबावों के बावजूद
जाति के जंगल का यह जीव
अपनी मुक्ति के लिए अड़ा है
अपनी अस्मिता और अस्तित्व के लिए लड़ा है। और आज
तमाम हौसलों के साथ
हाथों में खंजर लिए वह
दमन की दहलीज़ पर खड़ा है।
और ललकार रहा है चीख़कर
बाहर निकल हरामज़ादे/तेरी ऐसी की तैसी।

जयप्रकाश कर्दम के 1994 में प्रकाशित 'छप्पर' उपन्यास में उत्तर प्रदेश के मातापुर गाँव के चमार जाति का चित्रण किया गया है। इस उपन्यास में यथार्थवादी दृष्टिकोण के माध्यम से दलितों की समस्याओं का मार्मिक चित्रण हुआ है। अज्ञानता के कारण कुपरंपराएँ, संकुचितता, व्यसन, अंतर्विरोधों का होना स्वाभाविक हैं। चंदन नामक पात्र शहरी दलितों में व्याप्त व्यसन से उनकी बर्बादी रोकने और व्यसन-मुक्ति हेतु प्रयत्न करता है। पढ़ाई का महत्व भी समझाता है कि 'पढ़-लिखकर हमारे समाज में लोग ऊपर नहीं उठेंगे तो हमें कौन पूछेगा। हमें समाज से टक्कर लेनी है। सत्ता से लड़ाई लड़नी है, जुल्म और शोषण के विरूद्ध संघर्ष करना है। इन सबके लिए फौज़ तैयार करूँगा मैं।'

सत्यप्रकाश जी के 1998 में प्रकाशित 'तस, तस, भई सवेर' उपन्यास का महत्व दलित चेतना के उपन्यासों से उल्लेखनीय है। लेखक ने ग्रामीण दलितों की समस्याओं को चित्रित करके बताया है कि दलितों की रूढ़िवादिता और धर्मांधता दलितों के विकास के अवरोधक अंग हैं। इससे मुक्त होने पर बल दिया गया है। 'हंसा' का मानसिक, आर्थिक, शारीरिक शोषण ज़मींदार देवीपाल करते हैं। ग्रामीण अनपढ़ दलित धर्मांधता में फँसते ही जाते हैं, जिससे मुक्ति पाना मूल विचार है।

मोहनलाल ने 1999 में प्रकाशित अपने उपन्यास 'मुक्ति पर्व' में दलित-जीवन का यथार्थ चित्रण किया हैं। उपन्यास के प्रारंभ में लेखक ने लिखा है कि 'हम मुक्तिपर्व किसे कहें? जब देश आज़ाद हुआ उसे या जब किसी जाति या कुछ जातियों को आजादी मिले उसे?...... यही सवाल आज़ादी के बाद से लेकर अब तब दलितों के भीतर उठता रहा है, जो उनकी भावनाओं को समय-समय पर उद्वेलित करता है।

उपर्युक्त उपन्यासों में स्वानुभव पर आधारित यथार्थ दिखाई पड़ता है, जिसमें सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षिक, राजनीतिक, साहित्यिक समस्याओं का चित्रण है, जिससे दलितों में नई चेतना, नई दिशा प्रस्थापित हो।जयप्रकाश कर्दम ने दलितों को आरक्षण मिलने पर लोगों द्वारा पूछे गए सवालों का कुछ इस तरह उत्तर दिया कि - तुम्हारा आरक्षण उचित है।आरक्षण में आय. पी. एस. बनने वाले कलेक्टर का ब्राह्मणों के प्रति विद्रोह जब सवर्णों को आरक्षण मिला हुआ था तब व्यक्त किया।

'अपने-अपने पिंजरे में लेखक को दलित होने के कारण जो जीवन जीना पड़ा, उसके जीवंत अनुभव हैं। वे लिखते हैं कि हिंदू होने के बाद भी मुझे मंदिर जाने से रोका जाता है।' मंदिर और सवर्णों के लिए हम शूद्र थे, अछूत थे, दलित थे, पर इंसान न थे। हमारी छाया भी उनके लिए अपवित्र थी। एक दिन मंदिर के बाहर प्रसाद लेते समय पुजारी की उँगलियाँ जब लेखक के हाथ से छू गई तो पुजारी ने गुस्से से और घृणा से कहा था - 'तू

चमार है न, सब भ्रष्ट कर दिया। कितनी बार कहा तुम ढोरों से, प्रसाद दूर से लिया करो।

नैमिशराय को बचपन में शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में भी अपमान सहना पड़ा। वे कहते हैं – 'पहले चमारों का कुआँ, चमारों का नल, चमारों की गली, चमारों की पंचायत आदि कहा जाता था। हम स्कूल जाने लगे तो चमारों का स्कूल कहने लगे।' एक विशिष्टि जाति के कारण मंदिर, शिक्षा तथा पानी से दूर रखने की सवर्णों की साज़िश का दस्तावेज 'अपने-अपने पिंजरे' आत्मकथा है।

ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' रोटी की समस्या की ओर इशारा करती है। जाति से चुहडा होने के कारण वाल्मीकि को अपमान सहना पड़ता है। घर में घोर दरिद्रता थी। माँगे हुए किसी के कपड़े, पुस्तकों से इन्हें काम चलाना पड़ता था। किसी घर की अथवा बारात की 'जुठन' को सुखाकर महीना-भर काम चलाना पड़ता था। एक प्रसंग लेखक के मन-मस्तिष्क पर आज भी क़ायम है। गाँव के किसी सुखदेव त्यागी के घर बारात थी। लेखक की माँ टोकरा लेकर जूठन की अपेक्षा में बैठी थी। वह मालिक से पत्तल माँगती है। मालिक उन्हें नकारता है। भड़कता है। स्कूल में उन्हें हैंडपंप को छूने नहीं दिया जाता अथवा जाति का पता लगने के बाद ब्राह्मण प्रेमिका भी नकार देती है। इस प्रकार जाति के कारण हर मोड़ पर संघर्ष करना पड़ता है।

'दोहरा अभिशाप' की लेखिका कौशल्या बैसंगी बचपन से जाति से नफ़रत करने लगती है। उन्हें भी स्कूली जीवन में जाति के ज़हर का अनुभव आने लगता है। स्कूल में अक्सर बात-बात पर चमार, भंगी, महार नाम से पुकार जाता है। आर्थिक दयनीयता के कारण लेखिका को ठीक पद्धति के कपड़े भी पहनने को नहीं मिलते थे, इन सभी के पीछे मुख्य समस्या है जातिवाद।

दलित साहित्य को पढ़ने के बाद स्पष्ट होता है कि 'दलित साहित्य' दलित समुदाय के विविध आयामों को अपने अंदर समेटकर शोषण के हर पहलू की समाजशास्त्रीय जाँच करता है। यह साहित्य धर्म के नाम पर दलितों के साथ सौतेला व्यवहार करने वाले सवर्ण समाज के ढोगलेपन को खोल रहा है।

टॉलस्टाय ने एक जगह कहा है कि दु:ख के कारण भले ही एक हों, दु:ख के प्रकार अलग होते हैं। हिंदी के दलित लेखकों के दु:ख का कारण एक है, पर दु:ख के प्रकार अलग-अलग हैं। अपमान की आग में जूझते दलित लेखकों की ये रचनाएँ केवल एक व्यक्ति के अनुभव की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि संपूर्ण समाज के अनुभवों की अभिव्यक्ति हैं, क्योंकि प्रत्येक दलित के जीवन में ऐसे अपमान से जूझने के प्रसंग आते हैं।

परंपरा से जिन लोगों को धर्म, वर्ण और जाति के नाम पर हाशिए पर रखा गया था, वही लोग आधुनिकता के दौर में सबकी चिंता और चिंतन के केंद्र बन गए थे। परंतु उत्तर आधुनिक दौर ने बाद में पुन: उन लोगों को न केवल हाशिए पर रखा बल्कि विकास का सपना दिखाकर अपने कर्म और भूमि से भी विस्थापित कर दिया है। परिणामस्वरूप आधुनिक दौर में शुरू हुए स्त्री-विमर्श, दलित-विमर्श और आदिवासी-विमर्श आदि विमर्शों का विमर्शमूलक आख्यान प्रस्तुत करने की परंपरा उत्तर-आधुनिक दौर के साहित्य में विकसित होती दिखाई दे रही है। हृषीकेश सुलभजी ने आने नाटक 'बटोही' में इसी परंपरा का बड़ी क्षमता के साथ निर्वाह किया।

वास्तव में दलितों की समस्या अत्यंत पुरानी समस्या रही है। उसका एक लंबा इतिहास रहा है। दलितों की समस्या के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए श्री खगेंद्र ठाकुर एक पुस्तक की प्रस्तावना में लिखते हैं, 'दलित समस्या का एक लंबा इतिहास रहा है। यह बहुत ही प्राचीन समस्या है। इस समस्या का बहुत बड़ा काल धर्म से संबंधित था, जो कल का सवाल था। आज का सवाल उनकी राजनीति से जुड़ा है। दलितों के धर्म की समस्या चार युग की समस्या है, जिन्हें क्रमश: वैदिकधर्म का युग, पौराणिक धर्म का युग, संतमत का युग और वर्तमान हिंदूधर्म का युग कहा जा सकता है।; मध्ययुगीन काल से लेकर आधुनिक-उत्तर आधुनिक काल तक के साहित्य में कम-अधिक मात्रा में क्यों न हो, हम दलितों की पीड़ा एवं संघर्ष की कथाएँ पढ़ सकते हैं। इस कारण साहित्य में दलितों की पीड़ा एवं संघर्ष का चित्रण करने की परंपरा उतनी ही पुरानी मानी जा सकती है, जितनी कि उनकी समस्या पुरानी हैं।

वर्तमान समय में यह सवाल भी बार-बार उठाया जा रहा है कि क्या साहित्य में दलितों की पीड़ा एवं संघर्ष का यथार्थ वर्णन करने-मात्र से उनकी स्थिति में सुधार लाया जा सकता है? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री बच्चन सिंह अपने 'हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास' में लिखते हैं, 'साहित्य में दलितों के वर्ण-संघर्ष से वर्ण-व्यवस्था नष्ट हो या न हो, लेकिन उनका आत्मगौरव बढ़ेगा, समता की बेहतर आर्थिक स्थिति लौटेगी। सत्ता की भागीदारी के लिए उन्हें राजनीति का आश्रय लेना होगा और सांस्कृतिक समरूपता के लिए साहित्य का। मेरा अपना मानना है कि साहित्य के माध्यम से दलितों की मुक्ति का यह संघर्ष निरंतर की जानेवाली साधना है। हृषीकेश सुलभ अपने नाटकों के माध्यम से यही साधना कर रहे है। उनका यह प्रयास आधुनिक राष्ट्र के निर्माण में विशेष महत्व रखता है। इस संदर्भ में अपना मंतव्य स्पष्ट करते हुए श्री जगदीश चतुर्वेदी लिखते हैं – 'दलितों की मुक्ति का संघर्ष वास्तविक संघर्ष है। यह संघर्ष जब-तब वैचारिक और सामाजिक धरातल पर साथ-साथ नहीं चलता, तब-तक विचार और संस्कृति के क्षेत्र में चल रहे जाति-व्यवस्था और जातिवाद विरोधी संघर्ष का व्यावहारिक जीवन में, राजनीति, अर्थ-व्यवस्था और संरचनाओं में प्रसार नहीं होगा और ना ही आधुनिक राष्ट्र का निर्माण संभव है।'

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. प्रेमकुमार मणि, दलित साहित्य एक परिचय (लेख) दलित साहित्य : चिंतन के विविध आयाम, सं. डॉ. एन. सिंह, पृ. 57
2. डॉ. दयानंद बटोही, दर्द के दस्तावेज, पृ. 112
3. डॉ. जयप्रकाश कर्दम, गूँगा नहीं था मैं, पृ. 35
4. डॉ. श्योराज सिंह 'बेचैन', क्रौंच हूँ मैं, पृ. 53
5. डॉ. एन. सिंह, अंतिम दो दशकों का हिंदी दलित साहित्य, पृ. 115
6. डॉ. जयप्रकाश कर्दम, छप्पर, पृ. 43-44
7. मोहनदास नैमिशराय, मुक्तिपर्व, पृ. 5
8. डॉ. सुरेशकुमार जैन (सं.), उत्तरकाशी का हिंदी साहित्य, पृ. 97


**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# एथलीटों के अंतर्मुखी व्यक्तित्व लक्षणों और खेल प्रदर्शन के स्तर का एक सहसंबंधनात्मक अध्ययन

**योगेंद्र सिंह राजपूत***

* शोधार्थी (शारीरिक शिक्षा) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** शिक्षा ही मनुष्य को अपने ध्येय तक पहुंचाने की राह है। इसके आधार पर मानव में ऐसे गुणों का विकास किया जा सकता है। जिसके आधार पर वह भली भाति अपने व्यक्तिव का विकास कर पाता है। समाज मे अपनी योग्यताओं को प्रदर्शित करने के लिए तथा उनके आधार पर व्यवसाय का चयन करने में मदद मिलती है। यही कारण है कि आज इस ओर विशेष रूप से बल दिया जा रहा है कि मानव को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाए। शिक्षा के लिए विभिन्न प्रकार के उद्देश्यों का निर्धारण किया जाता है। यह देखा जाता है कि जिस कार्य के पीछे उद्देश्यों का निर्धारण नहीं किया जाता वह कार्य सुचारु रूप से संचालित नहीं किया जा सकता उसमें सफलता मिलने कि अवसर कम होते है।

**प्रस्तावना –** शारीरिक शिक्षा का संगठन बालक की विकासात्मक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।समाज अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मनोरंजन की स्थापना करता है।शारीरिक शिक्षा मानव जाति की अनुपम उपलब्धियों को संजोकर रखता है तथा उन्हें भावी सन्तति को विरासत के रूप में प्रदान करता है।इस प्रकार शारीरिक शिक्षा संगठन का उद्देश्य व्यक्ति को इस प्रकार से प्रशिक्षित करना है कि वे समाज व आदर्शों, मान्यताओं, विश्वासों एवं मूल्यों की रक्षा कर सके।

आधुनिक काल में प्रदुषण तथा अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याओं का समावेश पाया जाता है।यह देखा जाता है की बालक के द्वारा इन सभी के परिणामस्वरूप पूर्ण रूप से स्वस्थता की ओर अग्रसित नहीं हुआ जा सकता।इसलिए यह अति आवश्यक माना जाता है कि आज मनुष्य को इन सभी प्रकोप से बचाने की ओर बल दिया जाए। शारीरिक शिक्षा के आधार पर यह एक कार्य भली भांति किया जा सकता है। इसके आधार पर बालक के द्वारा भली भांति उन्नति प्राप्त की जाती है। यह देखा जाता है की आज शारीरिक रूप से स्वास्थ्यता प्राप्त करने के उपरान्त ही मनुष्य के द्वारा पूर्ण रूप से विकास किया जा सकता है।जब तक वह शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं होता है। तब तक वह भली भांति अपने जीवन में विभिन्न प्रकार की क्रियाओ का क्रियान्वयन नहीं कर सकता।

अंतर्मुखी व्यक्तित्व खिलाडियों को अधिकता से परावृत्त करके खुद के बारे में सोचने पर मजबूर करता है।जिससे उसे अधिकता का लाभ नहीं होता है।रिले रेस जैसे मैदानी खेलों में अंतर्मुखी व्यक्तित्ववाले खिलाडियों के होने पर सामंजस्य के प्रभाव में प्रदर्शन के स्तर में गिरावट दिखाई देती है।

**संबंधित साहित्य का अध्ययन –**

**मिजूगूची (1972)** ने होनेलूलू, हवाई में लड़कों के शारीरिक ज्ञान के कार्यक्रम (जूनियर/सीनियर) लड़कों के शारीरिक ज्ञान कार्यक्रम पर निरिक्षण हुआ।

सूची देनेवाले अधिकारीयों का समूह, कार्यक्रम की योजना, कार्यक्रम की विधियाँ, व्यवसाय द्वारा मदद, यह अध्ययन का एक उद्देश्य था की वह वास्तविक स्थिति की जानकारी दे सके , लडको के शारीरिक विद्या कार्यक्रमों के बारे में निरिक्षण कर सके, जाँच करने से की यह पूर्णरूप से ध्यान दिय जाता है कि नहीं।अंत में उससे कहा की पूर्णरूप से कार्यक्रम पर्याप्त नहीं था तथा वास्तविक नियमो से काफी निचे था। जूनियर पाठशालाएँ के अपेक्षा कुछ कार्यक्रमों में सीनियर पाठशालाएँ अच्छी थी।

**लोकेन्द्र शरण (1980)** इन्होंने नागपूर विद्यापीठ में प्रस्तुत किये हुए हनुमान व्यायाम प्रसारक मण्डल के शारीरिक शिक्षा के कार्य तथा खेलों का विकास करने में सम्बन्धित लघु प्रबन्ध में शारीरिक शिक्षक के योगदान का विवरण किया है।यह अपने लघु प्रबन्ध में कहते है कि हनुमान व्यायाम प्रसारक मण्डल यह शारीरिक शिक्षक की एक ऐसी संस्था है।जिसके माध्यम से शारीरिक शिक्षा द्वारा खेलों का क्षेत्रा ऊँचा उठा है। यह संस्था शारीरिक शिक्षा में विकास में अग्रेसर है, और अन्य खेलों की तरह ही इस संस्था ने विदर्भ के शहरी एवं ग्रामीण संभाग के विद्यार्थीयों में बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देने का कार्य किया है।यह संस्था 1914 में स्थानित हुई तभी से शारीरिक शिक्षक तैयार करके अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर खेलों का विकास करने में अग्रसर है।

**उप्पल, सिंधू और गंगोपाध्याय (1988)** ने बट्स स्पोर्टस मोटीवेशन स्केल के आधार पर 15 भारतीय और 15 झिम्बाब्बीयन अंतर राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ियों पर अध्ययन किया।अध्ययन के अंत में यह निष्कर्ष निकला की दोनों ही टीमों में खेल प्रोत्साहन का स्तर समर्थक रूप से अलग-अलग नहीं है। सम्पूर्ण झिम्बाब्बीयन महिला हॉकी टीम संघर्ष के क्षेत्र में उच्च थी तो सम्पूर्ण भारतीय टीम आपसी तालमेल और सहकार्य के क्षेत्र में उच्च थी।

**परिसीमाएं:**

1. यह शोध कार्य दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर संभाग तक के विद्यार्थियों तक सीमित है।
2. यह शोध कार्य विश्व विद्यालय में अध्ययनरत एथेलेटिक्स प्रतियोगिता

में भाग लेने वाले पुरुष एथलीट विद्यार्थियों तक सीमित है।

**उद्देश्य:**

1. एथलिटों के अंतर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष तथा खेल प्रदर्शन स्तर का सहसंबंधनात्मक अध्ययन करना।
2. एथलिटों के बहिर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष तथा खेल प्रदर्शन स्तर का सहसंबंधनात्मक अध्ययन करना।
3. विभिन्न विश्वविद्यालयों के एथलिटों के अंतर्मुखी – बहिर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करना।

**परिकल्पना:**

1. एथलिटों केअंतर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष तथा खेल प्रदर्शन में नकारात्मक सहसंबंध है।
2. एथलिटों के बहिर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष तथा खेल प्रदर्शन में सकारात्मक सहसंबंध है।
3. विभिन्न विश्वविद्यालयों के एथलिटों के अंतर्मुखी – बहिर्मुखी व्यक्तिव गुण विशेष वाले खिलाड़ियों में सार्थक अंतर है।

**शोध पद्धति**

**उपकरण –** प्रस्तुत शोध में आंकड़ों के एकत्रीकरण करने हेतु निमलिखित उपकरणों का प्रयोग किया गया था।

1. श्री यज्ञ सिंह तथा एच. सी. चिमा द्वारा निर्मित स्पोर्ट्स स्पेसिफिक पर्सनल्टी टेस्ट।
2. अजीज एवं रेखा गुप्ता द्वारा निर्मित इन्ट्रोवर्जन एवं एक्सटरोवर्षन इनवेंटरी प्रश्नावलियों का प्रयोग किया गया था।

**परिणाम**

1. अथलेटिक्स में सहभाग लेने वाले खिलाड़ियों कि व्यक्तित्व गुण विशेष को दर्शाया गया है। प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि मैदानी खेलों में हिस्सा लेने वाले 56 प्रतिशत धावक तथा 22 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में अंतर्मुखता यह व्यक्तित्व गुण विशेष पाया गया तथा मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले 12.7 प्रतिशत धावक तथा 56.7 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में उभयमुखी / उभयवर्ती यह व्यक्तित्व गुण विशेष पाया गया। इसी तरह 31.3 प्रतिशत धावक तथा 21.3 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में बहिर्मुखता यह व्यक्तित्व गुण विशेष पाया गया।

2. अथलेटिक्स में सहभाग लेने वाले खिलाड़ियों कि क्रीडा प्रदर्शन को दर्शाया गया है। प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि मैदानी खेलों में हिस्सा लेने वाले 62 प्रतिशत धावक तथा 18 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में संतोषजनक क्रीडा प्रदर्शन पाया गया तथा मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले 23.3 प्रतिशत धावक तथा 58 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में साधारण क्रीडा प्रदर्शन पाया गया। इसी तरह 14.7 प्रतिशत धावक तथा 24.0 प्रतिशत जंपर्स खिलाड़ियों में असंतोषक क्रीडा प्रदर्शन पाया गया।

3. प्रस्तुत शोधकार्य में प्राप्त तथ्यों के सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष के रूप मे मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों एवं जंपर्स खिलाड़ियों कि अंतर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष तथा क्रीडा प्रदर्शन में सार्थक सहसंबंधनात्मक है।

4. प्रस्तुत शोध कार्य में संकलित आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों एवं जंपर्स खिलाड़ियों कि बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष तथा क्रीडा प्रदर्शन में सार्थक सहसंबंधनात्मक है।

5. प्रस्तुत शोध कार्य में संकलित आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि विभिन्न जिलों के मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले खिलाड़ियों कि अंतर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर सार्थक रूप से भिन्न है।

**निष्कर्ष –** तुलनात्मक अध्ययन से यह प्रतीत होता है की मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले अधिकांश धावकों मे अंतर्मुखता तथा जंपर्स खिलाड़ियों में व्यक्तित्व गुण उभयमुखीध्उभयवर्ती व्यक्तित्व गुण विशेष पाया गया।

प्रस्तुत शोध कार्य के अध्ययन से यह प्रतीत होता है की मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों मे जंपर्स खिलाड़ियों से अधिक संतोषजनक है।

प्रस्तुत शोधकार्य में प्राप्त तथ्यों के सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर यह निष्कर्ष के रूप मे मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों एवं जंपर्स खिलाड़ियों कि अंतर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष तथा क्रीडा प्रदर्शन में सार्थक सहसंबंधनात्मक है।

प्रस्तुत शोध कार्य में संकलित आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले धावकों एवं जंपर्स खिलाड़ियों कि बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष तथा क्रीडा प्रदर्शन में सार्थक सहसंबंधनात्मक है।

प्रस्तुत शोध कार्य में संकलित आंकड़ों के विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि विभिन्न जिलों के मैदानी खेलों (अथलेटिक्स) में सहभाग लेने वाले खिलाड़ियों कि अंतर्मुखता – बहिर्मुखता व्यक्तित्व गुण विशेष स्तर सार्थक रूप से भिन्न है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**


1. हेरोल्ड के. जैक, 'मिनेसोटा उच्च शिक्षा कार्यक्रम के शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम का विश्लेषण,' रिसर्च ट्रामासिक 17 (मार्च 1946):24
2. गार्डनर एल. और हेनरी डब्ल्यू. रीकेन एडल्ट सब्जेक्ट्स के जर्नल ऑफ कंसल्टिंग साइकोलॉजी में मंदी का जन्म हो रहा है।, 15(1), 1951, पीपीपी 18–2।
3. केमिसन जे.,'वर्ष 1958–59 वाशिंगटन के साम्राज्य क्षेत्र के द्वीप में ग्रामीण सार्वजनिक प्राथमिक स्कूलों में शारीरिक शिक्षा का एक सर्वेक्षण,' स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा और मनोरंजन 2 (1960), पृष्ठ 72 में पूरा शोध।
4. मिजुगुची, एन.के., 'जूनियर एंड सीनियर हाई स्कूल होनोलूलू, हवली में फिजियोलॉजी के शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम कासर्वे,' निबंध सार इंटरनेशनल, 32, 1972, 3379ए–4166ए।
5. लोकेन्द्र शरण,'लघु प्रबंध हनुमान व्यायाम प्रसारक मंडल द्वारा शारीरिक शिक्षक तैयार करके खेलों का विकास में योगदान,' नागपुर विद्यापीठ में प्रस्तुत 1980
6. ए.के. उप्पल, ए.सिंधु, एण्ड एस.आर.गंगोपाध्याय,'अ स्टडी ऑफ स्पोर्ट्स मोटिवेशन ऑफ इंडियन एंड झिम्बोम्बिय वुमेन हॉकी टीम' एन.आय.इस.साइंटिफिक जनरल 11.2. (1988), 17.20


**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# अलग-अलग भोगोलिक क्षेत्र के विद्यार्थियों कि शारीरिक योग्यता, चरों का एक तुलनात्मक अध्ययन

**महेश कुमार शर्मा** *

* शोधार्थी (शारीरिक शिक्षा) भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश** – सामान्य गत्यात्मक क्षमता जो अपने कौशल्य के विकास के लिए विशेष रूप से मदद करता है। जो मुख्य रूप से शरीर की मोटी मांसपेशियों की क्रियाओं में मदद करती है। इसलिए खेल कूद की गतिविधियों तथा प्रतियोगिता में सामान्य गत्यात्मक क्षमता आवश्यक होती है। सामान्य गत्यात्मक क्षमता शारीरिक क्रियाओ तथा शारीरिक हल-चल की क्रियण में मदद करता है तथा अधिक समय तक शारीरिक क्रियाओ को करने में सहायता करता है।

**प्रस्तावना** – इस संशोधन में राजस्थान के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र वर्ग कि शारीरिक योग्यता के चरों के हाथ ओर कंधों के स्नायुओं का स्नायु बल तथा सहन शक्ति, तेज गति तथा गति सुमेल, पैर का विस्फोटक बल, तथा रुधिराभिसरण श्वसन सहन शक्ति का ध्यान रखने मे मदद मिलेगी। राजस्थान राज्य के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्र पुरुषों कि बी. एम. आई., वजन तथा ऊंचाई का पता चलेगा जिससे खेल जगत में इसका लाभ होगा। राजस्थान राज्य के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के इस अभ्यास से शारीरिक शिक्षकों को खेल के अनुसार चयन करने में मदद होगी। इस अभ्यास से अच्छे खिलाड़ियों को पसंद करने में मदद मिलेगी। इस अभ्यास से शारीरिक शिक्षा के प्रशिक्षण के कार्यक्रम तैयार करने में सहायता मिलेगी। इस अभ्यास से मेडिकल के क्षेत्र में भी मदद मिलेगी।

**उद्देश्य** – अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र के विद्यार्थियों कि शारीरिक योग्यता, चरों का एक तुलनात्मक अध्ययन राजस्थान राज्य के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्र पुरुषों कि शारीरिक योग्यता के चरों का मापन करना।

1. राजस्थान राज्य के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्र पुरुषों कि शारीरिक योग्यता के चरों की आपस में तुलना करना।

**परिकल्पना**

1. राजस्थान राज्य के पहाड़ी क्षेत्र तथा समतल क्षेत्र के अलग अलग क्षेत्र पुरुषों कि शारीरिक योग्यता के चरों का में सार्थक अंतर देखने को मिलेगा।

| क्र. | चर | परीक्षण | मापन विधि |
|---|---|---|---|
| 1. | हाथ एवं खंभे के स्नायु का स्नायुबल तथा सहन शक्ति का मापन | पुलप्स | संख्या |
| 2. | पेट के स्नायु का बल तथा सहन शक्ति का मापन | शयनोत्तथान | 60 सेकंड |
| 3. | तेज गति तथा गति सुमेल का मापन | शटल रन | सेकंड |
| 4. | पैर कि विस्फोटक शक्ति का मापन | खड़ी लंबी कूद | से. मी. |
| 5. | तेजगति तथा विस्फोटक शक्ति का मापन | 50 यार्ड दौड़ | सेकंड |
| 6. | रुधिराभिसरण श्वसन सहन शक्ति मापन | 1.5 माइल दौड़/चाल | सेकंड |

**परिसीमाएं:**

1. यह शोध कार्य राजस्थान तक के विद्यार्थियों तक सीमित था।
2. यह शोध कार्य राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों तक सीमित था।
3. आयु सीमा अधिकतम 14 से 18 वर्ष तक विद्यार्थियों तक सीमित था।

**आंकड़ों का विश्लेषण** – अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र के विद्यार्थियों कि शारीरिक योग्यता, शरीर रचना चरों कि तुलना करने के लिए विचरण प्रथक्करण (ANOVA) टेस्ट का प्रयोग किया गया था। मध्यमान के बीच पता करना के लिए LSD (Least Significant Difference) परीक्षण द्वारा 0.05 स्तर से सार्थकता मापी गई थी।

**अध्ययन के परिणाम** – अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की पुल-अप्स परीक्षण का समतल क्षेत्र के 6.54 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 6.46 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 44.46 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 7.19 देखने को मिला था। जबकि 't' रेशीयों 6.18 देखने को मिला था। जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05 (3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। पुल-अप्स ( हाथ तथा कंधे की स्नायुओ का बल तथा सहन शक्ति) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।

अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की सीट-अप्स परीक्षण का समतल क्षेत्र के 28.94 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 23.68 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 370.62 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 47.51 देखने को मिला था। जबकि त रेशीयों 7.80 देखने को मिला था। जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05(3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। पुल-अप्स (

हाथ तथा कंधे की स्नायुओ का बल तथा सहन शक्ति) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।

सीट-अप्स (पेट के स्नायुओ का बल तथा सहन शक्ति) परीक्षण मे समतल तथा पहाड़ी क्षेत्र के विद्यार्थियों में अंतर देखने को मिला था।

अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की शटल रन परीक्षण का समतल क्षेत्र के 11.56 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 10.94 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 4.87 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 0.86 देखने को मिला था। जबकि 't' रेशीयों 5.69 देखने को मिला था।

जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05 (3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। शटल रन (तेज दौड़ तथा गति सुमेल) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।

अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की खड़ी लंबी कूद परीक्षण का समतल क्षेत्र के 1.81 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 1.65 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 4.67 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 0.07 देखने को मिला था। जबकि 't' रेशीयों 9.90 देखने को मिला था।

जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05 (3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। खड़ी लंबी कूद (पैरों के विस्फोटक बल) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।

अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की 50 यार्ड दौड़ परीक्षण का समतल क्षेत्र के 7.42 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 7.23 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 0.38 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 0.52 देखने को मिला था। जबकि 't' रेशीयों 0.73 देखने को मिला था।

जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05 (3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। 50 यार्ड दौड़ (तेजगति तथा विस्फोटक शक्ति का मापन) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। समानता पाई गई थी।

अलग अलग भोगोलिक क्षेत्र में विद्यार्थियों की 1.5 माईल दौड़ परीक्षण का समतल क्षेत्र के 12.71 देखने को मिला था, तथा पहाड़ी क्षेत्र में 13.06 मध्यमान देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों मध्यमान विचरण 5.16 देखने को मिला था। तथा दोनों समूहों के प्राप्तांक का मध्यमान विचरण 1.45 देखने को मिला था। जबकि 't' रेशीयों 3.55 देखने को मिला था।

जिसे टेबल की वेल्यू के साथ देखने पर सार्थकता का स्तर 0.05 स्तर 't' = 0.05 (3,196) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। 1.5 माईल दौड़ (रुधिराभिसरण श्वसन सहन शक्ति मापन) परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। समानता पाई गई थी।

**निष्कर्ष** :

1. पुलअप्स समूह में परीक्षण में दोनों सहन शक्ति हाथ तथा कंधे की स्नायुओं का बल में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।
2. सीटअप्स समूह में परीक्षण में समतल तथा पहाड़ी क्षेत्र के विद्यार्थियों सहन शक्ति तथा पेट की स्नायुओं का बल में कोई सार्थक अंतर देखने को मिला।
3. शटल रन परीक्षण में दोनों समूहों में (तेज दौड़ तथा गति सुमेल) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।
4. खड़ी लंबी कूद परीक्षण में दोनों समूहों में (पैरों के विस्फोटक बल) कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।
5. 50 यार्ड दौड़ तेजगति तथा विस्फोटक शक्ति का मापन परीक्षण में दोनों समूहों में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला। समानता पाई गई।
6. 1.5 माइल दौड़ में दोनों समूहों में (रुधिरभिसरण श्वसन सहन शक्ति) मापन परीक्षण में कोई सार्थक अंतर देखने को नहीं मिला।

**संदर्भ ग्रंथ सूची** :-

1. संतोषी 'आदिवासी महिला बास्केट बॉल, निजी स्कूल राज्य स्तरीय खिलाड़ियों और सरकारी स्कूल राज्य आदिवासी महिला खिलाड़ी के बीच चयनित मोटर फिटनेस चर की तुलना' गोल्डन रिसर्च थॉट्स: दिसंबर 2011, वॉल्यूम। 1 अंक 6, विशेष Vol. 1 अकादमिक जर्नल।
2. हामिद अराजी 'एंथ्रोपोमेट्रिक एंड फिजियोलॉजिकल प्रोफाइल ऑफ एलीट जूनियर पुरुष और महिला ईरानी रोवर्स मिडिल'- इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी, मारिवन ब्रांच, मारिवन ईरान। ईस्ट जर्नल ऑफ साइंटिफिक रिसर्च 9 (2): 162,2011 आईएसएसएन 1990-9233।
3. एम जे डंकन 'जूनियर एलीट प्राइवेट स्कूल स्टेट प्लेयर्स के एंथ्रोपोमेट्रिक और फिजियोलॉजिकल लक्षण' ब्र जे स्पोर्ट्स मेड। 2006 जुलाई 649-651। DOI: 101136/बीजेएसएम. 2005. 021998.
4. गैबेट टी 'ऑस्ट्रेलियाई जूनियर नेशनल, राज्य और नौसिखिए निजी स्कूल राज्य के खिलाड़ियों की शारीरिक और मानवशास्त्रीय विशेषताएं' एथलीट और कोच सपोर्ट सर्विसेज, क्वींसलैंड एकेडमी ऑफ स्पोर्ट, क्वींसलैंड ऑस्ट्रेलिया। टिमगबेट जे स्ट्रेंथ कॉन्ड रेस। 2007 अगस्तय 21(3): 902-8.
5. Marques MC, प्रोफेशनल प्राइवेट स्कूल स्टेट प्लेयर्स की फिजिकल फिटनेस क्वालिटीज: पोजिशनल डिफरेंसेस का निर्धारणष वैन डेन टिलर आर, टीजे, रीस वीएम, गोंजालेज-बैडिलो जेजे स्ट्रेंथ कॉन्ड रेस। 2009 जुलाई 23 (4): 1106-11। DOI:10.1519JSC0b013e31819b78c4
6. श्यामल कोले, एंथ्रोपोमेट्रिक एंड फिजियोलॉजिकल कैरेक्टर ऑन इंडियन इंटर यूनिवर्सिटी प्राइवेट स्कूल स्टेट प्लेयर्स ष्जर्नल ऑफ ह्यूमन स्पोर्ट एंड एक्सरसाइज Vol. 2 अंक: 7 पहला पेज 599 वर्ष 2012.
7. पावले मिकुलिक 'अलग-अलग उम्र और रैंकों के रोवर्स के एंथ्रोपोमेट्रिक और फिजियोलॉजिकल प्रोफाइल' फैकल्टी ऑफ किनेसियोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ जाग्रेब, क्रोएशिया प्रारंभिक संचार किनेसियोलॉजी 1(2008) 40;80-88 80

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054, July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# भामह और उनका काव्यालंकार

**डॉ. पी.एस. बघेल***

* एसोसिएट प्रोफेसर, पीएम एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना** –आद्याचार्य भामह ने अपने विषय में केवल इतना कहा है कि–

**सुजनावगमाय भामहेन ग्रथितं 'रक्रिलगोमीसूनुदेन्'**

अर्थात् सुजनों के ज्ञान के लिए, रक्रिलगोस्वामी के पुत्र भामह ने यह ग्रंथ काव्यालंकार की रचना की है। उक्त पंक्तियों के रूप में दो बातें स्पष्ट होती है कि रक्रिलगोस्वामी के पुत्र भामह ने 'काव्यालंकार' ग्रंथ की रचना की है। इससे भामह के संबंध में केवल इतना ज्ञात होता है कि भमाह एक कश्मीरी पंडित थे।

इसी प्रकार भामह ने रचनाकाल के संबंध में परवर्ती विद्वानों ने इतना कहा है कि भामह कृत काव्यालंकार पर उद्भट ने भामह विवरण' नामक टीका भी लिखी है। उद्भट कश्मीर नरेश जयापीड की सभा में सभापति थे। और दैनिक वेतन के रूप में एक लाख दीनार प्राप्त करते थे।

'काव्यालंकारसार संग्रह' पर टीकाकार के रूप में 'प्रतीहारेन्दुराज' इस का तथ्य व्यक्त किया है।

'राजतरंगिणी' से ज्ञात होता है कि–

**विद्वान् दीनारलक्षेण प्रत्यहं कृतवेतन:**
**भट्टोऽभूतुद्भटटस्यतस्य भूमिभर्तु: सभापति:**

जयापीड़ का शासनकाल सन् 779–813 ई. तक माना जाता है। अतएव उद्भट् का समय भी ही मानना चाहिए। जिन्होंने प्रमाणित किया कि 'काव्यालंकार' इस काल तक काफी प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका है। अतएव यह निर्विवाद है कि भामह सन् 779 ई. से काफी पहले हो चुके हैं।

शान्तरक्षित के व्याख्याकार कमलशील ने इन्हें भामह की रचना बताया है किन्तु उनका शान्तरक्षित के टीकाकार ने उनका पर्याप्त खण्डन किया है।

ध्वनिकार आनन्दवर्धन ने रस की महत्ता के सन्दर्भ में एक कारिका दी है:–

**दृष्टपूर्वा अपि ह्यर्था: काव्ये रसपरिग्रहात्।**
**सर्वे नवा इवाभान्ति मधुमास इव द्रुमा:।।**

अर्थात्, वसन्त ऋतु में वृक्षों के समान, काव्य में रस को पाकर, पूर्वदृष्ट समस्त पदार्थ भभी नवीन प्रतीत होने लगते हैं। इस से स्पष्ट है कि आनन्दवर्धन भामह को बाणभट्ट से भी पूर्ववर्ती मानते हैं।

बाणभट्ट महाराज हर्ष के आश्रित कवि थे जिनका शासनकाल सन् 606–647 ई. है। एक कश्मीरी लेखक से उत्तर भारत के एक कवि ने प्रभाव ग्रहण में कुछ समय तो अवश्य लगेगा ही। अत एक भामह सन् 606 ई. से भी पूर्ववर्ती है।

(2) 'काव्यालंकार' के पंचम अध्याय में प्राणनिरूपण के सन्दर्भ में भामह ने बौद्ध नैयायिक दिङ्नाग का अनुसरण किया है। दिङ्नाग की प्रत्यक्ष परिभाषा इस प्रकार है–

**प्रत्यक्षं कल्पनापोढं नामजात्याद्यसुंक्तम्।**

अर्थात् नाम,जाति आदि से असुंक्त, कल्पनाविहीन ज्ञान प्रत्यक्ष कहलाता है। भामह ने भी इसी का अनुसरण किया है–

**प्रत्यक्षं कल्पनापोढं ततोऽर्थादिति केचन।**
**कल्पनां नाम जात्यादियोजनां प्रतिजानते।।**

अर्थात् किसी वस्तु का कल्पनारहित ज्ञान ही प्रत्यक्ष प्रमाण है–ऐसा कुछ विद्वान् मानते हैं। नाम, जाति, गुण, क्रिया और द्रव्य–इन उपाधियों का व्यक्ति में आरोप ही कल्पना कहलाता है। वाचस्पति मिश्र का मत है कि भामह ने दिङ्नाग का अनुसरण किया है। दिङ्नाग का समय 400 ई. के लगभग माना जाता है अत: भामह का समय भी इनके पश्चात् ही होना चाहिए।

**भामह का बौद्धत्व –** कुछ विद्वानों की मान्यता है कि भामह बौद्ध थे। इसकी पुष्टि में नरसिंहयंगर कहते है कि– भामह ने 'काव्यालंकार' के मंगलाचरण में भगवान् बुद्ध को नमन किया है–

**प्रणम्य सार्वं सर्वज्ञं मनोवाक्कायकर्मभि:।**
**काव्यालंकार इत्येष यथाबुद्धि वाधास्ते।**

नरसिंह अयंगर का कहना है कि 'सर्वज्ञ नाम बुद्ध का है। प्रमाण स्वरूप अमरकोष में कहा गया है कि सर्वज्ञ: सुगतो बुद्धो धर्मराजस्थतागत:' (काव्यालंकार 1/13) अर्थात् सर्वज्ञ बुद्ध का पर्याय है ऐसा नरसिंह अयंगार कहते है कि उनका बुद्ध होना प्रमाण माना जा सकता है।

अमरकोष ने भामह के बुद्ध होने के प्रमाण का खण्डन करते हुए कहा है कि– 'सर्वज्ञ' शब्द सामान्यत: ईश्वर का वाचक है। एक मात्र बुद्ध का नहीं। अमरकोष में उसे भगवान् शंकर का भी पर्याय माना है। यथा–

**कृषानुरेता: सर्वज्ञो धूर्जटिनीललोहित:**

समान्त: सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान शब्द ईश्वर के लिए ही प्रयुक्त होते हैं, मात्र बुद्ध के लिए नहीं।

इसी प्रकार रक्रिल नामकरण में भी यह विवाद है कि 'रक्रिल' गोमिन शब्द गौतम बुद्ध के एक शिष्य 'गोमिन्' नाम था इससे उनका बुद्ध होना प्रमाण मानने के समान प्रतीत होता है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि बौद्ध परम्परा में किसी का भी नाम ब्राह्मण द्वारा अपनाया जाता रहा है।

भामह की एक मात्र रचना है 'काव्यालंकार।' वररुचि ने भी इसकी

पुष्टि की है। वररुचि ने प्राकृत प्रकाश में कहा है कि–

**वररुचिरचित प्राकृत लक्षण सूत्राणि लक्ष्यमार्गेण।**
**बुद्ध्वा चकार वृत्ति संक्षिप्तां भामह: स्पष्टाम्।।**

आज भामह की एकमात्र उपलब्ध पुस्तक 'काव्यालंकार' ही है। उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में भामह की रचना 'काव्यालंकार' पुस्तक सन् 1880 ई. में काव्यालंकार की पाण्डुलिपि उपलब्ध हुई।

डॉ. पी.वी. काणे ने भामह के बौद्ध होने का खंडन किया है।

सन् 1909 ई. में बाम्बे संस्कृत सीरीज से प्रकाशित विद्यानाथ कृत 'प्रतापरुद्रयशोभूषण' में काव्यालंकार को प्रकाशित कराया।

'काव्यालंकार' 6 परिच्छेदों में विभक्त है। प्रथम परिच्छेद में काव्य शरीर, द्विती व तृतीय में अलंकार निरुपण, चतुर्थ में दोषनिरुपण पंचम में न्यायनिणर्य और षष्ठ में शब्द शुद्धि रखा गया है।

प्रथम परिच्छेद काव्य शरीर निर्णय में भामह ने काव्यप्रयोजन पर प्रकाश डाला है–

**धमार्थकामोक्षेषु वैचक्षण्यं कलासु च।**
**प्रीतिं करोति कीर्तिं साधुकाव्य निबन्धम्।।**

अर्थात् सत्काव्य का निर्माण पुरुषार्थचर्तुचतुष्टय एवं कलाओं में निपुणता, आनंद और कीर्ति प्रदान करता है।

भामह सूत्र रूप में कहते है कि–

**काव्यदृष्टार्थां प्रीतिकीर्ति हेतु त्वात्।।**

काव्य रचना हेतु भामह ने जो दृष्टिकोण रखा है, परवर्ती आचार्यों ने उसका अनुकरण ही किया है। काव्य प्रयोजन हेतु कुन्तक ने कहा है कि–

**धर्मादिसाधनोपाय: सुकुमार क्रमोदित:।**
**काव्बन्धोऽ भिजातानां हृदयाहलादकारक:**

अर्थ– काव्यबन्ध कुलीन व्यक्तियों के हृदय को आह्लादित करने वाला और सुकुमार पद्धति से कहा गया धर्मादि की सिद्धि का उपाय है।

काव्यामित का आनन्द तद्‌विदों के अन्तकरण में चतुर्थवर्ग के फल के आस्वाद से भी बढ़कर चमत्कार उत्पन्न करता है। इसे आगे बढ़ाते हुए कुन्तक ने काव्य प्रयोजन के रूप में कहा कि–

**धर्मादिसाधनोपाय: सुकुमार क्रमोदित:।**
**काव्बन्धोऽभिजातानां हृदाह्लाद कारक:।।**

अर्थात् काव्यबंध कुलीन, व्यक्तियों के हृदय को आह्लादित करने वाला और सुकुमार पद्धति कहा गया धर्मादि की सिद्धि का उपाय है।

समन्ववादी आचार्यों में मम्मट ने 6 प्रयोजन माने है– यश प्राप्ति, अर्थार्जन, व्यवहार ज्ञान, उनिष्ट–निवारण, अलौकिक आनंदानुभूति और कान्ता समान उपदेश। इस संदर्भ में काव्यालंकार में यश की प्राप्ति धर्मादि की सिद्धि का उपाय बताया है।

**काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।**
**सद्य: परनिवृत्तये कान्ता सम्'िमततयोपदेशयुजे।।**

काव्य प्रोजन में यश की प्राप्ति के साथ कवित्व को पूर्व पुण्यों का प्रसाद भी मानते हैं।

भर्तृहरि भी कहते हैं कि– नास्ति येषां यश:। काये जरामरणजं भयम्। अर्थात् काव्य रूपी शरीर को बुढ़ापे और मृत्यु का भय नहीं रहता। 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् अर्थात् शब्द और अर्थ दोनों मिलकर काव्य कहलाते है।

भामह ने दो पुरातन धारणाओं का समन्व करते हुए कहा है कि–

रमणीय अर्थ का प्रतिपादक शब्द काव्य कहलाता है।

कुन्तक ने वक्रोक्तिजीवित्' में कहा है कि–

**शब्दार्थो सहितौ वक्र कविव्यापारशालिनि।**
**बन्धे व्वस्थितौ काव्य तद्विदाह्लाद कारिणि।**

अर्थात् काव्यमर्मज्ञों को आह्लादकारक, वक्र कविव्यापार से युक्त, रचना में व्यवस्थित शब्द और अर्थ दोनों को मिलकर ही काव्य कहलाता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. काव्यालंकार 6/64
2. ध्वन्यालेक 4/4
3. काव्यालंकार 5/6
4. काव्यालंकार 2/2
5. अक्षरकोष 1/35
6. काव्यालंकार 1/2
7. काव्यालंकार 1/1/5
8. वक्रोक्ति जीवितम् 1/3–5
9. वक्रोक्ति जीवितम् 1/3
10. काव्यालंकार 1/2
11. वक्रोक्तिजीवितम् 1/7

*************

# मनरेगा का महिला सशक्तिकरण पर प्रभाव : कोटा जिले का अनुभवमूलक अध्ययन

**डॉ. अंजना जाटव***

* अतिथि संकाय (भूगोल) (वि.स.यो) राजकीय महाविद्यालय, तालेड़ा (बूंदी) (राज.) भारत

**शोध सारांश –** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भारत की एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक योजना है, जो ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। इस शोध पत्र में अध्ययन क्षेत्र कोटा जिले से चयनित उत्तरदाताओं के व्यक्तिगत साक्षात्कार से प्राप्त सूचनाओं के विश्लेषण किया गया है जिसमें मनरेगा से प्राप्त आय का उपयोग के प्रकार एवं मनरेगा के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और निर्णय लेने की स्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण किया गया है। शोध के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया गया है कि किस प्रकार यह योजना महिला सशक्तिकरण में मददगार सिद्ध हो रही है।

**शब्द कुंजी –** मनरेगा, ग्रामीण, सशक्तिकरण, आर्थिक, स्वावलम्बन।

**प्रस्तावना –** भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर का मत था कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति का आकलन वहां की महिलाओं द्वारा हासिल की गई उन्नति के आधार पर किया जाना चाहिए। भारतीय अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और प्रगति इस विचार को और अधिक प्रासंगिक बनाती है। किसी व्यक्ति या समुदाय का अपने परिस्थितियों पर नियंत्रण स्थापित करनाए अपने अधिकारों की समझ विकसित करनाए लक्ष्यों को प्राप्त करना और जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखने की क्षमता ही सशक्तिकरण का मूल तत्व है।

महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है, जिससे वे अपने जीवन से जुड़े सभी निर्णय स्वतंत्र रूप से ले सकें। भारत अपनी समृद्ध संस्कृतिए परंपराओंए धर्म और सभ्यता के लिए प्राचीन समय से प्रसिद्ध रहा है, लेकिन साथ ही यह लंबे समय तक एक पुरुष प्रधान समाज के रूप में भी पहचाना जाता रहा है।भारत एक कृषि प्रधान देश है जिसमें 68.84 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र में है जिसमें पूरी जनसंख्या का आधा भाग (48 प्रतिशत) महिलाओं का है और अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले है जिनका प्रमुख व्यवसाय खेतीबाड़ी/कृषि है।

महिला सशक्तिकरण, विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के उत्थान के लिएए स्वतंत्रता के बाद से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पंचवर्षीय योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकासए कृषि उत्पादकता में वृद्धि, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुधार और रोजगार उपलब्ध कराने जैसी विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया। इन प्रयासों में प्रमुख योजनाएँ शामिल हैं जैसे, स्त्री शक्तिए राष्ट्रीय महिला कोश, प्रियदर्शिनी, स्वधार, स्वयंसिद्ध, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के विकास हेतु DWACRA और STEP महिला सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय नीति, पंचायती राज, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय साक्षरता मिशन, संपूर्ण स्वच्छता अभियान, जननी सुरक्षा योजना, स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) इन सभी योजनाओं के बावजूद महिला सशक्तिकरण की प्रगति को लेकर ठोस प्रमाण सीमित हैं। हालांकिए पिछले एक दशक में मनरेगा ने महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसे विभिन्न शोधों और साहित्यिक प्रमाणों से पुष्टि मिलती है।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (NREGA)को 23 अगस्त 2005 को कानून के रूप में पारित किया गया और 7 सितंबर 2005 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया। इस योजना को पहली बार 2 फरवरी 2006 को तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में लागू किया गया था। इस परियोजना के प्रमुख संरचनात्मक योजनाकार बेल्जियम के अर्थशास्त्री श्रीमान जोन ड्रेज थे, जिन्होंने इसकी रूपरेखा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस परियोजना को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया गया है और इसे देश की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना माना जाता है। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करना है, जिसके तहत मांग के अनुसार न्यूनतम 100 दिनों का सुनिश्चित मजदूरी रोजगार प्रदान किया जाता है। यह योजना न केवल रोजगार उपलब्ध कराने में सहायक हैए बल्कि उत्पादक परिसंपत्तियों के सृजनए पर्यावरण संरक्षण, विकास कार्यों को बढ़ावा देने, स्थायी संपत्तियों के निर्माण के लिए सार्वजनिक निवेश और विकेंद्रीकृत कार्यान्वयन जैसे उद्देश्यों की पूर्ति में भी योगदान देती है।

इसके अंतर्गत संपूर्ण ग्रामीण रोजगार और कार्य संबंधित राष्ट्रीय योजनाओं को भी एकीकृत किया गया है। इस अधिनियम को पहले चरण में 200 जिलों में लागू किया गया, जिसके बाद 2007.08 में इसे 130 अतिरिक्त जिलों तक विस्तारित किया गया। अंतत: 1 अप्रैल 2008 से इसे शेष सभी ग्रामीण क्षेत्रों में लागू कर दिया गया। बाद में, 2 अक्टूबर 2009

को इस अधिनियम का नाम बदलकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) कर दिया गया।

इस अधिनियम में महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किया गया है जिसके अन्तर्गत एक तिहाई लाभार्थियों में महिलाएं होनी चाहिए साथ ही जिन महिलाओं के छोटे बच्चे हैं उनके लिए कार्यस्थल के पास बच्चे की देखभाल की सुविधा उपलब्ध करवाना भी अनिवार्य किया गया है।महिलाओं को पुरुषों के समान वेतन का अधिकार दिया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण पर मनरेगाके प्रभाव का विश्लेषण किया गया है।

**शोध उद्देश्य एवं विधितन्त्र –** प्रस्तुत शोध पत्र मनरेगा का महिला सशक्तिकरण पर प्रभाव का विश्लेषण करता है।अध्ययन क्षेत्र में इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य अध्ययन क्षेत्र में मनरेगा के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का अध्ययन करना है। यह शोधपत्र अनुभवमूलक शोध कार्य हैए शोध के निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध स्त्रोतों का प्रयोग किया गया है। शोध कार्य हेतु आवश्यक द्वितीयक आंकड़ों का संकलन विभिन्न सरकारी प्रतिवेदनों, आलेखों एवं राजकीय विभागों की आधिकारिक वेबसाइट्स से किया गया हैए वहीं प्राथमिक आंकड़ों का संकलन कोटा जिले की लाडपुराब्लॉक की तीन ग्राम पंचायतों से 15.15 मनरेगा महिला श्रमिकों का उत्तरदाताओं के रूप में चयन किया गया। चयनित महिला उत्तरदाताओं से व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से मनरेगा से प्राप्त आय का उपभोग एवं उसके प्रभाव सम्बन्धी जानकारी एकत्रित की गयी। संकलित सूचनाओं को विश्लेषण उपरांत आंकड़ों को तालिका एवं आरेख के माध्यम से दर्शाया गया है।

**विश्लेषण –** उत्तरदाताओं से मनरेगा से प्राप्त होने वाली आय के उपयोग के विषय में सूचनाओं का संकलन किया गया संकलित सूचनाओं को विश्लेषण उपरांत तालिका में दर्शाया गया है।

**तालिका 1 : मनरेगा से प्राप्त आय का उपयोग**

| क्र. | खर्च का मद | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | भोजन सम्बन्धी आवश्यकता पूर्ति में सहायक | 17 | 37.78 |
| 2 | घरेलू संसाधनों/परिसम्पतियों का निर्माण में | 18 | 40.00 |
| 3 | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च | 20 | 44.44 |
| 4 | बच्चों की शिक्षा पर खर्च | 28 | 62.22 |
| 5 | विशेष अवसरों पर खर्च | 10 | 22.22 |
| 6 | दैनिक खर्च में | 15 | 33.33 |
| 7 | बचत | 9 | 20.00 |

स्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

तालिका में दर्शाए गये आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि मनरेगा में कार्य करने वाली महिलाओं को मनरेगा से प्राप्त होने वाली आय का उपयोग अपनी विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति में करती है।कुल महिला उत्तरदाताओं में से 17 (37.78 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने बताया की वे मनरेगा से प्राप्त होने वाली आय का उपयोग घर में भोजन सम्बन्धी आवश्यकता पूर्ति में करती है। इसके अंतर्गत घर में खाने पीने के सामान के साथ सब्जी दूध को खरीदने में भी उनकी यह आय काम आती है जिससे उनकी भोजन स्म्सबन्धी आवश्यकता पूर्ति होती है। इसी प्रकार 18 (40.00 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने बताया कि वे मनरेगा से प्राप्त होने वाली आय का उपयोग घरेलू काम आने वाली वस्तुओं को क्रय करने में करते है। जिनमें रसोई में काम आने वाले बर्तनए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण एवं अन्य सामान शामिल रहते हैं।

**आरेख : 1**




मनरेगा से प्राप्त होने वाली मजदूरी का 20 (44.44 प्रतिशत)उत्तरदाताओं द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर खर्च किया जाता है जिसमे वे स्वयं एवं परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के लिए दवाई आदि के खर्चे पूर्ति करते है। इसी प्रकार 28 (62.22 प्रतिशत) उत्तरदाताओंने बताया कि वे मनरेगा मजदूरी से प्राप्त आय का उपयोग बच्चों की शिक्षा सम्बन्धी कार्यो पर करते है जिनमें उनकी विद्यालय फीस, कोचिंग फीसए स्टेशनरी एवं आवागमन आदि के खर्चे पूर्ति करते है।कुल सर्वेक्षित उत्तरदाताओं में से 10 (22.22 प्रतिशत) मनरेगा से प्राप्त मजदूरी के पैसों का उपयोग विशेष अवसरों जैसे शादी विवाह की खरीददारी एवं त्यौहार आदि के अवसरों पर खर्च करते है जबकि 15 (33.33 प्रतिशत) उत्तरदाताओं द्वारा मनरेगा से प्राप्त होने वाली मजदूरी का उपयोग दैनिक खर्च में करते हैं। कुल सर्वेक्षित उत्तरदाताओं में से मात्र 9 (20 प्रतिशत) उत्तरदाताओं द्वारा ही मनरेगा मजदूरी को बचत के रूप में जमा रखा जाता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि मनरेगा में कार्य करने वाली महिला श्रमिकों को प्राप्त होने वाली आय का उपयोग विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं की पृति में किया जाता है जिनमें सर्वाधिक उत्तरदाता अपने बच्चों की शिक्षा सम्बन्धी खर्चों की पूर्ति के लिए करते है कुछ उत्तरदाताओं द्वारा अपने भविष्य सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति के बचत के रूप में जमा भी किया जाता है।मनरेगा से महिला श्रमिकों को केवल आर्थिक सम्बल मिला है बल्कि इसके कई अन्य प्रभाव भी देखे गये। मनरेगा ने महिला श्रमिकों को न केवल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आर्थिक लाभ मिला है बल्कि इसके कई दूरगामी परिणाम भी देखने को मिले है। अध्ययन क्षेत्र में मनरेगा के माध्यम से महिला श्रमिकों के जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को जानने के लिए क्षेत्र सर्वेक्षण के दौरान उत्तरदाताओं से इस विषय पर सूचनाओं का संकलन किया गया। संकलित सूचनाओं को विश्लेषण उपरांत तालिका में दर्शाया गया है।

**तालिका 2 : मनरेगा की आय के प्रभाव**

| क्र. | उपयोग का प्रकार | संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | पति या परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भरता में कमी | 32 | 71.11 |
| 2 | श्रम सम्बन्धी शोषण में कमी | 25 | 55.56 |
| 3 | पारिवारिक आय में वृद्धि | 40 | 88.89 |
| 4 | कर्ज पर निर्भरता में कमी | 29 | 64.44 |

RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | पारिवारिक निर्णयों में भागीदारी में वृद्धि | 41 | 91.11 |
| 6 | सामाजिक भागीदारी में वृद्धि | 35 | 77.78 |
| 7 | आत्म सम्मान में वृद्धि | 29 | 64.44 |
| 8 | आर्थिक सक्षमता | 12 | 26.67 |

स्रोत : क्षेत्र सर्वेक्षण

अध्ययन क्षेत्र में महिला श्रमिकों पर मनरेगा के कई प्रकार के प्रभाव देखने को मिले है। तालिका में दर्शाए गये आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है अध्ययन क्षेत्र में मनरेगा के कारण महिला श्रमिकों की अपने पति या परिवार के सदस्यों पर निर्भरता में कमी आयी है क्षेत्र सर्वेक्षण के दौरान 32 (71.11 प्रतिशत) उत्तरदाताओं के बताया कि मनरेगा में कार्य करने से वे आर्थिक रूप से सक्षम और स्वावलम्बन मिला है जिसका परिणाम ये हुआ है कि वे आर्थिक रूप से अपने पति या परिवार के सदस्यों पर निर्भरता कम हई है। इसी प्रकार क्षेत्र सर्वेक्षण के दौरान 25 (55.56 प्रतिशत) उत्तरदाताओं के बताया कि मनरेगा में कार्य से उनका श्रम सम्बन्धी शोषण कम हुआ है आज वे स्वतंत्र रूप से अपने द्वारा किये गये कार्य का भुगतान प्राप्त करती है। यह सब मनरेगा में रोजगार सम्बन्धी गारंटी मिलने के कारणही सम्भव हुआ है।

मनरेगा में महिला श्रमिकों निर्धारित भागीदारी सुनिश्चित होने के कारण पारिवारिक आय में भी वृद्धि सम्भव हुई है।क्षेत्र सर्वेक्षण के दौरान 40 (88.89 प्रतिशत) उत्तरदाताओं का मानना है कि मनरेगा में रोजगार सम्बन्धी गारंटी कानून के कारण उनकी आय निश्चित हुई है जिससे उनकी पारिवारिक आय में वृद्धि हुई है।इसी प्रकार महिला श्रमिकों ने बताया कि मनरेगा के कारण उनकी आय निश्चित होने से उनकी कर्ज पर निर्भरता कम हुई हैए इस सन्दर्भ में 29 (64.44 प्रतिशत) महिला श्रमिक उत्तरदाताओं ने बताया कि मनरेगा में कार्य करने से पहले उन्हें अपने विभिन्न प्रकार के कार्य सम्पादित करने के लिए समय समय पर विभिन्न स्रोतों से कर्ज लेना पड़ता था परन्तु अब उन्हें इस समस्या से छुटकारा मिला गयाहै क्योंकि मनरेगा से निश्चित आय प्राप्त हो जाती है।

**आरेख : 2**




मनरेगा में कार्य करने से महिलाओं पर सबसे बड़ा प्रभाव यह पड़ा है कि उनकी पारिवारिक निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है,41 (91.11 प्रतिशत) उत्तरदाताओं का मानना है कि मनरेगा के कारण उनको आर्थिक स्वावलम्बन मिला है जिससे परिवार में उनकी महत्ता बढ़ी है जिसके कारण अब परिवार के हर छोटे बड़े कार्य में उनकी भागीदारी पुरुषों के समान हुई है।इसी प्रकार 35 (77.78 प्रतिशत) उत्तरदाताओं का मानना है कि मनरेगा से आर्थिक स्वावलम्बन होने सामाजिक कार्यक्रमों में भी महिलाओं की भूमिका में वृद्धि हुई है।

मनरेगा के प्रभावों में महिलाओं में व्यक्तिगत रूप से यह भी देखने में आया है कि उनके आत्म सम्मान में वृद्धि हुई है 29 (64.44 प्रतिशत) उत्तरदाताओं का मानना है कि मनरेगा में कार्य करने से उनका आर्थिक सशक्तिकरण हुआ जिससे कई अन्य प्रभाव भी हुए है जिसके परिणामस्वरूप उनके आत्मसम्मान में भी वृद्धि हुई है। साथ ही 12 (26.67 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने माना है कि मनरेगा के कारण उनमें आर्थिक सक्षमता में वृद्धि हुई है जिससे उनकी क्रय शक्ति भी बढ़ी है। इस प्रकार मनरेगा से न केवल रोजगार प्राप्त हुआ है बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं पर अनेकों सकारात्मक प्रभाव भी पड़े है।

**निष्कर्ष** – महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना हैए तथा इसके तहत एक वित्तीय वर्ष में सौ दिनों के मजदूरी-रोजगार की गारंटी ग्रामीण परिवार को दी जाती हैए जिसके वयस्क सदस्य स्वेच्छा से अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए तैयार होते हैं।मनरेगा ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस योजना के माध्यम से न केवल महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है बल्कि उनकी सामाजिक और व्यक्तिगत स्थिति भी मजबूत हुई है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. शर्मा, धर्मराज (2019) भारत निर्माण एवं मनरेगा, रावत प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. Dreze, Jean, & Khera, Reetika. (2017). Rural Employment Guarantee Programme in India: Impact and Challenges. Oxford University Press.
3. Ministry of Rural Development, Government of India. (2021). Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA) Annual Report 2020-21.
4. Khera, Reetika. (2011). India's Public Works Program: The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA) – An Assessment. Economic and Political Weekly, 46(50), 36-44
5. Azam, Mehtabul. (2012). The Impact of Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme on Wages, Labor Supply, and Poverty in Rural India. World Bank Working Paper.
6. www.censusindia.gov.in
7. https://nrega.nic.in/stHome.aspx
8. https://nrega.rajasthan.gov.in/

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

# घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन

**निशा यादव* डॉ. कल्पना शर्मा ****

* शोधार्थी, शासकीय क.रा.क. महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** विभागध्यक्ष, जे.सी. मिल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** महिला समाज का प्रतिबिंब है। समाज का स्वरूप और उसकी प्रगति महिलाओं की स्थिति, भूमिका तथा उसके योगदान से परिलक्षित होती है। देश, समाज व परिवार के निर्माण में उनका सक्रिय योगदान है। महिलाओं के बिना राष्ट्र निर्माण का सपना अकल्पनीय है। भारत वर्ष का इतिहास महिलाओं के बलिदान से रचा गया है। आदिकाल से समाज में महिलाओं की स्थिति में उतार चढ़ाव आते रहे हैं। फिर भी महिलाओं ने हमेशा परिवार व समाज का गौरव बढ़ाया है। प्रलय और निर्माण दोनों ही उसकी गोद में खेलते हैं। मनुस्मृति में लिखा है जहाँ स्त्रियों का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं। महिलाओं को यह सममान उनके त्याग, बलिदान, संरक्षण, प्रबंधन व समायोजन के फलस्वरूप प्राप्त हुआ है। प्राचीन काल से समाज में महिलाओं को लक्ष्मी, सरस्वती व दुर्गा के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ है।

वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति देखने से ज्ञात होता है कि उस समय महिलाओं को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। परिवार एक महत्वपूर्ण संस्था थी जिसके संचालन का कार्य मुख्य रूप से महिलाओं की जिम्मेदारी थी। वैदिक युग के पश्चात् ईसापूर्व 600 से 300 ईसा पूर्व में महिलाओं के मान सम्मान में गिरावट देखने को मिलती है। 12वीं सदी से लेकर 1750 ई. तक विदेशी आक्रमण और राजनैतिक उथल पुथल के कारण महिलाओं की स्थिति में और भी गिरावट आई। इस काल में महिलाओं की आजादी छीनकर गृहस्थी को उनकी समस्त गतिविधियों का केन्द्र बना दिया। आधुनिक युग में महिलाएँ धीरे-धीरे महसूस करने लगी हैं कि इंसान के रूप में उनका निजी व्यक्तित्व है तथा उनके जीवन का लक्ष्य मात्र अच्छी पत्नी या समझदार माँ बन जाने से पूर्ण नहीं हो जाता है। बल्कि वे यह मानने लगी हैं कि वे भी नागरिक समुदाय और संगठित का सदस्य हैं। वर्तमान समय में महिलाओं के स्वरूप में निरंतर परिवर्तन आ रहा है। इस परिवर्तन के कारण महिलाएँ चाहे उच्च वर्ग की हों, मध्यम वर्ग की अथवा निम्न वर्ग की उनके विचारों में क्रांतिकारी बदलाव आने के कारण महिलाएँ आर्थिक तौर पर स्वतंत्र व आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिलाएँ घर के साथ-साथ घर के बाहर भी अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रही हैं। आधुनिक युग में महिलाएँ चाहे घरेलू हों या कामकाजी दोनों ही अपने परिवार का समायोजन भलीभाँति करती हैं। वे अपने बालक बालिकाओं को विभिन्न परिवर्तित परिस्थितियों में समायोजन करना सिखाती हैं। घरेलू महिलाओं तथा कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन में क्या अंतर है जानने की जिज्ञासा रही है। इसलिये मैंने शोध का विषय- 'घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन' चुना है।

**उद्देश्य-** मैंने अपने शोध कार्य हेतु निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये हैं:

1. घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन का अध्ययन करना।
2. कामकामजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन का अध्ययन करना।
3. घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन करना।

**परिकल्पनाएँ –** मैंने अपने शोध कार्य हेतु निम्नलिखित परिकल्पनाएँ निर्मित की हैं:

1. घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।
2. कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।
3. घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के समायोजन में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

**शोध प्रविधि-** शोध अध्ययन हेतु ग्वालियर शहर की घरेलू महिलाओं के 75 बालक 75 बालिकाएँ कुल 150 तथा कामकाजी महिलाओं के 75 बालक तथा 75 बालिकाएँ कुल 150 का चयन सविचार निदर्शन विधि से किया। इस प्रकार निदर्श का आकार 300 बालक बालिकाएँ हैं। तथ्यों के संकलन के लिए प्रश्नावली का उपयोग किया है। सांख्यिकीय विश्लेषण के लिये माध्य, मानक विचलन, टी-परीक्षण का उपयोग किया है। परिकल्पनाओं के सत्यापन के उपरांत निष्कर्ष ज्ञात किये हैं।

**तथ्यों का वर्गीकरण एवं सारणीयन-** संकलित तथ्यों को वर्गीकृत कर तालिका क्रमांक एक से छ: तक में प्रदर्शित किया है-

**तालिका क्रमांक - 1: घरेलू महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के समायोजन का स्तर**

| समायोजन | बालक | | बालिकाएँ | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्तर | संख्या | प्रति. | संख्या | प्रति. | संख्या | प्रति. |
| उच्च | 16 | 10.66 | 32 | 21.33 | 48 | 32.00 |
| मध्यम | 21 | 14.00 | 22 | 14.66 | 43 | 28.00 |
| निम्न | 38 | 25.33 | 21 | 14.00 | 59 | 39.33 |
| योग | 75 | 50.0 | 75 | 50.00 | 150 | 100.0 |

तालिका क्रमांक – 1 में घरेलू महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के समायोजन स्तर के आंकड़े दर्शाये गये हैं। तालिका प्रदर्शित करती है कि 16(10.66%) बालक तथा 32(21.33%) बालिकाओं कुल 48(32.0%) का समायोजन स्तर उच्च पाया गया है। मध्यम समायोजन स्तर के कुल 43(28.0%) बालक एवं बालिकाएँ पाई गई हैं जिनमें 21(14.0%) बालक तथा 22(14.66%) बालिकाएँ हैं। निम्न समायोजन स्तर के 38(25.33%) बालक तथा 21(14.0%) बालिकाएँ कुल 59(39.33%) बालक बालिका पाये गये हैं।

सम्पूर्ण तालिका प्रदर्शित करती है कि उच्च स्तर के समायोजन में बालिकाओं की संख्या बालकों की तुलना में अधिक है तथा निम्न स्तर के समायोजन में बालकों की संख्या बालिकाओं की तुलना में अधिक है।

**तालिका क्रमांक – 2: कामकाजी महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के समायोजन का स्तर**

| समायोजन स्तर | बालक | | बालिकाएँ | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | संख्या | प्रति. | संख्या | प्रति. | संख्या | प्रति. |
| उच्च | 18 | 12.00 | 45 | 30.00 | 63 | 42.00 |
| मध्यम | 22 | 14.66 | 19 | 12.66 | 41 | 27.33 |
| निम्न | 35 | 23.33 | 11 | 7.33 | 46 | 30.66 |
| योग | 75 | 50.0 | 75 | 50.00 | 150 | 100.0 |

तालिका क्रमांक – 2 में कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं का समायोजन स्तर प्रदर्शित किया गया है। तालिका से स्पष्ट होता है कि 18(12.0%) बालकों तथा 45(30.0%) बालिकाओं का समायोजन स्तर उच्च है। मध्यम स्तर के समायोजन करने वाले बालक 22(14.66%) तथा बालिकाएँ 19(12.66%) हैं जबकि 35(23.33%) बालक व 11(7.33%) बालिकाओं का समायोजन स्तर निम्न पाया गया है।

तालिका दर्शाती है कि 63(42.0%) बालक बालिकाओं का समायोजन स्तर उच्च, 41(27.33%) का मध्यम एवं 46(30.66%) का निम्न पाया गया है। कामकाजी महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं का समायोजन स्तर का तुलनात्मक अध्ययन करने पर उच्च स्तर के समायोजन में बालिकाओं की संख्या बालकों की तुलना में अधिक पाई गई है जबकि निम्न स्तर के समायोजन में बालकों की संख्या बालिकाओं की तुलना में अधिक पाई गई है।

**तालिका क्रमांक – 3: घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के समायोजन का स्तर**

| समायोजन का स्तर | घरेलू महिलाएँ | | कामकाजी महिलाएँ | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सं. | प्र. | सं. | प्र. | | |
| उच्च | 48 | 15.99 | 63 | 21.00 | 111 | 37.00 |
| मध्यम | 43 | 14.33 | 41 | 13.66 | 84 | 28.00 |
| निम्न | 59 | 19.66 | 46 | 15.32 | 105 | 35.00 |
| योग | 150 | 50.0 | 150 | 50.0 | 300 | 100.0 |

तालिका क्रमांक – 3 में घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन स्तर के आंकड़े प्रदर्शित किये गये हैं। तालिका दर्शाती है कि घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं में उच्च स्तर के बालक बालिकाओं की संख्या 111(37.0%) मध्यम स्तर की 84 (28.0%) तथा निम्न स्तर की 105 (35.0%) पाई गई है। दोनों का तुलनात्मक अध्ययन करने पर उच्च स्तर के अंतर्गत कामकाजी महिलाओं के बालक बालिका 63 (21.0%) पाये गये है। जो कि 48 (15.99%) की तुलना में अधिक है। मध्यम एवं निम्न स्तर में घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाएँ क्रमश: 43 (14.33%) व 59(19.66%) पाई गई है। जो कि कामकाजी के बालक बालिकाओं की क्रमश: संख्या 41(13.66%) व 46(15.32%) की तुलना में अधिक है।

**तालिका क्रमांक – 4:घरेलू महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के समायोजन स्तर के अंतर की सार्थकता हेतु टी-परीक्षण तालिका**

| लिंग | मध्यमान | मानक विचलन | स्वतंत्र्यांश | टी-परीक्षण का मूल्य | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| बालक (N=75) | 1.71 | 0.80 | 298 | -3.30 | $p<0.05$ |
| बालिकाएँ (N=75) | 2.15 | 0.83 | | | |

*0.05 तर पर सार्थक

तालिका क्रमांक 4 में घरेलू महिलाओं के बालकएवं बालिकाओं के समायोजन स्तर के माध्य, मानक विचलन एवं टी-परीक्षण का मूल्य प्रदर्शित किया गया है। तालिका दर्शाती है कि बालकों के समायोजन स्तर का मध्यमान 1.71 है तथा बालिकाओं के समायोजन स्तर का मध्यमान 2.15 है। तालिका दर्शाती है कि टी-परीक्षण का परिगणित मूल्य 3.30 है जो कि 0.05 स्तर पर सार्थक है। अत: मूल्य परिकल्पना– 'घरेलू महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के समायोजन में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा' अस्वीकृत होती है। बालक एवं बालिकाओं के समायोजन में सार्थक अंतर पाया गया। बालिकाओं का समायोजन बालकों के समायोजन की तुलना में उच्च पाया गया क्योंकि बालिकाओं के समायोजन स्तर का मध्यमान बालकों के मध्यमान की तुलना में अत्यधिक है।

**तालिका क्रमांक – 5: कामकाजी महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के समायोजन स्तर के अंतर की सार्थकता हेतु टी-परीक्षण तालिका**

| लिंग | मध्यमान | मानक विचलन | स्वतंत्र्यांश | टी-परीक्षण का मूल्य | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| बालक (N=75) | 1.77 | 0.81 | 298 | 5.35 | $p<0.05$ |
| बालिकाएँ (N=75) | 2.45 | 0.74 | | | |

*0.05 तर पर सार्थक

तालिका क्रमांक – 5 में कामकाजी महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के समायोजन स्तर के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-परीक्षण परीक्षण का मूल्य प्रदर्शित किया गया है। तालिका दर्शाती है कि बालकों के समायोजन स्तर का मध्यमान 1.77 है तथा बालिकाओं के समायोजन स्तर का माध्यम 2.45 है। तालिका दर्शाती है कि टी-परीक्षण का परिगणित मूल्य 5.35 है। जो कि 0.05 स्तर पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना– 'कामकाजी महिलाओं के बालक एवं बालिकाओं के समायोजन में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा' अस्वीकृत होती है। बालक एवं बालिकाओं के समायोजन में सार्थक अंतर पाया गया। बालिकाओं का समायोजन बालकों के समायोजन की तुलना में उच्च पाया गया। क्योंकि बालिकाओं के समायोजन स्तर का मध्यमान बालकों के मध्यमान की तुलना में अत्यधिक है।

**तालिका क्रमांक - 6: घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन स्तर के अंतर की सार्थकता हेतु टी-परीक्षण तालिका**

| महिलाएँ | मध्यमान | मानक विचलन | स्वतंत्र्यांश | टी-परीक्षण का मूल्य | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| घरेलू (N=150) | 1.93 | 0.84 | 298 | 1.91 | $p<0.05$ |
| कामकाजी (N=150) | 2.11 | 0.85 | | | |

*0.05 तर पर सार्थक

तालिका क्रमांक-6 में घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन स्तर के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-परीक्षण परीक्षण का मूल्य प्रदर्शित किया गया है। तालिका दर्शाती है कि घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन स्तर का मध्यमान 1.93 है तथा कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन स्तर का माध्यम 2.11 है। तालिका दर्शाती है कि टी-परीक्षण का परिगणित मूल्य 1.91 है। जो कि 0.05 स्तर पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना- 'घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन में सार्थक अंतर नहीं पाया जाएगा' अस्वीकृत होती है। घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन में सार्थक का अंतर पाया गया। कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं का समायोजन घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन की तुलना में उच्च पाया गया क्योंकि कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समयोजन स्तर का मध्यमान घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन स्तर के मध्यमान के बालक की तुलना में अत्यधिक है।

**परिणाम** - शोध अध्ययन के निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुये हैं-

1. घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन में उच्च स्तर के समायोजन करने वाली बालिकाओं की संख्या अधिक पाई गई तथा निम्न स्तर के समायोजन करने वाले बालकों की संख्या अधिक पाई गई।
2. कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन में उच्च स्तर का समायोजन करने वाली बालिकाओं की संख्या अधिक पाई गई तथा निम्न स्तर का समायोजन करने वाले बालकों की संख्या अधिक पाई गई।
3. घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन स्तर की तुलना करने पर कामकाजी महिलाओं की बालिकाओं की सर्वाधिक संख्या उच्च स्तर के समायोजन करने वालों की पाई गई। घरेलू महिलाओं के बालकों की सर्वाधिक संख्या निम्न स्तर के समायोजन के अंतर्गत पाई गई।
4. घरेलू महिलाओं की बालिकाओं के समायोजन में सार्थक अंतर पाया गया। बालिकाओं का समायोजन स्तर बालकों की तुलना में उच्च पाया गया।
5. कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन में सार्थक अंतर पाया गया। बालिकाओं का समायोजन बालकों की तुलना में उच्च पाया गया।
6. घरेलू एवं कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं के समायोजन स्तर में सार्थक अंतर पाया गया। कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाओं का समायोजन घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं की तुलना में उच्च पाया गया।

**निष्कर्ष**- बालिकाओं का समायोजन बालकों की तुलना में उच्च स्तर का होता है तथा कामकाजी महिलाओं के बालक बालिकाएँ घरेलू महिलाओं के बालक बालिकाओं की तुलना में उच्च स्तर का समायोजन करती हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. बर्मन, गायत्री 'किशोरावस्था' शिवा प्रकाशन, इन्दौर।
2. कुप्पूस्वामी, बी. 'बाल व्र्रूवहार और विकास' विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा. लि., कानपुर।
3. भटनागर, सुरेश 'बाल विकास एवं बाल मनोविज्ञान' इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ।
4. सलूजा तथा सलूजा 'कामाकजी महिलाएँ' पुस्तक महल, दिल्ली।
5. वर्मा प्रीति तथा श्रीवास्तव डी.एन. 'बाल मनोविज्ञान बाल विकास' विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा।

*************